माघ मास, शुक्ल पक्ष 2, वर्ष 11, अंक 346, पृष्ठ 16, मूल्य : 5 .00

वाराणसी, सोमवार, 23 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - प्रतिरोध की संस्कृति के वैश्विक नायक



**अन्दर : पूर्व आईपीएस के उत्पीड़न की वजह से छोड़ी रेसलिंग विनेश को देख हिम्मत आई : कविता दलाल**

# भाजपा का प्रदेश की 80 सीटें जीतने का लक्ष्य

## योगी का भाजपा नेताओं को निकाय और लोस चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया और गुजरात में भाजपा की सातवीं बार रिकॉर्ड तोड़ जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज पूरी दुनिया कौतूहल और आश्चर्य की नजर से भारत की तरफ देख रही है। जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता भारत कर रहा है। जो कि दिखाता है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। मोदी है तो मुमकिन है अब वैश्विक मंत्र बन गया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गुजरात में सातवीं बार रिकॉर्ड जीत से साबित हो गया है कि जनता विकास को प्रमुखता देती है। जनता ने परिवावाद को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि हम लोग मई 2022 में आयोजित कार्यसमिति में नए संकल्प के साथ आगे बढ़े थे। पहली

**कार्यसमिति की बैठक**

**मोदी हैं तो मुमकिन है बना वैश्विक मंत्र : योगी**

**ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के बाद ही निकाय चुनाव होंगे**



बार कोई सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद सरकार दो तिहाई बहुमत से यूपी में फिर सत्ता में आई है। विजेता के रूप में काम कैसे होना चाहिए यह भाजपा अच्छी तरह जानती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ उपचुनाव में तमाम राजनीतिक विश्लेषकों की राय को दरकिनार कर चुनाव जीता है। विजेता के रूप में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन कैसे किया जाना चाहिए यह भाजपा सरकार जानती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर पीएम मोदी के नेतृत्व में देश भर में गांव-गांव हर घर तिरंगा लगाकर आजादी का असली मतलब बताया गया। पीएम मोदी के नेतृत्व में जो भी मानक गढ़े गए वह पूरे किए गए हैं। ये हमारा सौभाग्य है कि पीएम संसद में यूपी का प्रतिनिधित्व करते है। यूपी में असीम संभावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा नेताओं को यूपी के निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट आने के बाद निकाय चुनाव कराए जाएंगे। इन चुनाव में भाजपा का परचम फहराना है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि खतौली और मैनपुरी का परिणाम हमें और अधिक परिश्रम करने की प्रेरणा देता है। भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ उपचुनाव जीतकर रिकॉर्ड भी बनाया है। बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय कटियार, केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय, संजीव बालियान, साध्वी निरंजन ज्योति, सह प्रभारी संजीव चौरसिया, सुनील भाई ओझा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, राष्ट्रीय मंत्री हरीश द्विवेदी और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह कार्यसमिति में मंच पर मौजूद रहे।

इसके अलावा संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, मंत्री दयाशंकर दयालु, मंत्री अनिल राजभर, मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी सहित तमाम मंत्री और पदाधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों सहित 700 के करीब पदाधिकारी हैं।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि अखिलेश फिर हार का स्वाद चखने वाले हैं। बीजेपी हमेशा काम के मूड में रहती है। चुनावी मूड में रहती है, जिम्मेदारी तय हो रही है। अब लोकसभा और निकाय चुनाव दोनों के लिए तैयार हैं। बीजेपी लोकसभा की सभी 80 सीट जीतकर आएगी। आज हम राष्ट्रीय लेवल की मीटिंग के बाद प्रदेश की कार्य समिति की बैठक में इकट्ठा हुए हैं। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक कैसे पहुंचना है, ये आज तय हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनता के बीच पहुंचने का एजेंडा सौंपा है। पार्टी 18 से 25 वर्ष की आयु के युवाओं से संपर्क कर उन्हें देश के राजनीतिक इतिहास से अवगत कराएगी। बताया कि प्रधानमंत्री ने अमृत काल को कर्तव्य काल में परिवर्तित करने के लिए कहा है।


# लखनऊ एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी एयरपोर्ट) को किसी अंजान व्यक्ति ने बम से उड़ाने की धमकी दी है। इस धमकी के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई। इसके बाद पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई। इस दौरान पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिससे वह पूछताछ कर रही है। लखनऊ एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी 112 नंबर पर मिली थी।

इस धमकी के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और पुलिस ने सर्विलांस की मदद ली और धमकी देने वाले के संबंध में जानकारी जुटानी शुरू की। इस दौरान पुलिस ने धमकी देने वाले का पता लगाया और उसे हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक, पकड़ा गया युवक विक्षिप्त है। उससे पूछताछ की जा रही है। इसी के साथ पुलिस को ये भी शक है कि ये किसी शरारती तत्व की हरकत है। सरोजिनी नगर कोतवाल

**प्रदेश में अलर्ट**

**पकड़ा गया युवक विक्षिप्त पूछताछ जारी, गणतंत्र दिवस की तैयारियों के बीच पुलिस अलर्ट मोड पर**



संतोष कुमार आर्य के मुताबिक पकड़ा गया युवक मानसिक विक्षिप्त है। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। लखनऊ एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। प्रदेश में इस समय 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस की तैयारियां चल रही है, ऐसे में मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने हाई अलर्ट घोषित कर दिया है।





### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से 11 बच्चों को सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार (23 जनवरी, 2023) को 11 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमएआरबीएपी) 2023 प्रदान करेंगी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पुरस्कार विजेताओं से बातचीत करेंगे।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर के टेंडर रद्द करने की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर के टेंडर रद्द करने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा है कि उपभोक्ताओं के हितों की अनदेखी हुई तो आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में परिषद ने कहा है कि महंगे दर पर लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर का भार किसी न किसी रूप में 3.26 करोड़ विद्युत उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा। बिजली कंपनियों ने जो टेंडर डाला उसमें मीटर की कीमत 6 हजार के बदले प्रति मीटर करीब 10 हजार रुपये आ रही है। परिषद ने मुख्यमंत्री से तत्काल प्रकरण में हस्तक्षेप टेंडर निरस्त कराने की मांग की है। परिषद ने आरोप लगाया है कि ऊंची दर पर टेंडर को लेने के लिए लगातार लॉबिंग हो रही है। इससे प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं का हक मारा जाएगा। इनकी ऊंची दरों पर मीटर का खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ेगा। एजेंसी

**गुहार**

**उपभोक्ता परिषद ने सीएम योगी को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की अपील की**



## इंदिरा गांधी एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल से चार करोड़ रुपये बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से रविवार को करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ये रुपये कार्गो टर्मिनट से बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि कुल चार करोड़ रुपये के नोट मिले हैं। फिलहाल इस बात की जानकारी नहीं है कि ये रुपये यहां कहां से आए हैं और कहां जाने वाले थे। पुलिस पुलिस प्रशासन मामले की पड़ताल कर रही है। बरामद नोटों की गड्डी दिल्ली से केरला जा रहे थे। बताया जा रहा है कि दिल्ली की एक कंपनी ने केरल की कंपनी को ये पैसे भेजे थे। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। इनसे देश की सुरक्षा एजेंसियां, स्पेशल सेल व दिल्ली पुलिस संयुक्त रूप से पूछताछ कर रही है।

**दिल्ली से भेजे जा रहे थे केरल**

# कुश्ती चैंपियनशिप रद्द, पहलवान मायूस

**नई दिल्ली।** गोंडा के नवाबगंज के नंदिनी नगर में चल रही नेशनल ओपन चैंपियनशिप 2023 व रायल हेरीटेज होटल में होने वाली भारतीय कुश्ती महासंघ की आम सभा की बैठक निरस्त होने के बाद पहलवानों ने महाविद्यालय परिसर छोड़ दिया। वहीं, महासंघ की बैठक में शामिल होने आए पदाधिकारी भी लौट गए। शनिवार की देर रात में प्रतियोगिता निरस्त होने का आदेश पहुंच गया जिसके बाद से ही पहलवान सामान समेटने लगे। रविवार की सुबह ही नंदिनी नगर महाविद्यालय में लगे साउंड-माइक आदि उतार लिए गए। वहीं, भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह अपने पैतृक आवास में मौजूद रहे पर बाहर नहीं निकले।

अंतरराष्ट्रीय पहलवानों व भारतीय कुश्ती महासंघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के मध्य विवाद के बीच ही शुक्रवार को चैंपियनशिप के उद्घाटन की तैयारी पूरी कर ली गई थी। शनिवार को आशंकाओं के बीच ही प्रतियोगिता शुरू कराई गई। महासंघ के सहायक सचिव विनोद तोमर ने शनिवार को ही अध्यक्ष पर लगे आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि प्रतियोगिता होगी। न्होंने स्पष्ट किया कि अभी बृजभूषण शरण सिंह महासंघ के अध्यक्ष हैं। इस तरह की बयानबाजी और आयोजन को खेल मंत्रालय ने गंभीरता से लिया। मंत्रालय की ओर से सहायक सचिव को निलंबित करने के बाद प्रतियोगिता निरस्त कर दी गई। इसके बाद रविवार को नंदिनी नगर में अफरातफरी का माहौल बन गया। प्रतियोगिता में आए पहलवान जानकारी होते ही निकलने लगे। सामग्री भी बटोरने में महाविद्यालय के कर्मचारी जुट गए। सुबह तक महाविद्यालय का नजारा बदल गया। प्रतियोगिता निरस्त होने की सूचना के बाद सांसद बृजभूषण शरण सिंह पैतृक गांव विश्नोहरपुर में आवास पर ही रहे और सुबह घर से नहीं निकले। उनके आवास पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे लेकिन उन्होंने चंद खास लोगों से ही सुबह भेंट की। वह नंदिनी नगर न तो खुद गए और न ही उनके दोनों बेटे ही गए। चैंपियनशिप कार्यक्रम रद्द होने के साथ-साथ फेडरेशन की बैठक भी रद्द होने की जानकारी भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे और गोंडा सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह ने ही दी।

**बवाल का असर**

**नेशनल चैंपियनशिप निरस्त होने से नंदिनी में सन्नाटा**

**घर से बाहर भी नहीं निकले सांसद बृजभूषण**



# भाजपा खत्म करना चाहती है आरक्षण :अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे जनेश्वर मिश्र की रविवार को पुण्यतिथि है। ऐसे में सपा अध्यक्ष व यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनेश्वर मिश्र पार्क पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जनेश्वर मिश्र को विनम्र श्रद्धांजलि, आज महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है, भाजपा आरक्षण को खत्म करना चाहती है।

इसके साथ ही अखिलेश यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना हो और संविधान के अधिकार तभी मिल सकते है जब हर जाति बिरादरी की गिनती पता हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि समाजवादियों का हमेशा ये मानना रहा और मुझे याद है पिछले चुनाव में समाजवादी पार्टी ने और मैंने कई मौकों पर ये कहा कि सरकार बनेगी तो तीन महीने में जाती जनगणना कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि नितीश कुमार इस काम को आगे बढ़ा रहे हैं मैं उन्हें बधाई देता हूँ। भाजपा पर हमला बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कभी भी पिछड़ों को दलितों को आरक्षण तो दूर उनको हक और सम्मान भी नहीं दे सकती।

अखिलेश यादव ने कहा कि जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी दिन गिनने लगी है याद कीजिए दिल्ली में इनका नेतृत्व बैठा उसने कहा कि अब चार सौ दिन बाकी है और मैं आज कहना चाहता हूं जब इनकी प्रदेश कार्यकारिणी बैठी है तो 398 दिन बचे है।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता ने इनका हाल और इनका काम देखा है मुझे तो ये लगता है कि भारतीय जनता पार्टी का दो हजार बाइस अभी गया नहीं है अगर दो हजार बाइस चला गया होता तो आज किसान की आय दुगनी होती, किसान के गन्ने का भुगतान हो जाता, बिजली का इतना महंगा बिल नहीं देना पड़ता, दवाइयां इतनी महंगी ना होती, खाद से लेकर के डीएपी का कोई इंतजाम सरकार ने नहीं किया और जिस तरीके से संस्थाओं में अपने लोगों को बैठा रहे है और भेदभाव कर रहे है क्या उम्मीद कर सकते है।

**आयोजन**

**समाजवादी आंदोलन के पुरोधा स्व. जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर बीजेपी सरकार पर किए हमले**



### आज से लखनऊ में होगा बड़ा ट्रैफिक डाइवर्जन

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस की रिहर्सल परेड को लेकर आज से राजधानी में रुट डाइवर्जन का बड़ा चार्ट तैयार किया गया है। जिसके मुताबिक सोमवार को चारबाग से विधान सभा मार्ग का यातायात बदला रहेगा। रिहर्सल परेड सुबह आठ बजे से चारबाग बाल विद्या मंदिर के बाहर से शुरू होकर बर्लिंगटन चौराहा, विधानसभा मार्ग होते हुए हजरतगंज महात्मागांधी मार्ग के रास्ते केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर समाप्त होगी। यह जानकारी डीसीपी ट्रैफिक ने दी है। हजरतगंज चौराहे से रायल होटल (बापूभवन) चौराहा और विधनसभा मार्ग पर 25 जनवरी को दोपहर दो बजे से वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इसके चलते नावेल्टी लालबाग चौराहे से कैपिटल तिराहा के मध्य परेड के दौरान इधर वाहन नहीं आ सकेंगे। केवल कार पास वाले वाहन ही नावेल्टी चौराहे से जनपथ तक वाहनों को पार्क करने के लिए जा सकेंगे।

# मुख्तार पर हत्या का मुकदमा दर्ज

## 21 साल पहले हुए उसरी चट्टी हत्याकांड में वादी और मुख्य गवाह पर शिकंजा

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में करीब 21 साल पहले हुए उसरी चट्टी हत्याकांड में वादी और मुख्य गवाह मुख्तार अंसारी पर ही हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ है। मृत ठेकेदार मनोज राय के पिता शैलेंद्र राय की तहरीर पर एडीजी के निर्देश पर कार्रवाई हुई है। ऐसे में मुख्तार के खिलाफ दर्ज मुकदमों की संख्या 61 हो चुकी है। बीते 20 जनवरी को मुकदमा दर्ज होते ही उसरी चट्टी हत्याकांड की तस्वीर ही बदल दी है। ठेकेदार मृत मनोज राय के पिता बिहार के बक्सर सगरा राजापुर निवासी शैलेंद्र कुमार राय ने तहरीर में बताया कि 14 जुलाई 2001 की शाम को सुरेंद्र शर्मा (मुख्तार का ड्राइवर), शाहिद, गौस मोइनुद्दीन और कमाल घर आए और पुत्र मनोज को ले गए। 15 जुलाई 2001 की शाम घर मनोज की हत्या की सूचना मिली थी। पुत्र की ससुराल भांवरकोल के अवथही में थी। वह मुख्तार के लिए ठेकेदारी का काम करता था। उसने कुछ टेंडर अपने मन से डाल दिया था। इसको लेकर अनबन थी और मुख्तार अंसारी नाराज थे। मृत ठेकेदार के पिता शैलेंद्र राय ने एडीजी प्रशांत कुमार से मिलकर पीड़ा रखी। उन्होंने मुख्तार पर पुत्र की हया का आरोप लगाया। साथ ही मुख्तार के गुर्गों पर घर जाकर धमकाने का आरोप भी लगाया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीजी के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ। मुहम्मदाबाद कोतवाल अशोक मिश्रा ने बताया कि उसरी चट्टी कांड में मृत ठेकेदार मनोज राय के पिता शैलेंद्र राय ने मुख्तार अंसारी पर पुत्र की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि टेंडर को लेकर अनबन थी और मुख्तार अंसारी नाराज थे।

15 जुलाई 2001 को मुख्तार अंसारी अपने निर्वाचन क्षेत्र मऊ जा रहे थे। दोपहर 12. 30 बजे उसरी चट्टी पर उनके काफिले पर पहले से तैयार हमलावरों ने स्वचालित हथियारों से फायरिंग की थी। इसमें मुख्तार अंसारी के सरकारी गनर रामचंदर उर्फ प्रदीप की मौके पर मौत हो गई थी। इसमें अन्य दो की भी मौत हुई थी। इस मामले में मुख्तार अंसारी ने बृजेश सिंह और त्रिभुवन सिंह को नामजद करते अन्य 15 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

**कार्रवाई**

**मुख्तार अंसारी ने बृजेश और त्रिभुवन को किया था नामजद**



# बोलेरो के धक्के से स्कूटी सवार महिला की मौत

**हादसा**

### स्कूटी पर सवार मृतक की मां व चार माह का बच्चा घायल

जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** रोहनिया-राजातालाब थाना क्षेत्र के मातलदेई पुलिस चौकी अंतर्गत मोहनसराय से अदलपुरा मार्ग पर बढैनी कला गांव के पास रविवार को दोपहर में स्कूटी सवार 25 वर्षीया अंजली गुप्ता नामक महिला की चार पहिया वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी।

मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के हरपुर गांव निवासी बिजली विभाग में कार्यरत लाइनमैन वासुदेव गुप्ता की तीन पुत्रियों में मझली पुत्री अंजली गुप्ता रविवार को अदलपुरा की तरफ रामपाल महाराज के सत्संग में शामिल होने के लिए अपने घर से स्कूटी पर अपनी मां उषा गुप्ता तथा अपने चार माह के पुत्र को लेकर जा रही थी।

बढैनी कला गांव के पास बोलेरो स्कूटी में टक्कर मारते हुए फरार हो गया। जिसके दौरान स्कूटी सवार अंजली गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई और उनकी मां उषा गुप्ता तथा गोद में लिए चार महीने का बच्चा घायल हो गया।

जिसे इलाज के लिए हॉस्पिटल भर्ती कराया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मातलदेई चौकी इंचार्ज संदीप पांडेय ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

### मन्द बुद्धि महिला ने काटी अपनी ही गर्दन, हालत गम्भीर

**लोहता।** लोहता क्षेत्र के घमहापुर गांव में रविवार को मन्द बुद्धि की विवाहिता रीमा पटेल 20 वर्ष हसुआ से अपनी ही गर्दन काट ली। खून से लतपथ हो कर अपने कमरे में छटपटाने लगी। पति रणजीत पटेल तुरंत एक निजी अस्पताल ले गये जहा से उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घमहापुर गांव निवासी विजय पटेल के पुत्र रणजीत पटेल की शादी एक वर्ष पूर्व लोहता क्षेत्र के भट्ठी गांव के रिंकू पटेल की बहन रीमा पटेल 20 वर्ष के साथ हुई थी। शादी के बाद से रीमा अपने ससुराल नही रहना चाहती थी बार- बार अपने मायके में रहने की जिद करती थी। दो दिन पुर्व मायके वालों ने उसे घमहापुर छोड़ गये थे। रंजीत के अनुसार रीमा मंदबुद्धि की थी। सूचना पाकर पहुची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।वही विवाहिता की हालत नाजुक बनी हुई है।

## मोबाइल शॉप में लगी आग, हजारों की क्षति

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** पांडेयपुर चौराहा स्थित दुर्गा कॉम्पलेक्स में एक मोबाइल शॉप में आग लग गई। आग की चपेट में आकर दुकान में रखा लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया। पुलिस की सूचना पर आई दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। लालपुर पांडेयपुर थाना अंतर्गत पांडेयपुर चौराहा स्थित दुर्गा कॉम्पलेक्स में अवतार गुप्ता की मोबाइल शॉप है। लालपुर पांडेयपुर थाने की पुलिस के अनुसार, शनिवार की रात दो बजे के लगभग मोबाइल शॉप में आग लगने की जानकारी मिली थी। आग लगने की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई। आग पर जब तक काबू पाया जाता तब तक दुकान में रखे मोबाइल, पार्ट्स और अन्य सामान जल कर राख हो गए थे। आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। दमकल विभाग की टीम मौका मुआयना कर आग लगने की वजह की पड़ताल की। उधर, दुकानदार अवतार गुप्ता ने कहा कि काफी नुकसान हुआ है। आंकलन किया जा रहा है।

# पोस्टमॉर्टम के बाद दफनाया गया साड़ी कारोबारी का शव

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भेलुपुर थाना क्षेत्र के गौरीगंज इलाके में रहने वाले साड़ी कारोबारी महमूद आलम का शव मीरजापुर में पोस्टमार्टम होने के बाद रविवार देर रात एक बजे के बाद आवास पर पहुंचा। गौरीगंज में शव पहुंचने के बाद माहौल गमगीन हो गया। अंतिम क्रिया की रस्म अदायगी के बाद रेवड़ी तालाब स्थित कब्रिस्तान में शव को दफन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मोहल्ले के लोग मौजूद रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भेलुपुर थाने की पुलिस एक प्लाटून पीएसी के साथ मौजूद रही।

वाराणसी से साड़ी कारोबारी का हत्या कर फेंका शव शनिवार को चुनार कोतवाली के अदलपुरा पंप कैनाल में मिला। सूचना पर वाराणसी पुलिस कारोबारी के परिजनों के साथ पहुंची। भेलूपुर निवासी साड़ी कारोबारी महमूद आलम 14 जनवरी को तीन बजे घर से निकले, फिर लौट कर नहीं आए।

अपहरण की आशंका पर उनके पुत्र फैजान ने भेलूपुर थाने में तहरीर दी। भेलूपुर पुलिस व्यापारी की तलाश में जुट गई थी। पुलिस ने कारोबारी के अपहरण व हत्या का खुलासा किया। मामले में महिला समेत पांच लोग गिरफ्तार किए गए। आरोपियों ने स्वीकार किया था कि कारोबारी की गला कसकर हत्या करने के बाद शव को चुनार में गंगा में फेंक दिया था।

**सुपुर्दे खाक**

### सुरक्षा के मद्देनजर भेलूपुर पुलिस और पीएससी की एक प्लाटून रही तैनात

## ज्ञानवापी प्रकरण से जुड़े चार मामलों की सुनवाई आज

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी प्रकरण से सबंधित चार मामलों की विभिन्न अदालतों में सोमवार को होगी ।

**पहला मामला**-राखी सिंह समेत पांच महिलाओं की ओर से जिला जज डा. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन-पूजन समेत अन्य मांगों को लेकर दाखिल मुकदमे की सुनवाई होगी। इसमें ज्ञानवापी परिसर में एक और एडवोकेट कमिश्नर की कार्यवाही के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई होगी।

**दूसरा मामला**- ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग के पूजा-पाठ राग-भोग आरती करने को लेकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई होगी। सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में सुनवाई के दौरान प्रतिवादी अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद ने आपत्ति दाखिल की है।

**तीसरा मामला**- किरन सिंह की ओर से दाखिल वाद की भी सुनवाई होनी है जो 21 तारीख को होना था मगर छूटी के वजह से नही हो सका। इसमें विश्व वैदिक सनातन संघ की अतंरराष्ट्रीय महामंत्री किरन सिंह की ओर से दाखिल मुकदमे की सुनवाई सिविल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट सीनियर डिवीजन महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में लंबित है।



**चौथा मामला**-अविमुक्तेश्वर भगवान की ओर से दिल्ली निवासी हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता व खजुरी निवासी अजीत सिंह की तरफ से दाखिल वाद पर सुनवाई की होगी है। इसमें ज्ञानवपी परिसर में मिले शिवलिंग के नियमित दर्शन-पूजन की मांग की गई है।

## जूनियर इंजीनियर संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष का स्वागत

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित केन्द्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश के प्रथम काशी आगमन पर स्थानीय सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कमियों व संसाधनों की कमी को दूर करने के बजाय हमारे साथियों पर ही दोष मढ़ दिया जाता है, जो सरासर गलत है। सुरक्षा उपकरणों के अभाव, संसाधनों व मीटरों की कमी आदि तमाम समस्याएं है, जिसे दूर करने में ऊर्जा प्रबंधन रुचि नहीं दिखा रहा। उन्होंने ऊर्जा प्रबंधन के अदूरदर्शी एवं तानाशाहीपूर्ण रवैए की घोर निन्दा एवं भर्त्सना की। सदस्यों को आश्वस्त किया कि संगठन हर विकल्प के तहत संघर्ष एवं आन्दोलन के लिए तैयार है। उन्होंने बेहतर उपभोक्ता सेवा, राजस्व वसूली एवं विभाग की बेहतरी की खातिर लक्ष्य बनाकर कार्य करने के लिए सदस्यों को प्रेरित किया।

# एसी बसों के रखरखाव को बने एक अलग डिपो

**होगी सुविधा**

### लखनऊ में अवध डिपो में होती है एसी बसों की मरम्मत

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से संचालित वातानुकूलित बसों की मरम्मत के लिए वाराणसी परिक्षेत्र में अवध डिपो की तर्ज पर एक अलग डिपो बनकर तैयार हो तो यहां की एसी बसों को रफ्तार मिल सके। वाराणसी परिक्षेत्र में कैंट व काशी डिपो में कुल 35 जनरथ बसें संचालित हैं।

वाराणसी परिक्षेत्र में आने वाले डिपो में काशी व कैंट डिपो से ही वातानुकूलति बसें जनरथ संचालित होती हैं, जिनकी देखरेख उसी डिपो की कार्यशाला में किया जाता है। पुराने मैकैनिक के सेवानिवृत्त होने के बाद से एसी बसों के रखरखाव के लिए ठेके पर मैकेनिक रखे गये, जिन्हे बस खराबी के बाद बुलाया जाता है। अनुभव हीनता के चलते उनसे भी तय समय पर बसें नही बन पाने के चलते कई-कई दिनों तक बसें कार्यशाला में ही खड़ी रहती हैं, जिससे ना सिर्फ यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है बल्कि बस सड़क पर संचालित ना होने के चलते निगम के राजस्व पर भी प्रभाव पड़ता है।

### बाहर से आने वाली बसों की भी मरम्मत

जनरथ के अलावा बाहर की डिपो से आने वाली एसी बसों में शुमार पिंक, स्कैनिया या फिर वॉल्ल्वो में भी अगर वाराणसी में आने के बाद किसी किस्म की खराबी होती है तो यहां के ठेकेदार के ही लोग उस बसों को बनाते है कभी-कभी उन बसों के भी ना बनने पर बस को यहीं खड़ी कर दी जाती है।

### लखनऊ में है अवध डिपो

लखनऊ में एसी बसों के लिए अवध डिपो ही बना दिया गया है, जहां सिर्फ एसी बसों की ही देखरेख होती है वहां के कर्मचारी एसी बसों पर ही फोकस करते हैं, ऐसे में वहां एसी बसें लगतार बनती रहती हैं। एसी बसों में ज्यादातर ब्लोअर ना चलने, ठंडी हवा में कमी, सहित अन्य समस्याएं आती हैं जिन्हे साधारण मैकेनिक की ओर से ठीक नहीं किया जाता।

### डिपो में हमेशा खड़ी रहती हैं जनरथ बसें

वाराणसी परिक्षेत्र में कैंट व काशी डिपो में हमेशा दो से तीन जनरथ बसें खराबी की चलते खड़ी रहती हैं। जिसकी मरम्मत के लिए ठेकेदार के लोग सक्रिय रहते हैं।

> वाराणसी परिक्षेत्र से इस संदर्भ में प्रस्ताव मिले तो इस पर मुख्यालय से पहल की जाये एसी बसों की मांग लोगों में बढ़ी है।
>
> **अजीत सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी, उ.प्र.रा.स.व.निगम**

# सेवानिवृत्त अध्यापकों का अभिनंदन

**सम्मान**

### वक्ताओं ने कहा, शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, वह समाज को हर समय शिक्षित करता है

जनसंदेश न्यूज



**रामनगर।** प्रभु नारायण राजकीय इंटर कॉलेज के पुरातन छात्रों की ओर से रविवार को कॉलेज प्रांगण में गुरु वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त अध्यापकों का अभिनंदन हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के पूर्व कुलपति प्रो. राममोहन पाठक ने कहा कि सेवानिवृत्ति के उपरांत भी शिक्षक को अपनी सामाजिक उपादेयता बनाए रखने के लिए निरंतर सीखते रहने और उस सीखे हुए का अनुप्रयोग करते हुए समाज को सिखाते चलने की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना पड़ता है। शिक्षक समाज की एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है, प्रधानाचार्य प्रभाष कुमार झा ने अपने वक्तव्य में सेवानिवृत्त अध्यापकों द्वारा कॉलेज में लंबे शैक्षिक सहयोग के लिए आभार जताते हुए सेवानिवृत्ति के उपरांत भी सुविधानुसार यथेष्ट सहयोग का निवेदन किया तथा पुरा छात्र परिषद के गठन की योजना पर प्रकाश डाला। प्रो. प्रेमचंद विश्वकर्मा ने छात्रों, शिक्षकों तथा पुरा छात्रों के परस्पर सहयोग व सहकार पर प्रकाश डाला। पूर्व प्राचार्य रामचंद्र सिंह यादव जोखन प्रसाद यादव ने भी कॉलेज की शैक्षिक उन्नति के संदर्भ में अपने उद्गार प्रकट किए। सेवानिवृत्त अध्यापकों को अंगवस्त्रम, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इन सेवानिवृत्त अध्यापकों में प्रमुख रूप नाथू लाल, प्यारे लाल गुप्ता, सीपी सिंह, गिरीश सिंह, जय प्रकाश राय, शिवनाथ प्रसाद, सतीश कुमार श्रीवास्तव, लालबहादुर सिंह, महेश सिंह, धनेश्वर राम प्रजापति, नंदलाल यादव, सीताराम सिंह यादव, जोखन प्रसाद यादव, समारू राम यादव थे,जिनका अभिनंदन व सम्मान किया गया। स्वागत भाषण राकेश जायसवाल तथा संचालन डॉ अवधेश दीक्षित व धन्यवाद ज्ञापन भूपेंद्र अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में वर्तमान शिक्षकों की भी पूरी सहभागिता रही । इस दौरान रजनीकांत त्रिपाठी, मनोज पाण्डेय, डॉ अजीत कुमार यादव, परवेज अख्तर, गोपेश पांडेय , हेमंत कुमार यादव, रचना त्रिपाठी, सुचिता सौरभ, बालकृष्ण शर्मा आदि थे।

### समाजवाद की पाठशाला थे जनेश्वर मिश्र

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी जिला व महानगर इकाई के बैनर तले अर्दली बाजार स्थित संगठन कार्यालय पर रविवार को स्व. जनेश्वर मिश्र की 13वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। वक्ताओं ने कहा कि जनेश्वर मिश्र समाजवाद की पाठशाला थे। अध्यक्षता करते हुए निवर्तमान महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा कि जनेश्वर मिश्र समाजवाद की चलती-फिरती पाठशाला थे। उन्होंने तमाम युवाओं को समाजवादी संघर्ष व विचार से जोड़ा तथा राजनीतिक सक्रियता प्रदान की थी। वे समाजवादी आंदोलन के एक योद्धा व विचारक के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। संचालन करते हुए निवर्तमान जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू ने कहा कि जनेश्वर मिश्र सात बार केंद्रीय मंत्री रहे। फिर भी उनके पास न अपनी गाड़ी थी और ना ही बंगला। उन्होंने गरीबों और शोषित लोगों के लिए हमेशा संघर्ष किया। यही कारण है कि उन्हें छोटे लोहिया के नाम से जाना जाता है। इस दौरान जितेंद्र यादव, अजय चौधरी, अखिलेश यादव, हर्ष राजभर, संजय यादव, करिमुल्ला अंसारी, रामकुमार यादव, गोपाल पांडेय, मनोज यादव आदि उपस्थित थे।

## महंतों ने भी बताये सड़क सुरक्षा के नियम

**वाराणसी।** सड़क सुरक्षा माह के तहत रविवार को संभागीय परिवहन विभाग की ओर से कबीर चौरा क्षेत्र में लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक किया गया। कबीर मठ के महंत विवेक दास के मुख्य आतिथ्य में क्षेत्र के लोगों को सड़क पर सुरक्षित चलने के नियम बताए गये, इसके साथ ही राहगिरों को सड़क के एक हिस्सें से चलने की जानकारी देते हुए बाइक सवारों को स्पीड की जानकारी दी गयी।



विवेक दास ने लोगों को बातया कि हर साल सड़क दुर्घटना में लाखों जिन्दगी काल के गाल में समा जाती हैं। इसका मुख्य कारण संचालन की सही जानकारी ना होना, जीवन अमूल्य है, उन्होंने बाइकरों को स्पीड की जानकारी दी, बताया कि बाइक सिर्फ साधन है गंतव्य तक पहुंचने का ना कि रेस लगाने का, उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस की भी उपयोगिता बताया, इसके साथ ही ऑटो संचालकों में यातायात से संबंधित पम्फलेट भी बाटा गया। इस दौरान संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारी यातायात विभाग के अधिकारी शामिल रहें।

## ट्रक गुजरात में और चालान वाराणसी में

जनसंदेश न्यूज

**ये भी करना पड़ रहा**

### फर्जी नंबर प्लेट के सहारे टोल पास करने वाले पर मुकदमा

**वाराणसी।** अपर पुलिस आयुक्त के निर्देश पर लंका थाने में डाफी टोल प्लाजा पर फर्जी तरीके से गाड़ियों का नंबर लगाकर टोल पास होने करने वाले कार्तिक नामक युवक के खिलाफ धोखाधड़ी कुतरचित के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ। मथुरा के कौलाहर इलाके में रहने वाले टैंकर मालिक प्रेमपाल चौधरी का आरोप हैं कि उनकी गाड़ी यूपी 70 एफटी 9131 जो बीते सोमवार को अलीगढ़ से मुद्रा अडानी कोट गुजरात में थी।

जिसके बाद भी उनकी गाड़ी का डाफी टोल प्लाजा पर चालान कर दिया गया। फर्जी तरीके से आईडीएफी बैंक का फास्ट टैग लगाकर उनकी गाड़ी का नंबर लगाकर चल रहा हैं। उनकी गाड़ियों पर आईसीसीआई बैंक का चिप लगा हैं। कार्तिक नामक युवक प्रेमपाल की गाड़ियों की नंबर लगाकर दूसरे गाड़ियों को पार करवाता हैं। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरे पासपोर्ट नंबर-k3449537 में मेरा नाम अफजाल खान हो गया है। जो गलत है, सही नाम मु0 अफजाल खान है। इस नाम से जाना और पहचाना जाए। S/o मु0 इरशाद खान मझली पट्टी, बारा, गाजीपुर।

मेरा हाई स्कूल सन् 2017 अनुक्रमांक 2965582 व इंटर सन् 2019 अनुक्रमांक 1987808 का अंकपत्र एवं मूल प्रमाणपत्र कहीं खो गया है। अंकित कन्नौजिया पुत्र बबलू राम निवासी-ग्राम व पोस्ट-यूसुफपुर (खड़बा), जिला-गाजीपुर।

# शस्त्र विद्या से लैस हुए विद्यार्थी



छात्रों को शस्त्र चलाने की जानकारी देते अफसर



रेस में भाग लेते सैनिक

**सेना दिवस**

### 39 जीटीसी में हुई मिनी मैराथन डिप्टी कमांडेंट रहे मौजूद

**वाराणसी।** सेना दिवस के उपलक्ष्य में 39 जीटीसी ने रविवार सुबह देश के युवाओं को प्रेरित करने, जनता में देशभक्ति की भावना और सशस्त्र बलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'अपनी सेना को जानें' विषय के तहत सैन्य बैंड प्रदर्शन, सैन्य हथियार और उपकरण प्रदर्शनी लगाई।

इसके अलावा मिनी मैराथन का आयोजन 39 जीटीसी परिसर में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 जवानों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि डिप्टी कमांडेंट कर्नल हितेश दुग्गल (सेना मेडल) रहे।



कार्यक्रम सेना दिवस के तहत हर वर्ष 15 जनवरी को लेफ्टिनेंट जनरल कोडंडेरा एम करियप्पा (जो बाद में फील्ड मार्शल बने) ने भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाला था, उनकी याद में मनाया जाता है। इसके तहत 17 जनवरी 2023 से मिलिट्री बैंड डिस्प्ले और 39 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र के मोटिवेशन हॉल से कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई आर्मी पब्लिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय 39 जीटीसी के छात्रो ने मिलिट्री इक्विपमेंट डिस्प्ले का भ्रमण किया। रविवार को मिनी मैराथन आयोजित की गई।

## संक्षेप

### शिक्षणेत्तर एसोसिएशन का चुनाव संपन्न



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन का चुनाव भारतीय शिक्षा मन्दिर इंग्लिशिया लाईन में रविवार को चुनाव अधिकारी रमेश चन्द्र राय पर्यवेक्षक, आनन्द सिंह (कार्यकारी महामंत्री प्रादेशिक) के दिशा निर्देश में सम्पन्न हुआ। प्रवीण कुमार गोठी निवर्तमान अध्यक्ष को प्रादेशिक उपमंत्री मनोनित किया गया। जनपद वाराणसी के चुनाव में निम्न पदों पर पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। जिसमें अध्यक्ष चंद्र मोहन उपाध्याय, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे, गिरिजेश उपाध्याय, अरुण कुमार, सुरेंद्र उपाध्याय, सुरेंद्र प्रताप सिंह और शेर खां, जिला मंत्री मनीष कुमार राय समेत अन्य पदों पर पदाधिकारियों का चयन हुआ।

### जमीन विवाद में मारपीट के आरोपी गिरफ्तार



**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज चौकी रामपुर गांव में बीते बुधवार को जमीन विवाद में हुई खूनी संर्घष में आरोपी दो को पुलिस ने तूचना गांव से दबोचा। जानकारी के अनुसार जमीन विवाद में आरोपित कमलेश यादव और पिन्टू यादव ने बुजुर्ग लालता यादव पर फरसा से वार कर अधमरा कर दिया था। लालता यादव के पुत्र रोहित यादव ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

### तीन जुआरी गिरफ्तार



**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र के दानियालपुर में जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को पुलिस ने दबोचा। मौके से तास के पत्ते और 4500 रुपये मिले। आगे की कार्रवाई में सभी को जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष बैद्यनाथ सिंह ने बताया कि दनियालपुर गोलवा के नार के पास दबिश देकर तीन व्यक्तियों को पकड़ा गया। अभियुक्तों की पहचान विशाल मौर्य, संदीप मौर्य और जितेंद्र प्रताप सिंह के तौर पर हुई सभी दनियालपुर के निवासी हैं।

### चोर धराया, माल बरामद



**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र के गिलट बाजार स्थित विक्की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से चोरी करने वाला दबोचा गया। शिवपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि उसकी पहचान जतिन सेठ निवासी शिवपुर कस्बा के तौर पर हुई। चोरी का इलेक्ट्रॉनिक हीटर बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल विनीत सिंह कांस्टेबल बालमुकुंद मौर्या शामिल रहे।

### किन्नर बनकर आये ले भागे चेन



**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के भटौली गांव निवासी मुन्नी देवी से किन्नर बनकर आये बाइक सवार तीन बदमाशों से बातों में उलझाकर चेन लेकर भाग निकले। इसके पहले महिला से नेग के नाम पर 11 किलो चावल मांगा। महिला घर में चावल लेने गयी तभी पीछे से एक साथ साथ वहां पहुंचा और गले से चेन नोच लिया। महिला के शोर मचाने पर अगल-बगल के लोग जब तक पहुंचते तब तक तीनों भाग निकले। मुन्नी देवी ने जंसा पुलिस को तहरीर दी है।

### विनोद पांडेय बने यूपी बार काउंसिल सदस्य



**वाराणसी।** बनारस बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार पाण्डेय को उत्तर प्रदेश बार कौंसिल का सदस्य पद पर निर्वाचित किया गया है। श्री पाण्डेय के सदस्य निर्वाचित होने पर अधिवक्ताओं में हर्ष व्याप्त है। इस दौरान बनारस बार के पूर्व अध्यक्ष राजेश मिश्रा, धीरेंद्र नाथ शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष अनुज यादव, पूर्व महामंत्री रत्नेश्वर पाण्डेय, विवेक सिंह, विकास सिंह, नित्यानंद राय पंकज उपाध्याय एवं सुमित उपाध्याय समेत कई अधिवक्ताओं ने विनोद पांडेय को बधाई दी है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य व पूर्व अध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान के आकस्मिक निधन के बाद रिक्त हुए एक सदस्य के पद पर रविवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के को-आप्शन के एक पद के लिये चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमे कुल 6 प्रत्याशी क्रमशः अनिल प्रताप सिंह, भी अनिमेष मिल्लत, भानु प्रताप पांडेय, ओम नारायण त्रिपाठी, श्रवण सिंह व विनोद कुमार पाण्डेय प्रत्याशी रहे।

### छात्रावास में मारपीट करने वालों पर केस

**वाराणसी।** बीएचयू स्थित राजाराम मोहन राय छात्रावास में शनिवार की रात 12 बजे मारपीट करने वाले दो बाहरी युवकों के विरुद्ध मुकदमा हॉस्टल के प्रशासनिक संरक्षक तुषार सिंह की तहरीर पर दर्ज किया गया। आरोप हैं कि बाहरी युवक अजय सिंह, गौरीश राय और अन्य युवक छात्र सौमित्र और मिथलेश के साथ मारपीट किया। मौके पर पहुंचे सुरक्षाकर्मियों को छात्रों ने बताया कि हंगामा करने वाले शनिवार रात 10 बजे हंगामा कर रहे थे। मेस महराज की पिटाई कर घायल कर दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई हैं।

### दिव्यांग युवती से रेप का आरोपी गिरफ्तार

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दिव्यांग युवती से 18 जनवरी को घर में घूसकर रेप करने वाले को चौबेपुर पुलिस ने दबोचा। जानकारी के अनुसार युवती की मांग गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में भोजन? बनाने गई हुई थी। युवती के चार भाई है जो बाहर रहकर नौकरी करते हैं। आरोप है कि उस दिन रमचंदीपुर निवासी आरोपी युवक प्रदीपक कुमार घर में घूसकर जबरन रेप किया। इस मामले में पीड़िता ने रपट दर्ज करायी थी। पुलिस ने आरोपी को दबोचा।

### जमीन दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी

**वाराणसी।** चंदौली के कंजेहरा असना निवासी सीआईएसएफ जवान श्याम बिहारी यादव जो बोकारो झारखण्ड में तैनात है उससे जमीन दिलाने के नाम पर 16 लाख की धोखाधड़ी की गयी। पीड़ित ने लंका थाने में रपट दर्ज करायी।

### दो जगहों पर मारपीट में महिला समेत तीन घायल

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के रैसीपुर (सपेटा) और हीरमपुर गांव में हुए मारपीट की घटना में एक महिला समेत तीन लोग घायल हुए। इस मामले में पीड़ितों की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। हीरमपुर गांव निवासी जुगनू ने थाने में दिए तहरीर में कहा है कि उनके पड़ोसी कल्लू रविवार की सुबह अपने अन्य साथियों के साथ बेटे विजय और बहु साधना को मारपीट कर घायल कर दिया। रैसीपुर गांव निवासी लल्लू पांडेय अपने पड़ोसी राकेश पांडेय पर एक जमीन संबंधी विवाद में पुत्र जयप्रकाश पांडे को मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाया। सभी घायलों का इलाज पीएचसी हाथी बाजार में चल रहा है।

### 10 वारंटी भेजे गए जेल

**वाराणसी।** कमिश्नरेट पुलिस ने रविवार को एक दर्जन वारंटियों को दबोचा और जेल भेजा। चोलापुर पुलिस ने पांच वारंटियों को अभियुक्तों में सुरेश (40 वर्ष) निवासी जगदीशपुर, नरेश राजभर निवासी जगदीशपुर, महेश भारद्वाज निवासी जगदीशपुर, मंशा निवासी जगदीशपुर और सीता राजभर निवासी जगदीशपुर हैं को दबोचा। प्रभारी निरीक्षक चोलापुर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि सभी बिजली अधिनियम के मामले में फरार चल रहे थे। कैंट थाना पुलिस ने दो वारंटी आशू भल्ला निवासी अर्दली बाजार और मुस्ताक निवासी गोलघर कचहरी को पकड़ा। चौबेपुर पुलिस ने तीन वारंटी गोपाल, अरविंद और शांति देवी सभी निवासी सिरिस्ती चौबेपुर के हैं गिरफ्तार कर जेल भेजा।



# वाराणसी



# बौद्ध धर्मानुसार हुआ पूर्व सांसद आनंद रत्न मौर्य का अंतिम संस्कार

**पंचतत्व में विलीन**

**गंगा वरुणा के संगम पर हजारों नम आंखों ने दी अंतिम विदाई**

**क्षेत्रीय लोगों ने चिरईगांव और गौरा बाजार बंद कर जताया शोक**

**सांसद से प्रदेश उपाध्यक्ष तक निभायी पार्टी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी**

**वाराणसी।** चंदौली लोकसभा से लगातार तीन बार भाजपा के सांसद रहे आनंद रत्न मौर्य को हजारों नम आंखों ने को अंतिम विदायी दी। इस दौरान शोकाकुल क्षेत्र चिरईगांव व गौरा बाजार पूरी तरह से बंद रहा। गंगा वरुणा के संगम सराय मोहना में तथागत घाट पर बौद्ध रीति के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके इकलौते पुत्र कुंदनरत्न मौर्य ने उन्हें मुखाग्नि दी।

बता दें कि आनंद रत्न मौर्य काफी समय से किडनी की बीमारी से ग्रस्त थे, और दिल्ली स्थित एक निजी अस्पताल में उनका डायलिसिस चल रहा था, शुक्रवार की देर रात उन्होंने अपनी आखिरी सांस ली। शनिवार को बनारस के चिरईगांव स्थित उनके पैतृक आवास पर उनका पार्थिव शरीर लाया गया। बड़ी संख्या में उनके आवास पर पहुंचे लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी, उनके आवास पर हजारों की भीड़ जमा थी, सभी की आंखें नम थीं। अपने प्रिय नेता के निधन से चिरईगांव के अलावा गौरा बाजार बंद रहे। आसपास के स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। बौद्ध रीति के अनुसार ही उनके आवास पर अंतिम संस्कार की रवायत पूरी की गयी। बौद्ध रीति से पूजा-अर्चना के बाद फूलों से सजे एक वाहन पर उनका पार्थिव शरीर रखा पूरे सम्मान के साथ गंगा वरुण के संगम (तथागत घाट)तक अंतिम यात्रा निकाली गयी। उनकी पत्नी आशा मौर्य, पुत्र कुंदन रत्न मौर्य, बेटी रोली मौर्य, बहू सौम्या मौर्य के आंखों से आंसू थमने का का नाम नहीं ले रहे थे। इनके भाई सुनील कांत, विनय रत्न मौर्य और संदीप सिंह, अजय मौर्य, विजय मौर्य, मलय कुमार काफी मर्माहत थे।

### इन लोगों ने दी श्रद्धांजलि

चिरईगांव स्थित आनंद रत्न मौर्य के आवास पर अपने प्रिय नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए पूर्व मेयर कौशलेंद्र सिंह, पूर्व एमएलसी डा.शिवनाथ यादव, पूर्व विधायक एवं मंत्री वीरेंद्र सिंह, उदयलाल मौर्य, छब्बू पटेल के अलावा आरपी कुशवाहा, सर्वेश कुशवाहा, शमशेर सिंह, मोती लाल शास्त्री, सुजीत मौर्य, शशि प्रताप मिश्र, हरिलाल यादव, सुजीत टीका, अशोक मौर्य, रोहित मौर्य, रघुनाथ चौधरी, प्रवीण कुशवाहा, नेमचंद मौर्य के अलावा चिरईगांव के पूर्व प्रधान धनंजय मौर्य, आशु मौर्य, संजीवन मौर्य, राकेश मौर्य, देवराज पटेल समेत बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति थी।



**बोले उप मुख्यमंत्री :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि पूर्वांचल का एक सितारे का अंत हो गया। मौर्य जनप्रिय नेता थे और उन्होंने चंदौली के विकास में अहम भूमिका निभाई थी। इनके विकास कार्य आज भी वहां के गांवों में दिखते हैं और चंदौली संसदीय क्षेत्र के लोग उनके विकास कार्य और मृदुभाषी व्यवहार की तारीफ करते हैं।

आनंद मौर्य की गिनती इसलिए भी मृदुभाषी व विनम्र स्वभाव के नेताओं में होती थी, क्योंकि उन्होंने कभी किसी का दिल नहीं दुखाया। अपने विनम्र व्यवहार के चलते वह चंदौली संसदीय सीट से लगातार तीन बार (1991, 96,98) चुनाव जीते और एक कीतीर्मान बनाया था, जिसे आज तक कोई नहीं तोड़ पाया।

**सांसद से प्रदेश उपाध्यक्ष तक का सफर :** वर्ष 1991 से 98 तक लगातार भाजपा से सांसद रहे, वहीं 1999 के लोकसभा चुनाव में लगातार चौथी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन सपा के जवाहर लाल जायसवाल से हार गए। कुछ समय बाद उन्होंने भाजपा का साथ छोड़ दिया। पांचवी बार साल 2004 का लोकसभा चुनाव उन्होंने समाजवादी पार्टी के टिकट पर लड़ा, लेकिन बसपा के कैलाश नाथ सिंह यादव से चंद वोटों से चुनाव हार गए। साल 2007 में आनंद रत्न मौर्य एक बार फिर भाजपा में शामिल हुए और पार्टी के उत्थान के लिए कई महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। इस दौरान उन्होंने 2015 से 2017 तक भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष के तौर पर भी कार्य किया था। इन दिनों वह सक्रिय राजनीति से अलग हो गए थे।

# बोट रैली में दिखी नावों की रवानी

**शुभारंभ**

**केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री व ऊर्जा मंत्री ने झंडी दिखा कर किया रवाना**

**रैली में सीएनजी युक्त सौ नौकाओं ने लिया भाग**


**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** गंगा के जरिए ग्रीन एनर्जी का संदेश देने के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से रविवार को नमो घाट पर सीएनजी बोट रैली का आयोजन किया गया।

केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी, राज्य मंत्री रामेश्वर व प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने संयुक्त रुप से बोट रैली को झंडी दिखा कर रवाना किया। नमो घाट से रविदास घाट तक बोट रैली में सीएनजी युक्त 100 नौकाएं भाग लिया। साथ ही पेट्रोलियम मंत्रालय से संबंधित विभागों की सीएनजी बोट रेस का भी आयोजन हुआ। बोट रैली नमो घाट से शुरू होकर दशाश्वमेधघाट पहुंची जहां पर सभी विशिष्ट अतिथियों ने गंगा आरती में भाग लिया। इसके बाद सभी चेतसिंह घाट पर पहुंचे जहां पर लेजर शो का आयोजन किया गया था। इस रैली के मद्देनजर दोपहर एक बजे से रात 8 बजे तक नमो घाट से रविदास घाट तक यात्री नावों का संचालन बंद रहा। निर्णायक मंडली में कोट्टयम, केरल से छह लोगों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान जी-20 आयोजन के लिए भी लोगों को जागरूक किया जा रहा था।



बोट रैली का शुभारंभ करते सूबे के मंत्री ए.के. शर्मा व केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी



बोट रैली में भाग लेतीं नावें

### काशी के रंग ऊर्जा के संग

नई दिल्ली के अपर महानिदेशक और पेट्रोलियम मंत्रालय के प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि भारत के जी-20 की अध्यक्षता के दौरान बेंगलुरु में 6-8 फरवरी 2023 तक ग्रोथ, कोलैबोरेशन, ट्रांजिशन विषय पर एनर्जी वीक 2023 मनाया जा रहा है, जिसका नाम काशी के रंग ऊर्जा के संग है। इसका उद्देश्य लोगों को जीरो इमिशन ऊर्जा और सीएनजी के प्रति जागरूक करना है। गेल के महाप्रबंधक सुशील कुमार ने बताया कि बनारस में विश्व का पहला तैरता सीएनजी स्टेशन नमो घाट पर बनाया गया है। इसी को देखते हुए सीएनजी बोट रैली का आयोजन किया जा रहा है।

## बीडीसी के खाली पदों के लिए नामांकन कल

**वाराणसी।** जनपद में क्षेत्र पंचायत सदस्य के खाली चल रहे चार पदों पर होने वाले उपचुनाव के लिए पर्चा दाखिला 24 जनवरी को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग से जारी अधिसूचना के मुताबिक जिले में चिरईगांव विकास खंड के वार्ड नंबर-4 छितौनी (एसटी महिला) एवं वार्ड नंबर-66 सीवों (अनारक्षित), आराजी लाइन ब्लॉक के वार्ड नंबर-163 दरेखू (महिला) और पिंडरा विकास खंड के वार्ड नंबर-58 बाबतपुर (महिला) के लिए यह बाई इलेक्शन होना है। आगामी मंगलवार को नामांकन के बाद 25 जनवरी को पर्चों की जांच की जाएगी। 27 जनवरी को पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक नाम वापसी और उसके बाद प्रतीक चिह्न आवंटित करेंगे। नौ फरवरी को मतदान और दस फरवरी को मतगणना होगी। डीएम तथा जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एस. राजलिंगम के अनुसार पोलिंग को छोड़कर पर्चा दाखिला, नाम वापसी, सिंबल वितरण और काउंटिंग आदि प्रक्रिया संबंधित विकास खंड मुख्यालय पर निर्धारित समय होगी।

## उडेन हैंड पेंटेड मिरर फ्रेम होगी काशी की निशानी

**निर्माण में तेजी**

**जी-20 के मेहमानों को दिये जाएंगे उपहार स्वरूप**

**उत्तर प्रदेश हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट विभाग ने दिया ऑर्डर**

**वाराणसी।** विभिन्न देशों से आने वाले मेहमानों को काशी की निशानी दी जाएगी। यह निशानी होगी उडेन हैंड पेंटेड मिरर फ्रेम। इसकी तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। जी हां, जी-20 देशों से आने वाले मेहमानों को यह उपहार स्वरूप दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट विभाग की तरफ से इसका निर्माण कराया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट विभाग की ओर से काशी के काष्ठ कलाकारों को फ्रेम बनाने के ऑर्डर मिले हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले कारीगर इसको तैयार कर रहे हैं। यह फ्रेम हरा, लाल, नीला, पीला, ऑरेंज आदि रंग में तैयार किए जा रहे हैं। करीब पांच दर्जन परिवार इसको तैयार करने में जुटे हुए हैं। 28 जनवरी तो लखनऊ मुख्यालय को इसकी डिलेवरी कर देनी है। विभागीय सूत्रों की मानें तो काशी की काष्ठ कला के अलावा जी-20 के मेहमानों का स्वागत गुलाबी मीनाकारी के सामानों के साथ भी होगा। इसके लिए भी लखनऊ के ओडीओपी ऑफिस से 2000 कफलिंग बनाने का आर्डर स्थानीय हस्तशिल्पियों को मिला है। इस ऑर्डर को महज 20 दिन में सप्लाई देनी है। जबकि, इतना कफलिंग बनाने में कम से कम दो महीने का वक्त लगता है। बहरहाल, हस्तशिल्पी 18-20 घंटे की मेहनत से इसे तैयार करने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं।

# नो बिल नो पेमेंट का सिस्टम फेल

**कैंट स्टेशन**

**रिफ्रेश व जनआहार को छोड़ स्टेशन के किसी भी स्टॉल पर नहीं दिया जाता बिल**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** रेल मंत्री की ओर से जनता की सुविधा व अवैध वेंडरों पर शिकंजा कसने के लिए बनाये गये नियम नो बिल नो पेमेंट की सुविधा कैंट स्टेशन पर यात्रियों को नहीं दी जा रही है।

कैण्ट स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक स्थित रिफ्रेश व जनआहार को छोड़ किसी भी स्टॉल पर यात्री को खाद्य वस्तुओं के बदले बिल नहीं दिया जा रहा, यात्रियों की ओर से बिल मांगने पर या तो मशीन खराबी की बात वेंडरों द्वारा की जाती है या फिर बिल छपने का ना लिया जाता है। इसको लेकर रोजाना यात्रियों व वेंडरों में नोक-झोक हो रही है।

नो बिल नो पेमेंट के नियम को लागू हुए सालों हो गये लेकिन इस नियम को अभी तक पटरी पर नहीं लाया गया। निवर्तमान रेल मंत्री पियूष गोयल की ओर से जो आदेश आया था उसमें साफ तौर पर कहा गया कि पांच रुपये के बिस्कीट की खरीद पर भी यात्रियों की ओर से मांगे जाने पर वेडर बिल देंगें जो वेंडर बिल नही देंगें उनको पेमेंट नही किया जायेगा। बावजूद इसके बिल को नजर अंदाज किया जा रहा है।



प्लेटफार्म नंबर नौ के एक स्टॉल पर यात्री की ओर से रेल नीर खरीदा गया और बिल मांगे जाने पर वेंडर की ओर से बिल अभी छपने गया है कि बात कही गयी इस पर यात्री और वेंडर में तिखी नोक-झोक भी हुई। जबकि य स्टॉल आई आरसीटीसी की ओर से संचालित किया जाता है।

इसी स्टॉल से एक यात्री ने खानपान की लगभग 100 रुपये की वस्तु खरीदी उसे भी बिल नहीं दिया गया। वेंडरो की दबंगई यात्री पर हावी है, पीड़ित यात्रियों का कहना था कि जिस तरह रेल प्रशासन की ओर से नियम बनाया गया तो उसके पालन के लिए भी सख्ती दिखानी चाहिए ।

## आयुक्त प्रशासन की तैनाती नहीं होने से वाद लंबित

**बढ़ीं दुश्वारियां**

**पांच साल से अटके हुए हैं केसेज, आयकरदाता हैं परेशान**

**नोटबंदी केसेज वालों के खाते कर दिये गये हैं अटैच : आसिम**

**वाराणसी।** आयुक्त प्रशासन की तैनाती न होने से सैकड़ों-हजारों वाद आयकर विभाग में लंबित है। करीब पांच के लंबित अपीलों का निस्तारण न होने से आयकरदाता परेशान है। स्थानीय आयकर विभाग में स्थायी आयुक्त प्रशासन की नियुक्ति होने पर ही इस समस्या का समाधान संभव है। इनकम टैक्स बार एसोसिएशन ने इस बाबत वित्त मंत्रालय और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को पत्र लिखा है। एसोसिएशन ने पिछले दिनों यहां आयी प्रधान आयकर आयुक्त डॉ. शिखा दरबारी को भी इस बाबत पत्रक दिया है।

बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रधान आयकर आयुक्त डॉ. शिखा दरबारी से कहा कि टैक्सपेयर्स को बेवजह न टार्चर किया जाए। पहले एक-एक साल में केस की पेंडेसी को खत्म किया जाता था, अब पांच साल से अधिक का समय भी बीत जाने के बाद भी मामलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा। नोटबंदी के केसेज में जिन लोगों ने पैसा जमा कर दिया हैं, उनके भी खाते को अटैचकर डिमांड जारी करना उचित नहीं। टैक्सपेयर्स में हित में नहीं। वित्त मंत्रालय को लिखे गये पत्र में संगठन ने फेसलेस से पहले की व्यवस्था को लागू करने के लिए अपील की हैं। एसोसिएशन के अरविन्द शुक्ला, आसीम जफर, सुभाष चन्द्र, ओपी शुक्ला, आशुतोष सिंह आदि का कहना है कि बनारस में स्थायी आयुक्त प्रशासन की नियुक्ति की जाए। क्योंकि यहां पर समस्याएं बहुत हैं। इस शहर की महत्ता को देखते हुए यहां पर आयुक्त प्रशासन को नियुक्त होना जरूरी हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री, वित्त मंत्रालय और केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को पत्र भेजा गया है।

# रिमझिम बारिश से फिर बिगड़ा मौसम का मिजाज

**बदली फिजा**

**दिन में निकली धूप ने दी राहत पर शाम बढ़ते ही सिहरन**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** रविवार सुबह झमाझम बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। इससे तापमान में फिर गिरावट आ गई है। शनिवार भोर में भी बूंदाबादी के बाद रविवार सुबह धूप नहीं निकली और अचानक बारिश हो गई। रिमझिम बारिश से फिर से मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में बादल छाए रहने के साथ ही नम हवा भी चली। लेकिन दिन में धूप निकली। जिससे लोगों को राहत मिली। लेकिन शाम बढ़ते ही हल्की सिहरन महसूस हुई।

बीते दो दिन से दिन में अच्छी धूप हो रही थी। शाम को भी गलन कम हो गई थी। इसका असर घाटों, रेलवे स्टेशनों और कालोनियों में देखने को मिला। लोगों ने चैन की सांस लेना शुरू कर दिया था। लेकिन शनिवार को हुई बारिश के बाद रविवार को भी पानी पड़ने से मौसम का मिजाज बदलता दिखा। दोपहर के बाद धुंधली सी धूप खिली। हालांकि तड़के सुबह तक घना कोहरा ही छाया हुआ था। करीब किलोमीटर की स्पीड से हवा चली। वहीं, विजिबलिटी 500 मीटर दर्ज की गई है। बादलों की वजह से काशी में रोज से थोड़ी कम ठंड है। सुबह का तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि दो दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। यह पानी गेहूं की खेती में काफी उपयोगी है। बारिश जरूरी था। तीन दिन तक बारिश की वजह से ठंड कम हो जाएगी। यह बारिश आगामी सप्ताह में दो से तीन दिन के अंतराल में होती रहेगी। तापमान भी धीरे-धीरे ऊपर ही जाएगा।



## काशी महत्ता की नगरी: प्रो राजेश्वर

**घाट की संस्कृति से जुड़ना जटिलता से मुक्त होना: प्रो. मिश्र**

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय काशी घाटवाक विश्वविद्यालय की 'पांचवीं वर्षगांठ सह घाटवाक उत्सव' का उद्घाटन रींवाघाट पर होने के पश्चात घाटवाक यात्रा काशी के विविध घाटों से होती हुई राजघाट पर सम्पन्न हुई। सभी घाटवाकर राजघाट से बजड़े द्वारा रीवाघाट वापस लौटे। इस बार का घाटवाक 'शांति और सद्भाव' को समर्पित था। जिस कारण महात्मा गांधी,मदर टेरेसा,रविन्द्र नाथ टैगोर,जैसी शख़्सियत की न केवल तस्वीरें लगाई गई थी बल्कि उन पर यथा स्थान चर्चा भी की गई। इस समारोह का उद्घाटन रींवाघाट पर हुआ जिसका विषय था-'काशी की घाट संस्कृति'। मुख्य अतिथि प्रो राजेश्वर आचार्य ने कहा कि काशी सत्ता की नहीं महत्ता की नगरी है। इसके घाट इतिहास व संस्कृति के संरक्षक हैं। इनके बीच होना भारतीय संस्कृति की प्राणधारा के बीच होना है। विशिष्ट अतिथि महंत प्रो विश्वम्भर नाथ मिश्र ने कहा कि घाट की संस्कृति से जुड़ना असल में अपनी जटिलता से बहुत हद तक मुक्त होना है।






# जेई का निलंबन वापस नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन



**बैठक**

**राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन ने दी चेतावनी**

**वाराणसी।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन वाराणसी इकाई की रविवार को हुई आपात बैठक में चेतावनी दी गयी कि यदि निलंबित अवर अभियंता कुंदन सिंह का निलंबन और एसडीओ मनोज गुप्ता के निलंबन की संस्तुति को वापस नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा।

वक्ताओं ने कहा कि जेई कुंदन का निलंबन एवं एसडीओ मनोज गुप्ता पर कार्रवाई करने का निर्णय एकतरफा है। इससे अवर अभियंताओं में गहरा रोष है। वक्ताओं ने कहा कि बिना किसी जांच के प्रबंधकीय दोष को छुपाने के लिए अवर अभियंता को दोषी मानकर निलंबित कर दिया गया। बैठक में तय हुआ कि जब कि निलंबन एवं संस्तुति की कार्यवाही को वापस नहीं लिया जाता है, तब कि सिगरा स्थित नगरीय विद्युत वितरण मंडल-द्वितीय के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अध्यक्षता संजय भारती ने की। संचालन प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में आईपी सिंह, रत्नेश सेठ, सियाराम यादव, अभिषेक मौर्या, नागेंद्र सरोज, रवि चौरसिया, उपेंद्र कुमार, शिवेंद्र, सर्वेश कुमार, लालब्रत, सूर्यनाथ, मनोज गुप्ता, कुंदन सिंह आदि उपस्थित थे।



## हक के लिए एकजुट हों संविदाकर्मी

**वाराणसी।** विद्युत संविदा मजदूर संगठन वाराणसी इकाई के बैनर तले भिखारीपुर स्थित संगठन कार्यालय में रविवार को हुई बैठक में हक के लिए एकजुट होने का संविदाकर्मियों का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक हम एकजुट नहीं होंगे, हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाएगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष राजू अंबेडकर ने कहा कि हम सभी संविदा भाई जब तक आपस में एकजुटता और एक मंच पर आकर आवाज बुलंद नहीं करेंगे, तब तक हम लोगों इसी तरह भटकते रहेंगे। क्योंकि हम लोग को पूरे प्रदेश में एकजुट होकर एक मंच पर आने की जरूरत है। तभी हम संविदा साथियों की वेतन विसंगतियां भी दूर हो पाएगी। वक्ताओं ने कहा कि सुरक्षा उपकरणों के अभाव में आए दिन हमारे साथी दम तोड़ रहे है या घायल हो रहे हैं, यह चिंता का विषय है। अध्यक्षता पूर्वांचल अध्यक्ष संजय सिंह ने की। बैठक में क्षेत्रीय सचिव रामलखन, प्रमोद गौड़, गुलाब यादव, धीरज चौरसिया, अनिल विश्वकर्मा, संतोष श्रीवास्तव, दयाशंकर, रितेश श्रीवास्तव, सौरभ सिंह, अवधेश यादव, राजू पटेल, सोनू यादव, बबलू पटेल, राणा सिंह आदि उपस्थित थे।

## तोड़-मरोड़ कर सूचनाएं मांगें जाने से पेंशनर्स परेशान

**वाराणसी।** विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश का आरोप है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. की कंपनियां बेवजह पेंशनर्स को परेशान कर रही है। कंपनियों की तरफ से तोड़-मरोड़ कर मांगी जानी वाली सूचनाओं से पेंशनर्स काफी परेशान है। संगठन के अध्यक्ष जगमोहन लाल वैश व महामंत्री कप्तान सिंह का कहना है कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद के पेंशनरों को विभागीय संयोजन के संबंध में 25 जनवरी 2000 को हुए त्रिपक्षीय समझौते-सहमति एवं सरकार के गजट नोटिफिकेशन को तोड़-मरोड़ कर सूचनाएं मांगी जा रही है। यह सरासर गलत और पेंशनरों के साथ अन्याय है। क्योंकि पेंशन प्रपत्र में पेंशनर्स केवल माता-पिता एवं संतान की सूचनाएं ही पूर्व में दिए हैं। इसी के तहत यूपीपीसीएल के शीर्ष प्रबंधन ने सभी डिस्कॉम को निर्देश दे रखा है कि ऑफलाइन एलएमबी संयोजन को ऑनलाइन करें तथा ऑफलाइन में जमा विद्युत बिल की पोस्टिंग कराएं। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने ऊर्जा प्रबंधन से इसका निराकरण कराने की मांग की है ताकि पेंशनरों के मन में व्याप्त असंतोष को दूर किया जा सके।




# डीसी के विरुद्ध रपट दर्ज करने के निर्देश, दोबारा खत्म होगी संविदा

जनसंदेश न्यूज

**सीडीओ की कार्रवाई**

**लापरवाही के आरोप में पंचायती राज विभाग के जिला कंसल्टेंट पर एकबार फिर गिरी गाज**

**विभिन्न योजनाओं को लेकर टार्गेट में फिसड्डी डीपीआरओ को जमकर लगायी गयी फटकार**

**वाराणसी।** सीडीओ हिमांशु नागपाल ने पंचायती राज विभाग में तैनात मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम के डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट मनोज पाठक के विरुद्ध कार्य में लापरवाही के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराने और उसकी संविदा समाप्त करने का निर्देश दिया है। वहीं, एसबीएम, एसएलडब्ल्यूएम, ओडीएफ प्लस, रेट्रोफिटिंग, सीएससी स्थापना कार्य में लक्ष्य पूर्ण न होने पर डीपीआरओ को फटकार लगायी है।

विभागीय समीक्षा की वर्चुअल बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने यह तेवर दिखाए। मनोज के खिलाफ पदीय दायित्वों और कर्तव्यों का निर्वहन न करने समेत सरकारी योजनाएं समयबद्ध ढंग से लागू न किये जाने का आरोप है। उसके विरुद्ध कुछ साल पहले भी कार्रवाई करते हुए उसकी संविदा समाप्त कर दी गयी थी। लेकिन दोबारा उसे किस प्रकार महकमे में रख लिया गया इस बारे में कोई खुलकर बोलने के लिए तैयार नहीं है।

मीटिंग में श्री नागपाल ने पीएम आवास योजना के अंतर्गत हर हाल में सोमवार तक डोंगल लगा लेने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी बीडीओ से कहा कि जिन लाभार्थियों को प्रथम किश्त मिल चुकी है उनके आवास का निर्माण शुरु कराएं। बीते साल स्वीकृत और अबतक अपूर्ण आवासों को पूरा करने के लिए समय सीमा निर्धारित की जाए। सीडीओ ने जनपद के सभी ब्लॉक में स्थित गोवंश आश्रय केंद्रों में नेपियर घास लगाने की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इस बारे में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश चंद्र शुक्ल से जानकारी लेते हुए खंड विकास अधिकारियों से तालमेल कर प्रत्येक गौशाला में यह घास लगाने और हरा चारा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। गौशालाओं में चोकर आदि मुहैया कराने के लिए स्वयं सहायता समूह को चिन्हित करने पर बल दिया। उन्होंने गौशालाओं में क्षेत्रफल के अनुसार गोवंशों को संरक्षित करने तथा स्थान की उपलब्धता से अधिक रखे गये गोवंशों को अन्य गौशालाओं में शिफ्ट करने को कहा।

## ग्रामीण स्पर्धाओं से निखरती है प्रतिभा : प्रभुनारायण

**चिरईगांव।** गांवो में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है तो होनहारों को सही दिशा देने की। ग्रामीण स्तर की आयोजित होने वाली प्रतियोगिता निश्चित तौर पर प्रतिभाओं को निखारने की नर्सरी है। उक्त बातें पुलवामा हमले में शहीद रमेश यादव की स्मृति में रविवार को तोफापुर में आयोजित कैनवास क्रिकेट प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण यादव ने कही। उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। खेल से स्वस्थ रहते हुए अपने कैरियर को भी सवारा जा सकता है। प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक टीमों ने भाग लिया है। उद्घाटन मैच सरैया और उमरहा के बीच खेला गया। जिसमें उमरहा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर शन्तोष यादव, सदस्य जिला पंचायत रवींद्र यादव, रामप्रताप यादव, चंद्रिका यादव, राहुल यादव प्रधान, सुक्खू राम पूर्व प्रधान, सुबास यादव सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# मोहनसराय से लहरतारा सिक्स लेन का काम तेज




जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मोहनसराय से लहरतारा 6 लेन चौड़ीकरण कार्य रोहनिया के केसरीपुर स्थित भास्कर तालाब तक पहुंच चुका है, उधर मोहनसराय के समीप स्थित शाहाबाबाद तक कार्य को गति दे दी गई है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से प्रत्येक दिन 100 मीटर तक का कार्य किया जा रहा है, जहां कोई अवैध निर्माण नहीं है वहां पर तेजी से कार्य चल रहा है और जहां पर अवैध निर्माण है, उन लोगों को छोड़कर और उन्हें चेतावनी देते हुए आगे का कार्य किया जा रहा है वहीं कुछ स्थानों पर लोग स्वयं ही अपने अस्थाई निर्माणों को मजदूर लगाकर तोड़ रहे हैं, तो कहीं सड़क चौड़ीकरण में लगे मशीनों द्वारा हो रहे कार्यों में सड़क के नीचे से जाने वाली जल निगम की पाइप क्षतिग्रस्त हो जा रही है। जिससे जलापूर्ति की समस्या भी हो रही है। वहीं, गड्ढा खोदने से सीवर के पाइप क्षतिग्रस्त हो जा रहा हैं, इस समस्या से स्थानीय नागरिकों को काफी दिक्कतें भी झेलनी पड़ रही हैं।

## संक्षेप

### सिद्धि काली बाड़ी मंदिर में उमड़े भक्त



**वाराणसी।** खालिसपुर स्थित सिद्धि काली बाड़ी मंदिर में रटंती काली पूजन हुआ। इस दौरान चंडी पाठ हुआ। माता रानी को भोग लगाकर मराठी ब्राह्मणों ने वेद पाठ किया। इस दौरान भक्तों की भीड़ उमड़ी। कोलकाता के पुजारी काशीनाथ मुखोपाध्याय ने रटंती पूजन किया। समस्त आयोजन रतन शंकर चटर्जी व शामली चटर्जी की देखरेख में हुआ। अनुपम मुखर्जी ने बताया कि मां काली मां वैष्णवी के रूप में स्थापित है। यह मंदिर साल में दो बार आम दर्शनार्थियों के लिए खोला जाता है।

### चौबेपुर क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की धर-पकड़

**चौबेपुर।** स्थानीय बाजार स्थित एक इंटर कॉलेज के खेल के मैदान से लेकर सड़क तक छुट्टा पशुओं से परेशान लोगों ने रविवार को उस वक्त राहत की सांस ली जब उन पशुओं की धर-पकड़ का अभियान चलाया गया। कैटल कैचर के साथ पहुंची टीम ने एक दर्जन पशुओं को पकड़कर बहरामपुर, परानापुर, छीतमपुर और हडियाडीह की गौशालाओं में रखवाया। टीम में शामिल कर्मचारियों ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। रात्रि में सड़कों पर घूमने वाले गोवंशों की भी धर-पकड़ होगी।

### अवैध होर्डिंग विज्ञापन के विरुद्ध अभियान

**वाराणसी।** जी-20 को देखते हुये शहर के नागरिकों, पर्यटकों आने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षा के दृष्टिगत विभिन्न मार्गो, चौराहों पर स्थित निजी भवनों पर लोहे के बड़े स्ट्रक्चर्स पर लगी होर्डिस विज्ञापन को हटाये जाने की कार्यवाही जारी पर है। मुख्यमंत्री द्वारा बीते दिनों एक बैठक में इस संबंध में कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देश दिया गया था। निगम व विकास प्राधिकरण (वीडीए) के संयुक्त टीम द्वारा नगर में ऐसे होर्डिस विज्ञापनों को हटाये जाने की कार्यवाही की जा रही है जिनका भवनों पर लगाने के लिए नक्शा विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नही किया गया है। उन सभी अवैध होर्डिस विज्ञापन के लगे स्ट्रक्चर को उन भवनों से हटाया जा रहा है।

### आईकेएस के 13 पदों पर आवेदन 25 तक

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा स्थापित भारतीय ज्ञान परंपरा (आईकेएस) के एक परियोजना अंतर्गत कार्य करने के लिये चार तरह के कर्मियों के 13 पदों के आवेदन विज्ञापित कर मांगे गये थे। जिसकी अंतिम तिथि छह के बजाय 25 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। कुलसचिव ने बताया कि इसे संबंधित विवि के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### सात दिवसीय खेल स्पर्धा का समापन

**वाराणसी।** जिले के आदर्श गांव कादीपुर में सूर्या फाउंडेशन द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ। रोहनिया थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह के द्वारा कबड्डी का शुभारंभ किया गया। भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने कहा कि कबड्डी ही हमारे जीवन का मूल उद्देश है और कबड्डी को खेल के भावना से खेलना चाहिए। वरिष्ठ समाज सेवक मनीष सिंह और रोहनिया मंडल के मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल खन्ना व काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक श्रीकांत मिश्रा के द्वारा धनवंतरी स्पोटिंग क्लब के विजेताओं को 9 कंडाल और 3000 रुपये एवं उपविजेता विजेता ग्राम कचहरी स्पोर्ट्स क्लब को 9 बाल्टी 1110 रुपये देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राम ब्रिज भारती, अनिल, अंकुश, सुंदर, रवि, संजय, सुरेंद्र, बंशी, अजीत, सोनू, लालू, प्रदीप, अश्वनी, अजीत, बजरंगी और विशाल आदि मौजूद रहे।

### आईकेएस केंद्र खुल जाने से भारतीय ज्ञान परंपरा को मिला बल : प्रो. त्रिपाठी

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने रविवार को इंडियन नालेज सिस्टम सेंटर (आईकेएस केंद्र) की स्थापना के बारे में बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)2020 का मूल उद्देश्य भारतीय ज्ञान पर आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना है। शिक्षा मंत्रालय भी भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर आधारित शोध करने वाली आइआइटी को आइकेएस के तहत प्रोत्साहित करने में जुटी है। कुलपति ने बताया कि प्राचीन काल में शिक्षा प्रणाली ज्ञान, परंपराएं व प्रथाएं मानवता को प्रोत्साहित करने वाली थी। भारतीय ज्ञान व परंपरा काफी समृद्ध रही है। देश-दुनिया के वैज्ञानिक जो आविष्कार कर रहे हैं। उसका उल्लेख हमारे वेद-पुराणों में हजारों वर्ष पहले किया जा चुका है। ऋषि-मुनियों के ज्ञान परंपरा को वैज्ञानिक रूप देने के लिए उच्च स्तरीय अनुसंधान करने की जरूरत है। आइकेएस की स्थापना का मुख्य उद्देश्य भी यही है। उन्होंने बताया कि विवि के सरस्वती भवन पुस्तकालय में पांडुलिपियों के रूप में बौद्धिक खजाना संरक्षित हैं। बाह्मी, देवनागरी, मैथिली सहित विभिन्न भाषाओं में पुराण, ज्योतिष, तंत्रशास्त्र, मीमांसा, योग, आयुर्वेद सहित अन्य विषयों पर हस्तलिखित दुर्लभ पांडुलियां मौजूद है। इन पर शोध करने की जरूरत हैं। विवि में आईकेएस केंद्र खुल जाने से भारतीय ज्ञान परंपराओं को और बल मिलेगा।

### सुप्रीम कोर्ट के जज ने प्रो. विश्वम्भरनाथ से की भेंट



**वाराणसी।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजय किशन कौल एवं जस्टिस संजीव खन्ना अपने परिवार सहित रविवार को अखाड़ा गोस्वामी तुलसीदास एवं संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो विश्वम्भर नाथ मिश्र से मिले। तुलसीघाट स्थित महंत आवास पर हुई शिष्टाचार बैठक में काशी में चल रहे विकास कार्यों सहित सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों पर चर्चा की। तुलसीघाट पहुंचने पर अखाड़ा गोस्वामी तुलसीदास एवं संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. मिश्र ने सुप्रीम कोर्ट के जजों का स्वागत किया और उनसे गंभीर विषयों पर चर्चा की। चर्चा के दौरान गंगा सफाई, नगर में चल रहे विकास कार्यों और धार्मिक गतिविधियों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस राजेश जिंदल, वाराणसी के जिला जज सहित नगर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### लोलार्कादित्य महादेव का अन्नकूट शृंगार




**वाराणसी।** काशी के लोलार्कादित्य महादेव का अन्नकूट शृंगार महोत्सव माघ सुदी प्रतिपदा पर रविवार को सम्पन्न हुआ। यह पहला मौका है जब महंत परिवार की ओर से अन्नकूट शृंगार कराया गया। पूरब की ओर अरघे वाले विशिष्ट शिवलिंग का अभिषेक के बाद विशेष शृंगार किया। विश्व कल्याण एवं भारत के विश्व गुरु बनने की कामना से किए गए अन्नकूट शृंगार के अवसर पर संपूर्ण मंदिर परिसर को भी विभिन्न प्रकार के फूलों, मालाओं, पत्तियों एवं बिजली के रंग बिरंगे झालरों से सजाया गया। मंदिर के महंत पं. शिवप्रसाद पांडेय लिंगिया महाराज ने ब्रह्म मुहूर्त में विधान पूर्वक पूजन आरंभ किया। बाबा को पंचामृत स्नान कराने के उपरांत विभिन्न प्रकार के मौसमी पुष्पों एवं पत्तियों से उनका भव्य शृंगार किया गया। उन्हें स्वर्ण एवं रजत आभूषण धारण कराए गए। भव्य शृंगार के उपरांत सुबह छह बजे बाबा के अन्नकूट शृंगार के दर्शन भक्तों को सुलभ हुए।

### ठंड में कंबल पाकर खुश हुए ग्रामीण

**वाराणसी।** रोटरी क्लब वाराणसी गंगा द्वारा 1000 कंबल बांटे के लक्ष्य के तहत रविवार को सातवीं बार राजातलाब के कोयली गांव के ग्रामीणों को कंबल वितरित किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में डिस्टिक सेक्रेट्री दीपक अस्थाना उपस्थित रहें, कहा कि रोटरी क्लब गंगा की ओर से लगातार कंबल का वितरण किया जा रहा जो पुनीत कार्य है, क्योंकि नर सेवा ही नारायण सेवा माना जाता है। क्लब के चार्टर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है, और रोटरी क्लब का मूल उद्देश्य सेवा करना है। इस अवसर पर रोटरी क्लब के पूर्व गवर्नर बी एन सिंह, बालाजी मनोज, आनंद सिंह एवं लंदन, यूके से पधारी समाजसेवी भी उपस्थित रहीं। कंबल वितरण समारोह के संयोजन मे रोटरी क्लब के रोटेरियन सुजीत केसरी, मनोज केसरी, विभू रत्ना, बबलू सेठ का विशेष योगदान रहा।

### जय जय दुर्गे माता भवानी...





**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह-ए-बनारस के तत्वावधान में रविवार को 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में डॉ अर्चना आदित्य महस्कर का गायन हुआ। उनके साथ सिद्धांत मिश्र (तबला) एवं कुमार विक्की (हारमोनियम) पर संगत कर रहे थे। गायन का आरम्भ राग दुर्गा में मध्यलय एकताल में निबद्ध रचना से हुई जिसके बोल थे- जय जय दुर्गे माता भवानी। इसके उपरांत राग पीलू में दादरा की प्रस्तुति सम्पन्न हुई जिसके बोल थे- जिया में लागे आन बान। इसी क्रम में मराठी भक्तिगीत (मराठी अभंग) की प्रस्तुति की गई जिसके बोल थे-जोहार मायबाप। गायन का समापन राग भैरवी में दादरा से हुई जिसके बोल थे बोल चला परदेसिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संग्रहालय अध्यक्ष दीनदयाल हस्तकला संकुल अजय श्रीवास्तव तथा कलाकार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संकल्पना और संयोजन डॉक्टर रत्नेश वर्मा का रहा। कार्यक्रम का संचालन किया सुश्री ललिता शर्मा ने किया।

## संक्षेप

### खेलकूद से बढ़ता है अनुशासन : अजय राय



**वाराणसी।** गंगापुर एकेडमी की ओर से गंगापुर इंटर कॉलेज मैदान पर आयोजित 37वीं पं. कृष्णदेव उपाध्याय राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का फाइन रविवार को हुआ। जिसमें विवेक एकेडमी ने गंगापुर एकेडमी को 3-1 से हराकर कंपटीशन अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि गंगापुर एकेडमी की ओर से खेल का ऐसा आयोजन सराहनीय है। इस तरह की पहल से क्षेत्र के बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होने के साथ ही उनमें अनुशासन की प्रवृत्ति का विकास भी होता है। कार्यक्रम में डॉ. रामाश्रय उपाध्याय, विजय यादव, अजीत सिंह, तोयज कुमार सिंह, डॉ. अर्जदेव उपाध्याय, विजय देव, संजय सिंह, रोहित मोदनवाल, विजय राजभर, मो. हुसैन अंसारी, अवधेश मौर्य, प्रदीप कुमार सिंह, चरणदास गुप्ता, चेतन राजभर, लाल बहादुर मौर्य, माता प्रसाद मौर्य, अमित कुमार वर्मा, त्रिलोकी राजभर आदि रहे।

### संगठन को उपलब्ध कराएं कार्यालय भवन

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था की जिला इकाई की बैठकें अब वरुणापुल क्षेत्र स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय परिसर स्थित डिप्लोमा संघ भवन में होंगी। संगठन में शामिल नये सदस्यों की ओर से इस बारे में बनाए गये दबाव को देखते हुए रविवार को कलेक्ट्रेट प्रांगण में हुई संगठन की मासिक बैठक में यह फैसला लिया गया। साथ ही संस्था के लिए शासन-प्रशासन से कार्यालय भवन की मांग की गयी। इसके लिए संगठन की ओर से जिलाधिकारी को प्रस्ताव भेजेंगे। इस मौके पर नयी कार्यकारिणी का चुनाव जल्द से जल्द कराने पर विचार-विमर्श किया गया। मीटिंग में संयोजक डॉ. परमहंस मिश्र, सहसंयोजक हीरालाल प्रसाद, शमसुल आरफीन, रामचंद्र गुप्ता, राजेश्वर पांडेय, अवध नारायण पांडेय, यूपी सिंह, आरएस पटेल, हरिशंकर यादव, दयाराम यादव, आनंद लाल श्रीवास्तव, आरपी मिश्र समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### महिलाएं और बेटियों की रंगोली और वेस्ट मेटेरियल प्रतियोगिता

**वाराणसी।** आइडियल वूमेन वेलफेयर सोसायटी की तरफ से बरेका के रंगशाला के पास महिलाओं व बेटियों की ओर से रंगोली और वेस्ट मेटेरियल से निर्मित समान बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया। प्रतियोगिता में रंगोली में साक्षी और गरिमा प्रथम कृति और नीलम द्वितीय और पूजा बिंद और सपना बिंद तृतीय स्थान पर रही। वही वेस्ट मेटेरियल में मुस्कान सोनकर प्रथम स्वेता वर्मा द्वितीय और अंशिका श्रीवास्तव तृतीय रही।प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र की बेटियो ने मौसम खराब होने के बावजूद अपना जज्बा दिखाया और प्रतियोगिता में सहभागी बनी। वही दूसरी ओर बोतल,अखबार,कूट, डिस्पोजल ग्लास जैसी रद्दी वस्तुओ से सुंदर चीजे बनाकर प्रदर्शित कर एक नए नजरिए से सफाई अभियान की ओर उन्मुख करते हुए सबकी वाहवाही बटोरी।

### मरीजों से बाहर की दवाएं मंगाने पर हंगामा

**वाराणसी।** महिला अस्पताल स्थित हेरिटेज अस्पताल में भर्ती होने वाली सभी महिलाओं से बाहर की दवाएं मंगाई जा रही है इसे लेकर रविवार को लोगों ने जमकर हंगामा किया। सरकार की ओर से गर्भवती महिलाओं को इलाज के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए महिला अस्पताल में प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत हेरिटेज अस्पताल की ओर से गर्भवती महिलाओं का ऑपरेशन पूर्ण रूप से निःशुल्क किया जा रहा है। इसमें मरीज को केवल अपना आधार कार्ड नंबर नोट कराना होता है। सरकार हर एक मरीज का पेमेन्ट करती है। महिला अस्पताल में रविवार को अधिवक्ता सन्नी केशरी अपने रिस्तेदार से मिलने पहुंचे थे। जब उन्हें हर मरीज से बाहर की दवा मंगाने की जानकारी होने पर जमकर हंगामा किया। उन्होंने इसकी शिकायत महिला एसआईसी से किया है।

### अभिकर्ताओं ने की विकास अधिकारी की विदाई

**काशी विद्यापीठ।** भारतीय जीवन बीमा निगम मंडुवाडीह शाखा के विकास अधिकारी दिनेश कुमार को सेवा निवृत्त होने पर अभिकर्ताओं ने रविवार को नेवादा स्थित होटल में विदाई समारोह का आयोजन किया था। इस दौरान श्री कुमार को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि अभिकर्ताओं को मेहनत, लगन व ईमानदारी से कार्य करने की जरूरत है। इस दौरान डा सीएल निराला, संत कुमार तिवारी, पप्पू साहनी, श्याम सुंदर, छोटे लाल, सुनील कुमार, पप्पू साहनी कनक लता मिश्रा, दिपांकर कुमार, दीपक सिन्हा, मनोज पांडेय आदि मौजूद थे।

## कैरम : शिवदयाल और मन्तसा विजेता

**वाराणसी।** सिंह निकेतन मलदहिया में वाराणसी कैरम एसोसिएशन और सिंह सर्वार्थ सिद्धि ट्रस्ट की ओर से रविवार को तीन दिवसीय जिला स्तरीय तृतीय स्वर्गीय रामाज्ञा सिंह स्मृति विंटर कैरम लीग प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें विजेता ट्राफी पर शिवदयाल यादव और मन्तसा इकबाल का कब्जा रहा। शिवदयाल ने पुरुष वर्ग के फाईनल में गौरव गुप्ता को और मन्तसा ने अंजलि केशरी हराकर महिला वर्ग में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।प्रतियोगिता में विजेता उपजेता सहित प्रथम आठ स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान करने के बाद समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं से ही होनहार और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे आने का अवसर मिलता है। अध्यक्षता करते हुये बैजनाथ सिंह ने कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाने में भी अपना अमूल्य योगदान दिया है और आगे भी देता रहेगा। निर्णायक रमेश वर्मा ने प्रतियोगिता का अधिकारिक परिणाम और खिलाड़ियों की रैंकिंग घोषित की।

# मोहतरमा ने छुट्टी पर रहते हुए निकाला वेतन!

**दिया ज्ञापन**

**उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की राजातालाब शाखा के सदस्यों ने तहसील के दो कर्मचारियों पर खड़े किये सवाल**

**जिला मुख्यालय स्थानांतरित कर दिये गये एक राजस्व निरीक्षक द्वारा वेतन बिल प्रक्रिया में बदलाव पर नाराजगी**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की राजातालाब शाखा के सदस्यों ने रविवार को संगठन भवन में आपात बैठक कर तहसील के दो कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया। मीटिंग में उन्होंने संबद्ध लेखपालों का वेतन जारी करने की तय प्रक्रिया के बजाय अन्य ढंग से दिये जाने को जालसाजी और षडयंत्र करार दिया। साथ ही एक राजस्व निरीक्षक का स्थानांतरण जिला मुख्यालय पर कर दिये जाने के बावजूद तहसील में जमे रहने पर रोष व्यक्त किया गया। उन्होंने अवकाश पर चल रही एक स्टाफ द्वारा वेतन रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर सैलरी लिए जाने पर प्रश्नचिह्न लगाया।


मीटिंग में संगठन के राजातालाब उप शाखा संयोजक रामबहाल सिंह मौर्य ने आरोप लगाया कि संबद्ध लेखपालों का वेतन बिल नंबर-2 के बजाय बिल नंबर-3 से किया जाना आपत्तिजनक है। यह एक प्रकार से जालसाजी और षडयंत्र है। जबकि क्षेत्र में तैनात या आवंटित सभी लेखपालों का वेतन बिल एक ही होना चाहिए। वक्ताओं ने इसके लिए राजातालाब से जिला मुख्यालय स्थानांतरित एक राजस्व निरीक्षक को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने मांग की कि गत दिनों स्थानांतरित उस राजस्व निरीक्षक को तहसील से तत्काल मुक्त किया जाय। बैठक में लेखपालों ने मांग की कि मैटर्निटी लीव पर चल रहीं जिस कर्मचारी ने छुट्टी पर रहते हुए बीते साल 26 दिसंबर को वेतन पंजिका पर हस्ताक्षर कर अपना वेतन निकलवाया, उसकी संबद्धता समाप्त हो। बैठक में सह संयोजक राजेश मौर्य, जिलाध्यक्ष मान सिंह, जितेंद्र जायसवाल, सुरेश कुमार, विनोद कुमार, अवधेश सिंह, श्रीराम सिंह, नंदकिशोर, सियानंद मंडल, राम साहा, प्रमोद कुशवाहा, करुणा कनौजिया, खुश्बू, पूजा, आशुतोष शाहिदा बानो, आकांक्षा जायसवाल, धीरेंद्र नारायण सिंह, मो. अयूब, राजेंद्र प्रसाद एवं सुमित कुमार आदि रहे।

# रोड खोदकर छोड़ा, लोग हो रहे चोटिल

**लापरवाही**

**रामनगर के गंगाधरपुरम कॉलोनी का हाल, कारोबारियों ने डीएम को लिखा पत्र**

**रामनगर।** स्थानीय क्षेत्र के पंचवटी स्थित गंगाधरपुरम कॉलोनी में पेयजल कनेक्शन के लिए सीसी रोड खोदकर पाइप लाइन डाले जाने के बाद मार्ग को क्षतिघस्त हाल में छोड़ दिये जाने से इलाकाई लोगों को और कारोबारियों में गहरा आक्रोश है। प्रकरण को लेकर उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल उपाध्यक्ष संतोष अग्रहरि ने कार्य के मानक पर सवाल खड़े करते हुए ठेकेदार पर मनमाने ढंग कार्य करने और कार्य की जांच कराने की मांग जिलाधिकारी से की है।



रामगर के पंचवटी स्थित गंगाधरपुरम कॉलोनी में पेयजल के लिए पाइप लाइन डालने के बाद मार्ग को क्षतिग्रस्त हाल में ही छोड़ दिया गया है

क्षेत्रीय नागरिकों ने इस मामले को लेकर गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलोनी में पेयजल पाइप डालने के नाम पर मार्ग की जेसीबी से खोदाई कर नष्ट कर दिया गया है। पूर्व में भी इस प्रकरण पर ठेकेदार और विभागीय कर्मचारियों ने कहा था कि कार्य पूर्ण होने के बाद मार्ग की मरम्मत करा दी जाएगी। लेकिन पूरी कॉलोनी में गढ्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। फलस्वरूप लोगों को आवागमन में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग क्षतिग्रस्त होने और मिट्टी के कारण हल्की बारिश में बने कीचड़ पर फिसलकर लोग चोटिल हो रहे हैं। विशेषकर बाइक गिरकर घायल हो रहे हैं।

## पांच और नयी व्यापारिक शाखाओं का उदय

**वाराणसी।** वाराणसी व्यापार मंडल की रविवार को चंद्रिका नगर कॉलोनी-सिगरा स्थित एक होटल में हुई बैठक में संगठन का विस्तार और पांच नये व्यापारिक शाखाओं की घोषणा की गयी। इसमें जिला महिला व्यापार मंडल, अल्पसंख्यक महिला व्यापार मंडल, वाराणसी ब्यूटी पार्लर व्यापार मंडल, पूर्वांचल औद्योगिक ठेला पटरी व्यापार मंडल एवं पूर्वांचल युवा ठेला पटरी व्यापार मंडल शामिल है। अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने संगठन विस्तार व नयी शाखाओं के पदाधिकारियों की घोषणा की। इसमें जिला महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष शालिनी खन्ना, आरती शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री श्रुति ईसर, वाराणसी अल्पसंख्यक महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष सोनी खान, महामंत्री महजबी बानो, वाराणसी ब्यूटी पार्लर व्यापार मंडल की अध्यक्ष स्वाति गुप्ता, महामंत्री संजू सिंह, पूर्वांचल युवा ठेला पटरी व्यवसाय मंडल के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, महामंत्री बबलू अग्रहरि तथा पूर्वांचल औद्योगिक ठेला पटरी व्यापार मंडल के अध्यक्ष नताशा तनेजा, महामंत्री प्रीति चौरसिया, सह प्रभारी पुरषोत्तम पांडेय, लालजी गुप्ता, शिवा पांडेय व पंकज उपाध्यक्ष बनाए गए हैं।

## किसान आज से आंदोलन करेंगे तेज

**रोहनिया।** मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर मुद्दे को लेकर नाराज प्रभावित गांवों के किसानों ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती के दिन से अपना आंदोलन तेज करते हुए संकल्प सभा के माध्यम से किसान क्रांति का आगाज करने का फैसला लिया है। रविवार को स्थानीय क्षेत्र में किसान संघर्ष समिति की बैठक में यह तय किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता संगठन के मुख्य संरक्षक विनय शंकर राय 'मुन्ना' ने की। इस मौके पर लालबिहारी पटेल ने कहा कि अन्नदाता के अधिकार को वैधानिक ढंग से प्राप्त करने के लिए आंदोलन की धार तेज करने की आवश्यकता है। समिति अध्यक्ष मेवा पटेल ने कहा अल्टीमेटम की अवधि समाप्त हो चुकी है। सो, संघर्ष का बिगुल फूंकना होगा। बैठक में विजय वर्मा, दिनेश तिवारी, हृदय नारायण उपाध्याय, जयप्रकाश मिश्र 'बच्चा गुरु', विजय गुप्ता, अवधेश, दिनेश, सूरज, नीरज, राकेश, मनोज, अनिल, जितेंद्र एवं दीपू आदि रहे।

## गुप्त नवरात्र में मां भगवती के नौ स्वरूपों की आराधना

**वाराणसी।** भगवती मां दुर्गा की आराधना का विशेष पर्व गुप्त नवरात्र का रविवार को शुभारंभ हो गया। वर्ष में चार नवरात्र मनाये जाते हैं। इसमें दो गुप्त नवरात्र व दो प्रत्यक्ष नवरात्र हैं। प्रत्यक्ष नवरात्र चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवमी तक मनाया जाता है। इसे वासंतिक नवरात्र कहते हैं जबकि दूसरा आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवमी तिथि तक मनाया जाता है। शारदीय नवरात्र के नाम से जाना जाता है। गुप्त नवरात्र माघ शुक्ल की प्रतिप्रदा तिथि से नवमी तक तथा आषाढ़ शुक्ल की प्रतिपदा तिथि से नवमी तिथि तक गुप्त नवरात्र मनाया जाता है। गुप्त नवरात्र विशेषकर सिद्धपीठों में जबकि वासंतिक शारदीय नवरात्र जनमानस में मनाया जाता है। सामान्यतः माता जगदम्बा की कृपा प्राप्ति के लिए घट स्थापना करके जगत जननी मां दुर्गा की पूर्ण श्रद्धा व भक्ति भाव से आराधना करते हैं। ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक जैसा कि नाम से विदित है कि गुप्त नवरात्र में तंत्र-मंत्र- यंत्र साधक व दुर्गाजी के उपासक सर्वशक्तिमान की प्राप्ति के लिए 1-2-3-7 या फिर 9 दिनों तक व्रत व उपवास रख कर धार्मिक अनुष्ठान संपादित करते हैं।


# आप चलाते रहिए अभियान, हम नहीं मानने वाले

**नहीं परवाह**

**दिन में हटाते हैं, शाम में सड़क किनारे फिर लग जाते हैं ठेले खोमचे**

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शहर के चौक चौराहों व तिराहों सहित आवागमन वाले मार्गों से ठेले खोमचे हटने के साथ उन्हें निर्धारित किए गए वेंडिंग जोन में व्यवस्थित किया जाता है। बावजूद इसके दिन में हुई कार्रवाई के बाद शाम को उसी स्थान पर ठेले खोमचे लाकर खड़े कर दिए जाते हैं। जिनकी वजह से यातायात तो बाधित होने के साथ स्वच्छता अभियान पर भी पलीता लग रहा है।

शहर में प्रशासनिक महकमों द्वारा इन दिनों जी-20 के आयोजन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए निगम सहित तमाम विभागों की ओर से स्वच्छता व यातायात पर जोर दिया जा रहा है। शासन की ओर से भी जी-20 आयोजन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। बावजूद इसके नियामों की अनदेखी कर शहर को स्मार्ट बनाने के लिए बनाए गए वेंडिंग जानों को खाली छोड़, मार्ग के इधर-उधर ठेले खोमचे लगाए जा रहे हैं। जिससे यातायात की समस्या के साथ स्वच्छता अभियान पर भी असर पड़ रहा है। इसके अलावा निगम कार्रवाईयों के सहारे अपना नंबर बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ता। प्रतिदिन अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने के बाद भी शहर का ऐसा हाल बनाए गए नियमों को धरातल से दूर किए हुए है। वहीं सवाल यह भी उठता है कि रोज कमाने खाने वाले आखिरकार जाएं तो कहां जाएं। उनसे बात करने पर पता चला कि निर्धारित वेंडिंग जोन का पता नहीं और पता है भी तो वहां बिक्री सही से नहीं होती। कई सालों से जहां ठेले लग रहे हैं वहीं से घर का चुल्हा जल रहा है।



निर्धारित वेंडिंग जोन पूरी तरह खाली



रेलवे स्टेशन और रोडवेज के मुख्य मार्ग पर बेधड़क संचालित हो रहे ठेले खोमचे

### शाम 4 बजे पांडेयपुर क्षेत्र का हाल

पांडेयपुर चौराहा और उसके आस-पास का इलाका शहर के काफी व्यवस्ततम इलाकों में से एक है। जहां रविवार को सड़क किनारे बेधड़क ठेले खोमचे संचालित होते दिखे। उक्त मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को अक्सर इन्हीं की वजह से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### शाम 4:30 बजे तेलियाबाग का हाल

तेलियाबाग इलाके के ठेले खोमचों के लिए चौकाघाट-तेलियाबाग मार्ग पर वेंडिंग जोन निर्धारित किया गया है। जहां ठेले खोमचे नहीं लगते, उक्त वेंडिंग जोन के स्थान पर यह ठेले खोमचे तेलियाबाग चौराहे से मरी माता मंदिर तक सब्जियों और फलों के साथ अन्य ठेले खोमचे लगे रहे। जबकि निर्धारित वेंडिंग जोन खाली था।

### शाम 4:50 बजे कैंट क्षेत्र का हाल

कैंट शहर का सबसे व्यस्त क्षेत्र है। यहां प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख लोगों का आवागन होता है। उक्त मार्ग पर ठेले खोमचों की वजह से अक्सर जाम की समस्या होती है। यहीं नजारा रविवार को भी देखने को मिला। जहां उक्त मार्ग पर ठेले खोमचे लगे रहे। जिनकी सुध लेने वाला आस-पास कोई नजर नहीं आया।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, एक गंभीर

**दुखद**

## बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

## घटना की सूचना से मृतकों के परिवार में मचा कोहराम

**जनसंदेश न्यूज**

**सिकंदरपुर।** खेजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पटपर गांव के सामने शनिवार की देर शाम अज्ञात वाहन से धक्के से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया, जहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल तीसरे युवक का इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार खेजुरी थाना क्षेत्र के खड़सरा निवासी अक्षय खरवार उर्फ सोनू (28) पुत्र मार्कण्डेय खरवार अपने दो दोस्तों विपिन खरवार (42) पुत्र शंभू खरवार एवं सुनील खरवार (30) पुत्र गुलाब चंद्र उर्फ कुदन खरवार के साथ शनिवार को रतसर निवासी अपने मामा के यहां किसी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। रात को भोजन करने के बाद तीनों एक ही बाईक से घर वापस लौट रहे थे। अभी वह अपने गांव से करीब दो किमी दूर थे कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। इससे तीनों सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, टक्कर की आवाज सुन मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंचे एसएचओ बीपी पांडेय से घायलों को अपने वाहन से जिला अस्पताल भेजवाया, जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने अक्षय उर्फ सोनू और विपिन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सुनील का इलाज जारी है। इधर, घटना की जानकारी होते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि सोनू परिवार का एकमात्र कमाऊसदस्य था। रविवार की सुबह थाने पहुंच कर पीड़ित परिवारों ने अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीत कर लिया।



घटना की सूचना पर रोती-बिलखती महिलाएं

### सवारी गाड़ी के धक्के से युवक घायल

**सिकंदरपुर।** खेजुरी थाना क्षेत्र के खड़सरा बाजार में रविवार को बाइक घुमाते समय तेज रफ्तार सवारी गाड़ी की चपेट में आने से खड़सरा निवासी हृदय वर्मा (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें निजी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उनको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उधर, मौके की नजाकत देख चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।

## सड़क दुर्घटना में बालू व्यवसायी की मौत

**नगरा।** थाना क्षेत्र के नगरा-बेल्थरारोड मार्ग पर मोहम्मदपुर मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक ब्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बालू व्यवसायी की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

नगरा थाना क्षेत्र के देवढिया गांव निवासी 45 वर्षीय बालू व्यवसायी धर्मेन्द्र यादव शनिवार की शाम मालीपुर स्थित अपने रिश्तेदारी में निमंत्रण पर गए थे। देर रात तक जब घर नहीं आए तो परिवार के लोग मोबाइल पर काल करने लगे, लेकिन रविवार की सुबह तक मोबाइल रिसीव नहीं किए। नगरा-बेल्थरारोड मार्ग पर मोहम्मदपुर के समीप सड़क के किनारे गड्ढे से मोबाइल बजने की आवाज आने पर लोगों का ध्यान उधर गया तो देखा कि गड्ढे में बाईक के साथ एक व्यक्ति खून से लथपथ गिरा पड़ा है। ग्रामीणों ने उसी के मोबाइल से परिजनों को घटना की सूचना दी। इसके बाद परिजन पुलिस को सूचना देने के साथ ही घटना स्थल पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अचेतावस्था में पड़े बालू व्यवसाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरा पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कयास लगाया जा रहा है कि घर लौटते समय रात को किसी अज्ञात वाहन ने बालू व्यवसाई को धक्का मार दिया, जिससे वह बाइक सहित गड्ढे में गिरकर गम्भीर रूप में घायल हो गया। बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। बालू व्यवसाई की मौत की सूचना पर थाने पर भारी भीड़ जुट गई। परिजन भी रोते-बिलखते थाने पर पहुंच गए। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी रसड़ा शिव नारायण वैश्य ने थाने पहुंचकर जानकारी हासिल की। उधर, मृतक के भतीजा शैलेन्द्र यादव ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

**संक्षेप**

### रेलवे फाटक के नीचे से बाइक निकाल रहे लोग



**बैरिया।** यहां तो प्रतिदिन लोग जान हथेली पर लेकर घुमते नजर आते है। सुरेमनपुर मे रेलवे क्रासिंग बंद रहने पर भी लोग आवागमन करते दिख रहे हैं। लोहे की बल्ली गिरने के बाद भी लोग बाइक और साइकिल नीचे से निकाल ले रहे हैं। इससे आए दिन हादसे का भय बना रहता है। मना करने पर गेटमैन से लोग उलझने से परहेज नहीं कर रहे हैं। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिम केबिन के पास रेलवे क्रासिंग है। यहां से सुरेमनपुर दियारांचल, नारायणगढ़ एवं अन्य उत्तरी क्षेत्र में जाने के लिए सड़क बनी हुई है। ट्रेन के आने के समय रेलवे क्रासिंग का फाटक बंद कर दिया जाता है। बावजूद इसके लोग लोहे की बल्ली के नीचे से अपनी बाइक, साइकिल, स्कूटर आदि टेढ़ी कर निकाल कर रेलवे लाइन क्रास कर रहे हैं। इसके लिए वहां तैनात गेटमैन लोगों को मना करता है, लेकिन कोई उसकी बात सुनने को तैयार नहीं। ऐसी स्थिति में आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अगर यही क्रम जारी रहा तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों ने इस रेलवे फाटक पर जीआरपी या आरपीएफ की कुछ दिनों के लिए तैनाती करने की मांग की है, ताकि लोग क्रासिंग पर लगे बल्ली गिरने के बाद नीचे से लोगों के आने-जाने का सिलसिला बंद हो सके।

### जरूरतमंदों में बांटा कंबल



**सिकन्दरपुर।** स्थानीय नगर पंचायत स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में रविवार को स्व. सीताराम लाल बरनवाल की स्मृति में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क कंबल वितरण का आयोजन किया गया। इसमें नगर के सभी वार्डों के 100 से अधिक जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर दिनेश वर्मा, काशीनाथ तिवारी, अनिल कुमार बरनवाल, लल्लन तिवारी, राजू गुप्ता, चुन्नीलाल गुप्ता, अरविंद राय, मनोज कुमार, राजू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत चला चेकिंग अभियान

**बलिया।** उप्र शासन की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश के क्रम में एआरटीओ अरुण कुमार द्वारा पूरे जिले में सड़क सुरक्षा माह के दौरान वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यात्री कर अधिकारी आरपी गौतम की टीम ने 60 वाहन चालकों की डीएल की चेकिंग कर 20 चालकों का डीएल में चालान किया। आरपी गौतम ने सभी चालकों को चेताया कि जरूरी कागजातों के साथ ही वाहन को चलाए। लोगों से अपील किया कि दो चक्का एवं चार चक्का वाहन निर्धारित गति से चलाएं। बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, ताकि आप सुरक्षित रहें। कर अधिकारी ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### पत्रकार को बंधाया ढांढस



**बलिया।** पत्रकार रितेश कुमार पान्डेय के पिता स्व. वशिष्ठ पांडेय के ब्रह्मभोज पर पहुंचे परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह के भाई धर्मेंद्र सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया और रितेश पांडेय को ढांढ़स बंधाया। धर्मेंद्र सिंह ने परिवार की हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इस अवसर पर सुरेश ओझा, अरुण सिंह, दीनबंधु मौर्य, नितेश उपाध्याय, रमेश सिंह, गुडडु उपाध्याय, सवर्दमन जयसवाल, असगर अली, हरिवंश कुमार, मोहम्मद अहमद हुसैन उर्फ जमाल, नीरज, आकाश कुमार, रवीश कुमार शर्मा, डब्लू सिंह, राजू गुप्ता, कृष्णकांत, श्रीप्रकाश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### भारत माता पूजन कार्यक्रम आज

**बलिया।** देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया नगर द्वारा 23 जनवरी को शाम 5.30 बजे से चौक स्थित शहीद पार्क में भारत माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्षप्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक अजय जी का पाथेय प्राप्त होगा। ज्ञात हो कि भारत माता पूजन का कार्यक्रम 23 जनवरी से 31 जनवरी तक विभिन्न नगरों, खण्डों एवं गांवों में सम्पन्न की जाएगी। यह जानकारी जिला प्रचार प्रमुख मारुति नन्दन ने दी है।

### सभी के दुख-सुख का सहभागी बनेगा संगठन : मिश्र



**बैरिया।** विश्व व्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ बलिया के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक बैरिया स्थित संगठन के जिलाध्यक्ष सीबी मिश्र की अध्यक्षता में उनके पैतृक आवास पर रविवार को हुई। इसमें सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद पूजन किया गया। जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा कि यह संगठन अपने समाज के साथ सभी के दुख-सुख का सहभागी होगा। हम गांव-गांव, घर-घर एवं हर दरवाजे पर जाकर सभी के दुख-सुख के सहभागी बनेंगे। श्री मिश्र ने उपस्थित समस्त ब्लाक अध्यक्षों, विधान सभा अध्यक्षों से अपनी कार्यकारिणी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा के जनपद के समस्त ब्लाक अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी की बैठक फरवरी माह के अंत तक सुनिश्चित कर ले। जिला प्रभारी रामेश्वर तिवारी ने कहा कि संगठन को अत्यधिक सार्थक बनाने हेतु हमे जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर रामेश्वर तिवारी, ददन पांडे, संगीता मिश्र, राजीव पांडे, बृजेश कुमार तिवारी, रंजीत पाठक, संजय तिवारी, डा. विजय कुमार तिवारी, सचिनाथ शुक्ल, सुधीर मिश्र, श्रीपति शुक्ल, सुनील कुमार उपाध्याय, श्रीनाथ पांडेय अधिवक्ता, विद्यापति तिवारी आदि मौजूद रहे।

### 145 रोगियों का किया इलाज

**बैरिया।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटवां में रविवार को 145 रोगियों का उपचार डा. रोशन आरा द्वारा किया गया। इस दौरान चार महिलाओं को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

# मांग बढ़ने से हरी मिर्च के भाव में आयी तेजी

**मिर्च हुई तीखी**

### हरी मिर्च का भाव बढ़ने से खुश नजर आ रहे उत्पादक



**बैरिया।** काफी समय बाद हरी मिर्च का सेंसेक्स हाई हुआ है। इससे हरी मिर्च उत्पादकों चेहरे पर मुस्कान दौड़ पड़ी है। वही, हरी मिर्च का भाव बढ़ने से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गयी है। एक महीना पहले तक बाजार में हरी मिर्च का फुटकर भाव 25 रुपये प्रति किलो था। इस समय व्यापारी खेत में ही जाकर 50 रुपया प्रति किलो के भाव से हरी मिर्च खरीद रहे हैं।

किसानों की माने तो द्वाबा का हरी मिर्च बिहार के बेतिया, चंपारण, दरभंगा व पश्चिम बंगाल के आसनसोल आदि स्थानों तक जा रहा है। फलस्वरुप हरी मिर्च की डिमांड बढ़ गई है। इसके चलते भाव में उछाल आया है। उल्लेखनीय है कि इस साल क्षेत्र के सोनबरसा, भगवानपुर, रामनगर, दोकटी का दियारा क्षेत्र बाघमरिया व जयप्रकाश नगर इलाके में बड़े पैमाने पर हरी मिर्च की खेती हुई है। पहले तो भाव कम होने से किसान काफी मायूस थे, किंतु इन दिनों भाव ऊंचा होने पर किसान बहुत खुश हैं। सोनबरसा के किसान सुरेश सिंह, मुन्ना सिंह, महेंद्र ओझा, दलन छपरा के किसान दीनानाथ मौर्य, बघमरिया के किसान रामप्रकाश मौर्य आदि ने बताया कि अन्य वर्षो से इस साल हरी मिर्च की खेती का रकबा घटा है, जबकि मटर की खेती का रकबा बढ़ा है। फलस्वरूप मांग के अनुसार यहां का हरी मिर्च बाहर नहीं जा पा रहा है। इसके चलते हरी मिर्च का भाव तेज हुआ है। वही, सरयू के तटवर्ती इलाके में अक्टूबर महीने की बाढ़ ने उस क्षेत्र में हरी मिर्च की खेती को लगभग नष्ट कर दिया था।

## विलंब से सुरेमनपुर पहुंचीं अधिकांश ट्रेनें

**बैरिया।** ठंड एवं कोहरा के चलते ट्रेनों का परिचालन लेट लतीफ हो रहा है। ऐसे में छपरा-सुरेमनपुर-बलिया रेल खण्ड से गुजरने वाली ट्रेनों के काफी बिलम्ब से चलने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाएं, बच्चें व वृद्ध तो काफी परेशान है। इस मार्ग की अधिकांश लम्बी दूरी की गाड़ियां तीन से पांच घण्टे बिलम्ब से सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर रविवार को पहुंची। स्टेशन अधीक्षक एलपी वर्मा के अनुसार 12562 डाउन स्वंतत्रता संग्राम सेनानी एक्सप्रेस चार घण्टे बिलम्ब से चल रही है। यह ट्रेन 11.28 बजे की जगह पर दोपहर बाद करीब चार बजे सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची। 19165 डाउन अहमदाबाद-दरभंगा साबरमती एक्स. चार घण्टे बिलम्ब से सुरेमनपुर स्टेशन पर पहुंची। इसका निर्धारित समय 11.28 बजे है। इसी तरह 14650 डाउन अमृतसर-जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से तीन घण्टे बिलम्ब से सुरेमनपुर पहुंची। इसका निर्धारित समय 03 बजकर 40 मिनट है। वहीं, 11661 डाउन पवन एक्सप्रेस पांच घण्टे बिलम्ब से चल रही है। अन्य ट्रेन भी लेट से चल रही है, जिससे यात्री हलकान हैं।

# ईमानदारी से मेहनत करने पर जरूर मिलेगी सफलता

**बोले एसएल ठाकुर**

### असफलता मिलने पर निराश हुए बगैर करते रहें काम

**बांसडीह।** जो लगातार मेहनत करते हैं और असफलता मिलने के बाद भी निराश हुए बिना अपने काम में लगे रहते हैं, वही एक दिन बुलंदियों को छूते है। जो लोग हताश हो जाते हैं, उनके लिए परेशानियां और अधिक बढ़ जाती हैं। इसलिए असफल होने के बाद भी आप निराश होने से बचें और अपने काम को ईमानदारी से करते रहे। एक दिन सफलता जरूर मिलेगी।

उक्त बातें बांसडीह के एक निजी विद्यालय में आयोजित बांसडीह अभिकर्ता जनक्रांति समागम एवं शपथ ग्रहण समारोह में आल इण्डिया एजेंट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएल ठाकुर ने व्यक्त किया। कहा कि नेतृत्व को कभी फूलों की माला तो कभी कांटों की सेज पर भी सोना पड़ता है। इसके लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। समारोह में वरिष्ठ अभिकर्ताओ को पूरे सम्मान के साथ मंच पर बैठाया गया, जबकि नव निर्वाचित पदाधिकारी दर्शक दीर्घा की कुर्सियों पर बैठकर उनका मान बढ़ाये।

इस दौरान पदाधिकारियों ने पूरी जिम्मेवारी का बेहतर तरीके से निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आरके त्रिपाठी, डिविजनल काउंसलिंग अध्यक्ष कपिलदेव सिंह, डिविजनल महामंत्री स्वर्ण सिंह, राजकुमार वर्मा, नरेन्द्र दूबे, सुधाकर तिवारी, रणविजय सिंह, मुन्ना वर्मा, अजीत वर्मा, अनिल गुप्त आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता मदन मोहन तथा संचालन पारस नाथ तिवारी ने किया।



समारोह में शपथ ग्रहण करते पदाधिकारी

### पदाधिकारियों ने ली शपथ

बांसडीह। शपथ ग्रहण समारोह में वरिष्ठ अभिकर्ता अध्यक्ष अरविन्द सिंह गुड्डु, उपाध्यक्ष छोटेलाल शर्मा, महासचिव पारसनाथ तिवारी, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र रावत, कोषाध्यक्ष विरेन्द्र वर्मा, मीडिया प्रभारी विनोद वर्मा, सदस्य में शंकर जी अग्रवाल, राजेंद्र सिंह, संजय सिंह, गोरख नाथ यादव, उमेश सिंह, उमेश प्रसाद ने शपथ ग्रहण किया। 16 सदस्यीय इस संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बेहतर प्रदर्शन की बात कही।

# क्षेत्रवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**बैठक**

### रेवती को रेलवे स्टेशन का दर्जा बहाल करने की मांग

**जनसंदेश न्यूज**

**रेवती।** स्थानीय रेलवे स्टेशन को हाल्ट की श्रेणी में डाले जाने से नाराज क्षेत्रवासियों ने रेलवे स्टेशन बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में रेवती बस स्टैंड के समीप हनुमानगढ़ी मंदिर प्रांगण में आगामी 26 जनवरी को शुरू होने वाले आंदोलन के मद्देनजर बैठक किया। इस दौरान विभिन्न लोगों को अलग-अलग कार्यों का दायित्व दिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि 26 जनवरी को रेवती रेलवे स्टेशन पर झंडात्तोलन करके आंदोलन का शुभारंभ यानि धरना शुरू हो जाएगा। तत्पश्चात यह धरना प्रदर्शन क्रमिक अनशन में बदल जाएगा। अगर इसके बाद भी मांगे नहीं मानी गई तो आमरण अनशन जारी होगा। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के मूक गवाह के रूप में स्थापित रेवती रेलवे स्टेशन को हाल्ट की श्रेणी में डालकर रेल विभाग ने न सिर्फ क्षेत्रवासियों के साथ छल किया है, बल्कि उन महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान भी किया है, जिन्होंने देश को स्वतंत्र कराने में अपनी अहम भूमिका अदा किया था।

वक्ताओं ने रेल विभाग को सन 2004 की घटना याद दिलाते हुए कहा कि जब हम एक एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव के लिए 13 घंटा रेल चक्का जाम कर सकते हैं तो अपने स्टेशन को पूर्ण स्टेशन के रूप में स्थापित कराने के लिए व्यापक आंदोलन करेंगे।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय शंकर पांडे कनक, समाजसेवी अभिज्ञान तिवारी, रेलवे स्टेशन बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक लक्ष्मण पांडेय, ओम प्रकाश कुंवर मुन्नू, अरुण पांडेय लोहिया, वीरेंद्र गुप्ता, शांतिल गुप्ता आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता एडवोकेट महेश तिवारी तथा संचालन समाजसेवी महावीर तिवारी फौजी ने किया।



हनुमानगढ़ी मंदिर रेवती में बैठक करते संघर्ष समिति के पदाधिकारी

## आधार कार्ड बनवाने को भटक रहे लोग

**बैरिया।** अब लोगों का आधार कार्ड बनवाना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। सरकार ने आम नागरिकों के लिए आधार कार्ड अनिवार्य कर रखा है। क्षेत्र के डाक घरों में आधार कार्ड बनाने का काम पिछले एक साल से पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इससे ग्रामीणों को घोर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बिना आधार कार्ड कुछ भी होना संभव नहीं है। आधार कार्ड बनवाने के लिए लोग कहां जाए? यह किसी की समझ में नहीं आ रहा है। बता दें कि क्षेत्र के बैरिया, दलन छपरा, जयप्रकाश नगर, रानीगंज, लालगंज सहित कई डाकघरों में पहले आधार कार्ड बनता था, किंतु पिछले एक साल से आधार कार्ड बनना बंद हो चुका है। लोग आधार कार्ड बनवाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। कुछ लोग निकटवर्ती बिहार प्रांत के कस्बों में जाकर आधार कार्ड बनवा रहे हैं। इस बाबत पूछने पर डाकघर के कर्मचारियों का कहना है कि कहीं स्टाफ नहीं है तो कहीं आपरेटरों का यूजर आईडी ऊपर से बंद हो चुका है।

# अभिभावकों के साथ पहुंचे बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



आपरेशन के बाद अस्पताल पहुंचे बच्चे

**रेवती।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत अमेरिका की स्माइल ट्रेन संस्था के तत्वावधान में आरबीएसके टीम ब्लाक रेवती द्वारा चिह्नित होंठ कटा, नाक कटा, तालु कटा सम्बन्धित पांच बच्चों का सफल निःशुल्क आपरेशन लखनऊमें हुआ। बच्चे डिस्चार्ज होकर सकुशल अपने घर पहुंच गये हैं। रविवार को बच्चों को लेकर अभिभावक सीएचसी पहुंचे, जहां आरबीएसके के चिकित्सक डा. बद्रीराज यादव ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डा.बद्रीराज यादव ने बताया कि सीएचसी रेवती पर पहुंचे उक्त बच्चों सुग्रीव पुत्र मोहन कुमार राम निवासी कंचनपुर, श्रेयांश पुत्र मानू यादव निवासी रेवती, आदित्य पुत्र छोटक नट निवासी कुसहर तथा तेजस कुमार पुत्र जीउत कुमार निवासी बिनहां का आपरेशन लखनऊ में हुआ, जबकि टेढ़े पैर वाले बच्चे अमरजीत पुत्र धनजी यादव, अनुराग पुत्र सोनू पटेल निवासी रेवती, ऋषिका पुत्री पवन निवासी रेवती का प्लास्टर ट्रामा सेंटर बलिया में हुआ। इन सभी बच्चों के स्वास्थ्य की जांच किया गया। सभी बच्चे पूर्णरूपेण स्वस्थ हैं। बताया कि अभि पुत्र चन्दन पासवान निवासी वशिष्ठ नगर का आपरेशन आगामी पांच मार्च को होगा।

## स्कूलों की साफ-सफाई करेंगे सफाई कर्मी

**बलिया।** सफाई कर्मचारी अब परिषदीय स्कूलों में प्रतिदिन जाएंगे और विद्यालयों की बेहतर साफ-सफाई करेंगे। इसको लेकर सीडीओ प्रवीण वर्मा ने निर्देश जारी कर दिये है। अब प्रतिदिन सफाई कर्मियों को परिषदीय विद्यालयों में ड्यूटी देनी होगी। सफाई कर्मचारी स्कूलों में जाएंगे और सभी कक्षों के अलावा शौचालय एवं मैदान में सफाई करेंगे। इसका हवाला देते हुए बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखा है।

खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से विद्यालयों में सफाई करते हुए नोट कैम ऐप से फोटो लेकर सफाई कर्मचारियों की फोटो भेजी जाएगी। सीडीओ और बीएसए खुद इसकी मानीटरिंग करेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में सफाई व्यवस्था चौपट है। सफाई कर्मचारियों के न पहुंचने पर या तो शिक्षकों को सफाई करनी पड़ती है या फिर बच्चों के हाथों में झाड़ू थमाई जाती है। स्कूलों में सफाई कर्मचारियों के न पहुंचने की शिकायतें भी विभाग को प्राप्त होती हैं। इसका संज्ञान में लेते सीडीओ ने सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी स्कूलों में लगाई गई है। संबंधित गांव का सफाई कर्मी प्रतिदिन स्कूलों में पहुंचकर साफ-सफाई, कक्षों एवं मैदान की सफाई के अलावा शौचालय एवं टायलेट की सफाई करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षक सफाई कर्मचारियों द्वारा की जा रही सफाई की फोटो लेकर बीएसए को भेजेंगे।

### लापरवाही पर होगी कार्रवाई : बीएसए

**बलिया।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीराम सिंह ने बताया कि गूगल शीट में प्रतिदिन की उपस्थिति एवं साफ-सफाई की रिपोर्ट उपलब्ध कराना होगी, ताकि मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष प्रतिदिन उपस्थिति का अवलोकन कराया जा सके। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही न की जाए, अन्यथा आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# खेलो इंडिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहीं महिलाएं : आनंद स्वरूप

**आयोजन**

### फीता काटकर किया अंतर्जनपदीय महिला फुटबॉल मैच का शुभारंभ

**जनसंदेश न्यूज**

**सिकंदरपुर।** क्षेत्र के नवानगर जूनियर हाई स्कूल के ग्राउंड में रविवार को न्यू फ्रेंड्स क्लब व ज्ञानकुंज एकेडमी के तत्वावधान में अंतर्जनपदीय महिला फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि शंकराचार्य परिषद के अध्यक्ष आनन्द स्वरूप महाराज, उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव, ज्ञानकुंज के प्रबंधक देवेन्द्र नाथ सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटने के बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया।

फुटबाल मैच ज्ञानकुंज एकेडमी बंशीबजार व बिहार राज्य के पटना के बीच खेल गया। इस दौरान मुख्य अतिथि आंनद स्वरुप महाराज ने इस तरह के खेल का आयोजन करने के लिये ज्ञानकुंज एकेडमी के प्रबंधक डीएन सिंह को बधाई दी।

कहा कि खेलो इंडिया में महिलाएं बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही है और प्रधानमंत्री मोदी के सपनो को साकार कर रही है। उपजिलाधिकारी अखिलेश यादव ने आयोजक मंडल को बधाई देते हुए खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। कहा कि इस तरह का आयोजन होने से महिलाओं का प्रोत्साहन होगा। ज्ञानकुंज के प्रबंधक देवेन्द्र नाथ सिंह ने कहा कि महिलाओं के खेल को हौसला अफजाई करने के लिये कोई भी आर्गेनाइजर काम कर रहा है तो निश्चित ही ज्ञानकुंज एकेडमी उस संस्था को हमेशा सहयोग करती रहेगी। इस मौके पर अखिलेश सिंह गुड्डु, पप्पू सिंह, विद्यासागर उपाध्याय, रामविलास राम, शेरान फरहत आदि मौजूद रहे।



महिला फुटबॉल मैच का दृश्य



खिलाड़ियों को ट्रॉफी देते देवेन्द्र नाथ सिंह व अन्य

### रोमांचक मैच में ज्ञानकुंज की टीम बनी विजेता

**सिकंदरपुर।** नवानगर के मैदान में अंतर्जनपदीय महिला फुटबाल मैच ज्ञानकुंज एकेडमी बंशीबजार व पाटलिपुत्र पटना, बिहार के बीच शुरू हुआ। दोनों टीमों ने शुरू से ही खेल को रोमांचक बनाये रखा, लेकिन पहले हाफ में किसी टीम द्वारा कोई गोल नही किया गया। दूसरे हाफ के खेल शुरू होते ही दोनों टीमें खेल को और आक्रमण कर दिए और 36वें मिनट में पटना, विहार की टीम के 6 नम्बर की जर्सी पहनी खिलाड़ी द्वारा पहला गोल किया गया। 41वें मिनट में ज्ञानकुंज की टीम द्वारा वापसी कर 7 नम्बर की जर्सी पहने खिलाड़ी में ज्ञानकुंज की टीम के तरफ से गोल कर मैच को बराबर कर दिया। विजेता घोषित करने के लिये आयोजन कमेटी द्वारा पेनाल्टी शूट का सहारा लिया गया। 9 राउंड चली पेनाल्टी शूट में ज्ञानकुंज की टीम 5-4 से बिजयी घोषित हुई। मैच में रेफरी की भूमिका जमाल अख्तर, जावेद अख्तर, वीरेंद्र सिंह अकेला ने निभाई। वही, कमेंट्री दीनबंधु राजभर व अदनान ने किया। ज्ञानकुंज के प्रबन्धक द्वारा दोनों टीमों के कोच रितु सिंह, आरपी सिंह को सम्मानित किया गया।

# मारपीट करने का आरोप लगाते हुए किन्नरों ने पुलिस से की शिकायत

जनसंदेश न्यूज



**बांसडीह।** कोतवाली थाना क्षेत्र के राजा गांव फिरंगी टोला में बधाई नाचने के दौरान किन्नरों से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए किन्नर कल्याण बोर्ड के सदस्य व किन्नर समाज सेवा समिति के जिलाध्यक्ष मुनि चतुर्वेदी की नेतृत्व में काफी संख्या में किन्नरों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

किन्नर मुनि चतुर्वेदी ने बताया कि आए दिन किन्नरों के साथ समाज मे भेद भाव के साथ ही मारपीट व दुर्व्यवहार जैसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। सरकार ने किन्नरों कि सूरक्षा व सामाजिक हक दिलाने के लिए कटिबद्ध है, लेकिन धरातल पर किन्नरों को समाज में सम्मान नहीं मिल रहा है और न ही सुरक्षा को लेकर कोई ठोस उपाय किये जा रहे है। मुन्नी किन्नर ने कहा कि जो हमारे किन्नरों के साथ घटना हुई थी उसकी लिखित सूचना स्थानीय पुलिस को दिया गया था, लेकिन उसे बदल कर सिर्फ मारपीट की घटना दिख कर रिपोर्ट लिखी गई है जो कही से न्याय संगत नही है।

किन्नर मुन्नी ने चेताया की अगर प्रशासन हमारे किन्नर समाज के साथ न्याय नहीं किया तो हम जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान से मिलकर उनसे न्याय की गुहार लगायेंगे अगर वहां भी न्याय नहीं मिला तो हम मुख्यमंत्री योगी बाबा के दरबार में जा कर न्याय की गुहार लगाएगे। वहीं तहरीर के आधार पर पुलिस जांच में जट गई है। इस मौके पर पिंकी किन्नर, चंदनी किन्नर, धानी, मुकसान, मंजू, शैलेश, संजू प्रीति, सोमा, पूजा गुड़िया आदि किन्नर मौजूद रहे।

## दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का सामान बरामद

**मऊ।** रविवार को थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान बुनकर कालोनी से समसाद अहमद पुत्र निसार अहमद, मो. साजिद पुत्र शाहिद निवासीगण बुनकर कालोनी थाना सरायलखंसी जनपद मऊ के कब्जे से चोरी का एक टूल्लू पंप, एक रम्मा, एक पुराना मोटर, 05 किलों खिल्ला बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त चोरी वादी भोला मिस्त्री निवासी बुनकर कालोनी के घर से 19 जनवरी को हुयी थी। इस सम्बन्ध में उक्त गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 14/23 धारा 379,411 भादवि. का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## दो वांछित अंभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** रविवार को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान भीटी चैक से मुअसं 423/21 धारा 419,420,467,468,471 भादवि में वांछित अभियुक्तगण अशोक कुमार मौर्या पुत्र रामसोच मोर्य निवासी ख्वाजाजहांपुर थाना कोतवाली व शिवमंगली पत्नी रामसोच निवासी बल्लीपुरा थाना कोतवाली जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# साढ़े तीन करोड़ की लागत से सुंदर होगा बलिया का वर्क शॉप



**बलिया।** परिवहन विभाग का वर्कशाप साढ़े तीन करोड़ से चमकेगा। इसका टेंडर हो चुका है। बहुत जल्द इस पर काम शुरू हो जाएगा। अपने हाल पर आंसू बहा रहा बलिया का वर्कशाप को बेहतर और सुंदर बनाने के लिये परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह प्रयासरत है। जल्द से जल्द बलिया का वर्कशाप बेहतर होगा। वैसे वर्तमान समय में उसकी हालत यह है कि मुख्य द्वार जो गड्ढायुक्त होने के कारण जलजमाव हो रहा है और अंदर झाड़-झंखाड होने से इसकी स्थिति जर्जर हो चुकी है। वर्कशाप का टीनशेड जर्जर हो चुका हैं। रंग-रोगन के अभाव में इसकी चमक खत्म होती जा रही है। अब उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र के वर्कशाप को बेहतर बनाने के लिये प्रयासरत है। गौरतलब हो कि 12 दिसंबर 1990 को तत्कालीन प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी ने वर्कशाप का शुभारंभ किया था। उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव भी शामिल थे। लेकिन 32 सालों में वर्कशाप पर किसी की विशेष नजर नहीं पड़ी। अब इसका कायाकल्प होने वाला है।

## संक्षेप

### एसएन ग्रुप में दिखी मेघालय की संस्कृति



**बलिया।** शहर से सटे रामपुर उदयभान में स्थित एसएन पब्लिक स्कूल में ग्रेविटी नाम से कला और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी का थीम मेघालय के संस्कृति के ऊपर दिखाया गया, जिसमें बच्चों ने शिक्षकों के माध्यम से प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रांगण में सेल्फी कार्नर और विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए। कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय विद्यार्थियों से प्रोजेक्ट को लेकर रूबरू हुई और हौसला अफजाई किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस मशीनी युग में प्राकृतिक वस्तुओं से बनी चीजों का आनंद उठाया। विद्यालय परिवार और शिक्षकों ने प्रो. कल्पलता पांडे का स्वागत शाल, डायरी, बुके और माला पहनाकर किया। निर्देशक इंजीनियर आर्यन ने कहा कि बिना लीडर और टीमवर्क के बिना आप किसी भी लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते। इस अवसर पर विनोद त्रिपाठी, अंकिता सिन्हा, सूर्यप्रकाश यादव, मुकेश श्रीवास्तव, संजय पाण्डेय, अंतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

### रेलवे पुलिस ने ग्रामीणों को किया जागरूक



**रेवती।** रेलवे पुलिस फोर्स द्वारा रेवती स्टेशन के समीप बिशनपुरा गांव अंतर्गत धरौली मौजा में चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। एसआई रमेश कुमार सिंह ने कहा कि रेलवे आपकी अपनी संपत्ति है। इसकी सुरक्षा का दायित्व आपके ऊपर है। क्षेत्र में रेलवे के डिब्बे पर पत्थरबाजी करने से बचना चाहिए। आज कल रेलवे के प्रत्येक ट्रेनों में वातानुकूलित डिब्बों की संख्या ज्यादा हो चुकी है। अगर उचित कारण है तो आप जंजीर खींचकर चेन पुलिंग कर सकते हैं। रेलवे ट्रैक पार करते समय सर्वे का प्रयोग करें। दोहरीकरण व विद्युतीकरण हो जाने के कारण गाड़ियों की गति ज्यादा हो चुकी है। ऐसे में आप रेल ट्रैक ध्यानपूर्वक पार करें। इस मौके पर एएसआई शशिकांत राय, ग्राम प्रधान बिशनपुरा अर्जुन सिंह चौहान, अनूप ओझा, विश्वामित्र पाण्डेय, अनिल चौहान, खेदन चौहान, राजेन्द्र चौहान, राहुल चौहान, अशोक, विनय पाण्डेय, गणेश चौहान, इन्द्रावती देवी, छोटेलाल , सत्येन्द्र, प्रमोद, अभिषेक, सुनील आदि मौजूद रहे।

### मैन ऑफ द मैच बने कुशीनगर के वसीम



**नगरा।** जनता इण्टर कालेज के प्रांगण में चल रहे डायमण्ड क्रिकेट राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरे दिन रविवार को कुशीनगर ने भारी विकेट के अन्तर से समस्तीपुर को रौंद दिया। पहली पारी के भाजपा नेता योगेन्द्र यादव के उद्घाटन के पश्चात खेलते हुए समस्तीपुर ने 10 विकेट पर 79 रन बनाकर ही पारी समाप्त कर दी। दूसरी पारी के सपा नेता अरविन्द गुप्ता के उद्घाटन के पश्चात बिना समय गंवाए ही कुशीनगर की टीम ने 3 विकेट पर ही लक्ष्य को भेदकर मैच को अपने पाले में करते हुए अगले दिन के चक्र में खेलने के लिए अपने खेल को सुरक्षित कर लिया। मैन आफ द मैच कुशीनगर के वसीम रहे। आयोजक मण्डल के अध्यक्ष डा. संजय सिंह ने आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

### हरकेश सिंह अध्यक्ष व मंत्री बने राकेश



**बेल्थरारोड।** उप्र लेखपाल संघ के जिला इकाई की देखरेख में बेल्थरारोड तहसील में लेखपाल संघ का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी जिला कनिष्ठ उपाध्यक्ष नृपेंद्र कुमार मौर्य तथा जिला मंत्री मुन्ना राम रहे। अध्यक्ष पद के लिए हरकेश सिंह को 33 तथा संजीव यादव को 20 मत मिला। इस तरह हरकेश सिंह 13 मतों से विजयी हुए। मंत्री पद के लिए राकेश कुमार शर्मा को 38 मत तथा दिलीप को 15 मत मिले। इस प्रकार राकेश कुमार शर्मा 23 मतों से विजयी हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश चंद्र, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद यादव, उपमंत्री प्रशांत कुमार पासवान, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र प्रजापति तथा आडिटर पद के लिए जयचंद कुमार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इस अवसर पर राम पूजन राम, निर्भय नारायण सिंह, मनोज कुमार यादव, संजय कुमार यादव, आलोक रंजन, प्रमोद गुप्ता, कैशर जमाल, महताम राम, प्रेम कुमार शर्मा, रविप्रकाश, राजेश सिंह, गोपाल सिंह, आलोक, राजू कुमार आदि मौजूद रहे।

### श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की निकली कलश यात्रा



**मझौवां।** श्रीश्री 108 श्री हरिदास के सानिध्य में रविवार को रामगढ़ स्थित शिव मंदिर एवं पुलिस चौकी के समीप से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की कलश यात्रा निकाली गई। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपने माथे पर कलश लेकर गंगापुर, मीनापुर, दुर्जनपुर, हुकुम छपरा, तेलिया टोंक, शाहपुर, बलिहार, श्रीनगर, सुघर छपरा, गंगौली होते हुए गंगा नदी के हुकुम छपरा घाट पर पहुंचे। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित लालजी, राजेश व संतोष ने गंगा मैया का पूजन-अर्चन कराया। सभी श्रद्धालु 'हर-हर महादेव, जय श्रीराम, श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की जय' का उद्घोष करते नजर आए। गंगा घाट से कलश में गंगाजल लेकर सभी श्रद्धालु यज्ञ मंडप पर पहुंचे, जहां पूरे विधि-विधान के साथ यज्ञ मंडप की पूजा की गई। कलश यात्रा में चौकी इंचार्ज रामगढ़ मिथिलेश तिवारी व थानाध्यक्ष हल्दी सुनील कुमार सिंह सदल-बल शामिल हुए। हरिदास बाबा ने बताया कि प्रतिदिन अयोध्या, मथुरा, काशी से पधारे विद्वान संतों के मुखारविंद से श्रीराम कथा का भी रसपान श्रोताओं को कराया जाएगा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से जयप्रकाश सिंह, उमेश यादव, अवनींद्र कुमार ओझा, अयोध्या प्रसाद हिंद, श्रीकांत वर्मा, पं. कौशल किशोर, राजीव कुमार, संजय, दीपक, जितेंद्र, भगवान दास गुप्ता, ओमप्रकाश यादव, प्रभात, सत्यम, गोपाल ठाकुर, गोविंद ठाकुर, अंकित, अमित कुमार, अजीत कुमार, संदीप कुमार, राजेश कुमार, जवाहर सोनी, लालबाबू सोनी, रितेश शर्मा, धर्मेंद्र भारती, सुभाष शर्मा, पवन कुमार शामिल रहे।

# समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का लें संकल्प : राजमंगल

आयोजन

## सपा कार्यकर्ताओं ने छोटे लोहिया के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

**बलिया।** सपा के जिला कार्यालय पर रविवार को समाजवादी चिंतक छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की 13वीं पुण्यतिथि मनायी गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने कहा कि छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र समतामूलक समाज की स्थापना के लिए जीवन पर्यंत संघर्षरत रहे।

कहाकि उनके बताये समाजवादी विचारधारा को निरंतर आगे बढ़ाने हेतु आज संकल्प लेने की आवश्यकता है। परमात्मानंद तिवारी ने कहा कि आज देश को छोटे लोहिया एवं उनके सरीखे समाजवादियों की जरूरत है। साथी रामजी गुप्त ने कहा कि छोटे लोहिया सरीखे नेता पैदा होना मुश्किल है। जनेश्वर मिश्र जीवन पर्यंत असमानता एवं विषमता की लंबी खाई को समाप्त करने हेतु संघर्षरत रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि छोटे लोहिया मानवता के पक्षधर थे। इस अवसर पर सनातन पांडेय, वंशीधर यादव, लक्ष्मण गुप्त, राघव सिंह, श्रीप्रकाश पांडेय मुन्ना, अजय यादव, इरफान अहमद, मिंटू खान, कृष्णा प्रधान, निषिद्ध श्रीवास्तव, रविन्द्र यादव, प्रेमप्रकाश, हरेन्द्र गोंड, रोहित, शकील लोहिया, सुबाष यादव, अनिल राय, नाजिम अली, अफसर सोनू, हृदय नारायण गुप्त, संतमणि गुप्त, प्रेमप्रकाश सिंह, राजेश गोंड, नमोनारायण सिंह, आलोक यादव, धनजी यादव, अभिषेक पासवान, राजेश यादव, जितेन्द्र यादव, चंदन कुमार, मोनू भाई, अशोक गुप्त आदि मौजूद रहे। संचालन राजन कन्नौजिया ने किया।

## छोटे लोहिया के विचारों को आगे बढा रही सपा



**बैरिया।** सपा के थिंक टैंक कहे जाने वाले छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की 13वीं पुण्यतिथि रविवार को उनके पैतृक गांव शुभ नथही में मनाई गई। इस दौरान शुभनथही तथा आस-पास के गांवों के ग्रामीणों ने पंडित के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। पूर्व मंत्री सनातन पांडेय ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का मार्ग संघर्ष से सफलता की ओर जाता है। उन्होंने छात्र राजनीति से ही संघर्ष का रास्ता अख्तियार किया था। कहा कि पंडित समाज के दबे-कुचले, शोषित व पीड़ित लोगों की आवाज थे। वह संसद से सड़क तक उनके लिए संघर्ष करते रहे। आज उनके विचारों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। सपा के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने कहा कि सपा छोटे लोहिया के विचारों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि गरीबों को उनका हक दिलाने के लिए संघर्ष का रास्ता पंडित ने अपनाया था। वे हर मुद्दे पर मुखरित होकर अपनी बात रखते थे। बलिया नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय ने कहा कि पंडित निर्भीकता पूर्वक अपनी बात रखते थे। उन्हें कभी इस बात की चिंता नहीं थी कि सत्ता में बैठे लोगों पर उनकी बातों का क्या असर पड़ेगा। वे जनहित में संघर्ष को तत्पर रहते थे। आज उसकी जरूरत महसूस की जा रही है। मौके पर एसएस तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, कन्हैया सिंह, विनायक मौर्य, लालू यादव, राजपाल यादव, अरविंद तिवारी, मुन्ना अंचल आदि मौजूद रहे। पूर्व मंत्री तारकेश्वर मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जनेश्वर मिश्र की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**बलिया।** लोहिया संस्थान एवं लोकतंत्र सेनानी के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व केंद्रीय मंत्री छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि के अवसर पर जीराबस्ती स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने छोटे लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। द्विजेन्द्र कुमार मिश्रा ने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि छोटे लोहिया का मानना था कि भारत का विकास महानगरों से नहीं, बल्कि खुशहाल गांवों से होगा। जब कमजोर व्यक्ति समाज में अपने वजूद को समझने लगेगा, तब समाज मजबूत होगा। मजबूत समाज ही मजबूत देश का निर्माण करता है। कहा कि छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र समाजवादी आंदोलन के पहरुवा थे। इस अवसर पर देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी, रविन्द्र पांडेय, निर्भय नारायण सिंह, शुभांशु शेखर पांडेय, अशोक राय, अजीत मिश्र, शारदानंद सिंह, अकमल नईम खां मुन्ना, दीना भाई, बासुदेव ठाकुर, शाहिद अली खां, मुनरिका यादव, डा. श्यामनंदन मिश्र, विजय शंकर चौबे, संतोष कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### डिस्ट्रिक योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के सचिव बने राजन



**मऊ।** डिस्ट्रिक योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन जनपद मऊ की बैठक जेपी हीरो भुजौटी स्थित एसोसिएशन के कार्यालय में सम्पन्न हुआ। जिसमें एसोसिएशन की जिला कमेटी गठित की गई। जिसमें अध्यक्ष के रूप में मृत्युंजय द्विवेदी, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्रा, सचिव राजन विश्वकर्मा, संयुक्त सचिव प्रशांत राय कोषाध्यक्ष राजेश गोस्वामी को चुना गया। बृज मोहन, अरविंद आर्य, रामनिवास मौर्य, कृष्णकांत, मंजू चैरसिया, शालिनी पाण्डेय हरिओम, वरुण पाण्डेय को सदस्य के रूप में चयनित किया गया। वरुण पाण्डेय, शालिनी को टेक्निकल हेड बनाया गया। अरविंद आर्य को घोसी, रतनपुरा, बड़राँव रामनिवास मौर्य को कोपागंज वरुण पाण्डेय को परदहां, रानीपुर मंजू चैरसिया को मोहम्दाबाद कृष्णकांत को फतेहपुर मंडाव, दोहरीघाट का समन्वयक बनाया गया। बैठक में योगासन को बच्चों, युवाओं तक पहुंचाने की योजना बनी। एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय द्विवेदी ने बताया कि योगासन में खेलने वाले खिलाड़ी जिला से राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर जा सकतें हैं। यह योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है। उपाध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा ने सभी विद्यालयों, स्टेट नेशनल स्पोर्ट प्लेर, स्पोर्ट टीचर, योग टीचर को योगासन से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया।

### डॉ. सुमन लता का चिकित्साधिकारी पद पर हुआ चयन

**रसड़ा।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में रसड़ा छितौनी गांव निवासी डॉ. सुमन लता पत्नी दुर्गादत्त का चयन चिकित्सा अधिकारी पद पर चयनित हुआ है। उनके इस उपलब्धि पर परिवारजनों में छितौनी गांव में खुशी की लहर दौड़ गई सुमन लता ने चिकित्सा की पढ़ाई मणिपाल विश्वविद्यालय से की है। सुमन के पिता तीरथ लाल प्रयागराज में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के पद पर कार्यरत है। सुमन के पति दुर्गादत्त सप्लाई इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत है यही उनकी उपलब्धि में चार चांद लग रहा है। इस मौके पर संदीप कुमार गुप्ता सेठी, पवन कुमार, मनोहर दत्त आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 216 जोड़ों का हुआ विवाह

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** कलेक्ट्रेट प्रांगण में रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 216 जोड़ों की शादी संपन्न हुई। कलेक्ट्रेट प्रांगण में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी समारोह में घोसी के 13, बड़रांव के 21, कोपागंज ब्लाक से 16, रतनपुरा ब्लाक से 43, रानीपुर से 22, मऊ नगर से 10 तथा परदहां से 60 सहित 216 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों की शादी धूमधाम एवं भव्यता के साथ कराने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित कर रही है। इस योजना की वजह से गरीब अभिभावकों को भी अपनी बेटी की शादी धूमधाम से करने का अवसर मिल रहा है। कहाकि आर्थिक कठिनाइयों की वजह से गरीब परिवारों को अपनी बेटियों की शादी कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस योजना से ऐसी परिवारों की बेटियों की शादी कराने का पुण्य मिल रहा।

## महंगाई व बेरोजगारी के विरोध में 25 को लखनऊ में धरना-प्रदर्शन करेगी आप

**रसड़ा।** आम आदमी पार्टी विधानसभा रसड़ा की बैठक रविवार महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पुष्पा देवी के मंदा स्थित प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई, जिसमें पार्टी द्वारा 25 जनवरी को लखनऊ के इको गार्डेन में बिजली मीटर में बढ़ोत्तरी, बेतहाशा महंगाई, बेरोजगारी सहित अन्य बुनियादी समस्याओं को लेकर प्रस्तावित विशाल धरना-प्रदर्शन की सफलता को रणनीति तैयार की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष अंजनी तिवारी ने कहा कि इस धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए रसड़ा विधान सभा के गांव-गांव से आम आदमी पार्टी के हजारों कार्यकर्त्ता जायेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के चलते आज देश व प्रदेश में बेतहाशा महंगाई बढ़ती चली जा रही है, जिसको लेकर आम आदमी पार्टी ने आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। बैठक को विधान सभा प्रभारी संत प्रकाश सिंह सहित पुष्पा देवी, संजय राम, पुष्पा तिवारी, विंदु देवी, सूरज, अनिकेत, संदीप राम, डब्लू, संतोष आदि ने भी धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की।

# आजमगढ़ मंडल ने सहारनुपर को 6-0 से हराया

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** खेल निदेशालय उप्र लखनऊ एवं उप्र फुटबाल संघ के समन्वय से जिला खेल कार्यालय, मऊ द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही प्रदेशीय सब जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता के चौथे दिन रविवार को प्रातःकाल पहला मैच आजमगढ़ एवं सहारनुपर के मध्य खेला गया जिसमें आजमगढ़ मण्डल 6-0 से विजयी रहीं। इसके मैच के मुख्य अतिथि विनय जायसवाल, विषिष्ट अतिथि के रूप में संतोष सिंह, संजय सिंह, प्रकाश चन्द राय उपस्थित रहे।

दूसरा मैच स्पोर्ट्स कालेज, लखनऊ एवं प्रयागराज के मध्य खेला गया। जिसमें प्रयागराज 1-0 से विजयी रही। तीसरा मैच वाराणसी एवं कानपुर मण्डल के मध्य मैच खेला गया, जिसमें वाराणसी की टीम 4-0 से विजयी रही। चौथा मैच देवीपटन एवं अलीगढ़ के मध्य खेला गया, जिसमें मैच से ड्रा रहा। जिसके मुख्य अतिथि रोहित जायसवाल रहे। पांचवा मैच चित्रकूट एवं मुरादाबाद के मध्य खेला गया, जिसमें 2-2 गोल से मैच ड्रा रहा। छठवां मैच आगरा और गोरखपुर के मध्य खेला गया, जिसमें गोरखपुर की टीम 3-1 से विजयी रही, जिसके मुख्य अतिथि एके पाण्डेय, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी आजमगढ़ रहे। सातवां मैच लखनऊ एवं मेरठ मण्डल के मध्य हुआ, जिसमें लखनऊ मण्डल ने 1-0 गोल के अन्तर से विजय प्राप्त किया। आठवां मैच स्पोर्ट्स कालेज, लखनऊ एवं बरेली के मध्य खेला गया जिसमें स्पोर्ट्स कालेज की टीम 3-0 से विजयी रहीं।

इस मैच के मुख्य अतिथि डॉ. पीएल गुप्ता, एवं डॉ. संजय सिंह, एवं अतिथि के रूप में डॉ. सुजीत सिंह एवं जमील अहमद उपस्थित रहे, जिनका स्वागत मुकेश कुमार सब्बरवाल उप क्रीड़ा अधिकारी के द्वारा बुके देकर किया गया। प्रतियोगिता का संचालन ओमेन्द्र सिंह, अमित कन्नौजिया के द्वारा किया गया। इस अवसर हाजी मुनौवर, अजीत सिंह, आरिफ नजमी, नासिर कमाल, एमएस बेग, संजय सिंह, अश्वनी सिंह, डीबी थापा, विनोद कन्नौजिया, राजीव कुमार जायसवाल, भूपेन्द्रवीर सिंह, जैनुल आबदीन, मोईन खान सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी एंव दर्शक उपस्थित रहे। सोमवार को प्रतियोगिता के शेष लीग मैच खेले जायेंगे।

## ट्रेन की चपेट में आने पीडब्ल्यूडी कर्मचारी हुआ घायल

**मऊ।** रविवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के तमसा नदी रेलवे पुल पार करते समय एक पीडब्ल्यूडी का कर्मचारी की ट्रेन के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार हरि कृष्ण सिंह पुत्र स्वर्गीय जगन्नाथ सिंह 58 वर्ष महैचा गांव थाना उचका गांव जनपद गोपालगंज बिहार के निवासी थे जो पीडब्ल्यूडी बलिया में चैकीदार पद पर तैनात थे मऊ जनपद के भीटी और ब्रिज के नीचे एन एच ऑफिस का कमरा बना था उसी में रहकर रोज बलिया जा कर नौकरी करते थे। रविवार की सुबह लगभग 11 बजे अपने कमरे से तमसा पुल से होते हुए दाढ़ी बनवाने के लिए आ रहे थे जैसे ही पुल पर चढ़े ही थे कि गोरखपुर की तरफ से आ रही कृषक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए जिसमें चैकीदार का दाहिना हाथ घायल हो गया। वही आते जाते राहगीरों ने खून से लथपथ अवस्था में देखा तो तुरंत 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया।

# तीन जगहों पर गंगा किनारे बनेगा पक्का घाट

पहल

## उजियार, सती और शिवरामपुर घाट पर होगा निर्माण

रोशन जायसवाल

**बलिया।** जिले के तीन प्रमुख जगहों पर गंगा किनारे पक्का घाट बनेगा। इसको लेकर बाढ़ खंड विभाग परियोजना बनाकर शासन को भेज चुका है। धन आवंटन होने के बाद घाटों का निर्माण शुरू हो जाएगा। नमामि गंगे योजना के तहत उजियार घाट, सती घाट और शिवरामपुर घाट का पक्का निर्माण होगा। लगभग 80-80 मीटर लंबा घाट होगा। इस पर लगभग 36 करोड़ रूपये खर्च होंगे। यह ऐसा घाट बनेगा, जो गंगा की कटान और बाढ़ से प्रभावित नहीं होगा।

बाढ़ खंड विभाग ने बकायदा स्थलीय निरीक्षण करने के बाद परियोजना बनाकर शासन को भेज दिया है। घाटों के बनने के बाद अब लोगों को स्नान करने में कोई परेशानी नहीं होगी। जानकारी देते चलें कि बलिया में गंगा, घाघरा और मगई तीन नदियां है, लेकिन तीनों नदियों पर कहीं भी स्नानार्थियों के स्नान करने के लिये पक्का घाट का अभी तक निर्माण नहीं हुआ है। इसके चलते गंगा स्नान करने वाले भक्तों को तरह-तरह की परेशानियां उठानी पड़ती है और हमेशा खतरा बना रहता है। वैसे बलिया में बाढ़ और कटान के कारण गंगा और घाघरा घटती-बढ़ती रहती है और उपजाउ जमीने गंगा में समाहित होती रहती है।

इसके कारण प्रशासन और शासन पक्का घाट बनाने की तरफ सोच नहीं पा रही था। लेकिन अब बाढ़ खंड विभाग ने एक सर्वे करके यह तय किया है कि उजियार, सतीघाट और शिवरामपुर घाट का पक्का निर्माण कराकर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। बलिया में कार्तिक पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, गंगा दशहरा, विजयी दशमी, धनतेरस, मुंडन संस्कार, पितृ पक्ष सहित अन्य पर्वों पर गंगा स्नान भृगु क्षेत्र में एक महत्व रखता है और भीड़ भी हजारों लाखों में होती है।

अब स्थायी गंगा घाट बनने से भक्तों को सहूलियत मिलेगी।



पक्का घाट के लिए स्थलीय निरीक्षण करते बाढ़ खंड विभाग के जेई

### हैबतपुर में बनेगा डाल्फिन प्वाइंट

**बलिया।** नगर से सटे हैबतपुर में नमामि गंगे परियोजना के तहत डाल्फिन प्वाइंट बनाया जाएगा। इसके बनने से पर्यटन क्षेत्र का विकास होने की संभावना बनेगी। जिले में डाल्फिन प्वाइंट बनने से आस-पास के लोग भी इसका आनंद ले सकेंगे। यहां रोशनी, बैठने के लिये टेबल, फूल और पौधे आकर्षक का केंद्र होंगे। बार-बार मांग उठती रही है कि डाल्फिन प्वाइंट बनायी जाए और डाल्फिन प्वाइंट बनाने की योजना शासन को बनाकर भेजी गयी है। धन स्वीकृत होने के बाद इस पर काम शुरू हो जाएगा।

घाटों और डाल्फिन प्वाइंट की परियोजना बनाकर शासन को भेजा गया है। जैसे ही धन आवंटित होगा, काम शुरू हो जाएगा। धन स्वीकृत होने के बाद इसके निर्माण में लगभग तीन महीने लगेंगे।

संजय कुमार मिश्र, अधिशासी अभियंता, बाढ़ खंड बलिया

# विद्युत टीम ने चेकिंग कर वसूला तीन लाख जुर्माना


पटकनियां गाँव में विद्युत चेकिंग करते हुए बिजली विभाग के कर्मचारी।

जनसंदेश न्यूज

**सुहवल।** विद्युत विभाग की टीम के द्वारा आज रेवतीपुर सब डिवीजन के अन्तर्गत आने वाले आधा दर्जन गावों में सघन विद्युत चेकिंग अभियान आलाधिकारियों के निर्देश पर एसडीओ प्रवीन मौर्या व अवर अभियंता आशीष यादव के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमें दस के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया,इसके साथ ही बीस लोगों से तीन लाख राजस्व की वसूली भी की गई। महकमें के इस अभियान से क्षेत्र के ग्रामीणों में हडकंम्प मचा रहा। इसके अतिरिक्त टीम ने पांच नये मीटर भी लगाए,साथ ही,11 बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटे व चार नये कनेक्शन भी दिए। जबकि पांच उपभोक्ताओं के कनेक्शन में भार क्षमता में बढोत्तरी किया। टीम ने क्षेत्र के नगसर, पटकनियां, गोपालपुर, तिलवां, युवराजपुर पकडी आदि गावों में कर्मचारियों संग सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। इस अवसर पर बाबू खान,पवन सिंह, हीरा लाल, अश्वनी, गोविन्द, सद्दाम,शहजाद आदि मौजूद रहे ।

# गणतंत्र दिवस को खास बनाने में जुटे लोग

**तैयारी**

## झांकी रैली,सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हो रही तैयारी

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** 73वां गणतंत्र दिवस में अब सिर्फ कुछ दिन का समय शेष रहा गया है। ऐसे में जिला प्रशासन से लेकर स्कूलों में भी गणतंत्र दिवस को खास बनाने की तैयारियां तेज हो गई है।

जिले में गणतंत्र दिवस पर होने वाले विविध आयोजनों के माध्यम से इस दिन को खास बनाने की तैयारी की जा रही है। इस बार गणतंत्र दिवस को लेकर तीन दिनों तक विशेष आयोजन किये जायेंगे। जिसमें 24 जनवरी को यूपी दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाये जायेंगे। इसको लेकर परिषदीय स्कूलों में खास तैयारी चल रही है। वहीं कान्वेंट स्कूलों के बच्चे भी झांकी, रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से इस दिन को विशेष दिन बनाने के लिए तैयार हो रहे हैं।


तिरंगा झंडा के साथ गणतंत्र दिवस की तैयारी में लगे बच्चे।

### तिरंगे रंग से सराबोर होगी सरकारी व गैर सरकारी इमारतें

गणतंत्र दिवस का खास बनाने के लिए जिला प्रशासन विशेष तैयारी कर रहा है। सभी सरकारी व अर्ध सरकारी भवनों पर 8.30 पर ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। मुख्यालय से लेकर पुलिस लाइन तक ध्वजारोहण कर देशभक्ति की धारा को प्रवाहित किया जायेगा। इस दौरान जिले के मुखिया जिलाधिकारी मरीजों से भी मिलेंगे। 25 जनवरी को रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

### सज-धज कर राष्ट्र को नमन करेंगे बच्चे

जिले के सरकारी स्कूलों में भी गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। एक तरफ नन्हें-मुन्हें बच्चे देशभक्ति गीत और संगीत गुनगुना रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ शिक्षक भी बच्चों को तरह-तरह के आयोजनों की तैयारी करवा रहे हैं।गणतंत्र दिवस के दिन स्कूल के बच्चों की ओर से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। जिसमें विभिन्न देश के महानायकों की वेश-भूषा में सजे बच्चे लोगों को देशभक्ति का संदेश देंगे।

कान्वेंट स्कूलों में हो रही विशेष तैयारी इस दिन सभी शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। जिले के अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में विशेष रूप से नन्हें बच्चों से लेकर सीनियर बच्चों तक विशेषज्ञ तैयारी करवा रहे हैं।

# डी-9 गैंग का अपराधी गिरफ्तार

**कामयाबी**

## व्यवसायी को मोबाइल पर जान से मारने की दी थी धमकी

## दो सप्ताह बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर आरोपी को दबोचा

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** प्रतिष्ठित व्यवसाई अनिल वर्मा को मोबाइल पर जान से मारने की खुली धमकी देने वाला डी-9 गैंग का सदस्य दो सप्ताह बाद गिरफ्तार हो गया है। पुलिस ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड पर घेराबंदी कर अपराधी को दबोचा है। वहीं शातिर अपराधी के पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

मरदह पुलिस पुलिस डी-9 गैंग के सदस्य शातिर अपराधी वशिष्ठ कुमार को शनिवार की रात्रि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर घेराबंदी कर दबोच लिया है। पुलिस ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए खुफिया तंत्र को लगाया था। जिसके आधार पर यह कामयाबी मिली है। आरोपित मरदह क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसाई अनिल वर्मा को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दिया था। इस मामले में व्यवसाई के तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की सरगर्मी से तलाश कर रही थी।


मरदह पुलिस के गिरफ्त में व्यापारी को धमकी देने वाला आरोपी।

### पंद्रह लाख रुपये का दिया था फर्जी चेक

मरदह थाना क्षेत्र के सराफा व्यवसाई अनिल वर्मा की मरदह बाजार में ए.के. ट्रेडर्स व अनिल वस्त्रालय के नाम से कपड़ा व जेवरात की दुकान है। इनके पुत्र अखिल वर्मा से वशिष्ठ कुमार ने 15 लाख रुपए का जेवर उधार लिया था। उसने बकाया 15 लाख रूपया मांगने पर एक फर्जी चेक दिया। जिसका मुकदमा न्यायालय के तहत विचाराधीन है। इसके बाद छह जनवरी को वशिष्ठ ने मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी।

थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सात आपराधिक मामलों में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। वहीं इसके गतिविधियों में संलग्न कई साथियों को चिन्हित कर पुलिस जांच कर रही है।

गौरतलब है कि,मरदह क्षेत्र के प्रतिष्ठित सराफा व्यवसाई अनिल वर्मा को बसवारी गांव निवासी वशिष्ठ कुमार ने फोन पर धमकी देते हुए,तीन दिन के अंदर जान से मारने की धमकी दी थी।

अपराधी कुख्यात डी-9 गैंग का सदस्य है। उसने फोन पर इतना तक कहा कि आडियो रिकार्ड कर थानाध्यक्ष को दे दो। इस तरह की धमकी से भयभीत व्यवसाई ने आडियो टेप के आधार पर बीते छह जनवरी को थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं, व्यवसाई ने अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर डीएम और एसपी से गुहार लगाई है।

# किसानों की मेहनत पर फिरा पानी, कई बीघा फसल जलमग्न

**मनिहारी।** सुल्तानीपुर करारबीर में नहर टूटने से किसानों की पचासों बीघा गेहूं की फसल जलमग्न हो गई। किसानों ने इसकी जानकारी सिंचाई विभाग के अधिकारियों दी, तब जाकर नहर का पानी रुकवाया गया। मनिहारी विकास खण्ड के हंसराजपुर सुल्तानीपुर करारबीर गांव में देवकली पंप कैनाल की शाखा नसीरपुर/रामपुर जीवन माइनर की नहर टूटने से किसानो की पचासों बीघा गेहूं की फसल जलमग्न हो गई। किसानों ने इसकी जानकारी सिंचाई विभाग के अधिकारियों को देकर नहर का पानी रुकवाया। लेकिन तब तक पचासों बीघा फसल जलमग्न हो चुकी थी। सुल्तानीपुर करारबीर गांव निवासी प्रदीप यादव बब्लू ने बताया कि इस माइनर का अंतिम छोरक का हिस्सा जो बेसों नदी में गिरता था उसका एक किलोमीटर अतिक्रमण होने से नहर पट गई है और वह नहर विभाग द्वारा 15 वर्षों सफाई नहीं कराया गया हैं।


हंसराजपुर में नहर टूटने से जलमग्न गेहूं की फसल।

जिसके कारण हर वर्ष बार बार नहर टूटती हैं। हंसराजपुर गांव निवासी मुन्ना सिंह, उमाकांत सिंह, प्रताप सिंह, अजय सिंह आदि व सुल्तानीपुर (करारबीर) गांव निवासी प्रदीप यादव, रामदरश यादव,शिवमूरत यादव, सुनील यादव, अवधेश सिंह आदि किसानों के पचासों बीघे में लगी गेहूं,आलू की फसल जलमग्न हो गई। जिसके बाद विभाग द्वारा पानी को बंद किया गया। लेकिन तब तक किसानों की पचासों बीघा फसल में पानी भर चुका था। किसानों ने सरकार से मुवावजे की मांग की है।

# बाजारों में नहीं दिखा निर्देशों का असर बंदी के दिन भी खुले रहे बाजार

**साप्ताहिक बंदी**

## डीएम के फरमान को दुकानदारों ने दिखाया आईना

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** शहर में साप्ताहिक बंदी का दुकानदारों द्वारा जमकर मखौल उड़ाया जा रहा है। बंदी को लेकर श्रम विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहा है। नगर में साप्ताहिक बंदी का खुला उल्लंघन किया जा रहा है बेखौफ व्यापारी इस साप्ताहिक बंदी पर भी लगातार दुकान खोल रहे हैं। शहर में रविवार को साप्ताहिक बंदी का दिन प्रशासन द्वारा तय है।

लेकिन यहां के सैकड़ों दुकानदार दूसरे दुकानदार की देखा देखी में अपनी अपनी दुकानों को खोलकर साप्ताहिक बंदी का मजाक बना रहे हैं। कुछ दुकानदारों का कहना है कि साप्ताहिक बंदी मैं जब कोई दुकानदार चोरी-छिपे अपनी दुकान खोलता है तो फिर दूसरे दुकानदार को भी अपनी दुकान खोलने का लालच आ जाता है। जिसके चलते देखा देखी में फिर सारा बाजार खुल जाता है। दुकानदारों का कहना है कि साप्ताहिक बंदी का पूर्ण रुप से पालन होना चाहिए, ताकि कोई भी दुकानदार दुकान ना खोल सके। दुकानदारों का यह भी कहना है कि एक सप्ताह में एक बार बाजार पूर्ण रूप से अवश्य बंद हो। ताकि दुकानदार जिस दिन अपनी रिश्तेदारी या बाहर से जाकर अपना सामान ला सके या फिर परिवार के साथ कहीं घूमने जा सके। रविवार को भी नगर के बाजार गुलजार रहे और दुकानदार बिना किसी भय के अपना कारोबार करते नजर आए। इस दिन साप्ताहिक बंदी घोषित की गई थी। शुरू में अधिकारियों ने दुकान खोलने वाले दुकानदारों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए चालान काट डाले थे। इससे दुकानदारों में प्रशासन का खौफ पैदा हो गया था मगर कुछ महीने बीतने के बाद यह शक्ति नरम होती चली गई।इसके चलते दुकानदारों के मन में भी प्रशासन का खौफ खत्म हो गया अब साप्ताहिक बंदी के दिन नगर के बाजार गुलजार रहते हैं जब उच्च अधिकारियों का ज्यादा दबाव पड़ता है तो अधिकारी नींद से जागते हैं और बाजारों में घूम कर एकाध दुकानदार का चालान कर अपने काम की इतिश्री कर लेते हैं।


महुआबाग स्थित रविवार को खुली शगुन दुकान।

शगुन दुकान के प्रोपाइटर ने बताया कि आस-पास की दुकाने खुली हुई थी जिसके कारण मेरा भी दुकान खुला रहा।आगे से साप्ताहिक बंदी का ख्याल रखा जायेगा।

# रुक-रुक कर हुई बूंदाबांदी

**जनजीवन अस्त व्यस्त**

## कम हुई ठंड की रफ़्तारः बादलों ने रोकी ठंडी हवाएं, जल्द तापमान में गिरावट की सम्भावना

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को मौसम का मिजाज भींगा रहा। पूरे दिन रुक-रुककर हल्की बारिश होती रही। बीच बीच में चल रही हवा ठंड का तीखापन बढा रही थी। भींगे मौसम के कारण सड़कों पर आम दिनों की अपेक्षा कम गहमा गहमी देखी गयी। बादलों के छंटते ही ठंड एक बार फिर चरम पर होगी।

जिले में मौसम में बदलाव लगातार देखने को मिल रहा है। रविवार सुबह भी कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली। आने वाले दिनों में बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश हो सकती है। 48 घंटे तक इसी तरह मौसम बना रहेगा।

इसके बाद मौसम बदलेगा। अभी बादल होने के कारण ज्यादा ठंड नहीं है, लेकिन बादल छंटते ही दिन और रात के तापमान में तेजी से गिरावट आएगी। इससे अगले सप्ताह से अच्छी ठंड की शुरूआत फिर से हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन के दौरान न्यूनतम तापमान में खास बदलाव नहीं होगा।


साई मंदिर स्थित गंगा तट से मौसम का दोपहर बाद नजारा।

इसके बाद धीरे-धीरे 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। बीते शनिवार को भी यही स्थिति रही। सुबह से ही आकाश में आंशिक रूप से बादल छाए रहे। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इससे अधिकतम तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। जबकि शहर का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहा। दरअसल पश्चिमी विक्षोभ का न्यूनतम तापमान पर व्यापक असर पड़ा है। न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी के चलते सुबह और शाम को अन्य दिनों की अपेक्षा कम लोग गर्म कपड़े में दिखे। पश्चिमी विक्षोभ के कारण आकाश मेघमय रहा।

# छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्रा की सपाइयों ने मनाई पुण्यतिथि


कचहरी स्थित लोहिया भवन पर जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि मनाते सपाई।

**गाजीपुर।** समाजवादी छोटे लोहिया के नाम से दुनिया में विख्यात स्वर्गीय जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में पार्टी कार्यालय समता भवन पर जिलाध्यक्ष रामधारी यादव की अध्यक्षता में माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोकतंत्र की रक्षा एवं समाज में व्याप्त गैर बराबरी को समाप्त करने के साथ-साथ लोकतंत्र, संविधान, धर्मनिरपेक्षता एवं समाजवाद के विरोधी साम्प्रदायिक एवं फासिस्टवादी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र को महान नेता बताते हुए समाजवादी आंदोलन का प्रमुख स्तंभ बताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश कुशवाहा, गोपाल यादव,मदन यादव, अशोक कुमार बिंद,अरुण कुमार श्रीवास्तव, दिनेश यादव, गोवर्धन यादव,सिंकदर कन्नौजिया, नरसिंह यादव, संतोष यादव, रामाशीष यादव, कृष्णा यादव, प्यारे मोहन,परवेज अहमद, अमित ठाकुर,हरवंश यादव, चन्द्रिका यादव, अखिलेश यादव,आदि उपस्थित थे। गोष्ठी का संचालन जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने किया।

# जब भक्ति है शांति है, तब सीता हैं राधा हैं

## 'गांव से शहर तक अनकहे किस्से' का हुआ विमोचन

जनसंदेश न्यूज

**मुहम्मदाबाद।** पं. श्रीनिवास द्विवेदी की आत्मकथा गांव से शहर तक अनकहे किस्से का विमोचन रविवार को पैतृक गांव सुल्तानपुर में हुआ। वक्ताओं ने उनसे जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए स्व.द्विवेदी की पत्नी निर्मला द्विवेदी के प्रयासों और कार्यो की सराहना की। दरअसल, आत्मकथा लिखने के बाद प्रकाशन से पूर्व ही उनका असामायिक निधन हो गया था। निर्मला द्विवेदी ने ही अपने देखरेख में इसे पूर्णता प्रदान की और प्रकाशित कराया।

मुख्य अतिथि चर्चित कवि बुद्धिनाथ मिश्र ने कहा कि 1968 में वह जब राजभाषा अधिकारी के तौर पर बैंक में आए तो वह हिंदी के सरकारी भाषा के रुप में पनपने का दौर था। द्विवेदी जी उसमें अग्रणी भूमिका निभा रहे थे। उनकी पुस्तकें, शब्दकोश आधारशिला हैं। शब्द निर्माण में भी उनका योगदान है।


सुल्तानपुर गांव में 'गांव से शहर तक अनकहे किस्से' पुस्तक का विमोचन करते मुख्य अतिथि कवि बुद्धिनाथ मिश्र, प्रो. अवधेश प्रधान व अन्य।

### बेटियों से बढ़ता है दोनों कुल

अध्यक्षता कर रहे प्रो. अवधेश प्रधान ने निर्मला द्विवेदी को प्रतीक बताते हुए कहा कि अपनी बहुओं को बेटी की तरह रखिए। बेटियों से दोनों कुल आगे बढ़ता है बेटियां बढ़ाती हैं। साहित्य और संस्कार ही हमलोगों को बचा सकता है। कोरोना ने सीखा दिया कि प्रेम से बड़ा कुछ नहीं। हम सभी को ज्ञान पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यह जो साहित्यिक आयोजन का सिलसिला शुरू हुआ है वह आगे बढ़ता रहेगा।

उन्होंने जय श्रीराम और जय सियाराम के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि संघर्ष में श्री राम हैं, लेकिन वहां सीता नहीं हैं। जब भक्ति है शांति है तब सीता हैं राधा हैं। समाज में बिखराव बहुत हो गया है, भाईयों के बीच प्रेम देखता हूं तो अच्छा लगता है।

उन्होंने भोजपुरी सहित अपने तीन गीत सुनाकर श्रोताओं की वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. श्रीनिवास द्विवेदी के चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्जवलन और माल्यार्पण से हुआ।

अतिथियों का स्वागत व पुस्तक परिचय आयोजक निर्मला द्विवेदी ने दिया। शिवकुमार शर्मा और वरिष्ठ पत्रकार हिमांशु उपाध्याय ने भी संबोधित किया। संचालन अविनाश पांडेय और सरस्वती वंदना की प्रस्तुति राजेश तिवारी ने दी। आगंतुकों के प्रति आभार शिवमूर्ति दूबे ने ज्ञापित किया।

### आजादी के बाद देश में बहुत बदलाव

इनसेट- प्रो. आनंद प्रधान ने कहा कि यह आत्मकथा शिक्षा के संघर्ष की कहानी है। शिक्षा नये रास्ते कैसे खोलती है उसकी कहानी है। आत्मकथा का आधा हिस्सा शिक्षा के लिए संघर्ष का है। आजादी के बाद ही यह संभव हुआ कि लोगों को अवसर मिले। आजादी के बाद देश में बहुत बदलाव हुआ है कुछ बदलाव अच्छे हैं जबकि कुछ बुरे।

# संक्षेप

## पुलिस ने छह वारंटियों को पकड़ा



**गाजीपुर।** कोतवाली पुलिस ने विभिन्न मामलों में रविवार को वांछित छह वारंटियों को गिरफ्तार किया है। अरूण कुमार प्रजापति पुत्र त्रिभुवन प्रजापति निवासी गोराबाजार थाना कोतवाली, चन्दन गुप्ता पुत्र सुरेन्द्र गुप्ता निवासी आदर्श गांव, विपुल राय उर्फ डिम्पल पुत्र अजय राय निवासी बड़ीबाग चुंगी,चन्दन राय उर्फ सोनू राय पुत्र शशिधर राय उर्फ टुनटुन राय जगदेवनगर,मेवाती देवी पत्नी अमरनाथ चौरसिया निवासी कैथवलिया, महेन्द्र पुत्र रामफल निवासी सराय पीर मुहम्मद को दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

## राजकीय नलकूप का बोरिंग फेल, किसान परेशान



**सुहवल।** रेवतीपुर ब्लाक में कहने को तो 74 राजकीय नलकूप है, मगर 52 ही चालू हालात में है,शेष 22 राजकीय नलकूप में से आठ की बोरिंग वर्षों से फेल है,जबकि अन्य विभिन्न कारणों से बंद पड़े हुए है। ऐसे में सरकार की खेतों में बोई गई फसलों के समय से सिंचाई की मुहिम सफल होती नहीं दिख रही है।अधिकतर किसान मजबूरी में निजी पंप सेटो के जरिए खेतों की सिंचाई को मजबूर है। किसानों ने बताया कि कहने को तो इलाके में नलकूपों का जाल बिछाया गया है।मगर इसका पूरा काभ किसानों को समय से नहीं मिल पाता। लेकिन विभागीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों की उदासीनता के चलते क्षेत्र के दर्जनों राजकीय नलकूप वर्षों बाद भी शोपीश बने हुए है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र के रेवतीपुर, हसनपुरा, नसीरपुर, नवली, नवली, त्रिलोकपुर, तिलवां, मधुचक नलकूपों की बोरिंग चार करीब साल से फेल है। इस संबंध में जब राजकीय नलकूप खण्ड प्रथम के अवर अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि जल्द ही खराब नलकूपों को दूरस्त करा दिया जायेगा।

## सीएम आरोग्य मेला कागजों में सिमटा

**मरदह।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में सुमार मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला सिर्फ कागजों में सिमटकर रह गया है। ब्लाक के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोई भी सर्जन,महिला चिकित्सक,बाल रोग विशेषज्ञ नहीं होने से मरीजों को अन्यत्र ही इलाज कराना पड़ रहा है। साथ ही साथ सभी केंद्रों पर उचित जांच की सुविधाएं भी मयस्सर नहीं है। एक्सरा, अल्ट्रासाउंड सहित खून संबंधित दर्जनों जांच के लिए दूर दराज ही जाना पड़ता है। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विकास खंड क्षेत्र के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 88 मरीजों ने परीक्षण परामर्श के साथ निःशुल्क पंजीकरण सहित दवा प्राप्त किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पर डा. अशोक कुमार सिंह 26 मरीजों को देखा साथ ही साथ प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मटेहूँ में डॉ.राजीव गोंड ने 21,प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पाडेयपुर राधे में डॉ.आसिफ लारी ने 21 तथा प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र अविसहन में डॉ.इमरान उस्मानी ने 18 मरीजों का इलाज किया।

## एनसीसी कैडेटों की हुई परीक्षा

**सुहवल।** मलसा स्थित शिवपूजन इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आज रविवार को 92 बटालियन एनसीसी के अधिकारियों के द्वारा ए सर्टिफिकेट के लिए कड़ी सुरक्षा में परीक्षा कराई गई,जो सकुशल सम्पन्न हो गया। परीक्षा में गाजीपुर एवं मऊ जनपद के कुल 268 एनसीसी कैडेटो ने प्रतिभाग किया ।परीक्षा का आयोजन बटालियन के कमांडिंग ऑफीसर कर्नल संतोष कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस परीक्षा में कुल 5 एएनओ , 10 पीआई स्टाफ एवं 11 सिविल स्टाफ मौजूद थे। इस परीक्षा के दौरान एनसीसी प्रथम अधिकारी सतीश कुमार राय ,उदय कुमार, विपिन कुमार सिंह, रामनाथ, सूबेदार मेजर धर्मपाल ,सूबेदार दीनदयाल, सूबेदार टीवी थापा आदि मौजूद रहे।

## संभावना कला मंच का हुआ आयोजन

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय शहीद पार्क में डॉक्टर एमए अंसारी इंटर कॉलेज के कला शिक्षक डा. राजकुमार सिंह की श्रद्धांजलि सभा के अंतर्गत संभावना कला मंच का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता तथा कार्यशाला का भी आयोजन हुआ। डॉक्टर एमए अंसारी इंटर कॉलेज के कला शिक्षक डा. राजकुमार सिंह की श्रद्धांजलि सभा में चित्रकला प्रतियोगिता की गई। इसमें डॉक्टर अंसारी इंटर कॉलेज के 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की बनाई गई चित्रों को आयोजकों द्वारा रख लिया गया। प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य आलोक कुमार श्रीवास्तव ने किया तथा संचालन विनय कुमार तिवारी ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य सुजीत कुमार श्रीवास्तव, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामायण सिंह यादव, मनोज सिंह, जगत नारायण सिंह, मोती प्रधान, सुरेश राय उपस्थित थे।

## सर्दी के साथ बढ़ी बिजली की खपत, लोग जला रहे हीटर

**गाजीपुर।** सर्दी बढ़ने के साथ ही बिजली सिस्टम पर ओवरलोडिंग भी बढ़ गई है। वजह है कि लोग सर्दी से बचाव के लिए हीटर और ब्लोअर का प्रयोग कर रहे हैं। बिजली की खपत में भी इजाफा हो गया है। जिले में बिजली की खपत बढ़ी हुई है। बिजली सिस्टम ओवरलोड हो रहा है और इसका असर आपूर्ति पर भी पड़ रहा है। जिले में दर्जनों बिजलीघरों के जरिये दो लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति की जाती है। विभाग द्वारा हर माह खपत का आंकलन किया जाता है। सर्दी की शुरूआत के साथ बिजली की खपत में इजाफा हुआ है। अधिकारी माह के अंत में आने वाली रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। बिजली सिस्टम पर हीटर और ब्लोअर से लोड पड़ रहा है। इससे अधिकारी खपत बढ़ने का अनुमान लगा रहे हैं।

## विश्वकर्मा समाज का वार्षिक सम्मेलन संपंन

**गाजीपुर।** विश्वकर्मा समाज का जनपदीय वार्षिक सम्मेलन लंका मैदान के एक मैरिज हाल में आयोजित किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि डा. राम अवतार विश्वकर्मा रहे। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा जनों को सामाजिक, राजनीतिक,आर्थिक,सांस्कृतिक और साहित्यिक सभी क्षेत्रों में अपनी पहचान बनानी चाहिए और देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। सम्मेलन में नरेंद्र विश्वकर्मा, जनार्दन शर्मा,रामशिरोमणि विश्वकर्मा, डा. पवन कुमार विश्वकर्मा, शशिकांत शर्मा,विनीत शर्मा,गंगा प्रसाद शर्मा, प्रवीण विश्वकर्मा,आलोक शर्मा ने संबोधित किया।कार्यक्रम में दीलिप शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, सतीश शर्मा, शिवम शर्मा, अजय विश्वकर्मा,जयमूरत विश्वकर्मा,राजबली विश्वकर्मा, रामबहादुर विश्वकर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा सहित आदि उपस्थित थे।अध्यक्षता राम अवतार शर्मा,संचालन सुदामा राम विश्वकर्मा ने किया।

## मां काली मंदिर का मना स्थापना दिवस

**कासिमाबाद।** कासिमाबाद तहसील मुख्यालय के उत्तर टौंस नदी के तट पर वार्ड नंबर 10 पठान टोली स्थित अति प्राचीन मां काली मंदिर है। मां काली मंदिर का 24 वां स्थापना दिवस पर श्रद्धालुओं के द्वारा रविवार की देर शाम धूमधाम व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन मां काली मंदिर आकर्षण का केंद्र बिंदु बना हुआ है। मां काली मंदिर पर हजारों की संख्या पर श्रद्धालुओं का सुबह से पूजापाठ के लिए भीड़ उमड़ रही। यहां के भंडारे में हिंदू मुस्लिम सभी सम्मिलित रहते हैं जो भाईचारा व प्रेम का संदेश देता है।

## ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्री हो रहे परेशान

**गाजीपुर।** कोहरे के कारण ट्रेनें देर से सिटी रेलवे स्टेशन पहुंची। सिटी रेलवे स्टेशन पर रुककर मुंबई के लोकमान्य तिलक स्टेशन से चलने वाली पवन एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे देरी से पहुंची। गोंदिया से बरौनी जाने वाली गोंदिया एक्सप्रेस बीस घंटे देरी से पहुंची तो सुहेलदेव एक्सप्रेस, स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, भृगु एक्सप्रेस, डीएमयू सहित अन्य ट्रेनें घंटों विलम्ब से सिटी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## चार वारंटी गिरफ्तार


**गाजीपुर।** करंडा पुलिस ने चार वारंटियों को रविवार को दबिश देकर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पंकज श्रीवास्तव पुत्र सतेन्द्रनाथ श्रीवास्तव निवासी ब्राहम्णपुरा,रामकृत पुत्र बाडू निवासी बडसरा, जयशंकर पुत्र हरिद्वार निवासी बडसरा,जयप्रकाश पुत्र हरिद्वार निवासी बडसरा को गिरफ्तार किया गया।

## कलयुग में भागवत कथा का बहुत बड़ा महत्व

**मरदह।** स्थानीय जागोपुर गांव में रविवार को सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस यज्ञ मंडप स्थापना,जल लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर बस्ती गांव बाजार के सभी छोटे बड़े मंदिरों से होते हुए यज्ञ मंडप तक पहुंची। जिसके बाद मुख्य वक्ता परम पूज्य दिव्यांशु महाराज विधि विधान पूर्वक भूमि के साथ ही सांयकाल सतसंग अपने मुखारविंद से कहा कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है,वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसको सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है,तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कलयुग में भागवत कथा का बहुत बड़ा महत्व है। इस मौके पर रामानंद यादव,रामवृक्ष यादव,रामकिशुन यादव, त्रिलोकी यादव, रमई यादव, चौथी यादव,जयराम यादव,रामखरख यादव, दुब्बर यादव, कंगलू यादव, गोरखनाथ यादव,वकील यादव,अमरनाथ, बाबूलाल, वकील आदि मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# राष्ट्रभक्त की मौत का सच



**अरविंद जयतिलक**

भारतीय समाज व राष्ट्र के जीवन में नवीन प्राणों का संचार करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन जितना अधिक रोमांचकारी है, उतना ही अधिक रहस्यमयी भी। उन्होंने अपनी देशभक्ति से देश की आत्मा को चैतन्यता से भरकर ब्रिटिश सत्ता को भारत छोड़ने पर मजबूर किया। पर विडंबना है कि उस महान देशभक्त की मृत्यु से जुड़ी गुथियां अभी तक सुलझी नहीं है। उनकी मृत्यु को लेकर किस्म-किस्म के दावे होते रहते हैं। गत वर्ष पहले ब्रिटेन की एक वेबसाइट द्वारा खुलासा किया गया कि टोक्यो जाते समय नेताजी की मौत 18 अगस्त 1945 में ताईवान के निकट एक विमान दुर्घटना में हुई और उसके पास उनके अंतिम संस्कार से जुड़े साक्ष्य मौजूद हैं। वेबसाइट में कहा गया कि नेताजी की मौत के उपरांत ताईवान के एक अधिकारी तान तीती ने ताइपे में उनके अंतिम संस्कार के लिए अनुमति पत्र जारी किया और उनके शव के साथ जापानी सेना का एक अधिकारी भी मौजूद था। वेबसाइट का यह भी दावा था कि नेताजी के अंतिम संस्कार के बाद उसके साक्ष्य ताईवान की पुलिस ने ब्रिटिश मंत्रालय को भेजे थे और जुलाई, 1956 में दिल्ली के ब्रिटिश उच्चायोग ने ये सबूत तत्कालीन भारत सरकार को उपलब्ध कराए थे। उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश महावाणिज्य दूत अल्बर्ट फ्रैंकलिन ने ताईवान की सरकार से नेताजी की मौत की जांच कराने का अनुरोध किया था और फिर वहां की सरकार ने जांच के उपरांत 27 जून 1956 को नेताजी की मौत से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट ब्रिटिश सरकार को सौंप दी। रिपोर्ट के मुताबिक नेताजी का अंतिम संस्कार 22 अगस्त, 1945 को किया गया। तथ्य यह भी कि सुभाष चंद्र बोस के अति विश्वासपात्र हबीबुररहमान जो उनके साथ विमान में सवार थे, ने पाकिस्तान से आकर शाहनवाज समिति के सामने गवाही दी थी की नेताजी उस विमान दुर्घटना में मारे गए थे और उनके सामने ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। पर वेबसाइट और हबीबुररहमान का यह खुलासा अंतिम सच नहीं है। देश का एक बड़ा वर्ग जिसमें लेखक व चिंतक भी शामिल हैं, का मानना है कि नेताजी विमान दुर्घटना से बच निकले थे और रुस चले गए थे। याद होगा गत वर्ष पहले सुब्रमण्यम स्वामी ने खुलासा किया था कि 1991 के सोवियत विघटन के बाद एक सोवियत स्कॉलर ने उन्हें बताया कि नेताजी ताईवान गए ही नहीं थे। वो साएगोन से सीधे मंचूरिया आए और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। फिर स्टालिन ने उन्हें साईबेरिया की यकूत्स्क जेल भिजवा दिया जहां 1953 में उनकी मौत हो गयी। रुसी शासक स्टालिन सुभाष चंद्र बोस से इसलिए नाराज था कि उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान रुस के सबसे बड़े शत्रु हिटलर के निकट क्यों थे? सुब्रमण्यम स्वामी का दावा है कि चंद्रशेखर सरकार में जब वे मंत्री थे तो उनके पास जापान से अनुरोध आया था कि रिंकोजी मंदिर में सुभाष चंद्र बोस की जो अस्थियां रखी है, उनको आप ले लीजिए, लेकिन शर्त यह है कि आप इनका डीएनए टेस्ट नहीं कराएंगे। स्वामी का कहना है कि इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल में नेताजी पर एक पूरी फाइल को फड़वाया था। फिलहाल स्वामी के दावे पर तब तक यकीन करना कठिन है जब तक कि अन्य साक्ष्यों से इसकी पुष्टि नहीं होती। क्योंकि इसे आरोप से अधिक कुछ नहीं माना जा सकता। लेकिन एक बात जरुर आशंका पैदा करती है कि सुभाष चंद्र बोस की मौत को सामने लाने के बजाए उसे रहस्य का कवज क्यों पहना दिया गया? नेताजी की मौत पर 'इंडियाज बिगेस्ट कवर-अप' के लेखक अनुज धर की मानें तो उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय से सुभाष चंद्र बोस की मौत से जुड़े दस्तावेज की मांग की थी लेकिन प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह कह कर देने से इंकार कर दिया था कि इससे विदेशी ताकतों से हमारे संबंधों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। नेताजी के प्रपौत्र और 'हिज मैजेस्टिज अपोनेंट' के लेखक सौगत बोस का कहना है कि विदेश से संबंध खराब होने की बात गले नहीं उतरती। उन्होंने अपने शोध के जरिए दावा किया है कि विंस्टल चर्चिल ने 1942 में नेताजी की हत्या के आदेश दिए थे लेकिन इसका अर्थ यह नहीं हुआ कि इस मुद्दे पर भारत आज ब्रिटेन से अपने रिश्ते खराब कर ले। सौगत बोस ने यह भी आरोप जड़ा कि प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु के कार्यकाल में इंटेलिजेंस ब्यूरो उनके पिता, चाचा और सुभाष बोस की पत्नी एमिली की चिट्ठियां पढ़ता रहा और उसकी प्रतियां बनाता रहा। ऐसे में सवाल लाजिमी है कि क्या सुभाष चंद्र बोस के परिवार पर हो रही जासूसी की जानकारी प्रधानमंत्री नेहरु को थी? भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ में काम कर चुके बालाचंद्रन की मानें तो जासूसी की परंपरा को आजाद भारत की खुफिया एजेंसियों ने ब्रिटेन से ग्रहण की। लेकिन लेखक अनुज धर की मानें तो इस तरह की जासूसी प्रधानमंत्री नेहरु की जानकारी के बगैर संभव ही नहीं है। आईबी वाले कोई भी काम बिना अनुमति के नहीं करते। सुभाष चंद्र बोस के बारे में उनका हर नोट आईबी के बड़े अफसर मलिक और काव तक पहुंचता था। अनुज धर ने यह भी दावा किया है कि उनके पास ऐसे दस्तावेज हैं जिनमें नेहरु ने अपने हाथों से आईबी को च्चिठी लिखकर यह जानकारी हासिल करने का निर्देश दिया है कि सुभाष चंद्र बोस का पौत्र अमिय बोस जापान क्यों गया है, वहां क्या कर रहा है और क्या वों रिंकोजी मंदिर भी गया था? अगर यह दावा सच है तो सुभाष चंद्र की मौत पर सवाल उठना लाजिमी है। स्वतंत्रता के पश्चात भारत सरकार ने नेताजी की मौत की घटना की जांच के लिए 1956 और 1977 में दो बार आयोग नियुक्त किया। दोनों बार यह नतीजा निकला कि नेताजी उस विमान दुर्घटना में ही मारे गए। लेकिन आश्चर्यजनक यह कि जिस ताईवान की भूमि पर यह दुर्घटना होने की खबर थी, उस ताईवान देश की सरकार से इन दोनों आयोगों ने कोई बात नहीं की। 1999 में जस्टिस मनोज कमार मुखर्जी के नेतृत्व में तीसरा आयोग बनाया गया। 2005 में ताईवान की सरकार ने मुखर्जी आयोग को जानकारी दी की 1945 में ताईवान की भूमि पर कोई भी हवाईजहाज दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुआ। 2005 में मुखर्जी आयोग ने भारत सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी जिसमें कहा गया कि नेताजी की मृत्यु उस विमान दुर्घटना में होने का कोई सबूत नहीं है। लेकिन सरकार ने मुखर्जी आयोग की रिपोर्ट को खारिज कर दी। लेकिन यहां आश्चर्य इस बात पर है कि एक ओर ताईवान की सरकार ने 1945 में अपनी भूमि पर किसी भी हवाई दुर्घटना न होने की बात कही और वहीं दूसरी ओर ब्रिटेन की वेबसाइट की ओर से दावा किया गया कि ताईवान की सरकार ने उसे नेताजी की मौत से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध कराए हैं? क्या यह अपने आप में विरोधाभास नहीं है? क्या यह नेताजी की मौत को लेकर भ्रम पैदा नहीं करता है? ऐसे में अगर नेताजी के जिंदा होने की आशंका सतह पर उभरती रही है तो यह अचरजपूर्ण नहीं है। यहां गौर करने वाली बात यह कि जस्टिस मुखर्जी ने फैजाबाद स्थित उस गुमनामी बाबा जिनकी शक्ल सुभाष चंद्र बोस से मिलती थी, की भी जांच की। एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म निमार्ता से बात करते हुए उन्होंने शक जताया कि गुमनामी बाबा सुभाष चंद्र बोस हो सकते थे। गुमनामी बाबा को करीब से देखने वालों का भी कहना है कि उनकी बहुत सी चीजें नेताजी सुभाष चंद्र बोस से मिलती थी। मसलन वे नेताजी की ही तरह छः फुट के थे। उन्हीं की तरह चश्मा लगाते थे। गुमनामी बाबा की जन्मतिथि 23 जनवरी 1897 ही पायी गयी जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की है। गुमनामी बाबा का निधन 18 सितंबर 1985 को हुआ और उनकी समाधि सरयू नदी के किनारे गुप्तार घाट पर है। लेकिन यहां सवाल यह खड़ा होता है कि अगर गुमनामी बाबा ही सुभाष चंद्र बोस थे तो फिर वे गुपचुप तरीके से यहां क्यों रहते थे? भला एक महान देशभक्त जो ब्रिटिश हुकुमत के आगे झुका नहीं वह गुमनामी की जिंदगी क्यों गुजारा? पर मौंजू सवाल यह है कि एक महान देशभक्त की रहस्यमयी मौत से अभी तक परदा क्यों नहीं हटा?

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

---

### सुभाष चंद्र बोस ने रंगून रेडियो स्टेशन से गांधी जी को सर्वप्रथम राष्ट्रपिता कहकर संबोधित किया था

# प्रतिरोध की संस्कृति के वैश्विक नायक

**स्मरण**



**डॉ. चित्रा माली**

बंगाल की भूमि,प्रतिरोध की भूमि है और प्रतिरोध की संस्कृति को आज भी बंगाल में देखा जा सकता है । इस प्रतिरोध की संस्कृति को लगातार विकसित होते रहने में और बनाए रखने में यहां के स्मारकों,संग्रहालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है जिसमें बंगाल के स्वतंत्रता सेनानियों,क्रांतिकारियों और खासकर महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन,स्वाधीनता के लिए उनके संघर्षों, प्रयासों और उपलब्धियों का जीवंत वर्णन किया गया है जो हर व्यक्ति को प्रभावित करता है तथा स्वतंत्रता के लिए दी गई शहादत को ऐसे ही जाया न कर देने का संदेश भी देता है । अन्य प्रदेशों की तुलना में बंगाल में अपने नेताओं के प्रति एक अलग तरह का भावनात्मक लगाव और सम्मान रहता है जो काबिले तारीफ है । अहिंसक उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन जो गांधी जी के नेतृत्व में चल रहा था और जिसकी मुख्य रणनीति सविनय अवज्ञा और अहिंसक प्रतिरोध के मूल्यों पर टिकी हुई थी । गांधी जी के असहयोग आंदोलन वापस लेने के बाद भगत सिंह और उनके कई साथियों ने क्रांति के मार्ग को चुन लिया और कांग्रेस या कहें गांधी की रणनीति के बरक्स नई रणनीति बनाकर स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया । जबकि सुभाष चंद्र बोस एकमात्र ऐसे राष्ट्रीय नेता थे जिन्होंने गांधी के नेतृत्व को स्वीकार करते हुए भी कांग्रेस पार्टी के भीतर रह कर अहिंसा के बरक्स जुझारू राष्ट्रवाद की दावेदारी पेश की । जवाहर लाल नेहरू के साथ कांग्रेस के युवा और वामपंथी चेहरे की नुमाइंदगी करने वाले सुभाष चंद्र बोस में लोगों को संगठित करने की अद्भुत क्षमता थी साथ ही वे प्रखर वक्ता थे जिससे वे लोगों को आकर्षित और सम्मोहित कर लेते थे । कांग्रेस के कार्यकताओं और आम आवाम में अत्यंत लोकप्रिय होने के कारण संपूर्ण भारत में उन्हें 'नेताजी' कह कर संबोधित किया जाता था । 23 जनवरी 1897 को एक उच्च - मध्यम वर्गीय बंगाली कायस्थ परिवार में सुभाष चंद्र बोस का जन्म हुआ । सुभाष चंद्र बोस के पिता वकील थे और उन्हें आईसीएस बनाना चाहते थे । सुभाष चंद्र बोस ने अपने पिता की यह इच्छा पूरी की,लेकिन अपने गहरे राष्ट्रवादी रुझानों के कारण 1921 में इंडियन सिविल सर्विस से इस्तीफा दे दिया और भारत लौट आए । भारत में उन्होंने गांधी जी से मुलाकात की । गांधी के प्रति गहन आदर सम्मान होने बावजूद भी वे क्रांतिकारियों से जुड़े राष्ट्रवादी नेता चितरंजन दास से अधिक प्रभावित थे । सुभाष चंद्र बोस की उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में सहभागिता की शुरूआत प्रिंस ऑफ वेल्स के भारत आगमन के खिलाफ कोलकाता में हुए प्रदर्शनों से हुई । कांग्रेस स्वयंसेवक के इंचार्ज के तौर पर बोस ने हड़ताल का सफल आह्वान किया और गिरफ्तारी के बाद रातों रात बंगाल के उभरते हुए नेता बन गए । बंगाल में हिंदू - मुस्लिम एकता को कायम रखने के लिए बोस ने स्वराज पार्टी की राजनीति में मुसलमानों के लिए नौकरियों में आरक्षण का समर्थन किया । 1924 में उन्हें क्रांतिकारी गतिविधियों में लिप्त होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया और चार साल के लिए बर्मा की मांडले जेल भेज दिया गया । 1926 में उन्होंने जेल में कैदियों के साथ बदसलूकी के खिलाफ लंबी भूख हड़ताल की, जिसके दबाव में जेल अधिकारियों को उनकी कई मांगें पूरी करनी पड़ी । 1928 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में सुभाष चंद्र बोस और नेहरू ने पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव पारित करने का प्रयास किया जो नाकामयाब रहा लेकिन इस अधिवेशन में पचास हजार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकताओं ने भाग लिया जिससे बोस प्रभावित हुए और बोस का कम्युनिस्टों के साथ परस्पर सहयोग का सिलसिला चल पड़ा । साइमन कमीशन के विरोध में एक लाख लोगों का प्रदर्शन सुभाष चंद्र बोस और भाकपा के गठजोड़ का ही परिणाम था । कांग्रेस के अंदर सुभाष चंद्र बोस वामपंथी धड़े की मुख्य आवाज बन गए थे । 26 जनवरी 1931 को उन्हें कोलकाता के मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए गिरफ्तार किया गया और छह माह की सजा दी गई । सुभाष चंद्र बोस ने गांधी इरविन समझौते की खुलकर आलोचना की, लेकिन साथ ही युवकों से यह भी कहा कि संघर्ष के बीचों बीच संघर्ष के सिपहसालार को ठुकराना ठीक नहीं है । जनवरी 1938 में बोस जब इंग्लैंड में थे तब उन्हें पता चला कि उन्हें सर्वसम्मति से कांग्रेस का अध्यक्ष चुन लिया गया है । कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर सुभाष चंद्र बोस को पार्टी के भीतर स्वतंत्र भारत में सोवियत तर्ज पर नियोजित विकास पर चर्चा करने का श्रेय दिया जाता है । कांग्रेस पार्टी में कई क्रांतिकारी परिवर्तन सुभाष चंद्र बोस ने किए वे बिना किसी प्रभाव के और दबाव के पार्टी हित में निर्णय लेने से भी नहीं चूके । गांधी जी के निदेशों का उल्लंघन करके उनकी मर्जी के बिना दुबारा अध्यक्ष पद का चुनाव जीत कर दिखाया । अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद बोस ने कांग्रेस के भीतर काम करने के लिए फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की । 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद आजाद हिंद फौज का अभियान स्वतंत्रता के लिए किया गया सबसे सुनियोजित, गंभीर और प्रभावी सशस्त्र संघर्ष था । 1940 में अंग्रेजों की नजरबंदी तोड़ कर बोस विदेश चले गए । 1943 में सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज और आजाद हिंद सरकार के गठन की सार्वजनिक घोषणा की । यह सेना पूरी तरह से सेकुलर आधार पर गठित की गई थी । 1943 में बोस ने टोकियो रेडियो स्टेशन से घोषणा की कि अंग्रेजों से यह आशा करना बिल्कुल व्यर्थ है कि वे खुद अपना साम्राज्य छोड़ देंगे,हमें भारत के भीतर और बाहर से स्वतंत्रता के लिए स्वयं संघर्ष करना होगा । जुलाई 1944 में सुभाष चंद्र बोस ने रंगून रेडियो स्टेशन से महात्मा गांधी को संबोधित किया और गांधी जी को सर्वप्रथम राष्ट्रपिता कहकर संबोधित किया । इस संबोधन में अपनी स्थिति को स्पष्ट करते हुए आजाद हिंद फौज के द्वारा स्वतंत्रता के लिए लड़ी जा रही इस निर्णायक लड़ाई की जीत के लिए शुभकामनाएं मांगी । आजाद हिंद फौज में महिलाओं को भी अवसर प्रदान किया गया था । महिलाओं के लिए झांसी रानी रेजिमेंट बनाई गई थी । आजाद हिंद फौज में चालीस हजार स्त्री और पुरुषों को प्रशिक्षित किया गया था । नेताजी ने आजाद हिंद फौज में कई ब्रिगेड बनाए और उन्हें अलग अलग नाम दिए इन में प्रमुख महात्मा गांधी ब्रिगेड,नेहरू ब्रिगेड,अबुल कलाम आजाद ब्रिगेड,सुभाष चंद्र बोस ब्रिगेड जिसके सेनापति शाहनवाज खां (शाहरुख खान के नाना) थे । युद्ध में पराजय के बाद आजाद हिंद फौज के सैनिकों के खिलाफ मुकदमे चलाये गए,इन मुकदमों के खिलाफ पूरे देश में राष्ट्रवादी भावनाओं की जबरदस्त लहर फैल गई । इसी के परिणामस्वरूप 1945 से 1951 के बीच ब्रिटिश के प्रधानमंत्री रहे क्लीमेंट एटली को मानना पड़ा कि गांधी के सत्याग्रह से कहीं अधिक इस फौजी अभियान ने अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए तत्पर किया । भारत से बोस की फरारी और फिर आजाद हिंद फौज के सेनापतित्व ने उन्हें एक किवदंती में बदल दिया जिसके प्रति आज भी देशवासियों में गहरी श्रद्धा है ।



**गांधी के प्रति गहन आदर सम्मान होने बावजूद भी वे क्रांतिकारियों से जुड़े राष्ट्रवादी नेता चितरंजन दास से अधिक प्रभावित थे । सुभाष चंद्र बोस की उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में सहभागिता की शुरूआत प्रिंस ऑफ वेल्स के भारत आगमन के खिलाफ कोलकाता में हुए प्रदर्शनों से हुई । कांग्रेस स्वयंसेवक के इंचार्ज के तौर पर बोस ने हड़ताल का सफल आह्वान किया और गिरफ्तारी के बाद रातों रात बंगाल के उभरते हुए नेता बन गए ।**

**(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार और सामाजिक चिंतक हैं)**

---

# आर्थिक असमानता से कैसे मिले निजात !

**प्रसंगवश**



**एच. एल. दुसाध**

भारत में आर्थिक असमानता की खाई और चौड़ी हो गई है, यह बात स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकनोमिक इकॉनोमिक फोरम के सालाना बैठक के पहले दिन प्रकाशित ऑक्सफैम इंटरनेशनल की रिपोर्ट:2023 में उभर कर आई है.रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 1 प्रश अमीरों के पास देश की 40 प्रश सम्पत्ति, टॉप के 10 प्रश के पास 72 प्रश जबकि नीचे की 50 प्रश आबादी के पास सिर्फ 3 फीसदी संपत्ति है. इसमें चौकाने वाला यह तथ्य भी उभरकर आया है कि भारत के 10 प्रश अमीर लोगों का जीएसटी में योगदान सिर्फ 3 प्रश है, जबकि 64 प्रश टैक्स कम आय वाले 50 प्रश लोगों ने भरा है. ऑक्सफैम इंटरनेशनल ने कहा कि भारत के दस सबसे अमीरों पर 5 प्रतिशत कर लगाने से बच्चों को स्कूल वापस लाने के लिए पूरा पैसा मिल सकता है. रिपोर्ट के अनुसार, भारत के गरीब अधिक टैक्स चुका रहे हैं. वे अमीरों की तुलना में आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर अधिक खर्च कर रहे हैं. अब समय आ गया है कि अमीरों पर टैक्स लगाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वे अपने उचित हिस्से का भुगतान करें.

ऑक्सफैम इंटरनेशनल की 'सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट' शीर्षक के रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर भारत के अमीरों की संपत्ति पर 2 फीसदी की दर से एक बार टैक्स लगाया जाए, तो इससे देश में अगले तीन साल तक कुपोषित लोगों के भोजन के लिए 40,423 करोड़ रुपये की जरूरत को पूरा किया जा सकेगा. वहीं, देश के 10 सबसे अमीर अरबपतियों पर 5 प्रतिशत का एक बार का टैक्स लगाने से 1.37 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (86,200 करोड़ रुपये) और आयुष मंत्रालय द्वारा अनुमानित धन से 1.5 गुना अधिक है ( 3,050 करोड़ रुपये). रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में लैंगिक असमानता अभी भी कायम है. यहां महिला श्रमिकों को एक पुरुष मजदूर द्वारा कमाए गए प्रत्येक 1 रुपये के मुकाबले केवल 63 पैसे मिलते हैं. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में अरबपतियों की कुल संख्या 2020 में 102 से बढ़कर 2022 में 166 हो गई. ऑक्सफैम ने कहा कि महामारी से लेकर नवंबर 2022 तक, भारत में अरबपतियों की संपत्ति में वास्तविक रूप से 121 प्रतिशत या 3,608 करोड़ रुपये प्रति दिन की वृद्धि हुई है.

बहरहाल ऑक्सफेम इंटरनेशनल की 2023 की रिपोर्ट में आर्थिक असमानता का जो और विकराल रूप सामने आया है, वह अनायास नहीं है: वर्तमान सरकार की नीतियों से ऐसा होना ही था. कारण, 2014 में हर वर्ष 2 करोड़ नौकरियां; तीन महीने के अन्दर विदेशों से काला धन लाकर प्रत्येक के खाते में 15 लाख जमा कराने जैसे लोक लुभावन नारे के साथ आंधी-तूफान की तरह केन्द्रीय सत्ता पर काबिज हुए मोदी की नीतियाँ आजादी का समस्त सुफल जन्मजात सुविधाभोगी वर्ग के हाथ में सौपने पर केन्द्रित रहीं, जिसका सही प्रतिबिम्बन पहली बार जनवरी, 2018 में आई ऑक्सफाम की ही रिपोर्ट में हुआ था. उसमें बताया गया था कि देश की सृजित दौलत का 73 प्रश हिस्सा टॉप की 1 प्रश आबादी वाले अर्थात वर्ण-व्यवस्था के सुविधाभोगी लोगों के हाथ मे चला गया है! यह महज संयोग नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से मोदी की नीतियों से ऐसा हुआ था, इसका अनुमान पूर्व की रिपोर्टो से लगाया जा सकता है.पूर्व की रिपोर्टों के मुताबिक 2001 में टॉप के एक प्रतिशत वालों के हाथ में सृजित धन-दौलत का 37 प्रतिशत पहुंचा ,जबकि 2005 में बढ़कर 42, 2010 में 48 , 2012 में 52 तथा 2016 में 58.5 प्रश चली गयी थी. इससे जाहिर है कि 2000 से 2016 अर्थात 16 वर्षों में 1प्रश वालों की दौलत में 21प्रश का इजाफा हुआ , जबकि 2016 से 2017 में 73 प्रश प्रतिशत पहुचने का अर्थ यह हुआ कि एक वर्ष में उनकी दौलत में 15 प्रश प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गयी. है न यह आश्चर्य! यह आश्चर्य इसलिए घटित हुआ क्योंकि मोदी सरकार ने सुविधाभोगी वर्ग के हाथ में अधिक से अधिक धन-दौलत पहुचाने की नीतियों पर काम किया था.2018 में ऑक्सफाम की स्तब्धकारी रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद बहुत से अखबारों ने लिखा- ह्य गैर- बराबरी अक्सर समाज में उथल-पुथल की वजह बनती है. सरकार और सियासी पार्टियों को इस समस्या को गंभीरता से लेनी चाहिए. संसाधनों और धन का न्यायपूर्ण बंटवारा कैसे हो, यह सवाल प्राथमिक महत्त्व का हो गया है.- लेकिन मोदी सरकार इन सब बातों से निर्लिप्त रही और 2018 की स्तब्ध कर देने वाली उस रिपोर्ट के बाद ऑक्सफाम की जितनी भी रिपोर्टें आई हैं, स्थिति बाद से स्थिति और बदतर होती गयी. इसका साक्ष्य इस बार की रिपोर्ट का यह तथ्य है कि नीचे की 50 प्रश आबादी 3 प्रश धन पर गुजर बसर करने के लिए अभिशप्त है. हाल के वर्षों में ऑक्सफेम के अतिरिक्त प्रकाशित विश्व असमानता, ग्लोबल जेंडर गैप, ग्लोबल हंगर इंडेक्स इत्यादि तमाम रिपोर्टों में ही आर्थिक विषमताजन्य स्थिति बद से बदतर से बदतर होती गयी है: किसी भी रिपोर्ट में सुधार का लक्षण मिलना मुश्किल है. आज लैंगिक समानता के मोर्चे पर भारत दक्षिण एशिया में नेपाल , बांग्लादेश, भूटान,म्यांमार से भी पीछे चला गया है और भारत की आधी आबादी को आर्थिक रूप से पुरुषों के बराबर आने में 257 साल लगने हैं, इसकी खुली घोषणा ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2021 में हो चुकी है. आज अगर भारत नाईजेरिया को पीछे धकेल कर 'विश्व गरीबी की राजधानी' का खिताब अपने नाम कर चुका है; घटिया शिक्षा के मामले में मलावी नामक अनाम देश को छोड़ कर टॉप पर पहुँच चुका है तो इसलिए कि मोदी राज में सारा कुछ जन्मजात सुविधाभोगी वर्ग के हाथों में सौपने के जुनून में आर्थिक विषमता जन्य समस्यायों की लगातार बुरी तरह अनदेखी की गयी. ऐसे जो ताकतें विस्फोटक रूप अख्तियार करती आर्थिक असमानता की समस्या से चिंतित हैं, उन्हें इसके खात्मे के उपायों के संधान में जुट जाना चाहिए.

डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे, स्वीडेन , ग्रीनलैंड इत्यादि जैसे क्षेत्र मिलकर उत्तरी यूरोप में नॉर्डिक क्षेत्र बनाते हैं. बड़े भूमि क्षेत्र और तुलनात्मक रूप से समरूप आबादी वाले इन देशों को दुनिया के सबसे विकसित देशों में गिना जाता है. ये देश आर्थिक विकास, पर्यावरण और शांति के लिहाज से सर्वाधिक अग्रसर देशों में शुमार किये जाते हैं. इन देशों की अर्थव्यवस्था और शासन का मॉडल, जिसे 'नॉर्डिक मॉडल' कहा जाता को बड़े पैमाने पर आर्थिक विकास और सामाजिक संतुष्टि के बीच आदर्श संतुलन के रूप में स्वीकार किया जाता है. नॉर्डिक मॉडल एक मिश्रित आर्थिक प्रणाली है जो मुक्त बाजार व्यवस्था को सामाजिक लाभों के साथ मिश्रित करती है. इनकी राजनीति एक वामपंथी दृष्टिकोण की ओर झुकती है, जिसका अर्थ है कि सरकार नॉर्डिक आबादी के मध्य धन और संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करना पसंद करती है.


क्या भारत के नागरिक स्वेच्छा से अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा समाज में समृद्धि लाने के लिए करों के रूप में दे सकते हैं? क्या यहाँ का जमीन और जनसंख्या का असंतुलित अनुपात इस मॉडल को अपनाने के अनुकूल है? कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को प्रायः पूरी तरह ध्वस्त कर चुकी वर्तमान सरकार क्या अपने नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा, मुफ्त शिक्षा, चाइल्ड केयर, गारंटीड पेंशन जैसी अच्छी गुणवत्ता वाली सेवाएँ प्रदान करने की मानसिकता से पुष्ट है? राष्ट्र की लाभजनक कंपनियों सहित रेल, बस और हवाई अड्डे, अस्पताल और शिक्षण संस्थान इत्यादि सारा कुछ निजी हाथो में देने पर आमादा हमारी सरकारों में क्या समाजवादी चरित्र रह गया है ? वर्तमान सरकार का चाल-चरित्र देखते हुए ऐसा लगता है कि अभूतपूर्व मजबूती से सत्ता पर काबिज यह सरकार वर्ग संघर्ष का इकतरफा खेल खेलते हुए जहां एक ओर राजसता का इस्तेमाल शक्ति के समस्त स्रोत जन्मजात सुविधाभोगी हाथ में देने के लिए कर रही है, वहीं दूसरी ओर यह सुपरिकल्पित तरीके से वंचित वर्गों को जीविकोपार्जन के समस्त अवसरों से दूर धकेल रही है. सरकार की इन नीतियों से बुरी तरह असमानता का शिकार बना बहुसंख्य वर्ग उस स्टेज में पहुँच गया है, जिस स्टेज में पहुचने पर सारी दुनिया के वंचितों को मुक्ति-संग्राम छेड़ना पड़ा था! ऐसे हाल में क्या भारत में व्याप्त बेहिसाब विषमता का शमन करने में नॉर्डिक मॉडल सफल होगा? सारी बातों का उत्तर 'ना' है. सबसे बड़ी बात तो यह है कि नॉर्डिक मॉडल के देशों के कल्याणकारी कार्यक्रम गरीबों पर लक्षित नहीं, बल्कि पूरी आबादी को कवर करने के लिए हैं, जबकि भारत में व्याप्त भीषणतम विषमता से पार पाने के लिए जरुरी है कि सरकारों का कार्यक्रम गरीबों : दलित, आदिवासी,पिछड़े और इनसे धर्मान्तिरित तबको के साथ महिलाओं को लक्षित हो! इसके लिए जरुरी है कि हम नॉर्डिक मॉडल का मोह विसर्जित कर अमेरिका और खासतौर से दक्षिण अफ्रीका के डाइवर्सिटी मॉडल से प्रेरित 'बहुजन डाइवर्सिटी मिशन' (बीडीएम) के विविधता फामूर्ले को अंगीकार करें।

**देश की सृजित दौलत का 73 प्रश हिस्सा टॉप की 1 प्रश आबादी वाले अर्थात वर्ण-व्यवस्था के सुविधाभोगी लोगों के हाथ मे चला गया है! यह महज संयोग नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से मोदी की नीतियों से ऐसा हुआ था, इसका अनुमान पूर्व की रिपोर्टों से लगाया जा सकता है.**

**(लेखक बहुजन डाइवर्सिटी मिशन के संस्थापक अध्यक्ष हैं. संपर्क: 9654816191)**

---

**व्यंग्य**



## साहित्यिक रेड में सेंध

**असणोक गौतम**

इधर उधर से ही सुना है कि वे तथाकथित उच्च धोती के मल्टी डायमेंशनल साहित्यकार हैं। उन्होंने अपनी साहित्य फैक्टरी को आईएसओ का दर्जा भी ले रखा है ताकि उनके साहित्य के प्रॉडक्ट को लेकर किसीको भी गलतफहमी न हो। उनकी साहित्य की फैक्टरी में चुटकुले से लेकर उपन्यास,नाटक सब बनते मिलते हैं। उन्होंने अपने साहित्य का फैक्टरी आउटलेट खोल रखा है। इसके पीछे उनका कुतर्क सा तर्क है कि जब जूतों का शोरूम हो सकता है तो साहित्य फैक्टरी का आउटलेट क्यों नहीं! भले ही सब्जी गंदी नाली के ऊपर बोरे डालकर उस पर मटकती बिकती रहे तो बिकती रहे।

बहुधा जब तब वे अपने साहित्यिक माल का प्रचार प्रसार करते सबसे कहते फिरते हैं कि उनकी साहित्यिक फैक्टरी के आउटलेट पर हर माल उनके हाथों का बना मिलता है। पर ये अलग बात है कि उनके द्वारा घोषित हेंड मेड साहित्यिक रचनाएं बहुधा बिलो क्वालिटि की होती हैं या फिर उनके साहित्यिक स्तर के हिसाब से बहुत ऊपर की।

वे साहित्य की फैक्टरी के इकलौते मालिक होकर भी बहुधा परेशान ही रहते हैं। साहित्य कंबख्त है ही प्रॉडक्ट ऐसा। उसे कोई भी बनाए, देता परेशानी ही परेशानी है, लिखने ये लेकर छपने बिकने तक। जिस किसी ने भी साहस दुस्साहस कर इसका छोटे से भी छोटा स्टार्टअप शुरू किया , उसके हिस्से देर सबेर परेशानी ही आई। कभी पाठकों की तरफ से तो कभी घरवालों की तरफ से तो कभी प्रकाशकों की तरफ से।

बंधुओ! आज साहित्य रचने वाला तो परेशान है ही, परंतु साहित्य की रेहड़ी फड़ी वाले से लेकर साहित्य का बड़े से बड़ा प्रकाशक भी परेशान है। साहित्यिक किताबों पर चाहे कितनी ही छूट दे दो। एक के साथ चार किताबें देने के चेहरे चेहरे पोस्टर लगा दो । फिर भी साहित्य की तरफ से बेरूखी ही बेरूखी। साहित्य के बड़े से बड़े प्रेमी रोज पांच सौ की दारू दवा समझ मजे से पी जाएंगे पर पचास रुपए की किताब को छूने से भी डरेंगे। पता नहीं दिन प्रति दिन ये साहित्य प्रेमी समाज साहित्य की ओर से उदासीन क्यों होता जा रहा है?

जिधर देखो, हर किस्म के बाजार में हर उपभोग की वस्तु के लिए मारधाड हाहाकार हो रही है, पर साहित्य के बाजार में जब देखो तब बस, सन्नाटा ही सन्नाटा पसरा हुआ । साहित्य के बाजार में अपनी ताजी ताजी आर्गेनिक रचनाओं को टोकरे में सजाए हर साहित्यकार को हर आते जाते चेहरे में पाठक नजर आता है तो प्रकाशक को हर चेहरे में किताब का खरीदार।

कल यही साहित्य की फैक्टरी के इकलौते मालिक अपनी परेशानी साझा करते मुझसे बोले, 'कामरेड! एक काम था।'

'कहो! पर अपना साहित्यिक माल खरीदने को मत कहना,' मैंने अपनी ओर से पहले ही साफ कर दिया ताकि बाद में मुझे बुरा न लगे। साहित्यकार होने के नाते खैर वे तो कभी बुरा मानते ही नहीं।

'उसकी तो मैंने सेल लगाई है। पर कुछ दिन के लिए मेरी कुछ साहित्यिक रचनाएं अपने घर रख लेते तो मैं तुम्हारा अहसान कभी नहीं भूलता।'

'तुम्हारी रचानाएं और मेरे घर! देखो डियर साहित्यकार मित्र! तुम कहो तो मैं तुम्हें अपने घर बीवी के कोसने के बाद भी कुछ दिन नहीं, बहुत दिन रख सकता हूं। बहुत दिन फ्री में खिला पिला भी सकता हूं। पर बुरा मत मानना! तुम्हारी कुछ तो छोड़ो, एक भी साहित्यिक रचना अपने घर न रख पाऊंगा। इसे मेरी विवशता कहिए या मेरी... पर आखिर बात क्या है जो अपनी रचनाएं दूसरों के घर रखनी पड़ रही हैं? जबकि छोटे से छोटा औरों की रचनाओं का लेखक भी उन्हें अपनी बता उन रचनाओं को उसी तरह अपने से चिपकाए रखता है जिस तरह बंदर अपना बच्चा मान कुत्ते के बच्चे को।'

'मुझे कहीं से भनक लगी है कि किसीने सीबीआई बोले तो साहित्य अन्वेषण ब्यूरो को खबर दी है कि मैं अवैध साहित्य का निर्माण करता हूं। मेरे पास मेरे लेखन से अधिक साहित्य का जखीरा है।'

'मतलब?'

'मतलब तो वे ही जाने। वैसे अब किसी भी तरह के कारोबार में ईमानदारी कहां बची है कामरेड! इसलिए मैं चाहता हूं कि इससे पहले कि मेरी साहित्यिक फैक्टरी में साहित्य अन्वेषण वालों को रेड में मेरे लेखन से अधिक कुछ मिले उससे पहले तुम कुछ दिनों के लिए.... उसके बाद मैं अपनी साहित्यिक रचनाएं तुम्हारे घर से सादर ले जाऊंगा, विश्वास कीजिए मेरा,' उन्होंने जिस तरह कहते मेरे आगे हाथ जोड़े तो मुझे उन पर बहुत दया आई तो मैंने उनसे कहा,ह्य बीवी से पूछ कर बताता हूं। उसकी परमिशन के बिना मैं अपने घर में अपने का भी नहीं रख सकता, मैंने स्थिति आईने की तरह साफ की और अपने रास्ते हो लिया।

**(लरखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# निर्माणाधीन मकान का गिरा बारजा, एक की मौत


चत्तुरपुर मधईपट्टी गांव में गिरा बारजा।


रोते बिलखते मृतक के परिजन।


घटना की जानकारी लेती पुलिस।

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चत्तुरपुर मधईपट्टी गांव में शनिवार की शाम कुछ बच्चे निर्माणाधीन मकान के नीचे खेल रहे थे जिनके ऊपर अचानक से छत का छज्जा टूट कर गिर जाने से अनीश पुत्र रविंद्र 8 वर्ष की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा सचिन पुत्र संजय 10 वर्ष, किशन पुत्र अरविंद 9 वर्ष, अर्पिता पुत्री संजय 7 वर्ष, वैभव पुत्र अभिनन्दन 8 वर्ष, सलोनी पुत्री संदीप 9 वर्ष घायल हो गए, जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

अतरौलिया थाना के चत्तुरपुर मधईपट्टी गांव में शनिवार को गमगीन माहौल के बीच एक ओर गम ने सभी को मर्माहत कर दिया। तेरहवीं के भोज में शामिल होने गए बच्चे एक

**दुखद**

**पांच लोग गंभीर रूप से घायल**

निमार्णाधीन मकान के बाहर खेल रहे थे कि मकान का छज्जा व दीवार उनके ऊपर ही गिर गई जिसमे एक बालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच घायल हो गए।

गांव के संतराम राजभर के पिता विदेश्वरी राजभर का त्रयोदशाह शनिवार को आयोजित किया गया जिसमें गांव सहित आसपास के लोग आमंत्रित थे। भोज में शामिल होने के लिए गांव के ही बच्चे अनीस, सचिन, किशन, वैभव, सलोनी व अर्पिता भी पहुंचे थे।

भीड़ को देख सभी बच्चे निमार्णाधीन मकान के बाहर स्थान खाली होने का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच मकान का छज्जा और एक दीवार उनके ऊपर जा गिरी। इसके बाद मलबे में दबे बच्चों की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सभी को मलबे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक अनीस ने दम तोड़ दिया था।

सभी घायलों को अतरौलिया के 100 शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से सभी की हालत देख हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। मृतक की मां किरन देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक अनीस दो भाईयों में बड़ा था। उसके पिता रविंद्र राजभर एक माह पहले ही कमाने लिए लुधियाना गए थे। घर पर माता किरन एवं दादी हैं। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

उधर, नायब तहसीलदार बूढ़नपुर रंजीत बहादुर सिंह व थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# पच्चीस हजार का इनामिया अन्तर्जनपदीय बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

जनसंदेश न्यूज


घायल बदमाश को ले जाती पुलिस।

**आजमगढ़।** बरदह थाना पुलिस द्वारा रविवार की सुबह 25000 का ईनामिया अन्तर्जनपदीय बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला असपतल में भर्ती कराया। पुलिस ने उसके पास से अवैध पिस्टल, कारतूस व चोरी की मोटर साइकिल बरामद की।

रविवार की सुबह निरीक्षक संजय सिह मय हमराह दुलारगंज बाजार में मौजूद थे दूरभाष से प्रभारी निरीक्षक देवगांव गजानन्द चैबे द्वारा सूचना दी गई कि चेकिग के दौरान कस्बा लालगंज की तरफ से एक व्यक्ति बिना नम्बर प्लेट की मोटा साइकिल से भीरा की तरफ जा रहा है जिसका पीछा हम कर रहे है। सूचना मिलते ही तत्काल प्रभारी निरीक्षक मय हमराहियान लालगंज की तरफ बढे कि गंगापुर गांव के पास एक मोटर साइकिल बहुत तेजी से आती हुई दिखायी दी। प्रभारी निरीक्षक द्वारा अपनी सरकारी वाहन को रोड पर तिरछा खडी कर नीचे उतरे कि मोटर साइकिल सवार पुलिस वालो को अपने सामने देखकर पीछे मुडकर भागना चाहा कि मोटर साइकिल असंतुलित होकर रोड के किनारे गिर गयी। उस पर बैठा व्यक्ति पैदल ही पीछे मुडकर भागने लगा। दोनो तरफ से पुलिस से घिरा देखकर पुलिस वालो को निशाना बनाकर जान से मारने की नियत से लगातार फायरिंग करते हुए भागने लगा। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही करते हुए फायर किया। गोली बदमाश के बांए पैर में गोली लग गयी जिससे वह गिर गया। पुलिस ने उसे पकड़कर उपचार के लिए जिला अस्पातल में भर्ती कराया। पकडे गये व्यक्ति की पहचान दीपक यादव पुत्र नरेश यादव निवासी मालपार थाना मेहनगर के रूप में हुई जिसकी तलाशी में 2500 नगद एवं एक देशी पिस्टल, एक जिन्दा व 5 खोखा कारतूस 32 बोर व एक मोटर साइकिल बना नम्बर की बरामद हुई।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए शहर कोतवाली व बिलरियागंज थाने की पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उनके कब्जे से तमंचा बरामद हुआ। शहर कोतवाली पुलिस शनिवार की रात रोडवेज-करतालपुर बाईपास पर स्थित मोहटी घाट के समीप वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान उस रास्ते से गुजर रहे बाइक सवार को रोक कर वाहन संबंधित कागजात मांगे तो वह उपलब्ध नहीं करा सका। वाहन की जांच पड़ताल में जानकारी मिली कि उक्त वाहन चोरी का है और वाहन चोरी का मामला जौनपुर जिले में दर्ज है। चोरी की बाइक बरामद कर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी मोहम्मद युसूफ पुत्र मोहम्मद दिलजान रौनापार थाना क्षेत्र के तुरकौली गांव का निवासी बताया गया है। इसी क्रम में बिलरियागंज थाना पुलिस ने रविवार की सुबह क्षेत्र भ्रमण के दौरान कस्बे के खानकाह क्षेत्र से एक अपराधी प्रवृत्ति युवक को 315 बोर तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी सलमान पुत्र मोबीन स्थानीय निवासी बताया गया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

# सरकारी कार्य में बाधा डालने वाला गया जेल

जनसंदेश न्यूज


देवगांव थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

**आजमगढ़।** थाना देवगांव पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

शनिवार को एसडीएम लालगंज व अपर आयुक्त (न्यायिक) आजमगढ़ के आदेश के अनुपालन में प्रथम पक्ष सीताराम सिंह पुत्र रामनवल सिंह व द्वितीय पक्ष के विजय सिंह पुत्र साहब सिंह निवासीगण सराय खुरसू थाना देवगांव के बिवादित स्थल पर नापी कराने हेतु नायब तहसीलदार लालगंज पंकज कुमार साही व लेखपाल खुरसू, विनोद कुमार यादव के साथ गये। नापी के दौरान वर्तमान प्रधान बलवन्त सिंह पुत्र साहब राज अपने भाई यशवन्त सिंह व अमर सिंह, अपने भतीजा राजकुमार सिंह पुत्र अमर सिंह, राजनाथ पुत्र गोविन्दा व 10-12 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तालब पर पहुंचकर नायब तहसीलदार, लेखपाल व पुलिस बल के साथ गाली-गुप्ता व मारपीट करते हुए कार्य सरकार में बाधा पैदा किया गया। इसी बीच ग्राम प्रधान के ललकारने पर गांव सराय खुरसू की तरफ से किसी व्यक्ति द्वारा भय व्याप्त करने हेतु एक फायरिंग की गयी। जब महिला आरक्षियों द्वारा आगे आकर बीच बचाव करने का प्रयास किया गया तो महिला पुलिस कर्मियों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। इस घटना में पांच पुलिस कर्मियों समेत नायब तहसीलदार चोटिल हो गये। पुलिस उक्त आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी। रविवार को अभियुक्त यशवन्त सिंह पुत्र साहब सिंह निवासी सराय खूरसू थाना देवगांव को उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# मतदाता दिवस की तैयारियों पर की समीक्षा बैठक

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 25 जनवरी को मनाए जाने वाले 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि मतदाता दिवस का आयोजन जिला एवं बूथ स्तर पर कराना सुनिश्चित किया जाय।


समीक्षा बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित समारोह का आयोजन अपरान्ह एक बजे अथवा इसके बाद किया जाय। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान ह्लमैं भारत हूंह्ल गीत बजवाया जाय। समारोह में कोविड-19 के दिशा निदेर्शों का पालन सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने का प्रिंट मीडिया, टीवी, रेडियो आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि वेबीनार, सेमिनार आदि का आयोजन करके व्यापक संचार योजना तैयार की जाय। विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय मतदाता दिवस की विषय वस्तु का प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि थीम और संबंधित संदेशों को पोस्टर, बैनर के रूप में कार्यालय एवं मतदाता सुविधा केंद्रों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाय। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, समस्त एसडीएम, सहायक निर्वाचन अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आवंटित भूमि पर मस्जिद बनाने का आरोप

**नाराजगी**

**ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन**

जनसंदेश न्यूज


प्रदर्शन करते वनवासी समाज के लोग।

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा सुदनीपुर के राजस्व गाव चकनुरी के गाटा सख्या 315 रकवा 1820 हेक्टेयर भूमि में वर्ष 2003 में सुदनीपुर गांव के गरीब बनवासी मुसहर जाति के सरन नन्द लाल करन कांमता पुत्र गण दुर्बल सन्तलाल पुत्र बखेडू सुमिरन भीखा सुरेश शंकर पुत्र जियालाल दिनेश पुत्र चन्द्रबली सतिराम पुत्र केसर सहित नव पात्रो का चयन कर 203 हेक्टेयर भूमि बृक्षारोपड के लिए आवंटन किया गया था उसी भूमि से सटे और पूर्व में इसी गाटा सख्या का आवंटन बृक्षारोपड़ नैयर आजम शाह आलम फकरे आलम फसी आलम सहित डा. खालिक के पुत्रों के नाम आवंटित की गई थी जिसे प्रशासन द्वारा कैंसिल कर बनवासियो को आवंटित किया गया था।

मुस्लिम बन्धु सरकारी भूमि व आवंटित भूमि पर कब्जा के उद्देश्य से मस्जिद का निर्माण कराना शुरू कर दिया था। वर्ष 2003 में जिसका बनवासियो ने बिरोध किया। 2003 में तैनात रहे एसडीएम परवेज आलम ने भूमि का सीमांकन करा मस्जिद का निर्माण रुकवा दिया था क्योकि सरकारी भूमि में मस्जिद निर्माण का हिस्सा सम्मिलित था।

दस बारह वर्षों तक मस्जिद का निर्माण रुका रहा वर्तमान में उसी भूमि पर मस्जिद का निर्माण दबंग भूमाफिया कराना शुरू कर दिए जिसके बिरोध में बनवासी मुसहर पुनः एसडीएम के यहां गुहार लगाई। राजस्व निरीक्षक सहित नायब तहसीलदार मौके पर सीमांकन करने पहुंचे पर निर्माण कार्य अभी तक बन्द नही हुआ न ही सरकारी आवंटित भूमि का सीमांकन हुआ। तहसीलदार आदि भूमाफियाओं का हिस्सा की नापी कर मस्जिद बचाने की जुगत में लगे रहे। बनवासी समुदाय को सन्तुष्ट नहीं कर सके। बनवासी मुसहर आवंटी कामता सरन गिरजा सतिराम अंगद का कहना है कि अगर नैयर आलम आदि की भूमि थी तो वर्षो पूर्व सीमांकन के बाद निर्माण कार्य उपजिलाधिकारी द्वारा क्यों रोका गया था। उस समय सीमांकन में मस्जिद निमार्णाधीन स्थल कैसे सरकारी भूमि का हिस्सा बन गया था। आज उनकी भूमि का हिस्सा बना रहे लेखपाल। मुसहरों का कहना है कि हमारी पत्रवाली गायब कर दी गयी है। इन दबंग मुस्लिम परिवार की पकड़ का यह आलम है कि उदपुर ग्राम पंचायत में वर्षो से अंत्येष्ठि स्थल का निर्माण कार्य रुका पड़ा है इन मुस्लिम दबंग परिवार की शिकायत पर किसी अधिकारी ने आज तक जानने की कोशिश नहीं की कि सरकारी पैसा लगाकर क्यों निर्माण कार्य नहीं कराया गया। इधर बनवासियो ने भी कमर कस ली है। हमारी सुनवाई नही हुई तो मुख्यमंत्री दरबार तक गुहार लगाएंगे। सरकार हमारा उत्थान करना चाहती है। इस सम्बंध में एसडीएम ने बताया कि मेरे सज्ञान में मामला है। सरकारी भूमि का सीमांकन करा आवंटियों को दिलाया जाएगा। भूमि सीमांकन तक कार्य रोकने का निर्देश दिया गया है।

# विद्युत आपूर्ति ठप होने से अस्पताल व्यवस्था चरमराई

जनसंदेश न्यूज


एंबुलेंस से मरीज को अन्यत्र ले जाते परिजन।


कोतवाली के सामने गिरा विद्युत पोल।

**आजमगढ़।** राहुल सांस्कृत्यायन महिला अस्पातल में विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण अस्पातल की व्यवस्था चरमरा गयी। कई घटों तक जनरेटर चलने के बाद जब बंद हो गया तो आईसीयू में भर्ती छोटे मरीजों के परिजन अपने बच्चों को लेकर अन्य अस्पताल चले गये।

राहुल सांस्कृत्यायन महिला अस्पातल में विद्युत विभाग द्वारा 24 घण्टे विद्युत की आपूर्ति दी जाती है। कटौती होने पर अस्पताल विभाग द्वारा जनरेटर के माध्यम से मरीजों को सुविधा प्रदान की जाती है। शनिवार की रात से विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण अस्पातल की व्यवस्था चरमरा गयी। मरीजों ने बताया कि शनिवार की रात से ही लाइट नहीं आ रही है जिससे वहां रह रहे मरीजों व उनके तिमारदारों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा। विद्युत आपूर्ति ठप होने के बाद अस्पातल प्रशासन द्वारा जनरेटर चालू कर दिया जिससे मरीजों को राहत रही। लेकिन दिन के 12 बजे के बाद से जनरेटर बंद होने के बाद से मरीजों व उनके तिमारदारों की परेशानियां बढ़ गयी।

अस्पातल में भर्ती छोटे बच्चों को काफी दिक्कत होने लगी। जनरेटर बंद होने से आक्सीजन की सप्लाई भी बंद हो गयी। जिससे मरीज काफी परेशान हो गये। महिला अस्पातल में छोटे-छोटे बच्चों को लेकर भर्ती परिजन अपने बच्चों को लेकर प्राइवेट अस्पातल में चले गये। तथा वहां से बहुत से मरीज भी प्राइवेट अस्पातल में चले गये। कुछ मरीजों ने बताया कि कोतवाली के पास खम्भा का तार टूट गया जिससे विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी।

विद्युत सप्लाई बंद होने के बाद अस्पातल प्रशासन द्वारा जनरेटर की व्यवस्था की गयी लेकिन जनरेटर बंद होने के बाद मरीजों को काफी कठिनाई होने के कारण मरीजों के परिजन अपने अपने मरीजों को लेकर प्राइवेट अस्पातल लेकर चले गये।

## विद्युत सप्लाई चालू, मरीजों को कोई समस्या नहींःसीएमओ

**आजमगढ़।** महिला अस्पातल में विद्युत सप्लाई ठप होने के बाद मरीजों को हो रही समस्या के बारे में मुख्य चिकित्साअधिकारी इन्द्र नरायन तिवारी ने बताया कि विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण कुछ समस्या आयी थी लेकिन विद्युत सप्लाई सही हो गयी है मरीजों को कोई समस्या नहीं होगी।

# सिरसाल में ऑल इंडिया मुशायरे का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज


सिरसाल गांव में काव्यपाठ करती रूखसार बलरामपुरी।

**लालगंज (आजमगढ़)।** शनिवार की रात सिरसाल गांव में आल इंडिया मुशायरे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में उपस्थित श्रोताओं ने मुशायरे का आनंद लिया। इसमें जहां राष्ट्रीय स्तर के शायरों ने अपने कलाम प्रस्तुत किए वहीं हास्य व्यंग के कवियों और स्थानीय शायरों ने भी अपना जलवा बिखेरा।

शायरों में मुजावर मालेगांवी, सुल्तान जहां बरेली, दानिश गजल मेरठ, अरमान रजा बलरामपुरी, शाह खालिद मऊ नाथ भंजन, हिना अंजुम इलाहाबाद, मोहम्मद मुंतजीर उत्तराखंड, काविश रुदौलवी, तनवीर अख्तर बिजनौर, रुखसार बलरामपुरी, शारिक इनामी मंगरावां और साकिब कोटिला ने अपने कलाम से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन जमील अख्तर जैदपूरी द्वारा किया गया। उन्होंने अपने हुनर से उपस्थित जनों का मन मोह लिया और कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान कर दी। कन्वीनर मिर्जा सरफराज बेग ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। जबकि कार्यकताओं में मिर्जा आरिफ, मिर्जा अतीक, मिर्जा अजीम, शेख अब्दुर रब, शेख अबू तालिब मिर्जा फेदा, मिर्जा हंजला, फैजान अहमद आदि ने काफी मेहनत की।

मुख्य अतिथि के रूप में गोधना के जफर सिद्दीकी रुस्तम और मेहमान खुसूसी के रूप में शाह आलम अंसारी उर्फ शब्बू भाई मौजूद रहे।

## संक्षेप

### डीआईओएस कार्यालय की उदासीनता से शिक्षक परेशानः विजय सिंह



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिला मंत्री विजय कुमार सिंह ने प्रेस को जारी एक बयान माध्यम से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन के पारिश्रमिक का पैसा लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक शिक्षकों के खाते में नहीं आया। एनपीएस कटौती जो शिक्षकों के खाते से निरंतर कटती जा रही है मगर उनके प्राण नंबर में नहीं जा रही है जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक की है। श्री सिंह ने कहा कि लगभग 2 माह पूर्व संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ मंडल आजमगढ़ के कार्यालय में शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी एवं जिलाध्यक्ष बृजेश राय तथा जिला विद्यालय निरीक्षक की मौजूदगी में मैं स्वयं उपस्थित था। मूल्यांकन पारिश्रमिक एनपीएस की कटौती को शिक्षकों के प्राण खाते में भेजने का जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा 2 सप्ताह में पूरा करने का आश्वासन संयुक्त शिक्षा निदेशक की उपस्थिति में दिया गया था। मगर आज तक कोई भी कार्य उनकी उदासीनता के कारण नहीं हुआ जिससे शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। किसी भी समय एक बड़े आंदोलन का एलान होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक की होगी। श्री सिंह ने कहा कि जल्द ही जिलाधिकारी से मिलकर मूल्यांकन केंद्र शहर के अंदर ही बनाया जाए जिससे शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को आने जाने में आसानी हो शहर के बाहर कदापि मूल्यांकन केंद्र न बनाया जाए।

### फ्री मेडिकल कैंप में 340 लोग हुए लाभान्वित



**संजरपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के श्री अर्जुन सिंह स्मारक इंटर कॉलेज पवईलाडपुर सरायमीर में रविवार को जर्मन होम्योपैथ क्लीनिक सरायमीर के डॉ.रजत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 340 मरीज लाभवंतित हुए। रविवार को जर्मन होमियो क्लिनिक सरायमीर के डॉ.रजत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में तीन डाक्टरों की टीम ने आए हुए मरीजों का फ्री मेडिकल चेक अप कर उनको एक सप्ताह की दवा फ्री में दी। मरीजों से कहा गया कि मेडिकल कैंप का पर्चा किलनिक पर लेकर जो भी आएगा उसको फ्री में दवा वितरण किया जाएगा। इस संबंध में डॉ.रजत कुमार जायसवाल ने बताया कि फ्री कैंप में हर प्रकार के मरीज पाए गए हैं जैसे सर्वाइकल स्पॉन्डलोसिस लकवा से पीड़ित मरीज घुटने की दर्द से पीड़ित। इस समय सर्वाइकल से पीड़ित मरीज सबसे ज्यादा देखे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज सेवा करने में बहुत ही सुख महसूस होता है और मेरे दादाजी का सपना था कि घर में एक डॉक्टर हो जो लोगों की मदद करे। उसे लेकर मैं चल रहा हूं। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को इस समय रात में सोते समय गर्म पानी का सेवन करना चाहिए जिससे कई लाभ मिल सकते हैं। विद्यालय प्रबंधक अभिमन्यु सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पंकज सिंह, संदीप अस्थाना, मंडल अध्यक्ष अनुपम पांडे, अखिलेश जायसवाल, सुजीत बरनवाल, रमेश जायसवाल, गुड्डू सिंह, एडवोकेट राजाराम यादव, दिनेश यादव, गोपाल विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### विद्यालय वाहनों की फिटनेस की हुई जांच




**पटवध (आजमगढ़)।** पूर्व में दिए गए निदेर्शों के क्रम में जनपद के समस्त स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच हेतु परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा रविवार को विभिन्न विद्यालयों में जाकर विद्यालयों के ट्रांसपोर्ट इंचार्ज एवं प्रबंधकों के सहयोग से लिस्ट प्राप्त करते हुए उनके यहां संचालित वाहनों एवं परिवहन विभाग में पंजीकृत वाहनों के लिस्ट से मिलान करते हुए जिन वाहनों की फिटनेस समाप्त हो गई है उन वाहनों को मानक के अनुरूप कराके शीघ्र ही फिटनेस प्रस्तुत करने के लिए नोटिस प्राप्त कराई गई। इस क्रम में सेंट जेवियर हाई स्कूल ऐलवल आजमगढ़, जीडी ग्लोबल स्कूल आजमगढ़, सर्वोदय पब्लिक स्कूल आजमगढ़ एवं सीपीएस स्कूल आजमगढ़ के स्कूल वाहनों की जांच की गई। इस विशेष अभियान में एआरटीओ प्रवर्तन अतुल कुमार यादव अपने प्रवर्तन दल के साथ एवं आरआई पवन सोनकर एवं एआरटीओ प्रशासन द्वारा उक्त जांच की गई।

### भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मांगे वोट



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष लालगंज जितेंद्र सिंह गुड्डू एवं मंडल महामंत्री हरीश तिवारी के नेतृत्व में क्षेत्र के कई गांव में अभियान चलाकर आगामी स्नातक निर्वाचन गोरखपुर फैजाबाद क्षेत्र के लिए देवेंद्र प्रताप सिंह के पक्ष में वोट डालने के लिए लोगों से अपील की गई। क्षेत्र के मीरपुर, पकरडीहा, बोधिपट्टी आदि गांव में भाजपा जिला उपाध्यक्ष लालगंज जितेंद्र सिंह गुड्डू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव में अभियान चलाकर भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र प्रताप सिंह को जिताने के लिए लोगो को जागरूक किया। मंडल महामंत्री सुनील पांडे ने बताया कि पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर गोरखपुर फैजाबाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र प्रताप सिंह को जिताने के लिए घर-घर गांव-गांव अभियान चला रहे हैं। स्नातक युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है क्योंकि मतदान से ही स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण होता है जिससे देश का निर्माण होगा। इस मौके पर सुनील तिवारी, ब्रह्मदेव सिंह, अभिषेक सिंह सोनू, रिंकू वर्मा, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### खिचड़ी भोज में टूटी जातिगत सीमाएं



**आजमगढ़।** जात-तोड़ो समाज जोड़ो के उद्देश्य से सामाजिक समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन रविवार को गुरूटोला स्थित एकतखा पुल के समीप किया गया। कार्यक्रम के आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद अफजल ने बताया कि समाज में जातिवाद, धर्मवाद, छुआछूत, ऊंचनीच की कुरीतियों को दूर कर समाज में समरसता लाने हेतु सामूहिक खिचड़ी का आयोजन किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में हर जाति धर्म के लोगों ने बड़ी संख्या में सहभाग किया। इस आयोजन में महंत शंकर सुमन उपाध्याय, सरदार करताल सिंह, हाजी आजाद अहमद, हाजी अबरार, मयंक तिवारी, प्रकाश रंजन राय, अनूप मिश्रा, अलोक वर्मा, सुधीर गुप्ता, तारीक एजाज, राजकिशोर सिंह, प्रदीप मौर्य, रामजन्म निषाद, निशीथ रंजन तिवारी, रामविजय सिंह, अमित वर्मा, अनिल प्रजापति ,लंबू प्रजापति, चंदन सोनकर, दिलीप सोनकर, राहुल सोनकर, महेंद्र प्रजापति, टीपू सुलतान, मुन्ना इदरीसी, सलीम इदरिसी, रतन तिवारी, राजेश तिवारी, सदन बाबा, मुनाववर मन्नू, मनोज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, सुनील सिंघल, पंकज सिंघल , गोपाल अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, विनोद सोनकर, उमेश पाण्डेय, सुहाल गोंड, पम्मी, पिंटू शुक्ला, डॉ.पप्पू शुक्ला, डा. नवीन दुबे, डॉ.देवेश दूबे, रानू अष्ठाना, राजेश अस्थाना, राजेश श्रीवास्तव, सोनू सोनकर, अनुराग मिश्रा, हरीश वर्मा, आनंद सिंह, डॉ.शहजादे, चंदन अग्रवाल, मनोज जायसवाल, धनंजय अष्ठाना, दुर्गेश श्रीवास्तव, अरशद वली, खुर्रम वली, खालिद सरताज, लाड़ले शादाब, संदीप गुप्ता, विशाल साहू, सोमक साहू, शंकर साहू, मंटू सिंह, लक्ष्मी सोनकर, कन्हैया सोनकर, निखिल सोनकर आदि उपस्थित थे। आयोजक मोहम्मद अफजल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### महिला का अश्लील फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना निजामबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला का अश्लील फोटो वायरल करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। शुक्रवार को पीड़िता द्वारा थाने पर लिखित तहरीर दिया गया कि, 10 जनवरी को पीड़िता के पूर्व पति मो.लारेब पुत्र मो.नेसार अहमद निवासी फरिहा थाना निजामाबाद द्वारा पीड़िता के अश्लील फोटो को वायरल किया गया तथा मना करने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दिया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में थी। रविवार को पुलिस ने अभियुक्त मो.लारेब पुत्र मो.नेसार अहमद को उसके घर से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

# कंटेनर चालक की दबने से मौत

## बाइक चालक को बचाने में कंटेनर अनियंत्रित होकर पलटा

**हादसा**

**बाइक सवार का चल रहा उपचार**

**जनसंदेश न्यूज**


घटना के बाद मौके पर जमा ग्रामीण

**हलिया।** रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग रीवा मिजार्पुर रोड पर ड्रमंडगंज घाटी से सटे भैंसोड बलाय पहाड़ पर मोटरसाइकिल सवार को बचाने में कंटेनर असंतुलित हो कर पलट गया जिससे घटना स्थल पर कंटेनर चालक की मौत हो गयी। मौके पर मौजूद लोगों ने 108 पर सूचना देकर घायल बाइक चालक को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है।

सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक कंटेनर चालक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में ले लिया है। बाइक चालक खैरापुर खैराही थाना करमा जिला सोनभद्र निवासी राजेश कुमार सिंह पुत्र प्यारेलाल सिंह अपनी वाइक से हनुमाना की तरफ जा रहा था कि वाराणसी से चावल लाद कर अहमदाबाद जा रही कंटेनर चालक ने बाइक सवार को बचाने में असंतुलित होकर पलट गया।

जिससे कंटेनर चालक नरेश कुमार पांडेय पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी जैसलपुर महादेवा अनबन कानपुर देहात असंतुलित होकर पलट गया जिससे चालक नरेश कुमार पांडेय की कंटेनर के नीचे दबने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद परिजनों को सूचना देते हुए पीएम की कार्यवाही में जुट गयी है।

वही घायल बाइक चालक का उपचार न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ड्रमंडगंज में चल रहा है।

# दहेज हत्या के आरोपी सास ससुर व पति गिरफ्तार

**अहरौरा।** स्थानीय थाने पर 21 जनवारी 2023 को वादिनी सविता देवी पत्नी दीनदयाल कसेरा निवासिनी भगवानपुरा थाना दोहरीघाट जनपद मऊ द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध बावत वादिनी की पुत्री को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व हत्या कर देने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। जिसके आधार पर थाना अहरौरा पर धारा 498ए, 304बी भादवि व डीपी एक्ट बनाम तुषार कसेरा(पति) आदि 05 नफर पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा दहेज हत्या की उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना अहरौरा पुलिस को अभियुक्तों की त्वरित गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को प्रभारी निरीक्षक थाना अहरौरा कुमुद शेखर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए 03 नफर अभियुक्त ईश्वरचन्द्र उर्फ ईश्वर प्रसाद(ससुर), चन्दा देवी(सास) व तुषार कसेरा (पति) को थाना अहरौरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। थाना अहरौरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त व अभियुक्ता को जेल भेजा गया।


पकड़े गये आरोपी

# प्रवेश परीक्षा में आरव खरवार ने हासिल किया द्वितीय स्थान

**उपलब्धि**

**सफलता हासिल करने पर परिजनों में खुशी का माहौल**

**राजगढ़।** आचार्य कुलम वैदिक एवं सीबीएसई आवासीय शिक्षण संस्थान प्रवेश परीक्षा में आरव खरवार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर घर परिवार के साथ साथ गांव एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस परीक्षा में कुल 72000 बच्चे शामिल हुए थे जिसमें आरव खरवार ने द्वितीय स्थान हासिल किया। मीरजापुर जनपद के राजगढ़ विकास खंड अन्तर्गत भीटी गांव निवासी दीपनारायण खरवार के पौत्र एवं शशिकर खरवार के पुत्र आरव खरवार ने सोनभद्र जनपद के रावर्ट्सगंज सदर से अपनी प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण करते हुए इस उपलब्धि को हासिल किया है। आचार्य कुलम वैदिक एवं सीबीएसई आवासीय शिक्षण संस्थान में प्रवेश हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत एवं लगन की आवश्यकता होती है। जहां


आरव खरवार

तीव्र बुद्धि एवं विवेकशील बच्चे परिक्षा में प्रतिभाग करते हैं। आरव खरवार ने इस प्रवेश परीक्षा में शामिल होकर द्वितीय स्थान हासिल किया है। उनके इस सफलता पर गांव एवं क्षेत्र के लोगों ने शुभ आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं हैं। इस अवसर पर राजगढ़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डेय, सौरभ दुबे, अवधेश कुमार, नीरज केशरी, गणेश केशरी, सुजीत दूबे, बृजेश दूबे आदि लोगों ने हार्दिक बधाई देते हुए उनके परिवार को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं हैं।

# भगाने व दुष्कर्म करने के अभियोग में दो गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना मडिहान, मीरजापुर पर चार सितम्बर 2022 को थाना मडिहान क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नाबालिग पुत्री के घर से स्कूल जाने तथा देर शाम घर वापस न आने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना मडिहान पर धारा 363 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपहता की सकुशल बरामदगी करते हुए घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक मड़िहान को निर्देश दिए गए। थाना मड़िहान पुलिस द्वारा अपहता को बरामद कर थाना मड़िहान पर पंजीकृत धारा 363,366,120बी भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में रविवार को उ0नि0 अरूण कुमार सिंह मय पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों मोनू पाल स्व0 हरवंश निवासी मोहम्मदपुर खेड़ी थाना हस्तिनापुर मेरठ व रोशनकुमार पुत्र जय सिंह पाल निवासी पाचली बुजुर्ग थाना सरूरपुर खुर्द मेरठ को गिरफ्तार किया गया। थाना मड़िहान पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**कार्रवाई**

**दो आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से फर्जी आवेदन फार्म और मोबाइल बरामद**

**जनसंदेश न्यूज**


खुलासा करते सीओ सदर

**मीरजापुर।** स्वच्छ भारत मिशन योजना अन्तर्गत नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का सीओ सदर ने पदार्फाश किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना को0देहात मीरजापुर पर 21 जनवरी 2023 को वादी डा0 मनोज कुमार मिश्रा उप मुख्य आरक्षाधिकारी राजीव गांधी दक्षिण परिसर, बरकछा मीरजापुर द्वारा दो अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध नौकरी दिलाने के नाम पर आस पास के ग्रामीणों में 1500-1500 में फर्जी फार्म की बिक्री करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। जिसके आधार पर थाना को0देहात पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा नौकरी के नाम पर लोगों से ठगी करने वालों की त्वरित गिरफ्तारी करने हेतु क्षेत्राधिकारी सदर शैलेद्र त्रिपाठी के नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक को0देहात को निर्देश दिए गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0देहात पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। रविवार को उ0नि0 विजय कुमार राय चौकी प्रभारी बरकछा थाना को0देहात मय पुलिस टीम द्वारा नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले 02 आरोपियों रंजन सिंह पुत्र राजकुमार सिंह व शिवम कुमार सिंह पुत्र संतोष कुमार सिंह निवासीगण गोतवां थाना कछवां मीरजापुर को थाना को0देहात क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 मोबाइल व नौकरी हेतु आवेदकों के भरें हुए 07 फर्जी फार्म बरामद कर मुकदमा उपरोक्त में अन्तर्गत धारा 420,467,468,471 भादवि में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# ‘पेंडिंग’ व ‘गुमराह’ करने का खेल कर रहा डीआईओएस कार्यालय

**मनमानी**

**उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी में उठे दर्जनभर मुद्दे**

**आर-पार की लड़ाई का ऐलान**

**मीरजापुर।** माता प्रसाद माता भीख इंटर कॉलेज में रविवार को आयोजित उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जनपदीय कार्यकारिणी की बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के कामकाज को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। शिक्षक नेताओं ने एनपीएस की कटौती प्रकरण पर जिला विद्यालय निरीक्षक के ऊपर शिक्षकों को गुमराह करने का आरोप लगाया। कहा कि नवंबर 2020 से शिक्षकों के प्रान खाते में सरकारी अंशदान की रकम अभी तक नहीं भेजी गई। यह पैसा शासन द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक के खाते में भेजा जाता है, जिसे कार्यालय सभी शिक्षकों के प्रान खाते में भेजता है। वर्ष 2021- 22 में शासन द्वारा प्रेषित राशि उपभोग न करने के कारण जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा लौटा दी गई। इस वर्ष भी 7 करोड़ रुपए भेजे गए हैं, जिसका उपभोग प्रमाण पत्र भी जिला विद्यालय निरीक्षक के हस्ताक्षर से जारी हो चुका है। किंतु भौतिक रूप से आज तक किसी भी शिक्षक अथवा कर्मचारी के खाते में यह धन नहीं भेजा गया है। जबकि जिला विद्यालय निरीक्षक गुमराह कर रहे हैं कि कटौती की रकम शासन द्वारा शिक्षकों के खाते में सीधे भेजी जाती है। बैठक के दरमियान यह भी मुद्दा उठाया गया की डीए की जो 10 प्रतिशत कटौती नई पेंशन योजना के तहत की जाती है, उसका सरकारी अंशदान आज तक कभी भी शिक्षकों के प्रान खाते में भेजा ही नहीं गया। मुख्य अतिथि मण्डल अध्यक्ष केदारनाथ दुबे ने प्रबंध संचालक अथवा प्रबंधक विहीन विद्यालयों में लंबित पदोन्नति प्रकरणों पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। कहा कि जब बिना प्रबंधक अथवा प्रबंध संचालक के समस्त वेतन आदि का भुगतान हो रहा है तो पदोन्नति के प्रकरण का निस्तारण क्यों नहीं हो सकता। उन्होंने कई नजीर देते हुए कहा कि संयुक्त शिक्षा निदेशक को यह अधिकार प्राप्त है कि यदि प्रबंध संचालक अथवा प्रबंधक के बिना किसी शिक्षक की पदोन्नति बाधित होती है तो संयुक्त शिक्षा निदेशक स्वयं उसका निस्तारण कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि मंडलीय मंत्री गणेश प्रसाद सिंह ने चेतावनी दी कि यदि डीआईओएस कार्यालय प्रान खाते का अपडेट शीघ्र नहीं करता और समय-समय पर बढ़े हुए डीए से काटी गई 10 प्रतिशत रकम के सापेक्ष सरकारी अंशदान शिक्षकों के खाते में नहीं भेजी जाती तो इसके लिए आंदोलन और न्यायालय दोनों के रास्ते पर विचार किया जाएगा। जिलाध्यक्ष सत्य भूषण सिंह ने बैठक की अध्यक्षता व संचालन जिला मंत्री डॉ रमाशंकर शुक्ल ने किया। आभार प्रकाशन प्रधानाचार्य डॉ0 संजय कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर मुरारी मिश्र, अरविंद दुबे, डॉक्टर धर्मराज सिंह, बलवंत सिंह, लाल बहादुर सिंह आदि ने भी विचार प्रकट किया। बैठक में राकेश कुमार सिंह, अवधेश पांडेय, शैलेश कुमार सिंह, महेंद्र कुमार सोनकर, जटाशंकर तिवारी, डॉ0 विनोद सिंह, अभिलेख सिंह, अवधेश सिंह, राकेश यादव, मणिशंकर यादव, श्याम जी सोनी, दीप नारायण सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, बालकृष्ण सिंह, शैलेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# डिलीवरी के बाद अस्पताल कर्मियों द्वारा मांगा जा रहा पैसा, वीडियो वायरल

**मड़िहान।** क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेहरा पर डिलेवरी होने के बाद अस्पताल कर्मियों द्वारा पैसा मांगा जा रहा है। उर्मिला पत्नी विक्की निवासी दीपनगर का आरोप है कि 19 जनवरी को डिलेवरी कराने अस्पताल पर आई थी। जहां डिलेवरी होने के बाद सरकार द्वारा जेएसवाई फार्म भरवाया जाता है और जेएसवाई फार्म भरने के बाद सरकार द्वारा अनुदान मिलता है। अस्पताल कर्मियों द्वारा डिलेवरी कराये जाने के बाद जेएसवाई फार्म भरने का 400 रुपये लिया जा रहा है। पैसा नहीं देने पर स्टॉप नर्स द्वारा जेएसवाई फार्म नहीं भरा जाता है। पीड़िता ने स्टॉप नर्स पर धन उगाही का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग किया गया। अस्पताल कर्मियों द्वारा पैसे मांगे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस सम्बंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकुमार सिंह ने बताया कि अभी एक महीने पहले मैंने चार्ज लिया है पैसे मांगे जाने का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है।

# अमृत सरोवर बना आकर्षण का केंद्र


आकर्षक तालाब

**जिगना।** छानबे ब्लाक के ग्राम पंचायत कामापुर कला के कामापुर पटखौली गैपुरा लालगंज मार्ग पर स्थित अमृत सरोवर तालाब के रूप में चयनित किया गया था। आने जाने वाले राहगीरों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। तालाब इतना सुंदर बना है कि आने जाने वाले लोग तालाब के ऊपर बने कुर्सी चबूतरा तार की बेरी केटिंग के बगल बैठकर आनंद की अनुभूति प्राप्त करते है। तालाब के चारों तरफ हरियाली तथा तालाब में स्वच्छ पानी भरा हुआ है वह भी लोगों को बहुत ही मनोरम लगता है। इस तालाब को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय टीम के अगुआ अमरजीत सिन्हा के द्वारा भी प्रशंसा की गई थी। मुख्य विकास अधिकारी बीएस लक्ष्मी व खंड विकास अधिकारी 96 हरिओम गुप्ता द्वारा भी हमेशा मानिटरिंग की जाती रही है। यहां की ग्राम प्रधान पूजा विश्वकर्मा पत्नी महेश विश्वकर्मा व ग्राम विकास अधिकारी सौम्या सिंह टीए संतोष कुमार सिंह पंचायत मित्र उमेश कुमार विश्वकर्मा ने भी अथक परिश्रम कर तालाब को सुंदर बनाने में अपना योगदान किया है। तालाब के बगल से गुजरने वाली रोड से गुजरने पर शहर के जैसा पार्क महसूस होता है।

# मठना इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मोहा मन

**जनसंदेश न्यूज**

**आयोजन**

**सांसद रामशकल ने बच्चों को दिशा तय कर पढ़ाई का दिया संदेश**

**बालिकाएं दो परिवार को करती हैं रौशन : राज बहादुर सिंह**

**मीरजापुर।** जमालपुर क्षेत्र के इण्टरमीडिएट कालेज मठना के वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनोहारी प्रस्तुति की। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि पद से राज्यसभा सांसद रामशकल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। वार्षिकोत्सव समारोह में सांसद रामशकल ने कहा कि शिक्षा ही वह पूंजी है जो मानव को महान बनाती थी। इस पूंजी का कोई शार्टकट नहीं है। कहा कि चल अचल संपत्ति तो बांटी जा सकती हैं। लेकिन आपका ज्ञान आपकी विरासत है। जिसको जितना बांटा जाय उतना ही बढ़ता है। विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति कर वाहवाही लूटी। सन्देशे आते हैं, जिस देश में गंगा बहती है, मेरा देश रंगीला, प्रेम रतन धन पायो आदि गीतों पर थिरकते हुए सत्या, साहिना, कोमल, मधुबाला, सैलजा, शालू, मुस्कान, सोनी, परवीन, सोनम, गुंजा आदि ने अभिभावकों और अतिथियों को मंत्र मुग्ध किया। विशिष्ट अतिथि राजदीप महाविद्यालय के प्रबंधक राज बहादुर सिंह ने कहा कि हमें बच्चियों की शिक्षा पर विशेष जोर देना चाहिए।

शिक्षित बच्चिया दो परिवारों को शिक्षित करती हैं। बच्चियां अपने जिम्मेदारी का निर्वहन बेहतर ढंग से करती हैं। विद्यालय प्रबन्धक जवाहर सिंह ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अशोक सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्षता गुलाब सिंह तथा संचालन पूजा चौबे और बाबूलाल सिंह ने किया।

### तीन न्यू पीएचसी पर 205 मरीजों का किया गया उपचार

**हलिया।** क्षेत्र के मतवार, ड्रमंडगंज, बरौंधा स्थित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में रविवार को कुल 205 मरीजों का उपचार किया गया। मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में कुल 63 मरीजों का चिकित्सक के द्वारा उपचार कर दवा वितरित किया गया जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में कुल 73 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। वही नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में उपचार के लिए आये कुल 69 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मतवार में सोनू सिंह ने बुखार की जांच के बाद दवा लिया। अवध राज ने सिर दर्द एवं बुखार की जांच ओपन दवा लिया तथा रहमतुल्लाह ने शुगर की जांच के बाद दवा लिया। इसके अलावा बुखार, मलेरिया, खांसी, सुगर, बीपी सहित अन्य रोगों के मरीजों का उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.कामेश्वर तिवारी ने औक्षक निरीक्षण किया है। इस दौरान चिकित्सक डा.अभिषेक जायसवाल, बीसीपीएम अनिल कुमार, एलटी राकेश मायावती सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मजदूरी कर सपने को साकार करने में जुटी वॉलीबॉल व पॉवर लिफ्टिंग खिलाड़ी

**प्रतिभा**

**सपना : अधिकारी बनकर समाज की सेवा, देश के लिए पदक जीतना**

**डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ने हर संभव मदद का दिया आश्वासन**


**जनसंदेश न्यूज**


पत्थर के सामान से अभ्यास करतीं खिलाड़ी

**मीरजापुर।** चुनार तहसील क्षेत्र के गांगपुर में पैदा हुई प्रतिभावान खिलाडी रेणुका गौतम तमाम झंझावत के बावजूद देश के लिए कुछ करना चाहती हैं। असमय पिता और माता की मौत के बाद अपने दो भाइयों को पालते हुए खुद एमए की पढ़ाई कर रही हैं। पत्थर और सीमेंट के वेट को उठाकर उसका अभ्यास भी जारी है। इन सबके लिए उसे खेत में मजदूरी करनी पड़ती हैं। वह अपने बुलंद हौसले के बल पर अकेले ही बढ़ रही है। जो अबतक दो बार स्टेट और एक बार पॉवर लिफ्टिंग के नेशनल गेम में हिस्सा लेकर प्रशस्ति पत्र और मेडल प्राप्त कर चुकी हैं। मां इंद्रावती और पिता रामविलास की मौत के बाद रेणुका ही परिवार की मुखिया हैं। 24 वर्षीय रेणुका खुद कैलहट स्थित रामललित महाविद्यालय में परा स्नातक की छात्रा है। जबकि 18 वर्षीय भाई विवेक गौतम इण्टर का और सबसे छोटा 8 साल का अभिषेक प्राइमरी स्कूल में पढ़ रहा है। पढ़ाई की बाद अवकाश के दिनों में भाई बहन मजदूरी कर दो वक्त की रोटी का जुगाड़ कर रहे हैं। उज्जवला योजना में मां इंद्रावती के नाम से गैस कनेक्शन मिला था । जो आर्थिक तंगी के अभाव में खाली पड़ा है। मिट्टी के चूल्हे पर ही खाना बनता हैं । भाई मजदूरी की तलाश कर काम करता हैं तो युवा खिलाड़ी खेतों में काम करते हुए सपने को मूर्त रुप देने में लगी है। स्टेट लेवल की बालीबाल एवं डंडे पत्थर चकरी से 110 केजी वजन में वेटलिफ्टिंग में नेशनल खेलने वाली रेणुका खेल के साथ ही उच्च अधिकारी बनना चाहती हैं। ताकि वह अपने जैसे मजबूर बालिकाओं की मदद कर सकें। अभाव के बीच अपनी प्रतिभा निखार रही रेणुका समय की मार से टूटती जा रही हैं। इसकी जानकारी मिलने पर जिला क्षय रोग विभाग में सेवारत डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव ने युवा खिलाड़ी से मुलाकात किया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। अबतक कोई मदद जिले की महिला खिलाड़ी को नहीं मिला है। जो पॉवर लिफ्टिंग, बेंच प्रेस के साथ ही बालीबाल की खिलाड़ी हैं। तीन गेम में अच्छी पकड़ रखकर अबतक दर्जनो पदक समेट चुकी युवा खिलाड़ी की तमन्ना देश की टीम में खेलकर पदक जीतना है।

## संक्षेप

### आधार से लिंक कराने में जनपद को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान



**मीरजापुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने जानकारी देते हुये बताया है कि मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक कराने में जनपद मीरजापुर को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ हैं। उन्होने बताया कि जनपद कुल मतदाता 1873914 में से 1444920 मतदाताओं (7711%) ने आधार से लिंक कराया हैं, जिसमें विधानसभा 396-मीरजापुर में 365228 मतदाताओं में से 289236, विधानसभा 398-चुनार में 351420 में से 262304, विधानसभा 399-मड़िहान में 365048 में से 277851, विधानसभा 397-मझवां में 395419 में से 306224 एवं विधानसभा छानबे (अ0जा0) 365228 में से 289236 मतदाताओं ने मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक कराया हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या मित्तल के द्वारा शत प्रतिशत आधार लिंक करने वाले बी0एल0ओ0 को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

### पुलिस को मिला 11 वर्षीय बालक




**जमालपुर।** रविवार की सुबह स्थानीय पुलिस को लगभग 11 वर्षीय गुमशुदा बच्चा मिला जिसे पुलिस ने चाइल्ड लाइन मीरजापुर को सकुशल सौंप दिया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपनिरीक्षक रामनाथ सिंह मय पुलिस टीम को पीआरवी 1074 द्वारा मिली सूचना पर एक गुमशुदा बालक जो अपना नाम कन्नू मुसहर पुत्र स्व बिन्ना निवासी अज्ञात उम्र करीब 11 वर्ष थाना जमालपुर के ग्राम सिकन्दरपुर में मिला है। जिसके बारे में आस पास के ग्रामीणों से पूछताछ करने के बाद पता न चलने पर चाइल्ड लाइन 1098 पर सूचित कर सकुशल सुपुर्द कर दिया गया।

### पं जनेश्वर मिश्र की मनाई गई पुण्यतिथि



**जमालपुर।** रविवार को विधान सभा चुनार स्थित कैम्प कार्यालय बहुआर में छोटे लोहिया पूर्व केंद्रीय मंत्री पं जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर सपा विधान सभा अध्यक्ष रविप्रकाश त्रिपाठी ने उनके राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी लोग उनके सिद्धांतों का अनुश्रवण करें यही हम लोगों की सच्ची श्रद्धांजली होगी। इस दौरान अवधेश सिंह, जंग बहादुर सिंह, संजय पाण्डेय, नवगीत पाण्डेय, शिवकृपा मौर्य, जमुना कन्नौजिया, रफीक अंसारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कार्यशाला का किया गया आयोजन



**मीरजापुर।** गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर विशाल एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा गांधी घाट नकहरा नई बस्ती में बच्चियों को शिक्षा स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन के बारे में कार्यशाला आहूत की गई जिसमें करीब 50 बच्चियों ने भाग लिया। ट्रस्ट द्वारा इन 50 बच्चियों को अगले माह फरवरी से निशुल्क कोचिंग एवं सिलाई कढ़ाई दिया जाएगी। इस कार्यक्रम में राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका संध्या त्रिपाठी यूनिसेफ की कोऑर्डिनेटर शुभ्रा पांडे एवं कार्यक्रम संयोजिका उमा पांडेय, सचिव केशव नाथ तिवारी, आकाश तिवारी, अंकित सिंह आदि रहे।

### आमने-सामने भिड़ंत में दो घायल

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर( घसरौड़ी) गांव के पास दो बाईकों की आमने सामने हुई टक्कर में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज वाराणसी में चल रहा है। बताया जाता है कि शनिवार की रात घनश्यामपुर गांव निवासी अरविंद यादव 28 वर्ष पुत्र बड़कू यादव अपनी बाइक से घर आ रहा था कि विपरीत दिशा से आ रहे हसौली गांव निवासी बाइक सवार अमन सोनकर 19 वर्ष पुत्र लल्लन सोनकर से आमने सामने टक्कर हो गई जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल अरविंद यादव को इलाज के लिए परिजन सीएचसी जमालपुर ले आए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख ट्रामा सेन्टर वाराणसी रेफर कर दिया। वही दूसरे गंभीर रूप से घायल अमन सोनकर के परिजनों ने आनन फानन में वाराणसी स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है।

### उपचार के दौरान वृद्ध की मौत

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत तेंदुआ कला गांव निवासी 65 वर्षीय लल्लू बहेलिया की उपचार के दौरान ट्रामा सेंटर में बीती रात मौत हो गई। शनिवार को रोड क्रॉस करते समय बाइक चालक ने टक्कर मार दिया था। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय मार्ग पर बामी गांव के सामने रोड क्रास करते समय तेंदुआ कलां निवासी 65 वर्षीय लल्लू बहेलिया को बाइक चालक ने टक्कर मार दिया। जिससे लल्लू बहेलिया के साथ बाइक चालक 30 वर्षीय रिंकू पुत्र महादेव निवासी रानीबारी थाना लालगंज घायल हो गए। लल्लू बहेलिया अपने पुत्र रमेश के साथ बाइक से लहंगपुर आए थे। लल्लू बहेलिया को रोड के किनारे उतारकर पुत्र रमेश पेट्रोल टंकी पर तेल लेने गया था कि इसी बीच मीरजापुर की तरफ से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दिया था। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजवाया वहां से रेफर कर दिया गया था। ट्रामासेंटर वाराणसी में उपचार के दौरान बीती रात लल्लू की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### पड़ोस की लड़की के साथ फरार हो गया दो बच्चों का पिता

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो बच्चों के पिता द्वारा अपने ही पड़ोस के एक लड़की को बहला फुसलाकर फरार हो जाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच शनिवार की देर शाम कहासुनी के बाद मारपीट में बदल गई। मारपीट में लड़के पक्ष की तरफ से उसके चचेरे भाई और बहन को चोट आई एवं लड़की की तरफ से उसकी मां घायल हो गई। बता दें कि दो जनवरी को दो बच्चों का पिता अपने पड़ोस में रहने वाली कक्षा 12 की छात्रा को घर से लेकर फरार हो गया था जिसको लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हो गया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि घर से भागी लड़की को बरामद कर उसके स्वजनों को आपसी समझौता करा कर सुपुर्द कर दिया गया था। दूसरी बार वह चंदौली जनपद के सैदूपुर से भाग गई। दोनों पक्षों में हुई मारपीट की तहरीर मिली है जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### अर्चना सिंह यादव बनी समीक्षा अधिकारी

**जमालपुर।** क्षेत्र के मठना गांव निवासिनी अर्चना सिंह यादव ने उ.प्र.लोक सेवा आयोग की परीक्षा में समीक्षा अधिकारी के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। 20 जनवरी को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में 28वां स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस कामयाबी पर लालता प्रसाद यादव, संतोष यादव, मंजीत यादव, शक्ति यादव, आनंद यादव, पिंटू ने इस कामयाबी पर बधाई दिया है।

### 26 जनवरी को ट्रैक्टर परेड करेंगे किसान

**जमालपुर।** अन्न दाता मंच द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर 11 ट्रैक्टरों पर राष्ट्रीय ध्वज बांधकर ट्रैक्टर परेड निकालने का निर्णय बैठक में लिया गया। जो संस्कार चट्टी, डुही खुर्द से प्रारंभ करते हुए ब्लाक मुख्यालय स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए 11 सूत्रीय मांग पत्र खण्ड विकास अधिकारी को सौंपेंगे।

### कार के धक्के से छह वर्षीय बालिका घायल

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के पटेहरा कला गांव मे कार के धक्के से छः वर्षीय बालिका घायल हो गयी। पटेहरा कला गांव में लक्ष्मण की दादी का रविवार को तेरहवी था। जिसमें लक्ष्मण के बहनोई अमृतलाल मड़िहान से सपरिवार तेरहवी कार्यक्रम में शामिल होने आये हुये थे। शाम लगभग 4 बजे अमृतलाल की छः वर्षीय पुत्री श्रेया दुकान पर जा रही थी सड़क पार करते समय मिजार्पुर की तरफ जा रही कार की चपेट में आकर घायल हो गयी। परिजनों ने घायल बालिका को अपने निजी साधन से इलाज हेतु दीपनगर के एक निजी अस्पताल ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को चालक समेत थाने पर ले गयी। वही समाचार लिखे जाने तक बालिका की स्थित गम्भीर बताई जा रही है।

### अधिवक्ता शपथ ग्रहण आज

**मीरजापुर।** अधिवक्ता संघ सदर तहसील मीरजापुर के नव निर्वाचित पदाधिकरियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन 23 जनवरी को सदर तहसील प्रांगण में समय अपरान्ह 2 बजे से होना सुनिश्चित हुआ है। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकर आशीष सिंह पटेल रहेंगे। यह जानकारी अधिवक्ता शिव लाल गुप्ता ने दी है।

# कोन इंस्पेक्टर संग आधा दर्जन पुलिसकर्मी हुए लाइन हाजिर

कार्रवाई

**एसपी की कार्रवाई से पुलिस महकमें में मचा हड़कंप**

जनसंदेश न्यूज



**सोनभद्र।** एसपी डा.यशवीर सिंह ने रविवार को कोन थाने में तैनात इंस्पेक्टर समेत 6 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिसकर्मियों के लाइन हाजिर होने के पीछे कारण क्या है यह तो अभी साफ नहीं हो सका मगर इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। कोन क्षेत्र में चल रही चचाओं की माने तो कुछ लोगों का मानना है कि कोन क्षेत्र में शरारती तत्वों द्वारा कुछ दिन पूर्व अंबेडकर मूर्ति तोड़े जाने के बाद वहां मचे बवाल व लोगों के गुस्से की गाज इन पुलिसकर्मियों पर गिरी है।

मगर वहीं दूसरी तरफ कुछ लोगों का यह भी मानना है कि यदि अंबेडकर मूर्ति तोड़े जाने की गाज इन पुलिसकर्मियों पर गिरी होती तो क्षेत्र के बीट इंचार्ज भी लाइन हाजिर हो गए होते लेकिन क्षेत्र के बीट इंचार्ज इस कार्रवाई की जद से बाहर है। लोगों का यह भी मानना है कि क्षेत्र में जिस तरह से पुलिस द्वारा लगातार वसूली किये जाने का आरोप लगाया जा रहा था और लोगों को परेशान किया जा रहा था उसकी शिकायत लोग व जनप्रतिनिधि अधिकारियों को शिकायत कर रहे थे। सूत्रों की माने तो पुलिस अधीक्षक ने इस पूरे मामले की जब गोपनीय जांच कराई तो मामला सही पाया गया और मामला सही पाते ही तत्काल सभी पर कार्यवाही कर दी गई। पुलिस अधीक्षक के इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मचा हुआ है। लेकिन वहीं दूसरी तरफ इस कार्रवाई की चर्चा इस बात को लेकर भी शुरू हो गयी कि कार्यवाही की जद में आये सभी पुलिस कर्मी इंस्पेक्टर रमेश यादव, हेड कॉन्स्टेबल संतोष यादव, जितेंद्र यादव, हेड मोहर्रीर ओमप्रकाश यादव, योगेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल रमेश यादव एक ही जाति के हैं। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थी, जिस क्रम में यह कार्रवाई हुई है। बहरहाल मामला कुछ भी हो मगर लॉ एंड ऑर्डर को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा की तारीफ हो रही है।

## अंधे व्यक्ति को झांसा देकर ठगी करने में दो के खिलाफ केस

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी एक वृद्ध को झांसा देकर एक लाख नब्बे हजार की ठगी करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। वृद्ध ने दो लोगों पर केसीसी कराकर पैसा निकालने का आरोप लगाया था। रामनाथ पुत्र मक्खन ने गांव के दो लोगों के खिलाफ आंख का इलाज कराने के नाम पर एक लाख नब्बे हजार रुपए ठगने का आरोप लगाया। जब वृद्ध को जानकारी हुई तो पैसा मांगने पर युवकों ने पैसा देने से मना कर दिया। मामले की लिखित शिकायत बुधवार को पीड़ित ने थाने में की थी। इस क्रम में तहरीर के आधार पर प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने राजू व बाबू लाल के विरूद्ध संगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। बताते चलें कि बैंकों में दलालों का एक सक्रिय गिरोह है जो बैंक से गरीबों का केसीसी कराकर उनके पैसों की ठगी कर रहे हैं। इण्डियन बैंक के राजीव रंजन ने बताया कि बैंक में सिर्फ किसानों को ही लोन दिया जा रहा है।

# किसी भी दशा में नहीं होगा पथ विक्रेताओं का शोषण

बैठक

**रतन लाल गर्ग व कौशल शर्मा को शासन ने बनाया पथ विक्रेता शिकायत निवारण समिति का सदस्य**

जनसंदेश न्यूज



बैठक में शामिल व्यापार मंडल के पदाधिकारी

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक नगर अध्यक्ष कौशल शर्मा के आवास पर रविवार को आहूत की गई। शासन द्वारा जिलाध्यक्ष रतन लाल गर्ग एवं नगर अध्यक्ष कौशल शर्मा को पथ विक्रेता शिकायत निवारण समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर सभी पदाधिकारियों एवं पथ विक्रेताओं ने बधाई दी। नगर अध्यक्ष ने कहा कि शासन ने जिस विश्वास एवं उम्मीद के साथ मनोनयन किया है उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

उन्होंने कहा कि पथ विक्रेताओं की हरसंभव समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध हूं, किसी भी दशा में पथ विक्रेताओं का शोषण नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पथ विक्रेताओं की रोजी-रोटी प्रभावित न हो इसके लिए शहर की भूमि पर पथ विक्रेताओं के लिए आरक्षण एवं उनके लिए शहर में पहचान व सम्मान की लड़ाई के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। स्वच्छ भारत अभियान योजना के अंतर्गत शहरी स्तर पर कचरा प्रबंधन के लिए बनाए गए प्रावधान व कानूनों का उल्लंघन न हो इसके लिए भी पूरा पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पथ विक्रेताओं को जमीन और उनकी जीविका के बीच के संबंध को अच्छे से समझना आवश्यक है, इसके बाद पथ विक्रेताओं के मुद्दे, उनकी मांग, उनके सुझाव, पथ विक्रेताओं की संख्या एवं उनसे जुड़ी योजनाओं को साकार रूप देने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर विमल अग्रवाल, मिठाई लाल सोनी, रामेश्वर जैन, जसकीरत सिंह, चंदन केसरी, शरद जायसवाल, प्रितपाल सिंह, रवि जायसवाल, प्रशांत जैन, विनोद कुमार जायसवाल, बलकार सिंह, टीपू अली, सिद्धार्थ सांवरिया, दीप सिंह पटेल, यशपाल सिंह, सुनील सोनी, अजय बहादुर सिंह, अमित केसरी, अमन वर्मा, करण पाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### एबीआईसी के लक्ष्य को मिला गोल्ड



गोल्ड मेडल के साथ लक्ष्य

**रेणुकूट।** आदित्य बिडला ग्रुप द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में आदित्य बिरला इण्टरमीडिएट कालेज के खिलाड़ी अण्डर -14 लक्ष्य ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। इसके लिए खेल विभागाध्यक्षिका मीरा जायसवाल और उनकी पूरी टीम को विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी।

### एनटीपीसी रिहंद द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सकीय सुविधा का शुभारंभ



कार्यक्रम में शामिल अतिथिगण

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद के नैगम सामाजिक दायित्व एवं धनवंतरी चिकित्सालय के अंतर्गत आयुर्वेदिक चिकित्सकीय सुविधा का आयोजन बीजपुर पुनर्वास-1 में आस-पास के ग्रामीणों हेतु किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक ईंधन प्रबंधन के. गोपालाकृष्णा ने किया। चिकित्सकीय सुविधा डॉ. राधेश्याम द्वारा हर बुधवार एवं शुक्रवार को प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक दी जाएगी। हर दिन, हर घर आयुर्वेद के अंतर्गत ये एनटीपीसी रिहंद की एक अनूठी पहल है, जिससे आस-पास के ग्रामीणों को मुफ्त आयुर्वेदिक चिकित्सकीय सुविधा प्राप्त हो सकेगी। गोपालाकृष्णा ने कहा कि आयुर्वेद सभी वर्गों के लिए बिना किसी दुष्प्रभाव के, व्यापक चिकित्सा उपचार प्रदान करता है। हर दिन, हर घर आयुर्वेद भारत सरकार की एक पहल है जिससे की भारत के घर-घर में आयुर्वेद को अपनाया जा सके। इसी कड़ी में एनटीपीसी रिहंद भी सदैव आस-पास के ग्रामीणों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए विभिन्न कार्य करती आ रही है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मोनिषा कुलश्रेष्ठा, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन जाकिर खान, मोक्षदा जोगी समेत तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जेईई व नीट की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग

**सोनभद्र।** मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत विकास भवन स्थित जनपद रिसोर्स सेंटर पंचायत भवन में निःशुल्क कोचिंग सेंटर संचालित है, जिसमे जेईई/नीट की तैयारी के लिए उच्च स्तर की पढ़ाई के लिए छात्र छात्राओं को कोचिंग करायी जा रही है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत जनपद में उपलब्ध केंद्रों में पायलेट प्रोग्राम के तहत माह फरवरी से दिसंबर तक निःशुल्क ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रशिक्षण प्रदान किए जाने सहमति प्रदान की गयी है।

### सवा किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**शक्तिनगर।** स्थानीय पुलिस ने सवा किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति दुद्धिचुआं तिराहे पर संदिग्ध हाल में खड़ा है। सूचना पर उपनिरीक्षक विष्णुदत्त राय, कांस्टेबल आदर्श शुक्ला, जयप्रकाश के साथ पहुंच कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से झोले में सवा किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम महाबली उर्फ लाला सिंह पुत्र समयलाल सिंह निवासी बड़गड़ दुधमनिया, मोरवा, सिंगरौली बताया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

### धनवर्षा लक्ष्मी यज्ञ का शुभारंभ आज

**डाला।** कोटा खास मे हर साल होने वाला सात दिवसीय धनवर्षा लक्ष्मी यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ सोमवार को शुरु होगा ।आयोजन समिति के अध्यक्ष अमरेश उपाध्याय ने बताया कि सात दिवसीय यज्ञ की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है, यज्ञ के लिए कलश मे जल कनहर नदी से लाई जाएगी। यज्ञ के प्रत्येक दिन सायंकाल 6 से 8 बजे तक भागवत कथा होगा। मंगलवार को अग्नि प्राकट्य अग्नि पूजन हवन आदि के साथ यज्ञ प्रारंभ हो जाएगी ।यज्ञ में काशी व चित्रकूट से ग्यारह विद्वान पुरोहित भाग लेंगे।

### वारंटी गिरफ्तार

**डाला।** वारंटीयों की गिरफ्तारी व अपराध की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चोपन पुलिस ने एक वारंटी को रविवार की सुबह उसके घर के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि लालमनी पुत्र बिपत भुइया निवासी डाला चढाई थाना चोपन, गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वाछिंत वारंटी था, जो न्यायालय नही उपस्थित हो रहा था, जिसको लेकर न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। टीम में चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत, उप निरीक्षक अरविंद गुप्ता, अमित तिवारी, आनंद गोड़ शामिल रहे।

### सीओ ने वीडियो को बताया पुराना

**सोनभद्र।** नक्सल प्रभावित मांची थाना क्षेत्र अंतर्गत सुअरसोत चौकी की वायरल वीडियो के मामले में सीओ सदर डा. चारू द्विवेदी ने पुराना बताते हुए कहा कि यह फोटो कर्मचारियों के आपसी गुटबाजी के चलते प्रायोजित की गयी थी। जब यह मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आया तो इसमें जो भी पुलिसकर्मी शामिल थे उनको लाइन हाजिर कर दिया गया था।

### हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**रामगढ़।** रामपुर बरकोनिया थाने पर दर्ज केस में हिस्ट्रीशीटर राजाराम पुत्र अर्जुन निवासी ग्राम भीषमपुर, रामपुर बरकोनिया को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होना था, लेकि उसके प्रस्तुत न होने पर न्यायालय द्वारा जारी वारण्ट के क्रम में रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हिस्ट्रीशीटर वारण्टी को गिरफ्तार चालान कर दिया।

## ऑटो के धक्के से अधेड़ गम्भीर

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कठपुरवा गांव के पास ऑटो की चपेट में आने से एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। बताया गया कि कठपुरवा गांव के पास रविवार को भटौलिया गांव निवासी श्याम शर्मा 50 पुत्र गुपुत शर्मा कठपुरवा में गुमटी रखकर बाल बनाने का काम करता था। प्रतिदिन की भांति घर से सुबह दुकान पर आ रहा था की ज्योंही सड़क पर पहुंचा कि रावट्र्सगंज से करमा की तरफ जा रही आटो की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीण तत्काल उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केकराही ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# एक्सिस बैंक के एटीएम में तोड़फोड़

केस दर्ज

**सीसीटीवी में कैद हुई अज्ञात व्यक्ति की तस्वीर**

जनसंदेश न्यूज



एटीएम में हाथ जोड़कर खड़ा युवक

**ओबरा।** स्थानीय चोपन रोड पर स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम को रविवार की तड़के अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़ फोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। संयोग अच्छा रहा कि एटीएम टूट नही पाया। जिससे उसमे रखा पैसा सुरक्षित बच गया। वही रविवार की सुबह जब नियमित जांच के लिए गार्ड बैंक पहुंचा तो एटीएम में हुई तोड़फोड़ को देख वह दंग रह गया। गार्ड ने मामले की सूचना थाने को दिया।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्राइम इंस्पेक्टर केदार नाथ मौर्या एवं कस्बा चौकी इंचार्ज अमित कुमार त्रिपाठी संयुक्त रूप से बैंक सहित आसपास के कैमरों से निरीक्षण कर अज्ञात व्यक्ति की शिनाख्त करने में जुट गए। एटीएम में तोड़ फोड़ की सूचना मिलने के बाद बैंक के उप शाखा प्रबंधक अभिषेक भारूका की तहरीर पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। कस्बा चौकी इंचार्ज ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा देखने के बाद प्रथम दृष्टया अज्ञात व्यक्ति नशेड़ी लग रहा है। वह एटीएम में घुसकर तोड़ फोड़ के बाद लगभग एक घंटे से अधिक समय तक अंदर रहा। साथ ही वह कुछ समय तक सोता रहा और कैमरे में बार बार हाथ भी जोड़ता दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि अज्ञात आरोपी व्यक्ति को चिन्हित किया जा रहा है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# सप्त दिवसीय रुद्र महायज्ञ व रामकथा का हुआ समापन



रामकथा सुनाते आचार्य

**रामगढ़।** चतरा ब्लॉक के सेहुआ गांव में आयोजित रूद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ में आचार्य सौरभ भारद्वाज ने बताया सप्त दिवसीय यज्ञ की पूणार्हुति कार्यक्रम संपन्न हुआ। अयोध्या से आयी कथा वाचिका विष्णु प्रिया शास्त्री द्वारा दिव्य राम राज्याभिषेक की कथा सुनाई गई। विदाई गीत से राम भक्त भावविभोर हो गये। आचार्य सौरभ भारद्वाज को यज्ञ कमेटी के लोगों के द्वारा पुष्प माला एवं महादेव का दिव्य छायाचित्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रवि प्रकाश पांडे, विमलेश पांडे नागेंद्र पाठक शैलेश पांडे कृष्ण कुमार सिंह पूर्व प्रधान सिद्धि नंदलाल कुशवाहा, मारकंडेय सिंह पटेल, अनीता गुप्ता, ओम प्रकाश त्रिपाठी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# सम्मेलन में रौनियार समाज को संगठित करने पर दिया गया जोर



सम्मेलन को संबोधित करते अतिथि

**म्योरपुर।** स्थानीय बिड़ला विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कालेज परिसर में रविवार को रौनियार वैश्य समाज का जिलास्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि रौनियार समाज को संगठित करने पर विशेष जोर देने की जरूरत है।

हमारे समाज के लोग संगठित क्यों नही हो पा रहे है इस पर सभी को मिलकर मंथन करना होगा। समाज के लोगों की मानसिकता सिर्फ धन अर्जित करना हो गया।

धन कमाने के साथ साथ समाज को भी समय देना पड़ेगा। दुद्धी विधान सभा में हमारी संख्या 19000 है, लेकिन हमारी कोई राजनीति में पहचान ही नही है। हम लोगों को एकजुट होकर अपनी ताकत दिखानी होगी। तब हमारे समाज की अपनी अलग पहचान बनेगी। हमे अपने उद्देश्य से भटकना नही है। इस मौके पर संस्थापक व अध्यक्ष आरके गुप्ता, रामसहाय गुप्ता, आशकर गुप्ता, शिवशंकर गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, श्याम बिहारी गुप्ता, बाबूराम गुप्ता, जयंत प्रसाद, नीतीश गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन वासुदेव गुप्ता ने किया।

# करें योग, रहें निरोग का लिया गया संकल्प

योग

**सदर तहसील के एसबीए सभागार में किया गया योग**

जनसंदेश न्यूज



एसबीए सभागार में योग करते लोग

**सोनभद्र।** पतंजलि योग परिवार द्वारा रविवार को प्रातः कालीन सत्र 5:30 से 7:00 बजे के बीच सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार के नियमित योग कक्ष में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक व पूर्व अध्यक्ष रमेश राम पाठक के संयुक्त अध्यक्षता में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें करें योग, रहें निरोग का एक स्वर से संकल्प दोहराया गया।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक ने कहा कि योग को बढ़ावा देने के लिए उनके जरिए हर संभव मदद दी जाएगी। सब इंस्पेक्टर शिवपूजन चौबे योग के माध्यम से अब तक बहुत से लोगों का गंभीर से गंभीर बीमारियों को ठीक कर चुके हैं। इस दौरान निःशुल्क सभी को योग करा कर योग से होने वाले लाभ को विस्तृत तरीके से बतलाते भी हैं। उन्होंने बीमारी से बचाव के बारे में बताया। उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रवि प्रकाश त्रिपाठी, मोहरदेव पांडेय, चंद्रबहादुर सिंह, शेषमणि तिवारी, अमरेश चंद्र त्रिपाठी, उमाकांत सिंह, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, शिव नारायण लाल श्रीवास्तव, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, राजू सोनी, बलवंत सिंह, माता प्रसाद विश्वकर्मा समेत तमाम योग साधक उपस्थित रहे।

# खेलकूद से देश का नाम रोशन कर रहे युवाः आनंद

खेल

**36 वें अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का वाराणसी टीम ने जीता खिताब**

जनसंदेश न्यूज



विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण

**दुद्धी।** 36वें अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल समापन रविवार को राम लीला मैदान पर पर दुद्धी व वाराणसी टीम के रोमांचक मैच के आयोजन से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा समर्पण संस्थान के सह प्रांत संगठन मंत्री आंनद एवं विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक हरिराम चेरो रहे। अध्यक्षता चेयरमैन राजकुमार अग्रहरि ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब की पुरानी कहावत बदल गई है। अब खेल कूद से क्षेत्र के युवा देश का नाम रौशन कर रहे हैं।

अस्मिता और अस्तित्व से जोड़ कर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। यहां से निकल के खिलाड़ी देश का नाम रौशन करे। 20- 20 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दुद्धी की टीम ने आलोक शर्मा की शतकीय पारी की बदौलत 173 रन बनाए। जबाव में उतरी वाराणसी की टीम ने अंतिम ओवर में तीन विकेट से मैच जीत लिया। अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी व नगद धनराशि क्रमशः 31 व 21 हजार रूपए देकर सम्मानित किया। आयोजक समिति के अध्यक्ष सुमित सोनी ने आभार जताया। इस अवसर पर मनोज मिश्रा, मान सिंह, जीत सिंह खरवार, दिलीप पांडेय, योगेश, अयूब खां, अनिल जायसवाल, कमलेश कमल, सलीम खान, वरुण जौहरी, श्रीकांत राय, राकेश आजाद, जबि खान, इरफान खिलाड़ी आदि उपस्थित रहे। संचालन सुनील जायसवाल ने किया।

### यंग स्टार ने संत कबीर नगर को हराया

**ओबरा।** स्थानीय स्टेडियम में चल रहे पांच वें मास्टर ब्लास्टर कप 20-20 मैच में रविवार को यंग स्टार ओबरा बनाम संत कबीर नगर के बीच मैच खेला गया। संत कबीर नगर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 115 रन बनाया। सर्वाधिक सम्राट ने 3 छक्के की मदद से 61 रन व आशिक अली ने 28 रन बनाया। यंग स्टार के गेंदबाज आकाश सिंह ने 4 ओवरों में 11 रन देकर 2 विकेट व विशाल ने 4 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट तथा आनंद प्रकाश ने 4 ओवर में 9 रन देकर 2 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंग स्टार ओबरा की टीम 16ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर आसानी से मैच जीत कर प्रतियोगिता के अगले चरण में प्रवेश कर गयी। सर्वाधिक ईशान ने 36 रन व अक्षय पटेल ने 22 रन बनाया। संत कबीर नगर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए गौरव ने 2 विकेट लिया। यह मैच यंग स्टार ओबरा ने 5 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच ईशान को कलीम खान व महेश अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में निर्णायक रोशन सिंह और शबाब आलम रहे। इस अवसर पर आयोजन सचिव सूर्य प्रकाश चौरसिया, बृजेश कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, अक्षय पटेल, अभय, शौर्यांश, एजाज आदि मौजूद रहे।

### ब्लू डायमंड पहुंची फाइनल में

**ओबरा।** स्थानीय अवर अभियंता मनोरंजन क्लब चार में चल रहे जेईपीएल सीजन-12 के 15वें दिन रविवार को दूसरा सेमी फाइनल मैच पिच स्मेसर्स और ब्लू डायमंड के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पिच स्मेसर्स इं सर्वेश यादव की कप्तानी में निर्धारित 10 ओवरों में 6 विकेट खोकर विरोधी टीम को जीत के लिए 42 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में ब्लू डायमंड की टीम इं अभिनव सिंह की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 6.4 ओवरों में ही बिना विकेट खोए मैच को आसानी से जीत लिया। सर्वाधिक इं राम निवास यादव के 24 और इं गोविन्द के 19 रनों के योगदान से इस मैच को ब्लू डायमंड ने जीतकर फाइनल में पहुंच गई। प्लेयर आफ द मैच इं राम निवास यादव रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जेन वाइपर्स और ब्लू डायमंड के बीच नेता जी सुभाष चंद बोस की जयंती पर खेला जाएगा।

# पुलिस ने तमंचे संग बदमाश को दबोचा

**सफलता**

### लूट की योजना में असफल अपराधियों ने विवाद के दौरान साथी को मारी थी गोली


सदर कोतवाली में गोलीकांड का खुलासा करते कोतवाल राजीव कुमार सिंह

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस ने रविवार को जिला अस्पताल के समीप से एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया उसके पास से पुलिस ने एक तमंचा बरामद किया वहीं इस मामले में गोली से घायल एक आरोपी ट्रामा सेंटर में भर्ती हैं जबकि पांच अन्य आरोपी फरार हैं फिलहाल पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया है। दरअसल, 20 जनवरी की देर शाम कुछ बदमाशों ने शराब पीने के बाद अपने सहयोगी को गोली मार दी थी। मामले को लेकर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी हुई थी।

रविवार को कोतवाल राजीव सिंह ने जिला अस्पताल के समीप से गाजीपुर के सुहवल थानाक्षेत्र के खिदिलपुर निवासी मनोज यादव को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के पास से पुलिस ने एक तमंचा और कुछ जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। जांच के दौरान आरोपी मनोज यादव ने बताया कि 20 जनवरी को अपने गिरोह के सदस्यों के साथ गोधना के समीप अग्रवाल ट्रेडर्स के संचालक को लूटने के लिए गए थे। लेकिन चौकीदार और सीसी कैमरा लगा देख वापस लौट गए। इसके बाद सभी लोग एक जगह बैठकर शराब पीने लगे। इसी बीच मोनू और अन्य साथियों में विवाद के दौरान तमंचे से गोली चल गई। इसके चलते मोनू के जांच में गोली लग गई। इस बाबत कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक को गोली लग गई थी। जिसके उसके साथियों ने अस्पताल में भर्ती करने बाद फरार हो गए। इस मामले के आरोपी गाजीपुर जिले के बलवंत यादव, शाहीद अंसारी, छोटू, रोहित चौहान, सिप्पी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दिया गया है। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# तारापुर में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**सम्मान समारोह**

### किसान, नौजवान, बुजुर्ग लोगों को माल्यार्पण व अंगवस्त्र देकर किया गया सम्मानित



सम्मान समारोह में लोगो को संबोधित करते पूर्व सांसद रामकिशुन यादव

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के तारापुर स्थित प्रभु मेमोरियल इंटर कॉलेज में रविवार को सकलडीहा सेक्टर नंबर तीन के जिला पंचायत सदस्य मुलायम सिंह यादव द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में किसान,नौजवान,बुजुर्ग लोगों को माल्यार्पण व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की शुरूआत जनेश्वर मिश्र के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामकिशुन यादव ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुलायम सिंह यादव बबलू को जिला पंचायत चुनकर भेजने का कार्य किया है उनका सम्मान बढ़ाने का काम आपके जिला पंचायत सदस्य आज कर रहे हैं। इस कार्यक्रम से किसानों,नौजवानों, बुजुर्गों को सम्मानित कर अपने संस्कार का परिचय देने का काम किया जा रहा है। यहां की जनता ने हम लोगों को विधानसभा से लेकर लोकसभा तक भेजा। जिला पंचायत सदस्य मुलायम सिंह डब्लू ने कहा कि आठ वर्ष से लगातार सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। उसे आगे भी अनवरत जारी रखने का प्रयास किया जाएगा। कोई भी प्रतिनिधि चाहे किसी का कितना भी सम्मान कर सके लेकिन जनता का सदैव कर्जदार रहना पड़ेगा। परिवार से जो संस्कार मिला है उसे आगे बढ़ाने के साथ ही उसे कायम रखने का काम करेंगे। इस मौके पर पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव, पारसनाथ यादव, तेज नारायण यादव, सुशील यादव गुड्डू,लक्ष्मण पासवान, अरविंद यादव बबलू,पवन मिश्रा, विक्की प्रधान, प्रेमनाथ तिवारी, अमित सिंह ,राजीव पांडे, केदार यादव, विवेक पांडे, आशुतोष यादव प्रधान लालता यादव, विवेक सिंह बुद्धन, छोटेलाल तिवारी, विपिन मिश्रा, राजकुमार पप्पू, सूबेदार सिंह, भरत प्रधान,भानू प्रताप प्रधान,रामविलास प्रधान, बंसराज यादव, रामनाथ यादव,डॉ स्वामीनाथ यादव, वीरेंद्र सिंह, श्रवण यादव,आदि लोग उपस्थित रहे अध्यक्षता पूर्व प्रधान सारनाथ सिंह व संचालन कुंजबिहारी सिंह ने किया।

## संक्षेप

### विद्यार्थी परिषद ने की छात्र महाकुंभ की समीक्षा


बैठक करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लोग

**चंदौली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चंदौली की बैठक रविवार को एक लान में संपन्न हुई। जिसमे 30 जनवरी को होने वाले जिला स्तरीय छात्र सम्मेलन छात्र महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान जहां जिला संगठन मंत्री सौरभेंद्र विक्रम ने कहा कि जिले के हर केंद्र से छात्र सम्मेलन में विद्यार्थी आएंगे। जिसमे युवा पखवाड़ा के तहत हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हुए छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में विपुल, कुंदन सिंह, संजय सिंह, मेहताब अली प्रियांशु सिंह, अंशुमान सिंह, प्रभात सिंह, विकास राय, रितेश राइडर, राजवीर सिंह चौहान मौजूद रहें।

### छोटे लोहिया की मनाई गई पुण्यतिथि

**डीडीयू नगर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रविवार को समाजवाद के पुरोधा छोटे लोहिया स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद राम किशुन ने कहा कि स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र नौजवानों के हमेशा प्रेरणा दायक रहे हैं। किसानों, पिछड़े, दलितों के हितों के लिए के लिए जीवन पर्यंत संघर्षरत रहे। उनका पूरा जीवन ही समाजवादी सिद्धांतों से परिपूर्ण रहा। उनके करनी और कथनी में कभी अंतर नहीं आया। वे हमेशा सांप्रदायिक शक्तियों को चुनौती बनकर मजबूती के साथ खड़ा रहते थे।। पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबूलाल ने कहा कि छोटे लोहिया ने यह नारा दिया था संघर्ष के दौरान कि मारेंगे नहीं मानेंगे नहीं कभी।वे हमेशा हिंसक आंदोलन के पक्षधर नहीं रहे। हमेशा अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए संघर्ष की तेज धारा को बढ़ाने का काम किया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन राजकुमार जायसवाल, अमरनाथ जायसवाल मोनू,महेश जायसवाल,नायाब अहमद रिंकू,पारस यादव,विजय पटेल, श्रीराम बीडीसी , प्रेम नाथ तिवारी, जुबेर अहमद तेज नारायण आदि लोग मौजूद रहे।

### शोक सभा का हुआ आयोजन

**डीडीयू नगर।** भारतवर्षीय गोंड आदिवासी महासभा समिति की बैठक केंद्रीय कार्यालय परशुरामपुर पर रविवार को संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती व एकता पर बल दिया गया और कहां गया कि हमें संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। संगठन ही समाज की सफलता की सीढ़ी है। बैठक में में रामरक्षा प्रसाद गोंड व नंदलाल गोंड की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर शोक मनाया गया। इस दौरान कृष्ण गोंड, प्यारेलाल गोंड, पंकज कुमार, रविशंकर, नंदलाल, शीतला प्रसाद, अवधेश नारायण, कैलाशनाथ, सुरेश प्रसाद, रामाधार,पारसनाथ आदि रहे। अध्यक्षता पारसनाथ गोंड व संचालन सुरेश प्रसाद गोंड ने किया।

### श्रीमद्भागवत कथा का हुआ आयोजन

**कंदवा।** मन ही बंधन और मोक्ष का कारण है। मन संसार की ओर लग जाता है तो बंधन, यदि परमात्मा की ओर लग जाए तो जीव मोक्ष को प्राप्त हो जाता है। उक्त बातें कम्हरिया गांव में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन रविवार की शाम कथा वाचक अखिलानंद जी महाराज ने कहीं। महाराज जी ने कहा कि जीवन में अगर शांति होगी तो ही सच्चा सुख मिलेगा और शांति भगवान के पास जाये बिना नहीं मिलती। जब तक भगवान में भाव और भक्ति नहीं होती,तब तक शांति नहीं मिलती। भगवान में भाव उत्पन्न होते ही शांति अपने आप आ जायेगी। इस दौरान संजय द्विवेदी, गिरिराज द्विवेदी, संजय सिंह,अशोक द्विवेदी आदि लोग रहे।

# 65 लाख की शराब संग दो तस्करों को पुलिस ने दबोचा

**सफलता**

### हरियाणा से बिहार जा रहे थे शराब तस्कर, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने किया गिरफ्तार


कंदवा थाने में तस्कर के साथ पुलिस टीम

**कंदवा।** स्थानीय पुलिस, सर्विलांस व स्वाट टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर रविवार की सुबह बरहनी तिराहा के पास से एक ट्रक से 390 पेटी अवैध शराब बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। शराब हरियाणा से खरीद कर ट्रक से बिहार बिक्री के लिए ले जायी जा रही थी जिसकी अनुमानित कीमत 65 लाख बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को बधाई देते हुए 25 हजार इनाम दिए जाने की घोषणा की गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मौजूद बताया कि पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निदेर्शानुसार शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर रामवीर सिंह के निर्देशन में थानाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह सर्विलांस व स्वाट टीम के संयुक्त प्रयास से मुखबिर की सूचना के बाद एक विशेष तरह की केबिन बने ट्रक से ले जायी जा रही 390 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि अवैध शराब हरियाणा से खरीद की गई है। व बिहार बिक्री के लिए जा रही थी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ट्रक में चकमा देने के लिए विशेष तरह का बॉक्स बनाया गया है।

जो शराब तस्करी के लिए प्रयुक्त होता है। वहीं पुलिस को चकमा देने के लिए तस्करों द्वारा शराब से भरे बाक्स के चारो तरफ बोरी में धूल की तरह एक विशेष तरह का जो उर्वरक बता रहे थे रखा था। वहीं कूट रचित दस्तावेज भी है। जो पुलिस व जांच टीम को दिखाने के लिए बनाया गया है। बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्त शिवा पुत्र गोवर्धन सैनी 30 वर्ष निवासी गढ़ी सराय नामदार खां थाना गोहाना जनपद सोनी पत,हरियाणा व दीपक कुमार पुत्र सतीश कुमार बंजारा उम्र 23 वर्ष निवासी गढ़ी सराय थाना गोहाना जनपद सोनी पत,हरियाणा से पूछताछ कर अन्य शराब तस्करों के गिरेहबान तक पुलिस पहुंचने के प्रयास मे है। गिफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष कंदवा शैलेंद्र प्रताप सिंह उप निरीक्षक मनोज कुमार पांडे ,रजत पांडे ,वीरेंद्र कुमार ,मनीष यादव ,अवधेश पटेल, सर्विलांस टीम में निरीक्षक श्याम जी यादव, सूरज सिंह ,प्रेम प्रकाश यादव ,देवेंद्र कुमार अजीत कुमार सिंह ,सत्येंद्र विक्रम सिंह ,अमित, विजेंद्र ,प्रीतम सहित अन्य पुलिसकर्मी सम्मिलित रहे।

### बदमाशों ने युवक से छीना मोबाइल

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के सराय वाया रानेपुर ( खण्डवारी ) मार्ग पर सराय गांव के पास बदमाशो ने शनिवार की देर शाम को मेला देखकर लौट रहे युवक देवा कुमार राम का मोबाइल छीन कर फरार हो गये। युवक जब बलुआ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने गया तो उसे थाने से भगा दिया गया। पुलिस ने कार्यवाही करने के बजाय उल्टा युवक को हताश कर दिया । पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए थानों पर सक्रियता दिखाने की बात करते है। जबकि विभागीय लोगो के रवैया से क्षेत्र के लोग खिन्न है । सराय बंधवा पर के रहने वाले देवा राम शनिवार की देर शाम को अपने दो मित्रों के साथ बलुआ से मेला देखकर लौट रहा था। सराय वाया रानेपुर खण्डवारी मार्ग पर सराय गांव पास बदमाशो ने दस हजार का एंड्राइड मोबाइल बाइक रोककर मारने पीटने को धमकाकर मोबाइल छीनकर फरार हो गये। जब युवक बलुआ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने गया तो पुलिस का यह जवाब मिला कि मोबाइल छीनकर भाग गये तो मैं क्या करूँ । रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय पुलिस उल्टा डांटकर भगा दिया । युवक पुलिस के रवैये से हताश होकर रोते हुए घर आ गया।

# 190 मरीजों का किया गया निःशुल्क परीक्षण


मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

**जनसंदेश न्यूज**

**चन्दौली।** अनामिका चाइल्ड केयर एंड हॉस्पिटल की तरफ से रविवार को डॉ ऋषि कुमार एम.डी.(पिडीया) के द्वारा सवैया महलवार ग्राम सभा में निःशुल्क दवा वितरण एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 190 मरीजों का सफल परीक्षण किया गया। वहीं कैंप में गरीब बच्चों को निःशुल्क विटामिन एवं कैल्शियम की खुराक दी गई। छोटे बच्चों को सुवर्णप्राशन की खुराक भी पिलाई गई। इस दौरान डॉ ऋषि कुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि समय-समय पर कैंप लगाकर गरीब और असहाय बच्चों का निःशुल्क जांच कर उनको दवा वितरित किया जाए जिससे कि उनको भी बीमारियों से बचाया जा सके। कहा कि गरीब व असहाय लोंगो की मदद करके सुकून मिलता है। हम सभी को गरीब व असहाय लोंगों की मदद करनी चाहिए।

### नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जंयती पर मानव शृंखला का आयोजन

**सकलडीहा।** जिलाधिकारी ईशा दुहन के निर्देश पर पांच जनवरी से 4 फरवरी तक यातयात जागरूकता सप्ताह का आयोजन चल रहा है। इस क्रम में उपजिलाधिकारी मनोज पाठक के निर्देश पर सकलडीहा इंटर कॉलेज की ओर से सोमवार को नेता सुभाष चंद्र बोस की जंयती पर मानव श्रृंखला और यातायात जागरूकता कार्यक्रम के तहत शपथ दिलाया जायेगा। इसको लेकर तीनों ब्लॉक में तैयारी का निर्देश दिया गया है। सुभाष चंद्र बोस की जंयती और सड़क सुरक्षा संबधी जागरूकता कार्यक्रम सकलडीहा सधन तिराहा पुलिस पीकेट से चहनिया जाने वाले रास्ते पर होना है। इसको लेकर तहसील प्रशासन द्वारा सकलडीहा इंटर कॉलेज को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। इस बाबत उपजिलाधिकारी मनोज पाठक ने बताया कि नेता जी की जंयती पर मानव श्रृंखला और सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम सकलडीहा, चहनिया और धानापुर तीनो ब्लॉक में कराया जायेगा। इसके लिये संबधित विद्यालय के बच्चों को निर्देशित किया गया है। सकलडीहा में कार्यक्रम संचालन के लिये प्रधानाचार्य व लेफ्टिनेंट सत्यमूर्ति ओझा को बताया गया है।

# कीचड़युक्त सड़क के गड्ढे में गिरकर लोग हो रहे चोटिल

**परेशानी**

### ग्रामीणों ने दी चेतावनी जल्द सड़क नहीं बनी तो करेंगे आंदोलन


चहनियां कस्बा में कीचड़युक्त सड़क पर आते जाते लोग

**चहनियां।** चहनियां कस्बा में पीडियूनगर मुख्य मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क पर बने गढ्ढे में गिट्टी व भस्सी डालने के बजाय मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। इससे लोगो को आवागमन करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे है। जिसको लेकर लोगो में भारी आक्रोश है। चहनियां कस्बा में पीडियूनगर मुख्य मार्ग पर विगत कई वर्षों से मार्ग पर गढ्ढा होकर पानी भर गया था।

इस संबंध में प्रधानपति सतीश गुप्ता द्वारा जिलाधिकारी को मौनी अमावस्या के पूर्व सड़क मरम्मत कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। बावजूद इसके लोक निर्माण द्वारा मौनी अमावस्या बीतने के बाद रविवार को गढ्ढे में गिट्टी व भस्सी डालने के बजाय थोड़ी सी गिट्टी व ज्यादा मात्रा में मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। स्थिति और नारकीय हो गयी है।

आने जाने वाले लोगो के वाहन उसी में फंस जा रहा है। वहीं लोग गिरकर चोटहिल हो रहे है। कस्बावासियों का कहना है कि विभागीय लोगो द्वारा थोड़ा पैसा बचाने के चक्कर मे कोरम पूरा कर दिया गया। मौनी अमावस्या पर लोग नाबदान से भरे गढ्ढे से होकर गुजरे। जब मौनी अमावस्या बीत गया तो मिट्टी डाल कर छोड़ दिये। जो आने जाने वाले लोगो के लिए सिरदर्द बन गया है। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि मार्ग को जल्द ठीक नही किया गया तो सड़क जाम कर आंदोलन किया जायेगा।

# मनोज सिंह डब्लू ने पूर्व सांसद आनन्द रत्न को दी श्रद्धांजलि

**जनसंदेश न्यूज**


पूर्व सांसद आनंद रत्न मौर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मनोज सिंह डब्ल

**चंदौली।** सपा के राष्ट्रीय सचीव मनोज सिंह डब्लू रविवार को चन्दौली के तीन बार सांसद रहे आनंद रत्न मौर्य के निधन बाद उनके आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके चित्र पर श्रद्धा के सुमन अर्पित कर उनकी स्मृति को याद किया। इस दौरान मनोज सिंह डब्ल्य ने कहा कि जनपद के लगातार तीन बार सांसद रहे आनंद मौर्य हमेशा गरीब, मजलूम, दबे कुचले समाज के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किए। आज उनके निधन से सर्व समाज ने एक ईमानदार राजनेता खो दिया। एक सूत्र में सभी को पिरो कर उन्होंने खुद को साबित किया और तीन बार चन्दौली से सांसद रहे। अपनी विचारधारा सभी को साथ ले कर चलने का काम किया।

उनको सभी वर्गों मे लोकप्रिय थे। उनके जाने से राजनीति की क्षति हुई है। जनता ने भी एक ईमानदार नेता खो दिया है। ऐसे नेता की कमी हमेशा खलती रहेगी। वह अटल जी के विचारों को हमेशा आत्मसात किया और उनके बताए हुए रास्तों पर समाज की सेवा की। ऐसे नेता समाज में बार-बार जन्म नहीं लेते हैं। उनके निधन से आज समाज का सभी मार्हत है। समाज के लोगों को जो उनके निधन से क्षति है उसकी भरपाई नहीं की जा सकती है।

### सादा जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्तित्व थे आंनद रत्न मौर्यः महेंद्र प्रसाद

**चंदौली।** क्षेत्र के बिछिया खुर्द गांव स्थित किसान न्याय मोर्चा के कैंप कार्यालय पर रविवार को शोक सभा आयोजित किया गया। जिसमें चंदौली के पूर्व सांसद आनंद रतन मौर्य के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। अंत में 2 मिनट मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान किसान न्याय मोर्चा के संयोजक महेंद्र प्रसाद एडवोकेट ने कहा कि आनंद रतन मौर्य एक सरल स्वभाव सादा जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्तित्व थे। इन्होंने अपने तीन बार के कार्यकाल में जनपद में जो विकास कार्य कराया उसको सदैव याद रखा जाएगा। किसान न्याय मोर्चा के उपाध्यक्ष शमीम अहमद मिल्की ने कहा कि आनंद रतन मौर्य अपने कार्यकाल में चंदौली क्षेत्र का नेतृत्व किया। और लोकसभा में ज्वलंत मुद्दों को उठाया इस अवसर पर प्रोफेसर शिवराज सिंह चौहान, इंद्रजीत शर्मा, लक्ष्मण चौहान, श्रीमती अंजू चौहान, चंद्रमा यादव, कयामुद्दीन अंसारी, बैजनाथ यादव ,सुरेश यादव ,केदार यादव ,सुशील यादव, वीर बहादुर मौर्य आदि उपस्थित रहे। संचालन कृष्णकांत यादव ने किया।

# ताइक्वांडों में खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड और सिल्वर


ताइक्वांडों प्रतियोगिता में फाइट करते खिलाड़ी

**सकलडीहा।** दुगार्पुर स्थित मां भगवती महिला महा विद्यालय पांच वां ओपेन जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। रविवार को दूसरे दिन कुल 150 ताइक्वांडों खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें कई प्रतिभागियों ने विभिन्न वर्ग भार में गोल्ड, सिल्वर और कांस्य पदक जीता।

प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में कुरेशा, यर्थाथ पांडेय, स्वीटी निगम, श्रीयांशी रावत, अस्त्रीता बरी, उज्जवल गुप्ता,निश्चल गुप्ता, तनवी चौरसिया, अमन चौरसिया, श्रेया गुप्ता, आदित्य मिश्रा, श्रेया मिश्रा, कृति मिश्रा, राहुल कुमार, आस्था पाल,अमायश गुप्ता, परी कुमारी, अश्वनी श्री,योगिता राज, दिव्या भारती, हर्षित राज, नीरज यादव, प्रतीक्षा, शिवदेव, आकाश सोनकर, रामानंद आर्य ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वही रजत मेडलिस्ट अरायनादास गुप्ता, दिव्यांशी, आयुष, अंकित, सौरभ सिंह, मान्यता राज, प्रियांशु राज, अंकुश सिल्वर, प्रिंस, अभिषेक, अमन सोनकर, दीपक, विशाल ने रजत मेडल प्राप्त किया। कास्य पदक में आदित्य, अमरजीत, अभिषेक राय, मोलू, अनिल सोनकर, शिवम ने हासिल किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए डा. विनय कुमार वर्मा व संघ के उपाध्यक्ष साहू थामस ने कहा कि खेल हमेशा देश और राष्ट्रसेवा की भावना से खेलना चाहिये। इसके पूर्व विद्यालय के प्रबंधक शिवाजी लाल, रामनरायण लाल कोंच कृष्ण देव, आजाद हुसैन, आशीष श्रीवास्तव ने बच्चों को स्मृति चिन्ह व मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सचिव सतीश कुमार, संतोष भारती, आशीष श्रीवास्तव , हेमंत,बृजेश, प्रमोद सिंह, धीरज यादव, दिलीप गुप्ता, नीरज पटेल, सौरभ श्रीवास्तव, अजय यादव, शिवप्रताप, देव कुमार, आजाद हुसैन, आरिफ खान, राज गुप्ता, आर्यन राज सौरभ, अमन धीरज, अमित मिश्रा, रिजवाना बेगम सुषमा आदि मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स

## पूर्व आईपीएस के उत्पीड़न की वजह से छोड़ी रेसलिंग विनेश को देख हिम्मत आई : कविता दलाल

भारतीय कुश्ती संघ और पहलवानों के बीच जारी विवाद में हरियाणा के जींद की रेसलर कविता दलाल की भी एंट्री हुई है। कविता ने कहा- मुझे भी उत्पीड़न की वजह से रेसलिंग छोड़नी पड़ी। मैंने भी वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के अध्यक्ष पूर्व आईपीएस की प्रताड़ना के कारण रेसलिंग छोड़ी थी। पहले कभी आपबीती बताने की हिम्मत नहीं जुटा पाई, लेकिन दिल्ली के जंतर-मंतर पर विनेश फोगाट ने आपबीती बताई कि वह कई बार सुसाइड करने की कोशिश कर चुकीं थीं। उसके बाद मुझे अपनी बात रखने की हिम्मत आई। ऐसी स्थितियां कई खिलाड़ियों के चारों तरफ पैदा कर दी जाती हैं। कविता दलाल ने कहा कि 2008 और 2010 के बीच की बात थी, तब वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के अध्यक्ष पूर्व कद्दर थे। उस वक्त मुझे कैंप के लिए लखनऊ साई सेंटर से परमिशन चाहिए थी। मैंने अध्यक्ष को कहा था कि मुझे फेडरेशन की ओर से लेटर चाहिए, ताकि मुझे डिपार्टमेंट से परमिशन मिल सके।



# मलेशिया को पेनल्टी शूटआउट में हराकर स्पेन क्वार्टर फाइनल में, अब ऑस्ट्रेलिया से होगा

## स्पेन की टीम अब मंगलवार को अंतिम-आठ चरण में खिताब के दावेदारों और पूल ए में तालिका पर शीर्ष पर रहे ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी

**भुवनेश्वर।** स्पेन ने पुरुष हॉकी विश्व कप के रोमांचक क्रॉसओवर मुकाबले में रविवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में मलेशिया को 4-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) विश्व कप के इस मुकाबले में नियमित समय में मैच 2-2 से बराबरी पर था। स्पेन की टीम अब मंगलवार को अंतिम-आठ चरण में खिताब के दावेदारों और पूल ए में तालिका पर शीर्ष पर रहे ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं थी। फैजल सारी ने 35वें मिनट में मलेशिया का खाता खोला लेकिन मार्क मिरालेस (41वें) और जेवियर गिस्पर्ट (42वें) ने एक मिनट के अंदर दो गोलकर स्पेन को 2-1 से आगे कर दिया। इसके बाद शेलो सिल्वरियस ने शानदार मैदानी गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया।





पेनल्टी शूटआउट में पांच खिलाड़ियों के पहले सेट के शॉट लेने के बाद स्कोर 3-3 से बराबरी पर था। मलेशिया के लिए फिरहान अशरी, फैजल सारी और सुहैमी शाहमी इरफान ने गोल किए, जबकि मरहान जलील और शेलो सिल्वरियस चूक गए। स्पेन के लिए मार्क मिरालेस, बोनास्ट्रे जोर्डी और गिस्पर्ट जेवियर ने गोल किए जबकि अल्वारो इग्लेसियस और मार्क रेने इसमें नाकाम रहे। दोनों टीमों का स्कोर 3-3 की बराबरी पर था। इसके बाद सडन डेथ में स्पेन के मार्क मिरालेस ने गोल किया जबकि मलेशिया के फिरहान अशारी चूक गए। स्पेन की टीम पूल डी में इंग्लैंड और भारत के बाद तीसरे स्थान पर रहा थी। टीम ने मैच के दौरान मलेशिया के सर्कल में कई बार प्रवेश कर अपना दबदबा कायम किया लेकिन मलेशिया ने जवाबी हमले से उसके प्रभाव को कम कर किया। स्पेन को मैच में आठ पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन वह एक को भी गोल में नहीं बदल सका। मलेशिया ने एक पेनल्टी कार्नर हासिल किया और उसे गोल में बदलने में नाकाम रहा। मलेशिया चौथे क्वार्टर के पहले मिनट में गेंद को स्पेन के गोल पोस्ट में डाल दिया लेकिन अंपायर ने इसे अमान्य गोल करार दिया । गेंद गेंद फैजल सारी के हॉकी स्टिक के पिछले हिस्से को छू कर गयी थी।

## तीसरे क्वार्टर में भारत 3-1 से आगे, ललित-सुखजीत और वरुण ने दागे गोल



ओडिशा में चल रहे हॉकी वर्ल्ड कप में भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला खेल रही है। कलिंगा स्टेडियम में चल रहे पूल डी के इस मुकाबले के तीसरे क्वार्टर का खेल जारी है और भारत 3-1 से आगे है। भारत की ओर से अनुभवी ललित उपाध्याय ने 17वें मिनट में मैदानी गोल दागा। उसके बाद 24वें मिनट में सुखजीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। फिर 28वें मिनट में सैम लिन ने मैदानी गोलकर न्यूजीलैंड की वापसी कराई। हाफ टाइम के बाद वरुण कुमार ने 40वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। पहला क्वार्टर गोलरहित रहने के बाद भारतीय टीम ने आक्रामक खेल जारी रखा। 17वें मिनट में उसे सफलता भी मिली, जब ललित उपाध्याय ने शानदार मैदानी गोल दागा। उसके बाद 21वें, 23वें और 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिले। 24वें मिनट में सुखजीत ने पेनल्टी पर गोल दागा। 28वें मिनट में सैम लिन ने गोलकर स्कोर 2-1 कर दिया। इससे पहले 21वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर भारतीय टीम गोल करने से चूक गई। एक समय लगा कि गोल हो गया, लेकिन कीवी खिलाड़ियों रेफरल लिया और थर्ड अंपायर ने उसे फ्री हिट में तब्दील कर दिया।

## बॉलीवुड न्यूज

### 'बड़े मियां छोटे मियां' की शूटिंग मुंबई में हुई शुरू




**मुंबई।** पूजा एंटरटेनमेंट की आने वाली जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर 'बड़े मियां छोटे मियां' को लेकर काफी चर्चा है। फिल्म बॉलीवुड के दो सबसे बड़े एक्शन हीरोज, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ को एक साथ लाती है, एक ऐसा कॉम्बिनेशन जो निश्चित रूप से दर्शकों को खुश कर देगा। पृथ्वीराज सुकुमारन भी इस फिल्म का हिस्सा हैं और एक पावरफुल विलेन के रूप में अपने अभिनय कौशल को सामने लाते हैं। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित की जाने वाली फिल्म को बड़े पैमाने पर सेट किया गया है, जिसमें पहले कभी नहीं देखा गया एक्शन सेट, दुनिया भर से क्रू, स्पेशलाइज्ड टेक्नोलॉजी और इक्विपमेंट्स हैं। महीनों की कड़ी तैयारी के बाद बीएमसीएम के निमार्ताओं ने पूरी कास्ट और क्रू और फिल्म जगत के शुभचिंतकों के साथ एक बड़े शुभ मुहुर्त में फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जो इस रोमांचक पल का हिस्सा थे। फिल्म के मुहूर्त शॉट के बारे में अपना उत्साह साझा करने के बाद, निमार्ता वाशु भगनानी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित एएजेड फिल्म के सहयोग से 'बड़े मियां छोटे मियां', जिसे वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया हैं। यह पूजा एंटरटेनमेंट एक्शन एंटरटेनर दिसंबर 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# आन से यंग ने जीता इंडिया ओपन का खिताब, यामागूची को दी करारी मात

## एक घंटा दो मिनट चले महिला एकल फाइनल में सेयंग ने यामागूची को दी मात

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया की आन से यंग ने इंडिया ओपन 2023 के रोमांचक फाइनल में रविवार को जापान की अकाने यामागूची को हराकर टूनार्मेंट जीत लिया। इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव हॉल में एक घंटा दो मिनट चले महिला एकल फाइनल में सेयंग ने यामागूची को 15-21, 21-16, 21-12 से मात दी।

पिछले हफ्ते हुए मलेशिया ओपन 2023 के फाइनल में यामागूची ने सेयंग को मात देकर खिताब जीता था और यहां भी वह शुरूआत में अपनी कोरियाई प्रतिद्वंदी पर हावी नजर आईं। यामागूची ने पहले गेम में ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली। सेयंग ने ब्रेक के बाद कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन कभी भी गेम में वापसी नहीं कर पाईं। पहला गेम हारने के बाद हालांकि विश्व नंबर चार सेयंग ने अनुशासनात्मक खेल दिखाया। दूसरे गेम में एक समय पर दोनों खिलाड़ी 12-12 की बराबरी पर थीं, लेकिन सेयंग ने लगातार दो पॉइंट स्कोर करके 14-12 की बढ़त ली और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।





निर्णायक गेम में भी दोनों खिलाड़ी 8-8 की बराबरी पर थीं। सेयंग ने ब्रेक के बाद थकी हुई यामागूची को कोर्ट के हर कोने में दौड़ाया और 21

इसी बीच, महिला युगल और मिश्रित युगल प्रतियोगिताओं में वॉकओवर मिलने से जापान ने दोनों खिताब जीत लिये। चीन के वांग यी ल्यू और हुआंग डोंगपिंग के नाम वापस लेने से जापान के युटा वाटानाबे और अरिसा हगाशीनो ने मिश्रित युगल का खिताब अपने नाम किया। चीन की चेन किंगचेन और जिया यी फैन के नाम वापस लेने के कारण इंडिया ओपन का ताज जापान की नामी मातसुयामा और चिहारू शिदा की महिला युगल जोड़ी के सिर सजा।

## 'लाइन और लेंथ पर काम करोगे तो दुनिया पर...', मोहम्मद शमी ने उमरान मलिक को दी सलाह

**रायपुर।** अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का मानना है की उमरान मलिक का अपनी रफ्तार के कारण भविष्य उज्जवल है और यदि यह युवा तेज गेंदबाज अपनी लाइन और लेंथ पर काम करता है तो दुनिया पर राज कर सकता है। जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज उमरान ने अपनी रफ्तार से प्रभावित किया है। वह लगातार 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं लेकिन लाइन और लेंथ से जूझते हैं।

शमी ने उमरान से कहा, मैं आपको केवल एक सलाह देना चाहता हूं। मुझे नहीं लगता कि आपकी जो रफ्तार है उसको खेलना आसान है। हमें केवल थोड़ा लाइन और लेंथ पर काम करने की जरूरत है। अगर हम इस पर नियंत्रण रख सकते हैं तो फिर दुनिया पर राज कर सकते हैं। इन दोनों तेज गेंदबाजों के बीच बातचीत का वीडियो बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किया गया



है। शमी ने कहा,आपके पास काफी ताकत है और आपका भविष्य उज्जवल है। भविष्य के लिए शुभकामनाएं। उम्मीद है कि आप अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखोगे। उमरान ने शमी से पूछा कि वह प्रत्येक मैच में इतने शांतचित्त और खुश कैसे बने रहते हैं। उन्होंने कहा, जब आप देश के लिए खेल रहे होते हैं तो आपको खुद पर दबाव नहीं बनाना चाहिए। आपको अपने कौशल पर भरोसा रखना चाहिए। शमी ने कहा, जब आप शांतचित बने रहते हैं और अपने कौशल पर भरोसा रखते हैं तो आपके पास अपनी रणनीति के अनुसार चलने का अच्छा मौका होता है।

## विश्व की नंबर-1 स्वियातेक को हराकर रायबाकिना ने तीखी सर्विस से क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**मेलबर्न।** विंबलडन चैम्पियन एलेना रायबाकिना ने रविवार को यहां विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक को सीधे सेटों में हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूनार्मेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता में 22वीं वरीयता प्राप्त रायबाकिना ने अपनी तीखी सर्विस से स्वियातेक को परेशान किया और डेढ़ घंटे तक चले मैच में 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। स्वियातेक तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं। उन्होंने पिछले साल फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। रायबाकिना की रैंकिंग उनके कौशल का सही आकलन नहीं करती क्योंकि पिछले साल विंबलडन चैंपियन बनने के बाद उन्हें रैंकिंग में कोई फायदा नहीं मिला था। डब्ल्यूटीए और एटीपी ने तब रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को विंबलडन में प्रवेश नहीं देने के ऑल इंग्लैंड क्लब के फैसले के कारण इस प्रतियोगिता से मिलने वाले अंक खिलाड़ियों की रैंकिंग में नहीं जोड़े थे। रायबाकिना का जन्म मास्को में हुआ है लेकिन वह 2018 से कजाखस्तान का प्रतिनिधित्व कर रही है।



# पेनल्टी कॉर्नर के बचाव में काफी हुआ सुधार

**भुवनेश्वर।** भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय टीमों के लिए पेनल्टी कॉर्नर से गोल करना लगातार मुश्किल होता जा रहा है क्योंकि खेल में वीडियो विश्लेषण जैसी तकनीक के इस्तेमाल से विरोधी टीमों की रक्षापंक्ति को मजबूत बना दिया है। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे रुपिंदर ने कहा कि हाल के वर्षों में पेनल्टी-कॉर्नर के बचाव में काफी सुधार हुआ है और यही कारण है कि दुनिया भर में ड्रैग-फ्लिकर को गोल करने में परेशानी हो रही है। रुपिंदर ने ओलंपिक के बाद खेल को अलविदा कह दिया था। उन्होंने ने दिए साक्षात्कार में कहा, हाल के वर्षों में पेनल्टी कॉर्नर का बचाव करना एक कला बन गया है। हर टीम के पास अब यह अध्ययन करने के लिए वीडियो विश्लेषण है कि विरोधी अपने पेनल्टी कॉर्नर को कैसे लेते है। टीमें यह विश्लेषण करती है कि विपक्षी टीम के ड्रैग फ्लिकर कैसे फ्लिक करती है। उनके तरीके और तकनीक को





देखकर वे इसके बचाव के लिए खुद को तैयार करती हैं। टोक्यो ओलंपिक के दौरान ड्रैग फ्लिक में टीम के मौजूदा कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ जोड़ी बनाने वाले रुपिंदर ने कहा, भारत के मामले में भी ऐसा ही है। हम पेनल्टी कॉर्नर का बचाव करने में भी बहुत अच्छे हैं जैसा कि हमने इंग्लैंड के खिलाफ (इस विश्व कप में) देखा। हमारे खिलाड़ी अमित रोहिदास और मनप्रीत सिंह, बाहर निकलने और कोण को बंद करने के मामले में बहुत तेज हैं। भारत ने मौजूदा विश्व कप में 16 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये और इसमें से सिर्फ तीन को गोल में बदलने में सफल रहा। पूल चरणों के अंत में 24 मैचों में टीमों ने कुल 130 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये और इसमें से 43 को गोल में बदलने में सफल रहे। इस 32 साल के पूर्व खिलाड़ी ने कहा, यह विश्व कप है, कोई अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट या द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला नहीं है। हर टीम पेनल्टी कॉर्नर पर अधिक गोल करने की कोशिश करेगी जबकि विरोधी टीम उसके बचाव की कोशिश करेगी। रूपिंदर ने कहा कि विपक्षी टीमों के वीडियो विश्लेषण के अलावा, अब बेहतर गुणवत्ता वाले उपकरण, जैसे कि घुटने और मुंह का गार्ड, दस्ताने और हेड गार्ड ने ड्रैग फ्लिक को अतीत की तुलना में कम खतरनाक बना दिया है। इसलिए वे अब बेहतर बचाव कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हम यह नहीं कह सकते कि ड्रैग फ्लिकर का प्रभाव हॉकी में कम हुआ है। हां गोल के आंकड़े कम हुए है क्योंकि रक्षापंक्ति के पास चोटिल होने से बचाव के बेहतर उपकरण है। ड्रैग-फ्लिकर भी गोल करने के नये तरीके ढूंढेंगे , यह बस समय से जुड़ा है। अगर इंजेक्टर (पेनल्टी कॉर्नर पर गेंद को पहले हिट करने वाला), स्टॉपर और ड्रैग फ्लिकर के बीच समन्वय सही रहा तो गोल होने के मौके ज्यादा होते है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत मौजूदा विश्व कप में पेनल्टी पर सिर्फ एक गोल कर सके है। लेकिन रूपिंदर ने भारतीय खिलाड़ियों को संयम बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा, अधिक दबाव वाले मैचों में ऐसा होता है। उन्हें शांत और सकारात्मक रहना चाहिए। मुझे लगता है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और उन्हें नकारात्मक विचार नहीं रखने चाहिए। हरमनप्रीत तोक्यो ओलंपिक के दौरान शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने छह गोल किए, जिसमें जर्मनी के खिलाफ कांस्य-पदक मैच के दौरान एक गोल भी शामिल था।

## तीसरे वनडे मैच के लिए इंदौर पहुंचीं भारत और न्यूजीलैंड की टीम

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** भारत और न्यूजीलैंड की टीम एक दिवसीय मैचों की जारी श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मुकाबले के लिए रविवार को इंदौर पहुंचीं। यह मुकाबला मंगलवार (24 जनवरी) को शहर के होलकर स्टेडियम में खेला जाना है। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों टीमें रायपुर से विशेष विमान के जरिए इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचीं जहां से उन्हें बस के जरिये होटल ले जाया गया। चश्मदीदों के मुताबिक दोनों टीमों के खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए हवाई अड्डे पर कई क्रिकेट प्रेमी जमा थे। पुलिस ने वहां सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए थे। एमपीसीए अधिकारी ने बताया कि न्यूजीलैंड की टीम अभ्यास के लिए सोमवार (23 जनवरी) को दोपहर के सत्र में होलकर स्टेडियम पहुंचेगी, जबकि भारतीय टीम वैकल्पिक प्रशिक्षण सत्र के तहत सोमवार शाम स्टेडियम पहुंच सकती है। गौरतलब है कि रायपुर में शनिवार (21 जनवरी) को खेले गए दूसरे एक दिवसीय मैच में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने न्यूजीलैंड के कमजोर बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया था जिससे मेजबान टीम ने आठ विकेट की जीत के साथ ही तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली थी।



# त्रिकोणीय श्रृंखला : वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी, दीप्ति शर्मा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**ईस्ट लंदन।** सीनियर खिलाड़ियों की वापसी की पूरी संभावना को देखते हुए भारत सोमवार को यहां महिला टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा। कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित चोटी की खिलाड़ियों के अस्वस्थ होने के कारण बाहर हो जाने के बावजूद भारत ने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की थी। अभी यह सुनिश्चित नहीं है कि हरमनप्रीत कौर और अन्य खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ वापसी करेंगे या नहीं। वेस्टइंडीज को अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। पहले मैच में हरमनप्रीत के अलावा शिखा पांडे, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर भी अंतिम एकादश में शामिल नहीं थी। कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना से अंतरराष्ट्रीय कैप हासिल करने वाली अमनजोत कौर ने अपने पहले मैच में ही बेहतरीन प्रदर्शन किया। भारतीय टीम एक समय पांच विकेट पर 69 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी जिसके बाद अमनजोत ने 30 गेंदों पर 41 रन की पारी खेली जिससे भारत ने छह विकेट पर 147 रन बनाए। अमनजोत को मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में सीनियर खिलाड़ियों की वापसी होने पर भी निगाहें 21 वर्षीय अमनजोत पर ही टिकी रहेंगी। भारत इस मैच में जीत दर्ज करके टूनार्मेंट में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा। त्रिकोणीय श्रृंखला इस लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अगले महीने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले टी20 विश्वकप से पहले आखिरी टूनार्मेंट है। त्रिकोणीय श्रृंखला दो फरवरी को समाप्त होगी। कुछ सीनियर खिलाड़ियों के अस्वस्थ होने तथा युवा सनसनी शेफाली वर्मा और रिचा घोष के अंडर-19 विश्व कप में व्यस्त होने के बावजूद भारत अनुभवी ऑल राउंडर दीप्ति शर्मा पर भरोसा कर सकता है। दीप्ति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार ऑलराउंड खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 23 गेंदों पर 33 रन बनाने के अलावा 30 रन देकर तीन विकेट भी हासिल किये। वह अगले मैच में भी अपने इसी प्रदर्शन को दोहराने का प्रयास करेगी। जहां तक वेस्टइंडीज का सवाल है तो अगर उसे भारत के सामने चुनौती पेश करनी है तो उसे खेल के सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।



*भारतीय टीम इस प्रकार है* : स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, देविका वैद्य, सबिनेनी मेघना, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, शिखा पांडे, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), सुषमा वर्मा, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, रेणुका सिंह ठाकुर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, स्नेह राणा, अमनजोत कौर।

## शोएब ने छोड़ी अपनी बायोपिक 'रावलपिंडी एक्सप्रेस', फिल्म निर्माताओं को दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने अपनी बायोपिक 'रावलपिंडी एक्सप्रेस-रनिंग अगेंस्ट द ऑड्स से हट गए हैं। अख्तर ने फिल्म मेकर्स पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी। शोएब अख्तर ने कहा कि काफी दुख के साथ मुझे सूचित करना पड़ रहा है कि महीनों की चर्चा के बाद मैंने खुद को फिल्म रावलपिंडी एक्सप्रेस से अलग कर लिया है। शोएब अख्तर ने बताया कि उनकी मैनेजमेंट और लीगल टीम ने इस ओर कदम बढ़ा दिए हैं। शोएब अख्तर ने इसके साथ ही फिल्म निमार्ताओं को चेतावनी भी दी है कि अगर वह फिल्म को आगे बढ़ाते हैं, या फिर मेरे नाम से या मेरे से जुड़ी कोई भी स्टोरी बनाते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें कि इस फिल्म में शोएब अख्तर का किरदार निभाने वाले एक्टर उमैर जसवाल ने भी फिल्म छोड़ दी है। इसी महीने की शुरूआत में उमैर ने ऐलान किया था कि फिल्म मेकर्स के साथ कंटेंट पर विवाद के कारण उन्होंने रावलपिंडी एक्सप्रेस छोड़ने का फैसला लिया है। शोएब अख्तर की गिनती दुनिया के सबसे तेज और खतरनाक गेंदबाजों में होती रही है। वह पाकिस्तान के सुपरस्टार क्रिकेटर्स में से एक रहे हैं। साथ ही क्रिकेट को छोड़ने के बाद वह कमेंट्री और यू-ट्यूब चैनल के जरिए सुर्खियों में बने रहते हैं। शोएब की बायोपिक 'रावलपिंडी एक्सप्रेस' को मुहम्मद फराज कैसर डायरेक्ट कर रहे थे और क्यू फिल्म्स प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही यह फिल्म कैसर नवाज ने लिखी है. अख्तर ने पिछले साल जुलाई में फिल्म का एक मोशन पोस्टर साझा किया था. तब उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था, इस खूबसूरत यात्रा की शुरूआत। मेरी कहानी, मेरा जीवन, मेरी बायोपिक, 'रावलपिंडी एक्सप्रेस- रनिंग अगेंस्ट द ऑड्स'।



# रोडवेज बसों के दुरुस्तीकरण की जिम्मेदारी महज खानापूर्ति

**लापरवाही**

## किसी का शीशा तो किसी का गेट है टूटा, बसों की सफाई तो सिर्फ रजिस्टरों पर

## विभागीय अधिकारी घपलेबाजी कर लगा रहे राजस्व को लाखों का चूना

## वर्कशॉप गेट के प्राइवेट कर्मचारियों पर बनाया जाता है अनैतिक दबाव

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग बसों के संचालन के लिये तमाम प्रयास कर रही है, लेकिन जिन बसों के दुरूस्तीकरण की जिम्मेदारी है वे महज खानापूर्ति कर कार्यालय परिसर में मौज करते नजर आतें हैं तथा वर्कशॉप गेट पर तैनात प्राईवेट कर्मचारियों पर अनैतिक कार्यों का दबाव बनातें है। वहीं यह भी बताया जा रहा है कि कई प्रकार से घपले बाजी कर प्रति माह लाखों की हेराफेरी की जा रही है।

वैसे तो जौनपुर डिपो में विभागीय अधिकारियों का निरीक्षण लगभग प्रतिमाह होता रहता है और तमाम खामियां भी पाई जाती हैं लेकिन उच्चाधिकारियों के निरीक्षण व डांट फटकार का भी जिम्मेदारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। पूर्व में क्षेत्रीय प्रबन्धक गौरव वर्मा द्वारा निरीक्षण के दौरान सीनियर फोरमैन को खामियां पाये जाने पर अन्तिम चेतावनी देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। कुछ दिन तो मामला ठीक-ठाक चला लेकिन मामला शान्त होते ही फिर से बसों के प्रति घोर लापरवाही का नजारा साफ तौर पर देखा जा रहा है। खटारा बसों की संख्या कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। रोडवेज की हर दूसरी बसों में कुछ न कुछ कमियां तो हैं, लेकिन कुछ बसें तो ऐसी है कि जिसमें कमियों का अम्बार लगा हुआ है।



रोडवेज बस का टूटा दरवाजा



बस के अंदर फैली गंदगी

जौनपुर डिपो की बात की जाये तो रोज किसी न किसी बस की छोटी-बड़ी शिकायतें मिलती रहती हैं लेकिन अफसोस इस बात का है कि जिन बसों की शिकायत मिलती है विभाग के उच्चाधिकारी उन्ही बसों के दुरूस्तीकरण पर पूरा ध्यान लगा देतें है और बाकी बसें अपनी ही अवस्था में संचालित हो रही है। हैरानी की बात तो यह है कि तमाम निरीक्षणों व दिशा निर्देशों के बाद भी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। अगर गहनता से जांच की जाये तो मालूम होगा कि प्रति माह जौनपुर डिपो में बसों की धुलाई के नाम पर पच्चीस से तीस हजार का घोटाला हो रहा है।

वर्कशॉप ने इसके अलावा और भी कई संसाधन धनोपार्जन के लिये बना रखा है। असुविधाओं के साथ ही चालक व परिचालक की भी यात्रियों से नोक-झोंक होती रहती है। परिचालकों की मानें तो उनकी मजबूरी है बसों को लेकर चलना क्योंकि किलोमीटर से ही उनकी पगार बनती है। वहीं कई बसों में खिड़की में लगे सभी काँचों को खोलने व बन्द करने का संसाधन नदारत रहता है और साथ ही फर्स्ट एड, फायर नियंत्रण यंत्र सम्बन्धित सामग्री भी मौजूद नहीं रहती।

बसों में सवारी कर रहे यात्रियों और परिचालकों में आये दिन नोक-झोंक होती रहती है। वहीं विगत दिनों जौनपुर डिपो की एक बस ऐसी भी पायी गयी जो कि सड़कों पर चल तो रही थी लेकिन गेट टूटकर सीढ़ी पर रखा था। बस के अन्दर गंदगी का अम्बार लगा हुआ था। यात्रियों को तो अपनी मंजिल तय करना है तो वे विभाग को कोसते हुए यात्रा करने पर मजबूर हैं। अब इन बसों में सवारी कर रहे यात्रियों से भला परिचालकों की नोक-झोक होना तो आम बात हो गयी है। वहीं डिपो के सीनियर फोरमैन को इस बात की कोई परवाह नहीं कि यात्रियों को क्या परेशानियां उठानी पड़ती हैं उन्हें तो सिर्फ अपने काम से और दाम से मतलब है।

## बंजर भूमि पर अवैध कब्जा कर अराजकों ने रोका रास्ता

**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सभा पराहित में शेखर मिश्र, अनिल कुमार मिश्र, राजमूर्ति मिश्र, शिवम मिश्र, प्रेमचंद मिश्र, जटाशंकर यादव, प्रदीप मिश्र, रमेश मिश्र व अन्य लोगों के घर आवागमन हेतु बंजर भूमि पर रास्ता था लेकिन कुछ दिनों पहले गाँव के ही अराजकों द्वारा उक्त रास्ते पर अवैध कब्जा करके रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया जिसके सम्बन्ध में पीड़ितों ने उपजिलाधिकारी मछलीशहर को लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया लेकिन फिर भी उनके द्वारा रास्ता नहीं खोला गया और न ही अवैध कब्जा हटवाया गया। उक्त रास्ते में बरसात के मौसम में अत्यधिक जल जमाव हो जाता था जिसके संबंध में पीड़ित शेखर मिश्र द्वारा खंड विकास अधिकारी को व्हाट्सएप के माध्यम से उक्त प्रकरण से अवगत कराया गया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित लोग रास्ते को लेकर जगह-जगह भटक रहे हैं। ग्राम प्रधान पराहित व ग्राम पंचायत सचिव से उक्त प्रकरण पर सिर्फ आश्वासन मिलता है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। प्रार्थीगण उक्त अराजक व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा करके रास्ता रोकने को लेकर अत्यधिक मानसिक प्रताड़ना झेल रहे हैं लेकिन कोई उनका पुरसाहाल नहीं है।

# गणतंत्र दिवस पर क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** खेल निदेशालय उप्र, लखनऊ द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में पुरूष वर्ग की 5 किमी क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन प्रातः 7 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग का खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकता है, प्रविष्टि निःशुल्क है।

प्रतियोगिता में प्रथम छः स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। इच्छुक खिलाड़ी अपने नाम की प्रविष्टि 23 से 25 जनवरी तक प्रशिक्षण अवधि में जिला खेल कार्यालय इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में उपस्थित होकर कृष्ण कुमार यादव पूर्व चैम्पियन एथलीट से सम्पर्क कर अपनी प्रविष्टि करा सकते हैं।

इसी क्रम में उ.प्र. फुटबाल संघ के समन्वय से जी-20 प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर कुश्ती बालक प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 9 फरवरी तक आगरा में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद के इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में जूनियर कुश्ती बालक का जनपदीय चयन परीक्षण 24 जनवरी को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा।

चयन परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की आयु 18-20 वर्ष के मध्य हो, अर्थात अण्डर-20 होनी चाहिए जबकि 2006 में जन्मे बालक खिलाड़ी (अण्डर-20) चिकित्सा और माता पिता के प्रमाण पत्र के साथ भाग ले सकते हैं। जनपद चयन परीक्षण में चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन परीक्षण हेतु भेजा जायेगा। मण्डलीय चयन परीक्षण 26 जनवरी को प्रातः 10 बजे से वाराणसी में किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही जी-20 प्रदेशीय जूनियर कुश्ती बालक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# आगामी लोकसभा में केंद्रीय राज्यमंत्री ने दिया जीत का मंत्र

**बैठक**

## कार्यकर्ताओं को बूथों पर प्रवास करने का निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी रविवार को नगर में पहुंची। नगर प्रवेश पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। उनका काफिला आजमगढ़ मार्ग स्थित स्वामी विवेकानंद तिराहा स्थित एक होटल पहुंचा।

इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा ने कहाकि सभी कार्यकर्ता बूथों पर प्रवास करें जीत निश्चित होगी। कहा 2019 में जौनपुर लोकसभा सीट कैसे हारे इसका हल कार्यकर्ताओं को ही निकालना है। इसके लिए केंद्र व राज्य स्तरीय संगठन की तरह आप भी बूथ स्तर पर प्रवास कर जनता तक सरकार की योजनाओं को बताएं। साथ ही साथ उसे वोट में भी परिवर्तित करें जिससे 2024 में जौनपुर लोकसभा सीट पर एक बार पुनः भाजपा का परचम लहरा सके। लोकसभा प्रवास योजना के तहत शाहगंज विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं सहकारिता प्रतिनिधि बैठक आयोजित किया गया। लोकसभा प्रवास योजना की बैठक नगर मंडल अध्यक्ष सुनील अग्रहरी (टप्पू) की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ।




कार्यकर्ताओं को संबोधित करती केन्द्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी

केंद्रीय मंत्री ने कहाकि भारत विश्व गुरु बनने को तैयार हैं। विश्व की प्रगतिशील सम्मेलन की अध्यक्षता भारत को मिली है। यह देश के लिए गौरव की बात है। वहीं कोरोना महामारी में वैक्सीनेशन समेत युक्रेन रूस में हो रहे युद्ध से विद्यार्थियों को स्वदेश लाने, जी20 सम्मेलन की चर्चा कर सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

लोकसभा प्रभारी विजेन्द्र राय ने कार्यक्रम में आए हुए सभी प्रधान व सभासद समेत सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। वहीं छात्रों पर एनएसए लगाने के प्रश्न पर कहा कि नकल विहीन परीक्षा सरकार का उद्देश्य है। इस बाबत नकल माफिया पर नकेल लगाने हेतु प्रयास है। छात्र नकल नहीं करना चाहता लेकिन माफिया उसे वरगला कर मजबूर करते हैं। गलत बात का समर्थन नहीं किया जाना चाहिए। विधायक रमेश सिंह ने शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर घर घर जाकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के आठ वर्षों में किए गए कार्यों से अवगत कराने का आह्वान किया। मंचासीन नपा अध्यक्ष गीता जायसवाल व प्रदीप जायसवाल ने आए हुए सभी आगंतुकों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह दे सम्मानित किया। संचालन जितेन्द्र सिंह विधानसभा संयोजक ने किया।

इस दौरान सहकारिता संयोजक प्रबुद्ध दूबे, मंत्री सुशील मिश्रा, बेचन सिंह, उमेश सिंह, अमित श्रीवास्तव, ओमप्रकाश जायसवाल, अनिल मोदनवाल, रुपेश जायसवाल, भुवनेश्वर मोदनवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निवेश, रोजगार की थीम पर आयोजित होगा यूपी दिवस

**बोले सीडीओ**

## 24 जनवरी की तैयारियों को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम की अध्यक्षता में काशीराम सामुदायिक भवन में 24-26 जनवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय यूपी दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सीडीओ ने कहाकि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश दिवस 24 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष यूपी दिवस निवेश-रोजगार की थीम पर आयोजित होगा। यूपी दिवस में जनपद के गौरवशाली इतिहास एवं स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन से जुड़े शहीद स्मारकों एवं स्थलों पर आधारित अभिलेख एवं चित्रों के प्रदर्शन के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जनपद की महान विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा।

उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यक्रम में आजादी की गाथाओं पर आधारित नाटक या नृत्य नाटिकाओं एवं समृद्धशाली संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी कराया जाए।



बैठक को सम्बोधित करते सीडीओ

जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह ने बताया कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा यूपी दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में वीडियो कांफ्रेंसिंग कर आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में सभी विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

ओडीओपी सहित लाभार्थीपरक योजनाओं के स्टॉल लगाकर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के शहीद स्मारकों, पर्यटन स्थलों पर आधारित फोटोग्राफी एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं, युवा वर्ग की भागादारी से आयोजित किये जाएंगे।

यूपी दिवस के आयोजन में ओडीओपी, खादी ग्रामोद्योग कृषि विभाग, उद्योग विभाग, पर्यटन विभाग द्वारा टूरिज्म एवं इकोटूरिज्म पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, पंचायती राज विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया जाएगा, शिक्षा, ग्राम्य विकास, समाज कल्याण सहित अन्य विकास परक विभागों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन कर योजनाओं के बारे में लोगो को जन जागरूक किया जाएगा।

# बेजुबानों का ओपीडी शुल्क बना चर्चा का विषय

**सुइथाकला।** भले ही प्रदेश सरकार बेजुबानों के प्रति एक उदारवादी दृष्टिकोण रखती हो पर बेजुबानों के स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लोगों में सरकार के रवैये के प्रति असमंजस की स्थिति बनी हुई है। मामला बेजुबानों के स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर है।

वर्तमान की प्रदेश सरकार के मुखिया का बेजुबानों के प्रति लगाव को देखते हुए यह स्पष्ट करना अति आवश्यक यह है कि जहां इन्सानों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए ओपीडी शुल्क महज एक रूपए निर्धारित है, वहीं कद के अनुसार बेजुबानों के मामले में पशु अस्पतालों पर विभिन्न दर से ओपीडी शुल्क लिया जाता है। जो पशुपालकों को असमंजस की स्थिति में ला देती है।

बेजुबानों के बड़े, छोटे होने के आधार पर पांच, दो और दस रूपए लिया जाना लोगों में चर्चाए खास बना हुआ है। मामले में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर परमहंस राय ने बताया कि बड़े जानवरों (गाय, भैस व घोड़ा) पांच और छोटे जानवरों (बकरी, भेड़ व सूकर) दो व कुत्तों का दस रुपए पंजीयन शुल्क निर्धारित है। इस प्रकार की विषमता के बारे में जब पूछा गया तो उन्होंने सरकार द्वारा दर को निर्धारित होना बताया। पशुपालकों की मानें तो सरकार को इस तरफ अवश्य ध्यान देना चाहिए। इसी विरोधाभास के चलते पशु अस्पतालों पर ओपीडी शुल्क को लेकर पशुपालकों और अस्पताल कर्मियों में झड़प भी होते देखने को मिलता है। बहरहाल बेजुबानों के मामले में सरकार द्वारा इस तरह का सौतेला रवैया लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पशुपालक सरकार से बेजुबानों के ओपीडी शुल्क को घटाने की आस लगाए बैठे हैं।

**मनमानी**

## पशुपालकों की मानें तो सरकार को इस तरफ अवश्य ध्यान देना चाहिए

# नैनी पुल से युवक ने लगाई छलांग बाल-बाल बचा

**महराजगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रयागराज शाहगंज मार्ग स्थित मेन रोड पड़ाव के पास नंदलाल जायसवाल 19 वर्ष पुत्र भोलानाथ फर्नीचर की दुकान चलाता है। विगत रात में किसी प्रकार की परिजनों से कहासुनी हो गई ऐसे में वह भोर में बिना किसी के बताए प्राइवेट वाहन से प्रयागराज पहुंचा जहां नैनी पुल से यमुना नदी में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद गोताखोर व मल्लाहों द्वारा अथक प्रयास से उसको बाहर निकाला गया और आनन-फानन में कीडगंज थाने पर सूचित किया गया। ऐसे में पुलिस युवक को स्वरूप रानी हॉस्पिटल ले गए और आधार कार्ड से डिटेल निकालकर परिजनों को सूचित किया। वहीं घटना की सही जानकारी न होने पर परिजनों का बुरा हाल हो गया किंतु युवक नंदलाल जायसवाल का मोबाइल थाने के एक सिपाही ने चालू किया जिस पर परिजनों की बातचीत हुई जिससे परिजन स्वरूप रानी हॉस्पिटल में पहुंचे जहां इलाज हो रहा है।

# तोड़े गये मकान व दुकान का मिले उचित मुआवजा

**बोले श्रवण जायसवाल**

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा सांसद श्याम सिंह यादव को आजादी के समय से बसे मण्डी अहमद खां के निवासियों के तोड़े गये दुकान व मकान का उचित मुआवजा दिलाये जाने के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने सांसद को अवगत कराते हुए कहा कि विगत 11 जनवरी को जिलाधिकारी को व्यापार मण्डल ने ज्ञापन सौंपते हुए उक्त व्यापारियों की मांगों से अवगत कराया था परन्तु अभी तक प्रशासन की तरफ से कोई उचित जवाब नहीं आया है। उसी कड़ी में रविवार को सांसद श्याम सिंह यादव से मिलकर व्यापार मण्डल के प्रतिनिधिमण्डल ने अवगत कराते हुए कहा कि मण्डी अहमद खां के निवासियों के तोड़े गये दुकान व मकान का उचित मुआवजा देने का वादा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया गया था परन्तु अभी तक उनके मुआवजे की राशि तय नहीं हो पायी जो कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा यह वादा किया गया था कि जांच तक मुआवजे की राशि तय कर दी जायेगी परन्तु अभी तक उक्त विषय के सम्बन्ध में प्रशासन की तरफ से कोई भी इस तरह के संकेत नहीं मिल रहे हैं कि मुआवजा दिया जायेगा।



सांसद को ज्ञापन सौंपता अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल का प्रतिनिधिमण्डल

हम सभी होने वाले विकास में कोई भी अवरोध नहीं उत्पन्न करना चाहते हैं परन्तु हमारे व्यापारियों व मण्डी अहमद खां के निवासियों के उचित मुआवजे की राशि समय रहते अगर तय नहीं की गई तो सभी व्यापारी व निवासी जो कि अल्प आय में अपनी जीविका चलाते हैं आर्थिक तंगी के कारण कुछ बेघर हो जायेंगे तथा भुखमरी के शिकार हो जायेंगे। इनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति के दृष्टिगत इनके पुनर्वास की व्यवस्था कराये जाने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को आदेशित किया जाये कि उक्त प्रकरण की जांच कर उचित मुआवजा दिया जाय तथा इस प्रशासनिक तानाशाही की आवाज को लोकसभा के अन्दर उठाते हुए शासन से प्रभावित लोगों के साथ प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ प्रभावित लोगों का संवाद कराया जाय जिससे कि उक्त प्रभावित लोगों को न्याय मिल सके।

उक्त कार्यक्रम में मौजूद व्यापारियों एवं निवासियों को आश्वस्त करते हुए सांसद श्याम सिंह यादव ने कहा कि प्रशासन के सामने उक्त विषय को मजबूती से रखते हुए लोकसभा के पटल पर भी इस मामले को उठाने का काम करूंगा ताकि पीड़ित लोगों को न्याय दिला सकूं। इस मौके पर अमरनाथ मोदनवाल, अमर बहादुर सेठ, संजीव साहू, आशुतोष जायसवाल, नेहाल अहमद, आलोक अग्रहरि, महेश गुप्ता सहित सैकड़ों व्यापारी व पीड़ित मौजूद रहे।

## संक्षेप

### मदरसे में किड्स लाइब्रेरी की हुई स्थापना



मदरसे में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करती छात्रा

**खेतासराय।** रविवार को नगर के मदरसा एजाजुल उलूम परिसर में बच्चों के लिए क्लासरूम किड्स लाइब्रेरी की स्थापना की गई। लाइब्रेरी का उद्घाटन मदरसा दर्सगाह इस्लामी के प्रिंसिपल मौलवी अब्दुल्लाह फारूक ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डाक्टर फखरुद्दीन ने कहाकि आज के डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्त्व कम नही हुआ है। एक ही विषय पर बिना कई पुस्तकों का अध्ययन किए हुए प्राप्त ज्ञान अधूरा होता है। आजाद शिक्षा केंद्र के संयोजक निसार अहमद ने कहाकि मकतब तथा मदरसों को शिक्षा की आधुनिक तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता है। मदरसे के संरक्षक सैयद फजल महमूद ताहिर ने बच्चों को किताब से जुड़ने की पहल का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन हाफिज जुबैर तथा सैयद तारिक ने किया।

### चोरी की साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**पवांरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम, अपराधियों के धरपकड़ अभियान के तहत वांछित अभियुक्त घुरहू सिंह पुत्र श्याम बहादुर सिंह निवासी मुड़ाव थाना पवांरा को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने हमराहियों संग शनिवार की रात करीब नौ बजकर दस मिनट पर मुड़ाव से गिरफ्तार किया और उसके पास से चोरी की चार साइकिल भी बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये अभियुक्त को जेल भेज दिया।

### चार वारंटियों का पुलिस ने किया चालान

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अलग-अलग गांव से न्यायालय में चल रहे मुकदमे में हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपितों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। बड़ागांव निवासी रविंद्र कुमार बिन्द पुत्र फिरतू, शेखवलिया गांव निवासी चोलई पुत्र जोखन व नगर के भटियारी सराय मोहल्ला निवासी श्यामलाल पुत्र लाल बहादुर व सबरहद गांव के उजरौटी पुरवा निवासी बुझारत राजभर पुत्र बनारसी को न्यायालय में चल रहे मुकदमे में हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर कोतवाली निरीक्षक सदानंद राय के निर्देश पर पुलिस ने शनिवार को सभी आरोपितों के घर पर दबिश दे गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

### पांच वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सुजानगंज।** थाना अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों से विभिन्न धाराओं में वांछित 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने न्यायालय भेजा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक घनश्याम शुक्ल ने बताया कि वरुण कुमार दुबे पुत्र राजेंद्र प्रसाद दुबे, निवासी सखवट, शोभनाथ पुत्र अलगू निवासी सबेली, नायब पटेल पुत्र रामसमुझ पटेल निवासी रामनगर, हनीफ पुत्र ताहिर निवासी मंझनपुर, मानिक लाल निवासी नाहर मऊ गिरफ्तारी करने वाली पुलिस में उप निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह, ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, मनजीत कुमार और हिटलर खां हमराहीगणों के साथ गिरफ्तार किया।

### पत्रकार को पितृ शोक, दी गयी श्रद्धांजलि

**केराकत।** पत्रकार रामफेर शर्मा के पिता शिव पूजन शर्मा के निधन पर रविवार को पत्रकारों ने एक शोकसभा का आयोजन किया जिसमें दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में तहसील अध्यक्ष संजय शुक्ल, दीप नारायण सिंह, पंकज कुमार राय, अरविन्द कुमार यादव, पंकज कुमार सिंह, नवीन सिंह, एके सिंह, पप्पू सरोज, विनोद कुमार, मोनू गुप्ता, प्रवीण कुमार आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

### हर्षिता सिंह बनीं समीक्षा अधिकारी



**सुजानगंज।** क्षेत्र के फरीदाबाद गांव निवासी हर्षिता सिंह पुत्री अभय सिंह का चयन समीक्षा अधिकारी पद पर हुआ है। उनके इस चयन से क्षेत्र में खुशी व्याप्त है। हर्षिता हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई जौनपुर के हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल से करने के बाद प्रसाद इंस्टीट्यूट से बीफार्मा और पुणे से एम-फार्मा किया। उसके बाद तैयारी के लिए दिल्ली चली गई और दूसरे प्रयास में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहाकि लगातार पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता तथा गुरुजनों को दिया।

### पुलिस ने चार वांरटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गौराबादशाहपुर।** पुलिस ने रविवार को तड़के भोर में कार्यवाही करते हुए थाने के उपनिरीक्षक शिवराज सिंह यादव के नेतृत्व में चार वारंटियों को उनके घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि केसरी राजभर पुत्र चंदन राजभर निवासी काकोरी देवाकलपुर, गुड्डू कुमार पुत्र राजपति निवासी बालेमऊ, धर्मराज पुत्र राम आधार निवासी धर्मसारी और आनंद पुत्र धर्मराज निवासी धर्मसारी के विरुद्ध न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण वारंट जारी हुआ था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में चारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** गैरजमानती वारंटी सुरेश पटेल पुत्र नन्दलाल पटेल निवासी कुड़रिया थाना पवांरा को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने पुलिस टीम के साथ रविवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

### पुलिया की रेलिंग टूटने से हो चुकी है कई दुर्घटनाएं



**जफराबाद।** सिरकोनी ब्लाक क्षेत्र के कबूलपुर बाजार के बीचों बीच स्थित नहर की पुलिया की रेलिंग टूटने के कारण कई दुर्घटनायें हो चुकी हैं। लोगों ने कई बार इसकी शिकायत भी की लेकिन आज तक उसका कोई मतलब नहीं निकला। जौनपुर-केराकत मार्ग पर उक्त बाजार के बीचो-बीच से मोथहा पम्प नहर निकली है। नहर के पुलिया की रेलिंग कई दिनों से टूटी हुई है। पुलिया की रेलिंग टूटने के कारण बाइक तथा साइकिल सवार नहर में गिरकर घायल हो चुके हैं। उक्त पुलिया से सटकर नत्थनपुर सिरकोनी मार्ग है। मोड़ होने के कारण घटनाएं हो रही हैं। विभाग के जेई कभी भी फोन तक नहीं उठाते। लोग स्थानीय स्तर पर ऑपरेटर से कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन विभाग के अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं। अगर समय रहते हुए विभाग सजग नहीं हुआ तो किसी दिन बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### मासिक के दौरान असहनीय दर्द का लक्षण दिखें तो हो जाएं सावधान : संगीता



**पराऊगंज।** मासिक के दौरान तेज असहनीय दर्द का लक्षण दिखे तो हो जाएं सावधान। उक्त बातें प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त त्रिवेणी वेलफेयर एंड चैरिटेबल फाउंडेशन की अध्यक्ष संगीता मिश्रा ने दरवेशपुर जलालपुर में कैंप लगाकर महिलाओं को सेनेटरी पैड इस्तेमाल न करने से होने वाली बीमारियों को लेकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि देश भर में पैड का इस्तेमाल नहीं कर रही महिलाओं में मासिक के दौरान तेज असहनीय दर्द हो और बहुत अधिक रक्तस्राव हो तो महिलाये सावधानी बरतें और तुरंत अपने नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करे। उन्होंने मासिक के दौरान अनेक बीमारियों से बचाव के लिए बताया कि कपड़े का प्रयोग न करें बल्कि उसकी जगह सेनेटरी पैड का प्रयोग करना चाहिए। इस मौके पर लाल पैथ के माध्यम से गांव की सैकड़ों महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। मौके पर ग्राम प्रधान विनय कुमार, पूर्व प्रधान शिवाजी सरोज, फाउंडेशन के पदाधिकारी सचिव संजीव साहू, नवनीत मिश्रा, पूजा, कोषाध्यक्ष ऋषभ साहू, अनीता जायसवाल समेत सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रही। फाउंडेशन की तरफ से शिविर में उपस्थित महिलाओं को मुफ्त में सेनेटरी पैड वितरित किया गया।

# निर्माणाधीन सड़क की शिकायत पर सांसद ने किया निरीक्षण

**तेवर तल्ख**

**अधिशासी अधिकारी को लगाई फटकार**

**जनसंदेश न्यूज**



फूल खां मोहल्ले में निर्माण कार्य का निरीक्षण करते सांसद बीपी सरोज

**मछलीशहर।** क्षेत्रीय सांसद बीपी सरोज ने रोडवेज के निकट स्थित फूल खां मोहल्ले में स्थित एक कॉलोनी में बन रही इंटरलॉकिंग सड़क का कॉलोनी वासियों की शिकायत पर निरीक्षण किया।

कालोनी वासियों की शिकायत पर गलत ढंग से सड़क बनाए जाने पर सांसद बीपी सरोज ने निमार्णाधीन सड़क का स्वयं निरीक्षण किया और कॉलोनी वासियों की शिकायत पर अधिशासी अधिकारी ब्रजकिशोर सिंह को सड़क का लेवल नीचा करने और गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने का निर्देश दिया।

सांसद ने ईओ को निर्देश देते हुए कहा कि सोमवार को कॉलोनी वासियों के साथ बैठककर समस्या का तत्काल हल निकाला जाए।

अधिशासी अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि उन्होंने निमार्णाधीन सड़क का स्वयं निरीक्षण किया और पाया की नाली के ऊपर बनी सीमेंटेड पुलिया बनते ही ध्वस्त हो गयी है। कड़ी चेतावनी देते हुए कहाकि गुणवत्ता में अगर कमी आई तो ठेकेदार सहित सभी के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। प्रमुख उपस्थित लोगों में रामजी गुप्ता, सियाराम जायसवाल, नितेश जायसवाल, संतोष जायसवाल, रवि पटवा, जीवन लाल अग्रहरि, रामजी साहू, सन्दीप गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन अनुराग सिन्हा ने किया।

## प्रतिपल समर्पित भक्ति भाव से भरा जीवन ही एक उत्सव है : सत्गुरु माता सुदीक्षा

**जौनपुर।** प्रतिपल समर्पित भाव से जीवन जीने का नाम ही भक्ति है जिसमें जीवन का हर पल उत्सव के समान बन जाता है। उक्त् उद्गार मड़ियाहू पड़ाव स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन के प्रांगण में, आयोजित विशेष सत्संग समारोह के अवसर पर एकत्रित विशाल संत समूह को सम्बोधित करते हुए महात्मा रामबचन ने निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन संदेशो को बताया। इस कार्यक्रम का लाभ लेने हेतु जौनपुर सहित अन्य स्थानों से भी सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए। भक्ति पर्व समागम के अवसर पर परम संत सन्तोख सिंह एवं अन्य संतों भक्तों के तप-त्याग को स्मरण किया जाता है जिन्होंने ब्रह्मज्ञान की दिव्य रोशनी के प्रचार प्रसार हेतु निरंतर प्रयास किया।

भक्ति की परिभाषा को सार्थक रूप में बताते हुए सत्गुरु माता ने फरमाया कि भक्ति का अर्थ तो सरल अवस्था में जीवन जीना है जिस पर चलकर आनंद की अवस्था को प्राप्त किया जा सकता है। इसमें चतुर चालाकियों का कोई स्थान नहीं। भक्ति तो संपूर्ण समर्पण वाली भावना है जिसमें समर्पित होना ही सर्वोपरि है। संतों महापुरूषों के वचनों से हमें निरंतर यही शिक्षा मिलती आ रही है कि हमने औरों को प्राथमिकता देनी है किन्तु हम प्रायः ऐसा नहीं करते। वास्तविकता यही है कि जब हम इस निरंकार से जुड़ते है तब हमारे सभी भ्रम समाप्त हो जाते है। सत्गुरू माता ने बाबा गुरबचन सिंह की शिक्षाओं से एक उदाहरण दिया कि जिस प्रकार एक घर बनाने से पूर्व उसका नक्शा बनता है। फिर उस पर ही घर का निर्माण किया जाता है। जब तक वह निर्मित नहीं होता उसका आनंद प्राप्त नहीं किया जा सकता। ठीक उसी प्रकार भक्ति का आधार सेवा, सुमिरन, सत्संग है जिसमें हमने सभी से मीठा बोलते हुए सभी के लिए परोपकार की भावना रखनी है किन्तु यह धारणा वास्तविक रूप में होनी चाहिए न कि दिखावे वाली। अंत में सत्गुरु माता ने सभी श्रद्धालुओं एवं संतों को भक्ति मार्ग पर अग्रसर होने हेतु प्रेरित किया तथा पुरातन संतों की भक्ति भावना से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान किया।

## संक्षेप

### 13वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये जनेश्वर मिश्र



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. जनेश्वर मिश्र की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा समाजवादी राजनीति की चर्चा हो तो जनेश्वर मिश्र का नाम लिए बिना यह चर्चा पूरी नहीं होती। सपा संरक्षक स्व. मुलायम सिंह यादव रहे हों या सपा मुखिया अखिलेश यादव, समाजवाद पर बोलते हुए दोनों ही जनेश्वर मिश्र का नाम जरूरी तौर पर लेते हैं। उन्होंने बताया कि 5 अगस्त 1933 को बलिया के शुभ नाथहि गांव में पैदा हुए जनेश्वर मिश्रा समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया के बड़े अनुयायियों में गिने जाते हैं। छात्र जीवन में ही उनके ऊपर लोहिया के विचारों का प्रभाव पड़ गया था। समाजवादी युवजन सभा ज्वाइन करने के बाद मिश्रा पहली बार राम मनोहर लोहिया के संपर्क में आए। मिश्रा ने राम मनोहर लोहिया के साथ लंबे समय तक काम किया था। इस दौरान उन्होंने लोहिया के विचारों और उनके काम करने के तरीकों को ऐसे अपना लिया था, जैसे वह उनकी परछाईं हों। यही कारण था कि एक बार इलाहाबाद में आयोजित जनसभा में समाजवादी नेता छुन्नू ने कहा था कि जनेश्वर मिश्र के अंदर राम मनोहर लोहिया के सारे गुण हैं और इसलिए वे एक तरह से 'छोटे लोहिया' हैं। इसके बाद से ही जनेश्वर मिश्र का नाम छोटे लोहिया मशहूर हो गया वे जीवन पर्यंत गरीब कमजोर की आवाज उठाते रहे और आज उन्हीं के दिखाए रास्ते पर समाजवादी पार्टी भी चल रही है। जंयती के अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, शकील अहमद, दीपचंद्र राम, राजेश यादव, डॉ. जंगबहादुर यादव, श्याम नरायण बिन्द, कमालुद्दीन अंसारी, संजीव साहू, धर्मेंद्र सोनकर, विक्की यादव, सोनी आदि उपस्थित रहे। संचालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

### ज्ञानपुर रोड स्टेशन पर रांची कुर्ला एक्सप्रेस ट्रेन को रोकने की मांग दोहराई

**गोपीगंज।** पूर्वोत्तर रेलखंड के ज्ञानपुर रोड स्टेशन पर रांची कुर्ला एक्सप्रेस ट्रेन के न रुकने से यहां से मुंबई तक यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि यह रेलवे स्टेशन वाराणसी प्रयागराज के मध्य भदोही जनपद के मुख्य रेलवे स्टेशन के अंतर्गत आता है। जहां से हजारों की संख्या में यात्री प्रतिदिन सफर करते हैं, जब की यहां के स्टेशन की आमदनी महीने में करोड़ों रुपए का राजस्व वसूला जाता है। इसके पहले रांची कुर्ला एक्सप्रेस ट्रेन ज्ञानपुर रोड स्टेशन पर रुकती रही, परंतु कोविड काल से इसको बंद कर दिया गया था। दोबारा जब यह ट्रेन चालू हुई तो इसका ठहराव ज्ञानपुर रोड से खत्म कर दिया गया। जिसको लेकर के यहां के नागरिकों में काफी रोष व्याप्त है, मुंबई को जाने वाली यहां से दो मात्र ट्रेनें हैं जो कि रात 12:00 बजे और सायं कालीन 8:00 बजे की टाइम है परंतु अक्सर लेट ही जाती है। जिसके कारण यात्रियों को उस ट्रेन में जाने से काफी परेशानी उठानी पड़ती है। भाजपा अल्पसंख्यक मिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिराज अख्तर ने रेल महाप्रबंधक को एक पत्र लिखकर ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर रांची कुर्ला के ठहराव की मांग की है। जिससे यहां के यात्रियों को मुंबई से आने जाने में सहूलियत हो साथ ही रेलवे का राजस्व भी बढ़ेगा।

### संगठन की मजबूती को गांव में गठित होगी कमेटी

**भदोही।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिला इकाई की बैठक उगापुर में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने धर्म रक्षा निधि कार्यक्रम मे सहयोग किया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय बदरंग दल के जिलाध्यक्ष उमेश सिंह ने किया तथा संचालन अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला मंत्री संतोष सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए काशी प्रांत उपाध्यक्ष संतोष कुमार दुबे ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीयकए हिन्दू हृदय सम्राट डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया 28, 29 जनवरी दो दिवसीय काशी प्रांत का आगमन हो रहा है। हिन्दू धर्म रक्षा निधी कार्यक्रम मे भाग लेगे सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता जुट जाए। संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता गांव गांव में जाएं और कमेटियां गठित करें। जिससे संगठन में विस्तार किया जा सके। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यक्रम हिंदू धर्म रक्षा निधि कार्यक्रम पर हम सभी लोग अपने अपने क्षेत्र के सभी हिंदू समाज से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के सामने अनेक चुनौतियां है जिसे खत्म करने के लिए हम सभी नौजवानों को आगे आना होगा तभी हम हिंदू धर्म और समाज की रक्षा करने में सफल होंगे। बैठक को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के विंध्य विभाग अध्यक्ष ओमप्रकाश ने कहा कि हिंदू समाज अपनी जातिवाद भेदभाव आदि भावनाओं से ऊपर उठकर समाज के लिए कार्य करें। बैठक मे सुभाष दुबे, शत्रुघ्न सिंह, राकेश सिंह, पप्पू, भारगव, गुलाब चंद विंद आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय पासी समाज की बैठक संपन्न

**ज्ञानपुर।** अखिल भारतीय पासी समाज ब्लॉक डीघ की भदोही कार्यकारिणी की बैठक रविवार को वहीदा नगर में जीटी रोड स्थित हनुमान मंदिर पर आहूत की गई। जिसमें समाज के स्वजातीय बंधु एक जुट अपने-अपने पदभार ग्रहण किए। बैठक में संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। बैठक की अध्यक्षता राकेश कुमार पासी प्रधान चंदापुर ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रदीप योगी, राजन भारती, रविंद्र सरोज, मिथिलेश सरोज, सच्चिदानंद, श्यामधर, छोटेलाल, अश्वनी पासी, दीपक चंद, रामलाल, राजमीणा आदि लोग उपस्थित रहे।

### आरोग्य मेले में किया गया 110 लोगों का उपचार

**जमालपुर।** क्षेत्र के न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 110 लोगों को चिकित्सकीय परामर्श देकर दवा का वितरण किया गया। न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाईपुर कलां पर डा.सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में 46, न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरीला पर डा.मनोज कुमार यादव की देखरेख में 34 एवं न्यू प्राथमिक केंद्र छोटा मीरजापुर पर डा संजीव गुप्ता की देखरेख में 30 मरीजों का बीपी, शूगर, चर्मरोग, उदर रोग, कमर दर्द एवं मौसमी जुखाम बुखार से पीड़ित लोगों का इलाज किया गया।

### पंचायत सहायक को हटाने का पास हुआ प्रस्ताव

**लालगंज।** विकासखंड क्षेत्र के धसड़ा ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में हुई बैठक में पंचायत सहायक को हटाने का प्रस्ताव पास हुआ। प्रस्ताव पास होने के बाद पंचायत सहायक का पद रिक्त होने की सूचना जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र के माध्यम से दी गई। लालगंज विकासखंड क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत धसड़ा में पंचायत सहायक के क्रियाकलाप को लेकर काफी विवाद चल रहा था। इस मामले को लेकर एक वीडियो भी वायरल हुआ था जिसमें महिला ग्राम प्रधान के साथ कुछ लोगों द्वारा बदसलूकी कर धमकी दे रहे थे। और मामला पुलिस थाने तक पहुंचा था। इस संबंध में ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक के कार्य व्यवहार को लेकर महिला ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत के सदस्यों के साथ 16 जनवरी को गांव के पंचायत भवन पर बैठक कर पंचायत सहायक को हटने का सर्वसम्मिति से प्रस्ताव पास किया है। उक्त बैठक में प्रधान शांति देवी, राजाराम, चंद्रमोहन, नूरजहां, निजाम, रामकिशुन, मनराजवा, शांता, राम शिरोमणि, उमा चरण, पुनवासी आदि सदस्य लोग मौजूद रहे। इस संबंध में धसड़ा के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्यामधर तिवारी ने बताया कि ग्राम पंचायत में बैठक कर पंचायत सहायक के खिलाफ अविश्वास लाए जाने के बाद यह पद रिक्त हो गया है।

### नौ बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया

**मीरजापुर।** प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली काउंसिलिंग के माध्यम से 09 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 09 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुयी काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान महिला उप-निरीक्षक शशि तिवारी, महिला आरक्षी प्रीति चौबे व सपना तथा सदस्यगण पार्वती पांडेय, डा0कृष्णा सिंह आदि उपस्थित रही।

### मंदिर में प्रतिमा स्थापना 24 को कलश यात्रा

**अदलहाट।** बैकुंठपुर स्थित शिव मंदिर पर रविवार को आहुत बैठक में श्रीरामजानकी व श्रीराधाकृष्ण के प्रतिमा स्थापना को लेकर विस्तृत चर्चा के साथ कार्यक्रम की सफलता को लेकर रुपरेखा का निर्धारण किया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय जायसवाल ने बताया कि श्री राधाकृष्ण मंदिर व श्रीरामजानकी मंदिर का भव्य निर्माण जन सहयोग से कराया जा चुका है। दोनों मंदिरों मे प्रतिमा स्थापना वाराणसी से आये विद्वान ब्राह्मणों के देखरेख मे किया जायेगा। उन्होने बताया कि प्रतिमा स्थापना को लेकर 24 जनवरी को कलश यात्रा, 25 जनवरी को नगर भ्रमण व परिक्रमा तथा 26 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के साथ विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया है। उन्होने बताया कि समस्त कार्यक्रम के समापन के बाद दानदाताओं व सहयोगियों का नाम शिलापट्ट पर अंकित किया जायेगा।

## राज्यस्तरीय क्रिकेट में गाजियाबाद ने अभोली व मथुरा ने कैमूर को हराया

**जनसंदेश न्यूज**

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद मैदान मेढ़ी में चल रहे तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ में आठवे दिन रविवार को दो मैच खेले गए। पहले मुकाबले में गाजियाबाद की टीम ने अभोली को हराया जबकि दूसरे मैच में मथुरा ने कैमूर को करारी शिकस्त दी।

पहले मैच में गाजियाबाद के कैप्टन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।अभोली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों के मैच में 15 ओवरों में सभी विकेट खोकर 78 रन बनाए, जिसमें गिरधर ने 18 रन व विनोद ने 14 रन बनाए। गाजियाबाद के गेंदबाज उदित व शिवांश को दो दो विकेट व निखिल को एक विकेट प्राप्त हुआ। जवाब में खेलने उतरी गाजियाबाद की टीम ने चार विकेट की कीमत पर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया, जिसमें प्रियांश ने 19 रन व सुमित ने 17 रन बनाए। अभोली के गेंदबाज अजय, किशन, मुकेश को एक-एक विकेट मिला।

प्रतियोगिता का दूसरा मैच बिहार की कैमूर और मथुरा के बीच खेला गया जिसमें कैमूर की पूरी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 वें ओवर में 56 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें संदीप दुबे 14, राहुल 13, आलोक ने 12 रनों का योगदान किया जवाब में खेलने उतरी मथुरा की टीम ने बिना कोई विकेट खोए ही अतिशी अंदाज में मुकाबला जीत लिया।

मथुरा के सलामी बल्लेबाज ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 57 रनों की साझेदारी की जिसमें अंकित 31व विशाल ने 18 रन बनाकर नाबाद रहें। कैमूर के गेंदबाजों को एक भी विकेट नही मिला। सोमवार का मैच विप्लव क्रिकेट एकेडमी प्रयागराज बनाम मूसी स्टेडियम भदोही तथा दूसरा मैच मऊनाथ भजन बनाम मथुरा के बीच होगा।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**गौराबादशाहपुर।** थाने की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सोनारी पुलिया के पास रविवार को दोपहर साढ़े बारह बजे अपने मातहतों के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध युवक आता दिखा रोककर पूछताछ करने पर वह मोटरसाइकिल के बारे में संतोष जनक उत्तर नहीं दे पाया। बाद में कड़ाई से पूछताछ करने पर गिरफ्तार किए गए बदमाश ने अपना नाम आशीष यादव निवासी सोनारी बताया और कहाकि वह मोटरसाइकिल चोरी की है। अभियुक्त के विधिक धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक रमा शंकर पांडे, अश्वनी कुमार राय, सुधीर राव व प्रभाकर सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

## खेल शारीरिक बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम



क्रिकेट प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक जगदीश नारायण

**जनसंदेश न्यूज**

**बोले जगदीश नारायण**

**राजेपुर ने जगदीशपुर को हराकर जीता फाइनल मैच**

**जफराबाद।** क्षेत्र के ग्यासपुर गांव के मैदान पर रविवार को जय माँ शारदे क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच को राजेपुर की टीम ने जीत लिया। राजेपुर की टीम ने जगदीशपुर को 30 रनों से हराया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जगदीश नारायण राय ने रविवार को फीता काटकर मैच का उद्घाटन किया तथा मैन ऑफ द सीरीज रहे अखिलेश यादव को ट्राफी व पुरस्कार देकर बधाई दी।

श्री रॉय ने अपने वक्तव्य में कहाकि खेल एक सशक्त माध्यम है। युवाओं के लिए उनका मन और दिल व उनकी आत्मा तीनों को शुद्ध करता है। खेल के माध्यम से आप अपना विकास करते है। खेल एक ऐसी चीज है जिससे आपका तालमेल बना रहता है। आप इसी तरह से अपनी जिंदगी के हर पहलू पर हर चीज को खेल समझकर उसी प्रेम भाव उसी तालमेल के साथ आगे बढ़ेंगे तो निश्चित ही देश के जो नौजवान है वो परिवर्तन लाएगा और देश में खुशहाली आएगी। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र यादव टाइगर ने किया। इस मौके पर सजल यादव, मृत्युंजय यादव (प्रधान), कामता यादव, राजेन्द्र सिंह, लक्ष्मी शंकर, रामसिंह, राकेश राय, संजय यादव, रामधार यादव, सुरेन्द्र यादव, लालजी यादव, राधे यादव आदि उपस्थित रहे।

## राहगीरों से मोबाइल छिनैती करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**



लूट की मोबाइल और चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़े गए अभियुक्तों को मीडिया के सामने पेश करती पुलिस

**भदोही।** आर्थिक लाभ के उद्देश्य से राहगीरों को निशाना बनाकर मोबाईल लूट व मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले लुटेरे पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। गिरफ्तारशुदा लुटेरों के विरुद्ध जनपद भदोही व वाराणसी में लूट छिनैती व चोरी के लगभग एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जानकारी की जारही है। विगत दिनों जनपद के थाना औराई व भदोही क्षेत्र अंतर्गत राहगीरों से मोबाईल छिनैती लूट की दो अलग-अलग घटनाओं निवासी घरवनपुर जाहिदपुर नई बाजार थाना व जनपद भदोही द्वारा सूचना दिया गया कि एक लाल रंग के अपाचे पर तीन व्यक्ति नाम पता अज्ञात मोबाइल झपट्टा मारकर भाग गये हैं। उक्त सूचना के आधार पर तत्समय ही थाना औराई पर सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। प्रभारी निरीक्षक औराई के नेतृत्व में गठित साइबर सेल व थाना स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना के आधार पर राहगिरों से मोबाईल लूट करने वाले एक अपचारी सहित तीन शातिर लुटेरों निवासी. भिसमपुर करतुरवा थाना कपसेठी जनपद वाराणसी को रेलवे क्रॉसिंग सहसेपुर के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अंतर्जनपदीय लुटेरों के कब्जे से थाना औराई व भदोही क्षेत्र अंतर्गत राहगीरों से मोबाइल छीनैती लूट की दो अलग-अलग घटनाओं से सम्बंधित सहित लूट की 4 अदद मोबाईल व लूट की घटना में प्रयुक्त चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

### टूटी नहर की पुलिया दे रही दुर्घटना को दावत

**ज्ञानपुर।** मुख्य नहर से निकली बारीपुर बहोरनपुर माइनर पर बनी सुकलान बस्ती में लोगों के गमना गमन हेतु बनी पुलिया की रेलिंग महीनों से क्षतिग्रस्त होकर नहर में समाहित हो गई है जिससे लोगों के गमना गमन करने पर हादसा होने का भय बना रहता है। उक्त नहर की पुलिया पर गमना गमन करने वाले यात्री कई बार नहर की पुलिया से नहर में जा गिरे, एक आध बार टैक्टर भी उक्त पुलिया से नीचे पलट चुका है। जिससे गमना गमन करने वाले यात्री जान जोखिम में डालकर गमना गमन करते हैं। लोगों का कहना है कि हम ग्रामीणों ने नहर की पुलिया फिर रेलिंग बनाने के लिए विभाग के आला अधिकारियों से कई बार सिफारिश की परंतु नतीजा सिफर रहा। बताते चलें कि बारीपुर बहोरनपुर माइनर की पटरी से क्षेत्र के नारे पाल गडरिया की बारी, लमाही, गोपालपुर, भेलसी सेवा संहित सैकड़ों गांव के लोगों का आवागमन होता रहता है। जिससे उक्त पुलिया पर आए दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी भदोही अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उक्त नहर की पुलिया की रेलिंग को अभिलंब दुरुस्त कराने की मांग की है।

## पति-पत्नी के विवाद को थाने में निपटाया गया

**गाजीपुर।** परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पुलिस लाइन के प्रांगण में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में कुल 15 परिवारिक विवाद प्रस्तुत हुए। इसमें शशि कला पत्नी उदयभान निवासी प्रेमकापुर थाना नोनहरा की शिकायत थी कि उसके पति से उसका वैचारिक मतभेद रहता है। इस पर पति को समझा कर विदाई करवाई गई।

सीमा देवी पत्नी रवि प्रकाश निवासी ताजपुर थाना जमानिया की शिकायत थी कि उसके पति पड़ोसन की सुनकर उसके साथ हमेशा मारपीट करते रहते हैं। इस पर पति को समझा कर भी दवाई कराई गई। शिल्पी कला पत्नी भानु गौतम निवासी सहेडी थाना नंदगंज गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति अकारण ही उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। इस पर पति को समझाकर बिदाई कराई गई। प्रिया पत्नी सुमित कुमार गुप्ता निवासी कोकिलपुरा थाना करीमुद्दीनपुर की शिकायत थी कि उसकी शादी के बाद ही उसके पति सास एवं ननद के कहने पर उसे हमेशा दूरी बनाए रहते हैं। इस पर पति को समझा कर विदाई करवाई गई। पिंकी देवी पत्नी रामविलास निवासी वरिंदा थाना मरदह गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति अकारण ही उसे मारते पीटते रहते हैं। इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई सरोज देवी पत्नी अजयराम निवासी दुरकुशी थाना मरदह गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके ससुराल के लोग हमेशा दहेज के लिए ताना मारते रहते हैं।

इस पर ससुराल पक्ष के लोग एवं पति को समझाकर विदाई करवाई गई। संगीता गुप्ता पत्नी लव गुप्ता निवासी मोहम्मदपुर वक्शुपुर थाना कोतवाली सदर की शिकायत थी कि उसके पति हमेशा उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। इस पर पति को समझा कर विदाई करवाई गई संगीता चौहान पत्नी दीपक चौहान निवासी ठकुरमनपुर थाना सराय लखंसी मऊ की शिकायत थी कि उसके पति हमेशा शराब का नशा करते रहते हैं इसलिए उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है।

## दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ ने किसानों व पशुपालकों के साथ की बैठक

**ज्ञानपुर।** किसानों की आय में बढ़ोत्तरी एवं पशु पालन को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ वाराणसी के साथ मिलकर असर इनिशिएटिव फाउंडेशन की टीम जिले के विकास खंड सुरियावां, ज्ञानपुर के दस ग्राम सभाओं में दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति बनाकर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ वाराणसी के साथ जोड़कर किसानों की आय में बढ़ोत्तरी एवं पशु पालन को बढ़ावा देने के लिए जागरुक कर रही हैं। विकास खण्ड सुरियांवा के ग्राम महजूदा के पंचायत भवन में असर एनिसिएटिव फाउंडेशन के तत्वाधान में दुग्ध उत्पादकों के आय में सुधार के लिए कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ वाराणसी की टीम ने अन्नदाताओं व पशुपालकों के बैठक की। बैठक में परियोजना से मुलायम सिंह यादव ने पशु पालकों को आधुनिक तकनीकियों से अवगत कराया साथ ही किसानों व पशुपालकों को दूध से होने वाली आय में वृद्धि होने की जानकारी दी। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में सुधीर सिंह, सविता देवी, शैलेंद्र सिंह, अभिषेक पांडेय, निर्विकार सिंह, राजकुमार यादव, छोटेलाल, शीतला प्रसाद सिंह, इंद्र बहादुर, रामधनी, विकास, नरेंद्र आदि बहुत से लोग मौजूद रहें।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## भिडिउरा व घाटमपुर में विधायक विपुल दूबे ने किया कंबल वितरण

**जनसंदेश न्यूज**



असहायों में कम्बल वितरण करते विधायक विपुल दूबे व ज्ञानपुर एसडीएम

**ज्ञानपुर।** विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे व उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अश्वनी पांडेय द्वारा पांच ग्रामों-भिडिउरा, घाटमपुर, कसियापर व बलापुर में कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण ग्राम प्रधान व अन्य लोगों के सहयोग से किया गया।

विधायक विपुल दुबे ने कहा कि शीतलहरी व ठंड के दृष्टिगत बुजुर्गों, गरीबों व असहायों को कंबल वितरण कर ₹नर सेवा- नारायण सेवा₹ को साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनमानस के सहयोग से व प्रशासन द्वारा मानवीय व सामाजिक सरोकारिता के कार्य किए जा रहे हैं। उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय ने ग्राम प्रधानों व जनमानस के कार्यों की सराहना किया तथा उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा ठंड से बचाव हेतु अलाव, रैनबसेरे व कंबल वितरण का कार्य किया जा रहा है।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश्वर प्रताप सिंह उर्फ बबलू सिंह, भरत राज सिंह, भृगुराज सिंह, सुभाष सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह अमृतलाल, सिकंदर, सिद्ध नाथ यादव, लालचंद, विश्वनाथ सिंह, प्रकाश बिंद, हेमंत कुमार सिंह, मनोज सिंह, अमित सिंह, सुरेश गुप्ता, सच्चन दुबे, रिंकू सिंह, राजकुमार बिंद आदि गणमान्य लोग व काफी संख्या में जनमानस मौजूद रहे।

### स्थलीय निरीक्षण कर एसडीएम ने कराया संतुष्टिपरक निस्तारण

**भदोही।** ज्ञानपुर क्षेत्र के रघुरामपुर में लालमणि तिवारी बनाम इंस्पेक्टर तिवारी के मध्य काफी दिनों से चल रहा था। रविवार को उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर के न्यायालय में अंतर्गत धारा 133 सीआरपीसी के अंतर्गत वाद का निस्तारण मौके पर स्थलीय निरीक्षण करते हुए कराया गया। एसडीएम अश्विनी पांडेय ने बताया कि मौके पर स्थलीय निरीक्षण करते हुए दोनों पक्षों की बातों को गंभीरता से सुन कर सामंजस्यपूर्ण व संतुष्टिपरक निस्तारण को सुनिश्चित कराया गया।

### टीनशेड में आग लगने से गृहस्थी का सामान जला

**ज्ञानपुर।** ऊंज थाना के सीकीचौर बिछिया गांव में टीन शेड से बने मकान में अबूझ हाल में आग लग जाने से नियाज अहमद पुत्र मुस्ताक अहमद का अनाज, कपड़ा व गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। आशंका जताई जा रही हैं कि मकान में चूल्हे की चिंगारी से आग लग जाने से उसमें रखा गेहूं चावल अनाज कपड़ा तथा गृहस्थी के अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया, बगल में रखा हुआ भूसा भी जल गया।

# कैसे अंग्रेजों के पहरे को धता बताया था नेताजी ने

**जयंती पर विशेष : नेताजी के विदेश जाने की कहानी किसी पटकथा जैसी**





तब दूसरा विश्व युद्ध शुरू हो चुका था और भारत में अंग्रेजी शासन के विरोध की सुगबुगाहट तेज हो रही थी। 1940 में हिटलर के बमवर्षक लंदन की घेरेबंदी कर बम बरसा रहे थे। इधर भारत में ब्रिटिश सरकार ने अपने सबसे बड़े दुश्मन सुभाष चंद्र बोस को कलकत्ता की प्रेसिडेंसी जेल में कैद कर रखा था। अंग्रेजों ने नेताजी को दो जुलाई, 1940 को देशद्रोह के आरोप लगाकर गिरफ़्तार किया था। 29 नवंबर, 1940 को सुभाष चंद्र बोस ने जेल में अपनी गिरफ़्तारी के विरोध में भूख हड़ताल शुरू कर दी थी। फिर पांच दिसंबर को गवर्नर जॉन हरबर्ट ने एक एंबुलेंस में बोस को उनके घर भिजवा दिया ताकि अंग्रेज सरकार पर ये आरोप न लगे कि उनकी जेल में बोस की मौत हुई है। हरबर्ट का ये सोचना था कि जैसे ही बोस थोड़े ठीक होंगे फिर से जेल में डाल दिया जाएगा। बंगाल की सरकार ने न सिर्फ उनके घर के बाहर सादे कपड़ों में पुलिस का कठोर पहरा बैठा दिया था बल्कि ये पता करने के लिए भी अपने कुछ जासूस छोड़ रखे थे कि घर के अंदर क्या हो रहा है? उनमें से एक जासूस ने सरकार को आगाह कर दिया था कि सुभाष बोस ने जेल से घर लौटने के बाद जई का दलिया और सब्जियों का सूप पिया था। उस दिन से ही उनसे मिलने वाले सब पर नजर रखी जाने लगी थी और बोस के भेजे हर खत को डाकघर में ही पढ़ा जाने लगा था। पांच दिसंबर को सुभाष ने अपने 20 वर्षीय भतीजे शिशिर के हाथ को अपने हाथ में लेते हुए पूछा कि मेरा एक काम कर सकोगे? शिशिर ने हां कहा तो बाद में पता चला कि वो भारत से गुप्त रूप से निकलने में शिशिर की मदद लेना चाहते थे। योजना बनी कि शिशिर अपने चाचा को देर रात अपनी कार में बैठा कर कलकत्ता से दूर एक रेलवे स्टेशन तक ले जाएंगे।

सुभाष और शिशिर ने तय किया कि वो घर के मुख्यद्वार से ही बाहर निकलेंगे। उनके पास दो विकल्प थे, या तो वो अपनी जर्मन वाँडरर कार इस्तेमाल करें या फिर अमेरिकी स्टूडबेकर प्रेसिडेंट का। अमेरिकी कार बड़ी जरूर थी लेकिन उसे आसानी से पहचाना जा सकता था, इसलिए इस यात्रा के लिए वांडरर कार तय हुआ।

शिशिर कुमार बोस अपनी किताब 'द ग्रेट एस्केप' में 'कहते हैं, हमने मध्य कलकत्ता के एक डिपार्टमेंट स्टोर में जाकर बोस के भेष बदलने के लिए कुछ ढीली सलवारें और एक फैज टोपी खरीदी। अगले कुछ दिनों में हमने एक सूटकेस, एक अटैची, दो काट्र्सवूल की कमीजें, टॉयलेट का कुछ सामान, तकिया और कंबल खरीदा। मैं फेल्ट हैट लगाकर एक प्रिंटिंग प्रेस गया और वहां मैंने सुभाष के लिए विज़िटिंग कार्ड छपवाने का ऑर्डर दिया। कार्ड पर लिखा था, मोहम्मद ज़ियाउद्दीन, बीए, एलएलबी, ट्रैवलिंग इंस्पेक्टर, द एम्पायर ऑफ इंडिया अश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, स्थायी पता, सिविल लाइंस, जबलपुर।

**जाने का किसी को पता नहीं चला**

यात्रा की एक रात पहले शिशिर ने पाया कि जो सूटकेस वो खरीद कर लाए थे वो वांडरर कार के बूट में समा ही नहीं पा रहा था। इसलिए तय किया गया कि सुभाष का पुराना सूटकेस ही उनके साथ जाएगा। उस पर लिखे गए उनके नाम एससीबी को मिटा कर उसके स्थान पर चीनी स्याही से एमजेड लिखा गया।

**शयनकक्ष की बत्ती भी नहीं बुझाई**

सुभाष बोस पर किताब 'हिज मेजेस्टीज अपोनेंट' लिखने वाले सौगत बोस ने बताया कि रात एक बज कर 35 मिनट के करीब सुभाष बोस ने मोहम्मद ज़ियाउद्दीन का भेष धारण किया। उन्होंने सोने के रिम का अपना चश्मा पहना जिसको उन्होंने एक दशक पहले पहनना बंद कर दिया था। शिशिर की लाई गई काबुली चप्पल उन्हें रास नहीं आई। इसलिए उन्होंने लंबी यात्रा के लिए फीतेदार चमड़े के जूते पहने। सुभाष कार की पिछली सीट पर जा कर बैठ गए। ने कार स्टार्ट की और घर से बाहर निकल गए। सुभाष के बेडरूम की बत्ती अगले एक घंटे के लिए जलती छोड़ दी गई। ताकि निगरानी करने वालों को यह भ्रम रहे कि नेताजी अपने कमरे में हैं।

जब सारा कलकत्ता गहरी नींद में था, चाचा और भतीजे ने लोअर सरकुलर रोड, सियालदाह और हैरिसन रोड होते हुए हुगली नदी पर बना हावड़ा पुल पार किया।

दोनों चंदननगर से गुजरे और भोर होते-होते आसनसोल के बाहरी इलाके में पहुंच गए। सुबह करीब साढ़े आठ बजे शिशिर ने धनबाद के बरारी में अपने भाई अशोक के घर से कुछ सौ मीटर दूर सुभाष को कार से उतार दिया।

शिशिर कुमार बोस अपनी किताब 'द ग्रेट एस्केप' में लिखते हैं, 'मैं अशोक को बता ही रहा था कि माजरा क्या है कि कुछ दूर पहले उतारे गए इंश्योरेंस एजेंट ज़ियाउद्दीन (दूसरे भेष में सुभाष) ने घर में प्रवेश किया। वो अशोक को बीमा पॉलिसी के बारे में बता ही रहे थे कि उन्होंने कहा कि ये बातचीत हम शाम को करेंगे। नौकरों को आदेश दिए गए कि ज़ियाउद्दीन के आराम के लिए एक कमरे में व्यवस्था की जाए। उनकी उपस्थिति में अशोक ने मेरा ज़ियाउद्दीन से अंग्रेजी में परिचय कराया, जबकि कुछ मिनटों पहले मैंने ही उन्हें अशोक के घर के पास अपनी कार से उतारा था।

**गोमो से कालका मेल पकड़ी**

शाम को बातचीत के बाद ज़ियाउद्दीन ने अपने मेजबान को बताया कि वो गोमो स्टेशन से कालका मेल पकड़ कर अपनी आगे की यात्रा करेंगे। कालका मेल गोमो स्टेशन पर देर रात आती थी। गोमो स्टेशन पर नींद भरी आंखों वाले एक कुली ने सुभाष चंद्र बोस का सामान उठाया।

शिशिर बोस अपनी किताब में लिखते हैं, 'मैंने अपने रंगा काका बाबू को कुली के पीछे धीमे-धीमे ओवरब्रिज पर चढ़ते देखा। थोड़ी देर बाद वो चलते-चलते अँधेरे में गायब हो गए। कुछ ही मिनटों में कलकत्ता से चली कालका मेल वहां पहुंच गई। मैं तब तक स्टेशन के बाहर ही खड़ा था। दो मिनट बाद ही मुझे कालका मेल के आगे बढ़ते पहियों की आवाज सुनाई दी। सुभाष चंद्र बोस की ट्रेन पहले दिल्ली पहुंची, फिर वहाँ से उन्होंने पेशावर के लिए फ्रंटियर मेल पकड़ी।19 जनवरी की देर शाम जब फ्रंटियर मेल पेशावर के केंटोनमेंट स्टेशन में घुसी तो मियां अकबर शाह बाहर निकलने वाले गेट के पास खड़े थे। उन्होंने एक अच्छे व्यक्तित्व वाले मुस्लिम शख़्स को गेट से बाहर निकलते देखा। वो समझ गए कि वो और कोई नहीं दूसरे भेष में सुभाष चंद्र बोस हैं। अकबर शाह उनके पास गए और एक तांगे में बैठने को कहा और फिर तांगे वाले को डीन होटल ले जाने को कहा।

अकबर शाह ने अपनी किताब में लिखा है कि मेरे तांगेवाले ने मुझसे कहा कि आप इतने मजहबी मुस्लिम शख़्स को विधर्मियों के होटल में क्यों ले जा रहे हैं। आप उनको क्यों नहीं ताजमहल होटल ले चलते जहाँ मेहमानों के नमाज पढ़ने के लिए जानमाज और वजू के लिए पानी भी उपलब्ध कराया जाता है? मुझे भी लगा कि बोस के लिए ताजमहल होटल ज्यादा सुरक्षित जगह हो सकती है क्योंकि डीन होटल में पुलिस के जासूसों के होने की आशंका हो सकती है। लिहाजा बीच में ही दोनों तांगों के रास्ते बदले गए। ताजमहल होटल का मैनेजर मोहम्मद ज़ियाउद्दीन से इतना प्रभावित हुआ कि उसने उनके लिए फायर प्लेस वाला एक सुंदर कमरा खुलवाया। अगले दिन मैंने सुभाष चंद्र बोस को अपने एक साथी आबाद खां के घर पर शिफ़्ट कर दिया।



वहाँ पर अगले कुछ दिनों में सुभाष बोस ने ज़ियाउद्दीन का भेष त्याग कर एक बहरे पठान का वेष धारण कर लिया। ये इसलिए भी जरूरी था क्योंकि सुभाष स्थानीय पश्तो भाषा बोलना नहीं जानते थे।

**अड्डा शरीफ की मजार पर ज़ियारत**

सुभाष के पेशावर पहुंचने से पहले ही अकबर ने तय कर लिया था कि फॉरवर्ड ब्लॉक के दो लोग, मोहम्मद शाह और भगतराम तलवार, बोस को भारत की सीमा पार कराएंगे। भगत राम का नाम बदल कर रहमत खां कर दिया गया। तय हुआ कि वो अपने गूंगे बहरे रिश्तेदार ज़ियाउद्दीन को अड्डा शरीफ की मजार ले जांएंगे जहां उनके फिर से बोलने और सुनने की दुआ माँगी जाएगी। 26 जनवरी, 1941 की सुबह मोहम्मद ज़ियाउद्दीन और रहमत खां एक कार में रवाना हुए। दोपहर तक उन्होंने तब के ब्रिटिश साम्राज्य की सीमा पार कर ली। वहां उन्होंने कार छोड़ उत्तर पश्चिमी सीमांत के ऊबड़-खाबड़ कबाएली इलाके में पैदल बढ़ना शुरू कर दिया। 27-28 जनवरी की आधी रात वो अफगानिस्तान के एक गांव में पहुंचे।

मियां अकबर शाह अपनी किताब में लिखते हैं, इन लोगों ने चाय के डिब्बों से भरे एक ट्रक में लिफ़्ट ली और 28 जनवरी की रात जलालाबाद पहुँच गए। अगले दिन उन्होंने जलालाबाद के पास अड्डा शरीफ मजार पर ज़ियारत की। 30 जनवरी को उन्होंने तांगे से काबुल की तरफ बढ़ना शुरू किया। फिर वो एक ट्रक पर बैठ कर बुद खाक के चेक पॉइंट पर पहुँचे। वहाँ से एक अन्य ताँगा कर वो 31 जनवरी, 1941 की सुबह काबुल में दाखिल हुए। इस बीच सुभाष को गोमो छोड़ कर शिशिर 18 जनवरी को कलकत्ता वापस पहुँच गए और अपने पिता के साथ सुभाष चंद्र बोस के राजनीतिक गुरु चितरंजन दास की पोती की शादी में सम्मिलित हुए। वहां जब उनसे लोगों ने सुभाष की खैरियत पूछी तो उन्होंने कहा कि चाचा गंभीर रूप से बीमार हैं। सौगत बोस अपनी किताब 'हिज मेजेस्टीज अपोनेंट' में लिखते हैं, 'इस बीच रोज सुभाष बोस के एल्गिन रोड वाले घर के उनके कमरे में खाना पहुंचाया जाता रहा। वो खाना उनके भतीजे और भतीजियां खाते रहे ताकि लोगों को आभास मिलता रहे कि सुभाष अभी भी अपने कमरे में हैं। सुभाष ने शिशिर से कहा था कि अगर वो चार या पांच दिनों तक मेरे भाग निकलने की खबर छिपा गए तो फिर उन्हें कोई नहीं पकड़ सकेगा। 27 जनवरी को एक अदालत में सुभाष के खिलाफ एक मुकदमें की सुनवाई होनी थी। तय किया गया कि उसी दिन अदालत को बताया जाएगा कि सुभाष का घर में कहीं पता नहीं है। 27 जनवरी को सुभाष के गायब होने की खबर सबसे पहले आनंद बाजार पत्रिका और हिंदुस्तान हेरल्ड में छपी। इसके बाद उसे रॉयटर्स ने उठाया। जहां से ये खबर पूरी दुनिया में फैल गई। यह ब्रिटिश खुफिया अधिकारियों के लिए शर्मिंदा होने की वजह थी।

शिशिर कुमार बोस लिखते हैं कि मैंने और मेरे पिता ने इन अफवाहों को बल दिया कि सुभाष ने संन्यास ले लिया है। जब महात्मा गाँधी ने सुभाष के गायब हो जाने के बारे में टेलिग्राम किया तो मेरे पिता ने तीन शब्द का जवाब दिया, हालात संन्यास का इशारा कर रहे हैं। हालांकि वो रविंद्रनाथ टैगोर से इस बारे में झूठ नहीं बोल पाए। जब टैगोर का तार उनके पास आया तो उन्होंने जवाब दिया, सुभाष जहां कहीं भी हों, उन्हें आपका आशीर्वाद मिलता रहे। तत्कालीन वायसराय लिनलिथगो ने इस प्रकरण पर गहरी नाराजगी जाहिर की। कहा, इससे हमारी बदनामी हुई है।

**सुभाष चंद्र बोस ने जर्मन दूतावास से किया संपर्क**

31 जनवरी को पेशावर पहुंचने के बाद रहमत खां और उनके गूंगे-बहरे रिश्तेदार ज़ियाउद्दीन, लाहौरी गेट के पास एक सराय में ठहरे। इस बीच रहमत खां ने वहाँ के सोवियत दूतावास से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

जब सुभाष ने खुद जर्मन दूतावास से संपर्क करने का फैसला किया। उनसे मिलने के बाद काबुल दूतावास में जर्मन मिनिस्टर हांस पिल्गेर ने 5 फरवरी को जर्मन विदेश मंत्री को तार भेज कर कहा, सुभाष से मुलाकात के बाद मैंने उन्हें सलाह दी है कि वो भारतीय दोस्तों के बीच बाजार में अपने-आप को छिपाए रखें. मैंने उनकी तरफ से रूसी राजदूत से संपर्क किया है। वैसे एक सिपाही के संदेह को दूर करने के लिए नेताजी को अपनी सोने की घड़ी देनी पड़ी।

**इटालियन राजनयिक के पासपोर्ट में बोस की तस्वीर**

कुछ दिनों बाद सीमेंस के हेर टॉमस के जरिए सुभाष बोस के पास संदेश आया कि अगर वो अपनी अफगानिस्तान से निकल पाने की योजना पर अमल करना चाहते हैं तो उन्हें काबुल में इटली के राजदूत पाइत्रो क्वारोनी से मिलना चाहिए।

22 फरवरी, 1941 की रात को बोस ने इटली के राजदूत से मुलाकात की। इस मुलाकात के 16 दिन बाद 10 मार्च, 1941 को इटालियन राजदूत की रूसी पत्नी सुभाष चंद्र बोस के लिए एक संदेश ले कर आईं जिसमें कहा गया था कि सुभाष दूसरे कपड़ों में एक तस्वीर खिचवाएं।

# बिगड़ गया घर का बजट, जीवन अस्त-व्यस्त

**बढ़ती महंगाई पर बोलीं महिलाएं**

**पहले कोरोना ने मारा, अब बढ़ती कीमतों से किचेन में लगी आग**

**सांस लेना है तो खाने-पीने की चीजों में कटौती नहीं की जा सकती**

**बोलीं, आखिर इस महंगाई में बजट को कैसे संतुलित किया जाए**



नीलम श्रीवास्तव



पूनम खन्ना



रिंकी केशरी



रीमा जायसवाल



प्रीति केशरी



संध्या जायसवाल



ममता शर्मा



डॉ. ममता सिंह




सुषमा सिंह



नीतू गुप्ता



कमला देवी



किरन



अर्चना

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** पहले कोरोना अब महंगाई ने मध्यम वर्गीय लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। दिन पर दिन बढ़ती महंगाई से लोग खासे परेशान हो गए हैं। महिलाओं का कहना है कि किचेन में महंगाई की आग लग गई है। हर चीज दोगुने दाम में मिल रही है। खाने-पीने का सामान ऐसा है कि जिसमें कटौती नहीं की जा सकती, महंगाई की मार झेलना मुश्किल होता जा रहा है। महिलाओं का कहना है कि पहले कोरोना ने मारा और अब बढ़ती कीमतों से किचेन में आग सी लग गयी है। सांस लेना है तो खाने-पीने की चीजों में कटौती की नहीं जा सकती है। आखिर इस महंगाई में अपने घर के बजट को कैसे संतुलित किया जाए, यह सोच कर माथे में दर्द होने लगता है। कलेजा मुंह को आ जाता है। आखिर इस बढ़ती महंगाई से छुटकारा मिलेगा तो कब?

रोजमर्रा के जीवन को संतुलित रखने में परेशान महिलाओं का कहना है कि खाद्य सामग्रियों और सब्जियों पर लगातार बढ़ रही महंगाई के कारण घरेलू बजट गड़बड़ा रहा है। किराना में सरसों तेल और रिफाइन सहित दाल की बढ़ रही कीमत से ये वस्तुएं आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही है। सब्जियों के दाम बढ़कर चार गुना अधिक हो गए हैं। रसोई गैस सिलिंडर के दाम भी काफी बढ़ गए हैं। गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार बढ़ती महंगाई से कराह रही है। जो गृहणी दाल व सब्जी के भाव कम होने पर कुछ पैसे बचा लेती थीं, अब महंगाई ने इस बचत पर अंकुश लगा दिया है। घरेलू बचत को महंगाई डकार जा रही है। हम लोग यह समझ नहीं पा रहे कि आखिर इस महंगाई में बजट को कैसे संतुलित किया जाए। रोजमर्रा के सामानों की कीमतें इस तरह उछल रही है कि पूछिए मत। ऐसे में रसोई का तड़का गृहिणियों को झटका देने लगा है। महिलाओं का कहना है कि बच्चों के एडमिशन, किताब-कापी के खर्च के चलते वैसे भीलोगों का बजट गड़बड़ा जाता है। पति को वेतन इतना भी नहीं मिलता कि दो पैसे की बचत कर सकें। लिहाजा, सब्जी का छनन-मनन करना हो या फिर दाल फ्राई, पॉकिट पर आर्थिक चोट पड़ने लगी है।

प्रह्लाद घाट निवासिनी नीलम श्रीवास्तव कहती हैं कि मसालों में महंगाई हर दो माह बाद बढ़ जा रही है। सरकार की तरफ से नियंत्रण के उपाय न होने से जमाखोर इसका लाभ उठा रहे हैं। मसालों की कीमतों में आग लगी है। बात सब्जी की हो या फिर दाल, स्वादिष्ट बनाने के चक्कर में बटुएं से पैसा सरक जा रहा है। बड़े लोग तो किसी प्रकार खा सकते हैं लेकिन बच्चे बगैर फ्राई के कुछ खाना पसंद नहीं करते।

त्रिलोचन बाजार निवासिनी पूनम खन्ना का कहना है कि किचेन में प्रयोग किये जाने वाले रोजमर्रा के आइटमों के दाम में हर माह वृद्धि हो रही है। सरकार इस पर नियंत्रण के कोई उपाय नहीं कर रही। महंगाई का झटका रोजमर्रा की जीवनशैली को प्रभावित तो किया है ही। उन माताओं के पेशानी पर भी बल पड़ गये हैं, जिनकी बेटियां सयान हो चुकी है या जिनकी बेटियों की शादी मौजूदा लगन में होनी है। आवश्यक वैवाहिक सामानों की बढ़ी कीमतें बटुए पर जोर का झटका धीरे से लगा रही है।

गोलादीनानाथ निवासिनी रिंकी केशरी कहती हैं कि नमक, दाल से लेकर खाने वाले तेल और अन्य खाद्य सामग्री की कीमत काफी बढ़ी है। किराना वस्तुओं की कीमतों के बढ़ने के कारण घर-गृहस्थी चलाना मुश्किल हो गया है। मंहगाई चरम पर है। सरकार महंगाई पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। गरीब हो या मध्यम वर्ग इस महंगाई से सभी परेशान है। घरेलू उपयोग के वस्तु और किराना सामानों की कीमतें काफी बढ़ गई हैं।

जैतपुरा निवासिनी संध्या जायसवाल का कहना है कि महंगाई बढ़ने से बचत करना मुश्किल हो गया है। अगर महंगाई की मार मध्यम वर्ग के परिवार पर ऐसे ही पड़ती रही तो बहुत परेशानी हो जाएगी। बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए सरकार को जल्द से जल्द ठोस कदम उठाना चाहिए। उनका कहना है कि रसोई गैस के साथ-साथ खाने-पीने, पहनने-ओढ़ने के साथ अन्य वस्तुओं के भी दाम में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में मध्यम वर्गीय परिवार के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है।

लंका निवासिनी रीमा जायसवाल का कहना है कि पिछले कुछ साल से महिलाओं को रसोई प्रबंध के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सामान में महंगाई होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर पिछले दो सालों के दौरान कोरोना संक्रमण काल में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। इसको संज्ञान में लेते हुए सरकार को खाने पीने के सामान, मसालों, राशन आदि में टैक्स कम कर इन्हें सस्ता करना चाहिए, ताकि आम जन को महंगाई जैसी गंभीर समस्या से छुटकारा मिल सके।

गोलादीनानाथ निवासिनी प्रीति केशरी का कहना है कि हालांकि अधिकतर परिवारों में आर्थिक तौर पर जिम्मेदारियां पुरुषों की होती है, लेकिन परिवार चलाने का प्रबंधन महिलाएं करती है। घरों में दैनिक तौर पर इस्तेमाल होने वाली हर चीज के दाम घटने-बढ़ने से महिलाएं सीधे तौर पर प्रभावित होती है। इसलिए सरकार को घरेलू बजट को संतुलित रखने के लिए बजट में विशेष प्रावधान करने चाहिए। खासकर महंगाई पर नियंत्रण करने की जिम्मेदारी सरकार को अपनी प्राथमिकता में लेनी चाहिए।

चेतगंज निवासिनी नीतू गुप्ता कहती हैं कि मौजूदा हालातों में परिवार की जरूरतों के लिए बाजार से मिलने वाले सभी सामान की खरीदारी आमतौर पर महिलाएं ही करती है। किसी भी वस्तु के दाम बढ़ने का असर सीधे तौर पर महिलाओं पर पड़ता है। इसलिए केंद्र और प्रदेश सरकार को परिवारों की जरूरतों को देखते हुए महंगाई कम करने के प्रयास करने चाहिए।

बड़ालालपुर निवासिनी डॉ. ममता सिंह का कहना है कि निश्चित रूप से महंगाई ने हर वर्ग को परेशान कर दिया है। खासकर मध्यम वर्ग तो बेहाल है। कोरोना के चलते आदमनी और बेरोजगारी घटी तो यूक्रेन-रूस के बीच लंबे समय से चल रहे युद्ध से भी महंगाई पर काफी असर पड़ा है। मंहगाई चरम पर है। सरकार को महंगाई पर अंकुश लगाने के कारगर उपाय करने चाहिए।

चांदपुर निवासिनी सुषमा सिंह का कहना है कि इन दिनों रसोई चलाने की जरूरतों के साथ-साथ बढ़ती बीमारियों कारण दवाइयों, उपचार पर भी अधिकतर परिवारों को काफी खर्च वहन करना पड़ रहा है। इसके चलते कई परिवारों का तो बजट ही बिगड़ जाता है। दवाइयों व चिकित्सा को सुलभ करवाने को लेकर सरकार को अहम कदम उठाने चाहिए।

भरलाई-शिवपुर निवासिनी ममता शर्मा कहती है कि पिछले कुछ सालों के दौरान रसोई गैस के लगातार बढ़ते दामों के कारण परिवारों का बजट प्रभावित हुआ है। रोजमर्रा के सामानों की बढ़ी कीमतों का असर अब रसोई पर दिखता है। लोग अपने बजट में कटौती करने लगे हैं। पहले जहां वे किलो में खरीदते थे, वहीं अब आधा किलो में काम चलाने लगे हैं।

अशोक विहार निवासिनी कमला देवी का कहना है कि गरीब हो या मध्यम वर्ग बढ़ती महंगाई से सभी परेशान है। घरेलू उपयोग के वस्तु और किराना सामानों की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। महंगाई बढ़ने से बचत करना मुश्किल हो गया है। सरकार को लगातार बढ़ रही महंगाई पर अंकुश लगाना चाहिए। ज्यादा महंगाई बढ़ी तो आम आदमी की परेशानी भी बढ़ जाएगी, सरकार ठोस कदम उठाए।

नटिनियादाई निवासिनी किरन का कहना है कि अगर महंगाई की मार मध्यम वर्ग के परिवार पर ऐसे ही पड़ती रही तो बहुत परेशानी हो जाएगी। बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए सरकार को जल्द से जल्द ठोस कदम उठाना चाहिए, यदि महंगाई पर रोक नहीं लगाई गई तो हालत और भी गंभीर हो जाएंगे।

महमूरगंज-बड़ी गैबी निवासिनी अर्चना का कहना है कि रसोई गैस के साथ-साथ खाने-पीने के अन्य वस्तुओं के भी दाम में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में मध्यम वर्गीय परिवार के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है। नौनिहालों के निवाले भी महंगे हो गए हैं। बाजार में कोई ऐसी चीज नहीं है, जिस पर महंगाई की आंच न पड़ी हो।